वर्ष-23 अंक-226
पृष्ठ-8 मूल्य-2.00
भोपाल
बुधवार 18 मार्च 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत्-2082
E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

दैनिक
# समय जगत

भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in

# केन्द्रीय गृहमंत्री ने मोगा में रैली को किया संबोधित



## पहुंचे 1 लाख से अधिक लोग

**मोगा।** पंजाब के मोगा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित बदलाव रैली ने भीड़ के तमाम पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की इस जनसभा में उमड़े जनसैलाब ने न केवल सियासी गलियारों में हलचल पैदा कर दी है, बल्कि राज्य में भाजपा के बढ़ते आधार की एक नई तस्वीर भी पेश की है। इस रैली की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आयोजन स्थल की ओर जाने वाले मार्गों पर करीब 15 किलोमीटर लंबा भारी ट्रैफिक जाम लग गया। भीड़ इतनी अनियंत्रित थी कि लगभग 800 बसें रास्ते में ही फंसी रह गई और हजारों लोगों को रैली स्थल तक पहुँचने के लिए 4 से 5 किलोमीटर का सफर पैदल ही तय करना पड़ा। रैली के लिए जुटाए गए संसाधनों में 1,484 बड़ी बसें, 2,309 मिनी बसें और 2,376 कारों सहित हजारों निजी वाहन शामिल थे। हालांकि, पार्टी ने एक लाख लोगों के लिए लंगर की व्यवस्था की थी, लेकिन उम्मीद से कहीं अधिक भीड़ उमड़ने के कारण भोजन की व्यवस्था समय से पहले ही समाप्त हो गई।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री अनिल सरीन ने रैली की सफलता पर धन्यवाद पंजाब कहते हुए दावा किया कि इस विशाल आयोजन में कुल 1,58,131 लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। भाजपा का कहना है कि वह देश की संभवतः पहली ऐसी पार्टी है जो डिजिटल प्रमाणों के साथ रैली में शामिल लोगों की सटीक संख्या सार्वजनिक करने का साहस दिखा रही है। भाजपा ने इस मोबिलाइजेशन के लिए राज्य के 23 जिलों के 13,000 गांवों, 160 शहरों और करीब 24,500 पोलिंग बूथों तक अपनी पहुंच बनाई थी। इस पूरी प्रक्रिया को बेहद आधुनिक और डिजिटल तरीके से अंजाम दिया गया। गांव-स्तर पर होने वाली बैठकों को क्यूआर कोड के माध्यम से मैप किया गया, जबकि प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने स्वयं प्राथमिक सदस्यों को तीन बार वॉइस कॉल के जरिए आमंत्रित किया। इसके अलावा, बस इंचार्जों और कार्यकर्ताओं के साथ लगातार ब्रिज कॉल और वेक-अप कॉल के माध्यम से संपर्क साधा गया ताकि संगठन की शक्ति जमीन पर दिखे। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि यह जनसैलाब पंजाब में बदलाव की उस प्रबल इच्छा का प्रतीक है, जो आने वाले समय में राज्य की राजनीति की दिशा तय करेगा।

# दीक्षा प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी समाज और देश के विकास में सहयोग दें और बनें जिम्मेदार नागरिक : राज्यपाल श्री पटेल

## सम्राट विक्रमादित्य का नाम जुड़ने पर विश्वविद्यालय और विद्यार्थियों का बढ़ा गौरव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**समय जगत, भोपाल ।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि आज विक्रम विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर अत्यधिक आनन्द का अनुभव हो रहा है। उन्होंने दीक्षान्त समारोह में उपाधियां प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए सभी के यशस्वी एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि उज्जैन नगरी में आते ही एक अलग प्रकार की अनुभूति होती है। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में ही एक विद्यार्थी ने शिक्षा प्राप्त की और आज वे प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। मंगलवार को राज्यपाल श्री पटेल की अध्यक्षता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में उज्जैन में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का 30 वां दीक्षांत समारोह स्वर्ण जयंती सभागृह सम्पन्न हुआ। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश का राज्यपाल बनने के अगले ही दिन वे भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आए और यहीं से उन्हें प्रदेश के सतत विकास और देश की प्रगति के लिए प्रयासरत रहने की प्रेरणा प्राप्त हुई। राज्यपाल श्री पटेल ने विद्यार्थियों



से कहा कि आज दीक्षांत के साथ आप सभी ने समाज के उत्थान और देश की एकता के लिए शपथ ली है। विश्वविद्यालय से जो संस्कार आपको मिले है उन्हें जीवन भर स्मरण रखकर कार्य करें। आपके माता-पिता ने आपको शिक्षित करने के लिए बहुत कष्ट उठाए है इसलिए पढ़ लिखकर अपने माता-पिता की सेवा करें। आप जीवन में कुछ भी बन जाओं परंतु अपने माता-पिता और गुरु के प्रति सदैव आभारी रहना, उनकी सेवा करना। शिक्षित होने का उद्देश्य मात्र उपाधि अथवा प्रमाण-पत्र पाना नहीं बल्कि समाज और देश की उन्नति में योगदान देकर एक जिम्मेदार नागरिक भी बनना है।

**भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन को बनाया अपनी शिक्षा स्थली: मुख्यमंत्री डॉ. यादव:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ज्ञान-विज्ञान और ध्यान के वैश्विक केन्द्र उज्जैन को भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी शिक्षास्थली के रूप में चुना। चौसठ कलाओं और 14 विद्याओं की यह धरती शौर्य के प्रतीक सुशासन के पुरोधा, विक्रम संवत के प्रवर्तक, भारतीय सांस्कृतिक चेतना के रक्षक और न्यायप्रियता के प्रतीक सम्राट विक्रमादित्य की कर्मस्थली रही है। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षांत समारोह केवल उपाधि वितरण नहीं बल्कि 7 दशकों के उस समर्पण का परिणाम है, जिसने दुनिया को कुशल मानव संसाधन और श्रेष्ठ स्कॉलर सौंपे हैं। विश्वविद्यालय से सम्राट विक्रमादित्य का नाम जुड़ने से विश्वविद्यालय और विद्यार्थियों का गौरव बढ़ा है। ऐसे विश्वविद्यालय की उपाधियों से विभूषित होना विद्यार्थियों के लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीक्षांत समारोह में डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (डी-लिट), गोल्ड मेडल और स्नातक उपाधियां प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दीक्षांत समारोह शिक्षा का अंत नहीं बल्कि जीवन में सीखने की एक नई शुरुआत है, यह जीवन का महत्वपूर्ण टर्निंग पाइंट है। बेहतर जीवन के लिए विद्यार्थियों को सीखने की ललक सदैव बनाए रखना होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश और प्रदेश के समग्र विकास में सहभागी बनेंगे और जीवन के सभी क्षेत्रों में अपने कर्तव्य का पूर्ण निष्ठा के साथ निवर्हन करते हुए अपने परिवार, समाज और देश का गौरव बढ़ायेंगे।

# 8 विपक्षी सांसदों का निलंबन हुआ रद्द

**नई दिल्ली ।** लोकसभा ने मंगलवार को ध्वनि मत से विपक्ष के आठ सांसदों का निलंबन रद कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह प्रस्ताव तब पेश किया, जब कांग्रेस के मुख्य सचेतक के. सुरेश ने कुछ सदस्यों द्वारा की गई अनजाने में हुई चूक के लिए खेद व्यक्त किया। समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव और एनसीपी की सुप्रिया सुले ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। धर्मेंद्र यादव ने कहा, लोकसभा की सत्ता पक्ष की बेंचों को भी सदन की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। लोकसभा में कांग्रेस के सुरेश ने कहा, सदन चलाने में सहयोग के लिए तैयार हैं। विपक्ष को बोलने का समान अवसर मिलना चाहिए। वहीं, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक लक्ष्मण रेखा खींची जानी चाहिए। 3 फरवरी को, बजट सत्र के पहले चरण के दौरान लोकसभा द्वारा पारित एक प्रस्ताव के बाद सात कांग्रेस सांसदों और एक सीपीआईएम सांसद को अनुशासनहीन व्यवहार के लिए निलंबित कर दिया गया था। निलंबित सदस्यों में गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडेन, सी. किरण कुमार रेड्डी, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, मानिकम टैगोर, प्रशांत पाडोले और डीन कुरियाकोस (सभी कांग्रेस से) शामिल थे, साथ ही सीपीआईएम के एस. वेंकटेशन भी थे।

**लोकसभा में ध्वनि मत से प्रस्ताव हुआ पारित**

# सुबह खाली पेट करेले के जूस का सेवन करना है बेहद फायदेमंद



नई दिल्ली। पोषक तत्वों से भरपूर करेला शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाने के लिए जाना जाता है। विशेष रूप से इसका जूस स्वास्थ्य के लिए अधिक प्रभावी माना जाता है। कड़वे स्वाद के कारण कई लोग करेला खाना पसंद नहीं करते, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसे बेहद गुणकारी सब्जी मानते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यदि सुबह खाली पेट करेले के जूस का सेवन किया जाए तो यह शरीर को कई बीमारियों से बचाने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में सहायक हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि करेले में कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए लाभदायक होते हैं। इसमें फाइबर, विटामिन सी, आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम अच्छी मात्रा में मौजूद होते हैं। इसके अलावा इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण भी पाए जाते हैं, जो शरीर को अंदर से मजबूत बनाने में मदद करते हैं। नियमित रूप से करेले के जूस का सेवन करने से शरीर में मौजूद खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सहायता मिल सकती है, जिससे हृदय संबंधी समस्याओं का खतरा कम होने की संभावना रहती है। जानकारों के मुताबिक करेले का जूस कई सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं में भी लाभकारी माना जाता है। इसका नियमित सेवन शरीर में बढ़े हुए ब्लड शुगर स्तर को नियंत्रित रखने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में भी सहायक होता है। पाचन प्रक्रिया बेहतर होने से पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिल सकती है। इसके अलावा करेले के जूस को त्वचा के लिए भी फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि इसमें मौजूद पोषक तत्व त्वचा की चमक बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सुबह खाली पेट करेले का जूस पीने से शरीर में जमा बैड कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद मिल सकती है और नसों में जमी अशुद्धियों को साफ करने में भी सहायता मिलती है। इससे रक्त संचार बेहतर हो सकता है और हृदय से जुड़ी समस्याओं के खतरे को कम करने में मदद मिल सकती है। साथ ही यह वजन नियंत्रित रखने में भी सहायक माना जाता है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञ यह भी सलाह देते हैं कि किसी भी प्रकार के घरेलू उपाय को नियमित रूप से अपनाने से पहले चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है, खासकर यदि व्यक्ति पहले से किसी बीमारी से पीड़ति हो या दवाओं का सेवन कर रहा हो।

# पुलिस ने दो बदमाशों का किया एनकाउंटर

## 1 पुलिस जवान भी हुआ शहीद

**पटना।** चकिया थाना क्षेत्र के सिहोरवा में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश मारे गए, जबकि एक पुलिस जवान बलिदान हो गया। घटनास्थल से पुलिस ने कार्बाइन समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार एसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सिहोरवा में छापेमारी की। सूचना मिली थी कि कुंदन ठाकुर अपने गिरोह के सदस्यों के साथ हथियारों के साथ अपने एक दोस्त के घर में छिपा हुआ है। इस दौरान पुलिस की छापेमारी के दौरान पक्षों के बीच मुठभेड़ हो गई। मृतक बदमाश की पहचान कुंदन ठाकुर पिता फूलदेन ठाकुर, ग्राम बुल्लाचौक, थाना चकिया और प्रियांशु दुबे पिता संजय दुबे, ग्राम बसंतपुर, थाना साहेबगंज, जिला मुजफ्फरपुर के रूप में हुई है। वहीं बलिदान एसटीएफ जवान की पहचान राम यादव के रूप में हुई है। घटना बीती रात 2.30 बजे की बताई जा रही है। मुठभेड़ में उज्ज्वल कुमार और उसके पिता संत कुमार तिवारी दोनों को गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि बदमाशों ने अपर थाना अध्यक्ष गौरव कुमार को फोन पर धमकी दी थी। घटनास्थल पर डीआईजी, एसपी समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है।

# रसोई गैस से भरा एक और जहाज होर्मुज पार कर पहुंचा भारत



नई दिल्ली। होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित रूप से शिवालिक के बाद, एक और एलपीजी टैंकर नंदा देवी भारत पहुंचा। नंदा देवी होर्मुज़ जलडमरूमध्य को पार करते हुए वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया है। इस जहाज में 47 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस भरा है। मिडिल ईस्ट में गहराते संकट के बीच, होर्मुज़ से गुज़रने वाला यह भारत का दूसरा जहाज है। एक दिन पहले दूसरा एलपीजी टैंकर शिवालिक गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर 46,000 मीट्रिक टन से ज़्यादा एलपीजी लेकर पहुंचा था। इसमें घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलोग्राम के करीब 32.4 लाख स्टैंडर्ड घरेलू सिलेंडरों के बराबर एलपीजी थी। अधिकारियों का अनुमान था कि यह अकेला जहाज भारत की कुल एलपीजी आयात की जरूरत का करीब एक दिन का हिस्सा पूरा कर सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को जहाजरानी मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया था कि शिवालिक और नंदा देवी के 16 मार्च और 17 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा था कि फारसी खाड़ी इलाके में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। फारसी खाड़ी में 24 भारतीय ध्वज वाले जहाज मौजूद थे। इनमें से दो जहाज़ शिवालिक और नंदा देवी सुरक्षित रूप से आ गए हैं।

**मुद्दा** — भारत में इजरायल के राजदूत ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

# मोदी की इजरायल यात्रा के तुरंत बाद मिला ईरान पर हमले का असली मौका: अजार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले महीने 25 से 26 फरवरी तक किए गए इजरायल दौरे के बाद पश्चिम-एशिया में छिड़ी भीषण जंग को लेकर देश में विपक्षी दलों द्वारा की जा रही तमाम टीका-टिप्पणियों के बीच भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन आजार का एक महत्वपूर्ण बयान सामने आया है। जिसमें मीडिया से बातचीत में उन्होंने दो टूक अंदाज में कहा कि पीएम मोदी की इजरायल यात्रा के समाप्त होने के बाद यानी 26 फरवरी के बाद हमारी ईरान पर हमले की वास्तविक योजना (रणनीतिक अवसर) ने मूर्तरूप लिया था। इससे भारत के प्रधानमंत्री की यात्रा का कोई लेना देना नहीं है। ये हमारे एक ऐसा सैन्य अवसर था। जो प्रधानमंत्री मोदी के इजरायल से जाने के बाद सामने आया। जबकि



इससे पहले तक इजरायल ऐसे किसी हमले के लिए तैयार नहीं था। हमने हमले का फैसला भारतीय पीएम की यात्रा के 48 घंटे बाद की गई सुरक्षा संबंधी मामलों की कैबिनेट की बैठक में लिया था। जिससे साफ हो जाता है कि हमले की योजना पूर्व निर्धारित नहीं थी और ये समय के साथ विकसित हुई थी। उन्होंने ये भी कहा कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जीवित हैं। जब मैं इजरायल में था तो मैंने खुद उन्हें एक से अधिक बार प्रत्यक्ष रूप से देखा है। कॉफी वाला उनका जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वह पूरी तरह से गलत और झूठा है। जिसमें ईरान और उसके साथियों की भूमिका नजर आती है। अजार ने कहा कि हम युद्ध के बीच हर प्रकार की शत्रुता को समाप्त करने के पक्ष में हैं यानी लड़ाई को रोकना चाहते हैं। लेकिन इसके लिए ईरान को अपने रुख में तब्दीली करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों से तेल अवीव क्षेत्र में और उसके बाहर अपने तमाम सहयोगियों (अमेरिका व अन्य देश) के साथ कूटनीतिक माध्यमों से संवाद कर रहा है। जिसमें तनाव को खत्म करने का मुद्दा शामिल है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमारे मत में कहीं पर भी ईरान पर जमीनी हमले की योजना शामिल है। मौजूदा सैन्य हमलों के जरिए भी हमने ईरान की क्षमता पर चोट की है। आगे भी ये कवायद जारी रहेगी। वर्तमान में हम ईरान के आसमान पर नियंत्रण बनाए हुए हैं।

# अमेरिकी दूतावास पर ईरान का भीषण हमला, यूएई ने खोला एयर स्पेस

**बगदाद ।** इराक की राजधानी बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन और रॉकेट से हमले किए गए हैं, जिसे हमलों की शुरुआत के बाद से सबसे भीषण हमला बताया जा रहा है। खबरों के मुताबिक संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान से मिसाइल और ड्रोन हमलों के खतरे के कारण बंद किए गए अपने हवाई क्षेत्र को फिर से खोल दिया है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर के इस बयान से नाराजगी जताई है कि ब्रिटेन ईरान को लेकर किसी व्यापक युद्ध में शामिल नहीं होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मिडिल ईस्ट में चल रहे अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध ईरान ने इजराइल पर हमले और तेज कर दिए हैं। यहां तक कि ईरान ने पहली बार सेज्जिल बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया है, जिसे डांसिंग मिसाइल भी कहते हैं। यह मिसाइल सॉलिड फ्यूल से चलती है, जिसकी रेंज 2,000 से 2,500 किलोमीटर तक है और हाई एल्टीट्यूड पर मैन्यूवर करके इजराइल के आयरन डोम जैसे डिफेंस को चकमा दे सकती है। ईरान के आईआरजीसी ने इसे तेल अवीव और सेंट्रल इजराइल के मिलिट्री टारगेट्स पर दागा। कुछ मिसाइलें इंपैक्ट हुईं, जहां बिल्डिंग्स और गाड़ियों को नुकसान पहुंचा, लेकिन बड़े पैमाने पर मौतों की अभी कन्फर्म रिपोर्ट नहीं आई। इजराइल की डिफेंस ने कई मिसाइल्स को रोका, लेकिन हमला बड़ा एस्केलेशन माना जा रहा है।

# सिंगारपुर के पीएम श्री विद्यालय में वार्षिकोत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ आयोजित





**समय जगत, मंडला।** लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल एवं समग्र शिक्षा अभियान के निर्देशानुसार पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारपुर में वार्षिकोत्सव एवं वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जय कुमार बैरागी के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर एसएमडीसी के सम्मानित सदस्यगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक स्वागत नृत्य से की गई। जनवरी में विद्यालय के जंबूरी दल ने छत्तीसगढ़ के बालोद में आयोजित प्रथम रोवर रेंजर राष्ट्रीय जंबूरी में ऑल इंडिया स्तर पर मध्यप्रदेश को द्वितीय स्थान दिलाकर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। उसी जंबूरी दल के छात्र-छात्राओं ने वार्षिकोत्सव में जे हर रखे तीर कमान, दुनिया वालों जानो हम तो आदिवासी आन गीत पर शानदार करमा नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद रंजना मरावी एवं साथियों ने आमा के कहरा, तोर पहरा में गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। मनीषा धुर्वे एवं साथियों ने राजमंडनी गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं महिमा बैरागी ने छम छम गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। जंबूरी दल ने पुनः आदिवासी पारंपरिक लोकनृत्य और वेशभूषा में तर हर नाना मोर नाना हो, तरी ना को नाना री ना सैला गीत पर एक लय और एक ताल में शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में समां बांध दिया। इस अवसर पर कहा भी गया–हाथों में डंडा, पैरों में पेंजना की झंकार है, ये सिर्फ सैला नृत्य नहीं, आदिवासियों का श्रृंगार है। रीता धुर्वे और शिवानी भारतीय ने महुआ झरे रे, महुआ झरे गीत पर सुंदर प्रस्तुति दी। नमृता बैरागी और सुष्मिता बैरागी द्वारा प्रस्तुत गीतों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। वहीं रानी केराम और मनीषा कुडापे ने भी मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन और आयोजन पीटीआई अशोक वरकड़े के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक महेश प्रसाद सरोते, आसिफ खान, गणेश परते, अशोक धुर्वे, हेमंत वरकड़े, देवेंद्र मार्को, मनोज कुडापे, मुरली पटेल, लवकेश कुर्मेश्वर, चन्द्र सिंह मसराम, भाग सिंह उर्वे, आनंद यादव, सुश्री प्रियंका तेकाम, श्रीमती नीतू श्रीवास, श्रीमती सुलेखा चक्रवर्ती, श्रीमती सरोज मिश्रा, सुश्री पूजा बर्मन, सुश्री श्रुति चौबे, श्रीमती वैशाली बोरकर, सुश्री सीता राहंगडाले, श्रीमती विद्या भारतीया, श्रीमती सुमन बैरागी, संतोष परते, उमेश चीचाम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्राम के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जबलपुर को नंबर 1 बनाने की दिशा में महापौर कलेक्टर और निगमायुक्त के प्रयास तेज

## सुबह 7 बजे से एक साथ किया शहर का सघन निरीक्षण



**समय जगत, जबलपुर।** जबलपुर को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश के शीर्ष शहरों में शुमार करने के लिए शहर का प्रशासनिक अमला सुबह से ही एक्शन मोड में नजर आया। सुबह 7 बजे से ही महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संयुक्त रूप से शहर की सफाई व्यवस्था का जमीनी निरीक्षण किया।

**प्रमुख स्थलों का दौरा और व्यवस्थाओं का जायजा:** निरीक्षण की शुरुआत शहर के हृदय स्थल से हुई, जिसके बाद अधिकारियों ने विभिन्न संयंत्रों का रुख किया । उन्होंने इस दौरान तीन पत्ती, मालवीय चौक, गोल बाजार और रानीताल क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

**कठौंदा वेस्ट टू एनर्जी प्लांट:** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कलेक्टर राघवेंद्र सिंहएवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने यहाँ कचरे से बिजली बनाने की प्रक्रिया और प्लांट की कार्यक्षमता का बारीकी से अवलोकन किया । इस मौके पर उनके द्वारा एबीसी,एमआरएम और अन्य कंपोस्ट प्लांटों का निरीक्षण कर कचरा निष्पादन की गुणवत्ता जांची गई।

**स्वच्छ सर्वेक्षण में रैंकिंग सुधारने पर जोर:** निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्वच्छता सर्वेक्षण के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य करने के सख्त निर्देश दिए। महापौर ने स्पष्ट किया कि लक्ष्य सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि शहर की रैंकिंग में एक बड़ी छलांग लगाना है। निरीक्षण के दौरान महापौर, कलेक्टर और निगमायुक्त ने कहा कि हम जन सहयोग और प्रशासनिक तत्परता के समन्वय से जबलपुर को स्वच्छता में देश का नंबर 1 शहर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की भागीदारी इस बदलाव की असली ताकत होगी।

**नागरिकों से विशेष अपील:** इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि स्वच्छता अभियान में भागीदारी कर सहयोग प्रदान करें। निरीक्षण के मौके पर नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जल महोत्सव अंतर्गत जल अर्पण दिवस का किया गया आयोजन

**समय जगत, रतलाम।** जल निगम द्वारा जिला रतलाम के ग्राम जड़वासा खुर्द मे 16 मार्च को जल महोत्सव के अंतर्गत जल अर्पण दिवस का आयोजन कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के नेतृत्व में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा, रंगोली, जल बंधन सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रात : काल ग्राम में ढोल-बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य सुरेश पाटीदार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा जल प्रबंधन एवं जल संरक्षण के प्रति सामुदायिक संकल्प पर अपने विचार व्यक्त किए गए। आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही सरपंच श्रीमती पुष्पा परमार, उपसरपंच मांगीलाल एवं सचिव दिलीप सिसोदिया को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सरपंच प्रतिनिधि सुरेश परमार जड़वासा खुर्द द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासी, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षकगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, छात्र-छात्राएं, वरिष्ठ ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### लखपति दीदी बनीं पद्मा कुंवर, डेयरी व्यवसाय से हर महीने 30-40 हजार रुपये की आय

**समय जगत, रतलाम।** स्वयं सहायता समूह की लाभार्थी श्रीमती पद्मा कुंवर निवासी ग्राम कलालिया तहसील जावरा ने बताया कि स्व-सहायता समूह से जुड़कर मेरे जीवन में बड़ा बदलाव आया है। शिव शक्ति समूह से जुड़ने से पहले पद्मा केवल घर के कार्यो तक ही सीमित थीं, लेकिन समूह से जुड़ने के बाद उनमें आत्मविश्वास बढ़ा और वे समाज से जुड़कर आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय हुईं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत समूह के माध्यम से पद्मा ने ऋण लेकर गायें खरीदीं। अब वे अपने पति के साथ मिलकर डेयरी व्यवसाय संचालित कर रही हैं। इस व्यवसाय से उन्हें हर महीने लगभग 30 से 40 हजार रुपये तक की आय हो रही है। पद्मा ने बताया कि स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और अब वे 'लखपति दीदी' की श्रेणी में आ चुकी है।

### जांच दल पहुंचा सीसी रोड, मुक्तिधाम का किया निरीक्षण

**अमझेरा।** ग्राम पंचायत अमझेरा में निर्माण हुए 36 लाख के सीसी रोड़ एवं मुक्तिधाम सौन्दर्य करण सहित निर्माण समिति को निर्माण कार्यो की सूचना नहीं होने को लेकर ग्राम पंचायत उपसरपंच अर्जुन मोहनिया ने विगत दिनों जनसुनवाई में शिकायत की थी। जिसके बाद जनपद सी ई ओ ने जांच दल का गठन किया गया। जांच दल में बीपीओ अंसार पठान, इंजीनियर विनोद पाटीदार द्वारा सबसे पहले मुक्तिधाम में जाकर यहां हुए निर्माण कार्यो को देखा एवं नाप लिया गया। जिसके बाद जांच दल अस्पताल रोड पहुचा जहां सीसी रोड की लंबाई, चौड़ाई लेकर सेम्पल लिया गया। जांच के दौरान उप सरपंच मोहनिया ने हाथो से रेती उड़ाकर जांच दल को दिखाई। दल प्रभारी अंसार पठान ने बताया कि शिकायत के सभी बिन्दुओं पर जांच की है। रोड की लंबाई, चौड़ाई इंजीनियर द्वारा ली गई है। शीघ्र ही वरिष्ठ अधिकारियों को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

# पचोर में चित्रांश महिला मंडल ने फाग मिलन कार्यक्रम किया आयोजित

## पुष्प वर्षा के साथ हुआ सामूहिक नृत्य





**समय जगत, भोपाल।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्य प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव प्रांतीय संगठन मंत्री कैलाश सक्सेना राजगढ़ जिलाअध्यक्ष राकेश सक्सेना एवं राजगढ़ की महिला इकाई जिलाध्यक्ष श्रीमति प्रमिला सक्सेना के नेतृत्व में सामाजिक गतिविधियां संचालित होती रहती हैं। पचोर शहर में कायस्थ समाज के चित्रांश महिला मंडल द्वारा उत्सव वाटिका में फाग मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना कर महिलाओं ने पुष्प वर्षा के साथ फूलों की होली खेली और उत्साहपूर्वक पर्व की खुशियां साझा कीं। पूरे आयोजन में भक्ति, परंपरा और उत्सव का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन संगीता नरेंद्र सक्सेना और रचना अरुण सक्सेना के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान चित्रगुप्त की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, माता इरावती, दक्षिणा को रंग गुलाल लगाया। जिसके बाद महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर फूलों की होली खेली। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक तरीके से फाग उत्सव मनाया। फाग मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। महिलाओं ने फिल्मी और पारंपरिक होली गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण उल्लास और उमंग से भर गया। कार्यक्रम में पुष्प होली के साथ ही सहभोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी महिलाओं ने मिलकर उत्सव का आनंद लिया। इस आयोजन में पचोर शहर के करीब 80 कायस्थ परिवारों की महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम में समाज की वरिष्ठ महिलाएं उमा सक्सेना, प्रांतीय प्रतिनिधि बबिता सक्सेना, रश्मि अशोक सक्सेना और वंदना संजय सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित रहीं। वहीं भाजपा जिला महामंत्री नीलम मनीष सक्सेना भी कार्यक्रम में शामिल हुई और महिला मंडल की इस पहल की सराहना की। आयोजन को सफल बनाने में अंजू देवेन्द्र, मधु नरेन्द्र, संगीता मनोज, टीना राहुल, शशि निर्मल, दीप्ती आशीष, रूचिचेतन, ममता राकेश, रचना पावस, संगीता अनिल, सीमाअखिलेश, तनु, प्रतीक्षा, मंजू, नेहा और साधना सक्सेना सहित अन्य महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। चित्रगुप्त महाराज की आरती के बाद महाप्रसादी का आनंद लिया।

# देश की तरक्की, अमन-शांति और भाईचारे के लिए मांगी गईं दुआएं, हाफिज़ तस्लीम का किया सम्मान




**सैयद रिजवान अली, मनावर।** मुसलमानों के पवित्र माह रमज़ान-उल-मुबारक के तीसरे अशरे में आने वाली मुबारक रात शब-ए-क़द्र के अवसर पर बाकानेर शहर की तमाम मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने पूरी अकीदत और श्रद्धा के साथ इबादत की। इस पवित्र रात में मुस्लिम जनों ने मस्जिदों में नमाज़ अदा की, कुरान शरीफ की तिलावत की और अपने पूर्वजों व मरहूमीन की मग़फिरत के लिए दुआएं और प्रार्थनाएं कीं।

**कुरान शरीफ मुकम्मल होने पर की गई खास दुआ:** बकानेर शहर की सभी प्रमुख मस्जिदों में इस अवसर पर कुरान शरीफ मुकम्मल (पूरा) किया गया, जिसके बाद विशेष दुआ का एहतमाम किया गया। इसके पश्चात कुरान शरीफ पढ़ने वाले हाफिज़ों और आलिमों का समाजजनों द्वारा इस्तकबाल (स्वागत) किया गया। शहर की तमाम मस्जिदों में इस मौके पर रौनक और इबादत का विशेष माहौल देखने को मिला। पुराने बस स्टैंड स्थित मस्जिद उमर बिन खत्ताब मरकज में हाफिज़ तस्लीम साहब ने तमाम आलम की भलाई और सलामती के लिए दुआ की, वहीं जामा मस्जिद में हाफिज़ साहब ने दुआ कराई। इसके अलावा नदी पार मस्जिद हमजा गोया मोहल्ला हुसैनी चोक मस्जिद आयशा में भी आलिम-ए-दीन ने देश में अमन, शांति और भाईचारे की कामना करते हुए वतन की खुशहाली और तरक्की के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। शब-ए-क़द्र की मुबारक रात के अवसर पर समाज की ओर से हाफिज़ों और उलेमाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान उन्हें कपड़े, उपहार और नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया गया।

# ग़ैरतगंज, गढ़ी और देहगांव में ईद उल फ़ितर की नमाज़ का समय हुआ तय

**समय जगत, ग़ैरतगंज।** ज़िले की ग़ैरतगंज तहसील में ईद-उल-फ़ितर की नमाज़ को लेकर शूरा एवं मसाजिद कमेटियों द्वारा समय तय कर दिया गया है। तहसील के प्रमुख स्थानों ग़ैरतगंज, गढ़ी और देहगांव में ईद की नमाज़ अदा की जाएगी। ईद की तारीख़ चांद दिखने पर निर्भर रहेगी। यदि चांद 19 मार्च (गुरुवार) को दिखाई देता है तो 20 मार्च (शुक्रवार) को ईद मनाई जाएगी, अन्यथा 20 मार्च को चांद दिखने पर 21 मार्च (शनिवार) को ईद-उल-फ़ितर मनाई जाएगी।



### नमाज़ का समय इस प्रकार रहेगा–

**ग़ैरतगंज:** ईदगाह मस्जिद - सुबह 7 बजे, मौलाना जमालुद्दीन नमाज़ अदा कराएंगे जामा मस्जिद- सुबह 7.30 बजे, मुफ़्ती मशकूर नमाज़ अदा कराएंगे मंडी मस्जिद सुबह 7.30 बजे, हाफ़िज़ सद्दाम कुरैशी नमाज़ अदा कराएंगे

**गढ़ी ईदगाह:** सुबह 7.30 बजे, मौलाना अतीकुर्रहमान नमाज़ अदा कराएंगे जामा मस्जिद सुबह 8.30 बजे, मौलवी मुश्ताक़ नमाज़ अदा कराएंगे

**देहगांव:** ईदगाह सुबह 7.45 बजे, मौलाना क़मरुद्दीन नमाज़ अदा कराएंगे। जामा मस्जिद सुबह 8.15 बजे, मौलवी अतीक़ नमाज़ अदा कराएंगे। शूरा एवं मसाजिद कमेटियों के ज़िम्मेदारों ने मशवरा कर यह समय निर्धारित किया है। मुस्लिम समुदाय से अपील की गई है कि सभी लोग समय से पहले ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचें तथा आपसी भाईचारे, शांति और अनुशासन के साथ ईद की नमाज़ अदा करें।

# स्वयं सेवकों के कार्यों का समाज में दिखना चाहिए सार्थक प्रभाव : परमार

**समय जगत, भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प विकसित भारत-2047 का ध्येय, राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के निमित्त सभी को एक दिशा की ओर जोड़ना है। स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को शिक्षा, समाज, अर्थव्यवस्था सहित हर क्षेत्र में विश्वमंच पर अग्रणी बनाने के लिए व्यापक मंथन का दौर चल रहा है। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षा के मंदिरों से समाज एवं राष्ट्र के प्रश्नों का समाधान करने वाले श्रेष्ठ नागरिक सृजित हों। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने मंगलवार को भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित पंडित सुंदरलाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान के निनाद सभागृह में, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना सम्मेलन के समापन सत्र में सहभागिता कर कही।

# दूसरों के प्रति सकारात्मक सोचने से होता है कल्याण: गेहूंखेड़ी



**समय जगत, सुठालिया।** जब दुख आता है तो भगवान के प्रति करुणा बढ़ती है। दुख आता है तो पुराने किये हुए बुरे कर्म कटते हैं। रोना संसार की वस्तुओं के लिए नहीं आना चाहिए, भगवान के किये रोना चाहिए, मीरा जी ने जहर का प्याला हंस के पीया और भगवान के लिए रोई तो सशरीर मूर्ति में समा गई। उक्त बात स्थानीय पिलाखाल खेल मैदान पर चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन कथा प्रवक्ता प्रेमनारायण गेहूखेड़ी वाले ने व्यक्त किए।

**गोविन्द के गुण गाओ, भला बैरी का चाहो**-गुरुदेव ने कहा कि हमे किसी व्यक्ति विशेष के गुण व चाटुकारिता करने की जगह भगवान कृष्ण के गुण गाना चाहिए। वहीं भला भी सोचो तो अपना न सोंच के बैरी (दुश्मन) का भला सोंचना चाहिए। क्योंकि ऐसा सोचने मात्र आपका भला जरूर हो जाएगा आपके दुश्मन का भला तो उसके कर्मो से ही होगा। उदाहरण देते हुए कि भक्त प्रहलाद जी को पिता हिरण कश्यप ने बहुत दुख दिया, फिर भी प्रहलाद जी ने भगवान से उसके पिता का भला करने को कहा। भगवान ने इसी बात से प्रसन्न होकर प्रहलाद से शिरोमणि प्रहलाद बना दिया। इसीलिए मन से बैरी का भला करने का सोंचने लग जाओ।

**प्रकृति व पर्यावरण को समर्पित है कथा:** सुनील सरावत मित्र मंडल द्वारा आयोजित इस कथा हर रोज हजारों लोग कथा श्रवण कर रहे हैं वही कथा में रात्रि विश्राम करने वालों के लिए भोजनशाला का संचालन भी हो रहा है। कथा प्रकृति व पर्यवारण को समर्पित है। पूरे आयोजन में पॉलीथिन का उपयोग पुर्णतः प्रतिबंधित है। वही कथा में हर रोज कथावाचक द्वारा हर रोज वृक्षारोपण कर इसे लगाने का संकल्प भी मंच से दिलाया जा रहा है।

# बाकानेर प्रवास पर संत सीताराम बाबा का किया स्वागत



**समय जगत, मनावर।** महामंडलेश्वर बालक दास महाराज के परम शिष्य सीताराम बाबा के बाकानेर प्रवास पर कौमी एकता कमेटी ,परख साहित्य मंच,बाकानेर के अध्यक्ष सैयद रिजवान अली एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष विश्वजीत सेन ने पुष्प माला पहनाकर एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष विश्वजीत सेन ने कहा कि हम आज एक ऐसी शख्सियत का सम्मान कर रहे हैं, जिन्होंने अपने गृहस्थ जीवन को त्याग कर अब तक छह बार पैदल नर्मदा परिक्रमा की है। साथ ही एक बार साइकिल से तथा दूसरी बार मोटरसाइकिल से 11 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य बनाया है, सीताराम बाबा पूर्व में श्री खेड़ापति सरकार हनुमानजी मंदिर बाकानेर में विगत 8 वर्षो तक पैदल चलकर आने वाले नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा कर चुके हैं, बाबाजी ने श्री खेड़ापति सरकार हनुमान जी मंदिर बाकानेर में प्रत्येक अमावस्या पर कन्या भोज प्रारंभ करवाया था जो अनवरत जारी है इसी प्रकार मास पारायण एवं प्रत्येक पूर्णिमा पर अखंड रामायण पाठ प्रारंभ करवाया था जो निरंतर जारी है, बाबा श्री वर्तमान में प्राचीन श्री राम मंदिर खल बुजुर्ग में नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा कर धर्म लाभ ले रहे हैं। सैयद रिजवान अली ने बताया कि सीताराम बाबा का पूरा नाम रामशरण पाटीदार है जो मूलतःजामली महू के निवासी होकर उनके परिजन कुशल कृषक हैं, बाबा श्री सरल सौम्य और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। सभी धर्म संप्रदाय के लोग उनके प्रशंसक और शुभचिंतक हैं बाकानेर प्रवास पर ऋषि मंडलोई अंतिम सेन, शैलेंद्र सेन एवं मनीष सोनी ने भी बाबा श्री का स्वागत सम्मान किया।

# कांचीपुरम् में भुवन मोहन वशिष्ठ राष्ट्रीय स्तर पर हुए सम्मानित

## भारतीय ज्ञान-विज्ञान भाषण प्रतियोगिता में मिला सम्मान



**ब्यावरा।** सप्तपुरियों में प्रधान, ज्ञान की अधिष्ठात्री नगरी- कांचीपुरम् (तमिलनाडु) में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 63 वें अखिल भारतीय शास्त्रीय उत्सव में मध्य प्रदेश के मेधावी छात्र ने अपनी प्रतिभा का परचम फहराया है। इस भव्य समागम में कांची कामकोटि पीठ के पूज्यपाद् शंकराचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में देशभर के विद्वानों और जिज्ञासुओं का अनूठा संगम देखने को मिला। इस राष्ट्रीय महोत्सव में संपूर्ण भारत के लगभग 23 प्रांतों से आए लब्धप्रतिष्ठ विद्वानों और प्रकांड छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। जिसमें आयोजन के अंतर्गत शास्त्रार्थ, शलाका परीक्षा, कण्ठपाठ, तथा विभिन्न भाषण प्रतियोगिताओं जैसी कठिन बौद्धिक स्पर्धाएं आयोजित की गई, जिनमें प्राचीन ज्ञान-विज्ञान के गूढ़ रहस्यों पर मंथन हुआ। भारतीय ज्ञान परम्परा गौरवपूर्ण प्रतियोगिता में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर (मध्य प्रदेश) का प्रतिनिधित्व करते हुए भुवन मोहन वशिष्ठ सुपुत्र आचार्य वेणी प्रसाद वशिष्ठ ने अपनी वाग्मिता और शास्त्र-बोध का परिचय देते हुए भारतीय ज्ञान परम्परा विषयक भाषण स्पर्धा में देशभर में तृतीय स्थान प्राप्त कर न केवल अपने विश्वविद्यालय, कुल-परिवार का मान बढ़ाया, अपितु सम्पूर्ण मध्य प्रदेश की सनातन ज्ञान-विज्ञान परम्परा को गौरवान्वित किया है। कांची की इस पुण्य भूमि पर पूज्यपाद् शंकराचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में प्राप्त इस उपलब्धि को संस्कृत जगत और अकादमिक क्षेत्र में अत्यन्त सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है। उनकी इस सफलता पर विश्वविद्यालय के आचार्य वृन्द और इष्ट-मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके यशस्वी- उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।

## जिला अस्पताल में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से रक्त दान शिविर संपन्न




**रीवा।** मानव सेवा के उद्देश्य से आयोजित रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में युवाओं एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए रक्तदान किया। इस दौरान कुल 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा डॉ यत्नेश त्रिपाठी सीएमएचओ रीवा सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ प्रतिभा मिश्रा ने बताया कि रक्त दान महादान है और इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। शिविर में उपस्थित डॉक्टरों की टीम द्वारा सभी रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य समाज में सेवा और जागरूकता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने युवाओं से समय-समय पर रक्तदान करने की अपील भी की। शिविर के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले डॉ किरण त्रिपाठी नोडल ब्लड बैंक,डॉ शबा हुसैन, लवकेश कोरी, एवं सभी स्वास्थ्य टीम का महत्पूर्ण योगदान दिया।

## संकल्प से समाधान अभियान के आवेदनों का करें निराकरण : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी फरवरी माह में दर्ज शिकायतों तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में विभागों की रैंकिंग संतोषजनक नहीं है। लंबित आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण करके विभाग की रैंकिंग सुधारें। विभाग की रैंकिंग ए श्रेणी में सुनिश्चित करें। राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नगरीय निकाय तथा श्रम विभाग आवेदनों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। जिला आपूर्ति अधिकारी एलपीजी से संबंधित सभी शिकायतों का 24 घंटे में निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान में 16 से 26 मार्च तक तीसरा चरण चलेगा। इसमें जिला स्तर पर आवेदन पत्रों का निराकरण किया जाएगा। लंबित आवेदन पत्रों का शत-प्रतिशत निराकरण करके प्रतिवेदन पोर्टल पर दर्ज कराएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रम विभाग में मजदूरों के पंजीयन से संबंधित सभी आवेदन पत्रों का निराकरण कराएं। जिस ग्राम पंचायत सचिव के पास 10 से अधिक आवेदन लंबित हैं उस पर पाँच हजार रुपए का जुर्माना लगाएं। कार्यपालन यंत्री पीएचई अभियान चलाकर खराब हैण्डपंपों में सुधार कराएं। हैण्डपंप सुधार के लिए अतिरिक्त राइजर पाइप तथा अन्य सामग्री की तत्काल व्यवस्था करें। जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से शुरू हो रहा है। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विकासखण्ड स्तर पर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ समारोहपूर्वक अभियान का शुभारंभ कराएं। अभियान के दौरान गत वर्ष के जल संरक्षण के अधूरे कार्यों को पूरा कराएं। कलेक्टर ने कहा कि किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण की स्थिति संतोषजनक नहीं है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व्यापक अभियान चलाकर टीके लगवाने के लिए 14 और 15 वर्ष की किशोरियों तथा उनके अभिभावकों की काउंसलिंग करें। अब परीक्षाएं समाप्त हो गई हैं। यह टीका किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से पूरी सुरक्षा देगा। हर माता-पिता अपनी बेटी को कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाने के लिए टीका अवश्य लगवाएं। सोशल मीडिया में भी टीकाकरण से संबंधित पोस्ट नियमित रूप से करें। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों तथा समाजसेवी संस्थाओं का भी सहयोग लें। कलेक्टर ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी नया शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले जिला स्तर पर पुस्तक मेले का आयोजन करें। पुस्तक मेला शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित करें। इसमें सभी प्रमुख पुस्तक विक्रेताओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। पुस्तक मेले का व्यवस्थित आयोजन कराएं जिससे अभिभावक पुस्तकें एवं अन्य सामग्री खरीद सकें। बैठक में कलेक्टर ने पेयजल व्यवस्था, सड़कों में सुधार, समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन की तैयारियों तथा बिजली आपूर्ति के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री त्योंथर, जवा और सिरमौर में बैठक लेकर विद्युत की नियमित आपूर्ति के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर सुरभि अग्रवाल तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नप सिरमौर सीएमओ ने जप सीईओ को भेजा नोटिस

### निकाय क्षेत्र में विना अनुमति व्यवसायिक दुकान बनाने का है मामला



**रीवा।** नगर परिषद सिरमौर सीमा में जनपद पंचायत सिरमौर के द्वारा अवैधानिक तरीके से विना अनुमति व्यवसायिक दुकान निर्माण किए जाने पर सीएमओ सिरमौर श्री संतोष कुमार सिंह के द्वारा नोटिस जारी कर वैधानिक अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

**क्या है मामला:** कार्यालय नगर परिषद सिरमौर द्वारा जारी पत्र क्रमांक/176 दिनांक 6/3/2026 में लेख किया गया है की निकाय क्षेत्र सीमा मे जनपद पंचायत सिरमौर के द्वारा नियमो के विपरीत नगरीय निकाय सीमा अन्तर्गत वार्ड कमांक-13 (सिरमौर रीवा मार्ग जय स्तम्भ चौक) में विना सक्षम स्वीकृति के व्यवसायिक दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। जो म प्र.नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 के अन्तर्गत विहित प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघधन। जारी नोटिस में लेख किया गया है कि उक्त निर्माण संवधी वैध अभिलेख जैसे व्यवसायिक दुकान निमार्ण मंजूरी, नक्सा, भूमि स्वामित्व, राजस्व विभाग में जमा भू भाटक की रसीद की प्रति के साथ अन्य वैधानिक अभिलेख अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में जमा कराया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही निर्माणाधीन व्यवसायिक दुकानों का निर्माण कार्य सूचना प्राप्ति के तत्काल वाद बंद कराये। नियत समयावधि में वांछित दस्तावेज प्रस्तुत न होने पर माना जावेगा कि आपके द्वारा नियमों के विपरीत व्यवसायिक दुकानों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिस स्थिति में म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कि जावेगी।

**इनको भेजी जानकारी :** आयुक्त महोदय नगरीय प्रशान एंव विकास भोपाल ,कलेक्टर महोदय जिला-रीवा, संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एव विकास रीवा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जिला रीवा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग सिरमौर , अध्यक्ष महोदय, नगर परिषद सिरमौर ,तहसीलदार तहसील सिरमौर, थाना प्रभारी, थाना सिरमौर , के साथ अश्वनी तिवारी अतिक्रमण प्रभारी नगर परिषद सिरमौर की ओर लेखकर निर्देशित किया गया है कि विना अनुमति भवन निमार्ण या शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाया जाना सुनिश्चित करे।

### क्या कहते हैं अधिकारी

नगरीय क्षेत्र में विना अनुमति व्यवसायिक दुकान निर्माण कार्य पाए जाने पर नियमो के तहत दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए जनपद पंचायत सिरमौर को पत्र भेजा गया है। कानून व्यवस्था सभी के लिए है। नियत समय में वैधानिक अभिलेख प्रस्तुत न करने पर मप्र नगर पालिका अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।
संतोष कुमार सिंह
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सिरमौर, जिला रीवा

## यह कार्रवाई सिर्फ सेमरिया तक ही सीमित रहेगी या रीवा शहर के अंदर भी ऐसी ही सख्त कार्रवाई देखने को मिलेगी?

**रीवा।** रीवा जिले में एक बार फिर प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल खड़े होते नजर आ रहे हैं। हाल ही में जिला प्रशासन और खाद्य विभाग की टीम ने सेमरिया क्षेत्र में पहुंचकर कुछ रेस्टोरेंट और दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग को लेकर कार्रवाई की। अधिकारियों ने दुकानों की जांच की और नियमों के खिलाफ घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल करने वालों पर कार्रवाई का दावा भी किया। लेकिन अब सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ सेमरिया तक ही सीमित रहेगी या फिर रीवा शहर के अंदर भी ऐसी ही सख्त कार्रवाई देखने को मिलेगी। क्योंकि हकीकत यह है कि शहर के कई रेस्टोरेंट, ढाबे और छोटे-बड़े खाने-पीने के प्रतिष्ठान खुलेआम घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल कर रहे हैं। नियम साफ कहते हैं कि घरेलू सिलेंडर का उपयोग केवल घरों के लिए है, जबकि व्यावसायिक गतिविधियों के लिए कमर्शियल सिलेंडर अनिवार्य है। इसके बावजूद शहर के कई इलाकों में दुकानदार बड़ी मात्रा में घरेलू सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान तो हो ही रहा है, साथ ही यह पूरी तरह नियमों के खिलाफ भी है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस पूरे मामले की जानकारी खाद्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को भी है। स्थानीय लोग भी कई बार इसको लेकर सवाल उठा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद शहर के अंदर किसी बड़ी कार्रवाई की खबर सामने नहीं आई। ऐसे में अब लोगों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या सेमरिया में की गई कार्रवाई सिर्फ दिखावे के लिए थी या फिर प्रशासन वाकई पूरे जिले में अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करेगा। अब निगाहें जिला प्रशासन और खाद्य विभाग के अधिकारियों पर टिकी हुई हैं। लोग यह जानना चाहते हैं कि क्या शहर के अंदर चल रहे इस खुले खेल पर भी सख्त कार्रवाई होगी, या फिर यह मामला भी कुछ दिनों की हलचल के बाद ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। अगर प्रशासन वास्तव में नियमों का पालन कराना चाहता है, तो उसे पूरे जिले में एक समान अभियान चलाना होगा, ताकि किसी को भी नियम तोड़ने की छूट न मिले।

## सार संक्षिप्त

### विजया राजे सिंधिया कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय का तीन दिवसीय वर्कशॉप का समापन समारोह हुआ संपन्न



**आकाश दुबे- समय जगत, ग्वालियर।** विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय मुरार ग्वालियर में प्राणी विज्ञान और वनस्पति विज्ञान के संयुक्त तत्वावधान में वर्मिकंपोस्टिग और ऑर्गेनिक फॉर्मिंग विषय पर तीन दिवसीय वर्कशॉप का समापन समारोह संपन्न हुआ कार्यक्रम के शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस के श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की ,कार्यक्रम की आयोजक डॉ मनीषा देशपांडे और डॉ अंजू शर्मा के द्वारा विगत तीन दिनों में छात्राओं द्वारा वर्मिकोपोस्टिग और ऑर्गेनिक फॉर्मिंग के संबंध में किए गए कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथियों का प्लांट्स देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात् डॉ दिनेश कुमार चतुर्वेदी के द्वारा मुख्य वक्ताओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई कार्यक्रम के दौरान साइंस कॉलेज ग्वालियर से प्रो डॉ डी के शर्मा ने वर्मिकंपोस्ट की कृषि में में महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और आयोजकों के द्वारा छात्राओं से कराए गए कार्यों की सराहना की डॉ निशा तोमर ने कृषि में कीटनाशकों और रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध हो रहे उपयोग पर तत्काल रोक लगाने का आव्हान किया और कृषि में प्राकृतिक खाद को उपयोग में लाए जाने पर जोर दिया, इस अवसर पर छात्राओं के द्वारा तीन दिवसीय वर्कशॉप के संबंध में अपने अनुभव साझे किये , वर्कशॉप में भाग लेने वाली छात्राओं को सर्टिफिकेट भी वितरित किए गए,कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की लगभग 200 छात्राएं उपस्थित रही इसके अलावा महाविद्यालय के स्टॉफ में आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ रेनू एस नायर,डॉ पी सी जाटव, डॉ ममता चौहान, डॉ शर्मिला जैन, डॉ सारिका सक्सेना, डॉ सुरभि दानवे डॉ किरण तोमर डॉ रचना आदि उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने किए तीन शस्त्र लायसेंस निलंबित

**दतिया।** पुलिस अधीक्षक दतिया के प्रतिवेदन के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट व कलेक्टर दतिया स्वप्निल वानखड़े द्वारा आयुध अधिनियम 1959 की धारा-17 (3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लायसेंसधारकों द्वारा लायसेंस की शर्तो का उल्लंघन किये जाने के कारण तीन लायसेंसधारी विजय दरोगा पिता रामरतन दरोगा निवासी दरोगा वाली गली दतिया थाना कोतवाली दतिया, पान सिंह पिता पंजाब सिंह गुर्जर निवासी ग्राम अमरा थाना डीपार जिला दतिया एवं राजकुमार उर्फ राघव पिता टीकम यादव निवासी ग्राम रिछारी थाना बड़ौनी जिला दतिया को स्वीकृत शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से प्रकरण के अंतिम निराकरण तक की अवधि के लिए निलंबित किये गए है।

### गैस संकट से चौपट होता कारोबार, चौपाटी की आधी दुकानें बंद

**रीवा।** इन दिनों कमर्शियल गैस सिलेंडर की भारी किल्लत ने छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी है, हालात ऐसे बन गए हैं कि शहर की चौपाटी, जो आम दिनों में ग्राहकों की भीड़ से गुलजार रहती थी, अब लगभग सूनी नजर आ रही है, गैस नहीं मिलने के कारण कई दुकानदारों को मजबूर होकर अपने ठेले और दुकानें बंद करनी पड़ रही हैं,,, जानकारी के अनुसार चौपाटी क्षेत्र में करीब 55 से 60 दुकानें संचालित होती हैं, लेकिन गैस संकट के चलते इनमें से केवल 24 से 25 दुकानें ही किसी तरह खुल पा रही हैं, जबकि बाकी दुकानों पर ताले लटक गए हैं,जो दुकानें खुली हैं, वे भी सीमित संसाधनों के सहारे किसी तरह कारोबार चला रही हैं,छोटे व्यापारियों का कहना है कि गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें कच्चा माल घरों में लकड़ी के चूल्हे पर तैयार करना पड़ रहा है, वहीं कुछ लोग डीजल से चलने वाले स्टोव का सहारा ले रहे हैं, जिससे लागत बढ़ रही है और काम की गति भी धीमी हो गई है, कई दुकानदार अब केवल ग्राहकों की मांग पर फ्राई या हल्का नाश्ता ही तैयार कर पा रहे हैं, क्योंकि पूरे स्तर पर दुकान चलाना उनके लिए संभव नहीं रह गया है,व्यापारियों के मुताबिक फिलहाल उनके पास पहले से मौजूद कुछ पुराने कमर्शियल सिलेंडर ही सहारा बने हुए हैं, जैसे ही ये खत्म होंगे, पूरी चौपाटी के बंद होने का खतरा और बढ़ जाएगा,,इस बीच एक और गंभीर स्थिति सामने आ रही है। गैस की कमी के चलते कुछ लोग घरेलू सिलेंडर से कमर्शियल सिलेंडर में गैस भरने का काम भी करने लगे हैं, यह प्रक्रिया बेहद खतरनाक मानी जाती है और इससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## गैस सिलेंडर की किल्लत से जनता है त्रस्त : अशोक दांगी बगदा



**दतिया।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिले में घरेलू रसोई गैस की किल्लत और लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में मंगलवार को एक अनूठे तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दतिया गैस एजेंसी के सामने सीतासागर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पुराने बयान पर तंज कसते हुए सीतासागर में पाइप डालकर गैस चूल्हा जलाने का सांकेतिक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आम जनता को हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था कि गैस की कमी और महंगाई ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। श्री दांगी ने कहा केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आज आम आदमी महंगाई से परेशान हैं। रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं और दूसरी ओर गैस सिलेंडर की किल्लत से जनता त्रस्त है। सरकार को तुरंत गैस की कीमतों में की गई वृद्धि वापस लेना चाहिए और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि जनता को राहत मिल सके। विरोध प्रदर्शन करने वालों में नरेन्द्र गुर्जर, अजय शुक्ला, रिंकू यादव, वासुदेव कमरिया, रामकुमार मोंगिया, हंसमुखी राजपूत, डॉ. राकेश खरे, रामदास उत्साही, आशीष तिवारी, अमरीश वाल्मीक, सद्दाम खान, स्वदेश अहिरवार, राघवेंद्र जादौन, अमित पाठक, हरिमोहन श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव एवंजाकिर मंसूरी आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने हर वर्ग के लिए किया काम : घनश्याम सिंह पूर्व विधायक



**दतिया।** कांग्रेस की प्राथमिकता रही है कि सबसे पहले आदिवासी फिर दलित, पिछड़ा, महिला, अल्पसंख्यक एवं अन्य समाज के विकास के लिए योजनाएं बनाना और उनको लागू करना। आजादी के बाद देश में आरक्षण लागू करने में अंतिम सरकार के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को आगे कर संविधान सभा से संविधान को पारित कराने में अहम भूमिका निभाई थी। बीजेपी और आरएसएस समाज में कई बातों से भृम फैलाने का काम करती है जैसे मुसलमान की जनसंख्या तेजी से बढने की बात पूरी तरह से झूठी एवं भ्रामक है। यह विचार सेंवढ़ा के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने मंगलवार को सेंवढ़ा के रंग महल गार्डन में कांग्रेस सेवादल के 22 मार्च से शुरु होने जा रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सेंवढ़ा में सेवादल का तीन दिवसीय शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसमें कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा समाज के विकास के लिए दिए गए कार्य, संचालित की गई जन हितेषी योजना एवं योगदान को विस्तार से बताया जाएगा। शिविर में सेंवढ़ा क्षेत्र के 100 सेवादल कार्यकर्ताओं को सेवादल के राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें सेवादल के गठन, उद्देश्य, कार्यो से परिचित कर प्रशिक्षित किया जाएगा। बैठक में पूरन सिंह कुशवाहा, सेवादल जिलाध्यक्ष मोहन सिंह कुशवाहा, देशराज कुशवाहा, बादशाह खान, जवेंद्र सिंह परिहार, धीरज गांधी, धर्मेंद्र परमार ,राहुल राजा परमार, विवेक बघेल, सोनू पटेल, चंद्रभान सिंह रिपोली, शंकर सिंह रिपोली, मुन्नालाल समाधिया, ओम जी गुर्जर, लल्लू विश्वकर्मा, सत्येंद्र यादव, रामहंस कुशवाहा, जगराम सिंह कुशवाहा, राजेंद्र नोनेरिया, उधम सिंह बाबा नागिल, राजा भैया रिपोली, अवधेश त्यागी, रईस खान, बादाम सिंह पिरोनिया, रामनरेश शर्मा, राजू बघेल, राजेश सिंह परिहार, रामकिशन केवट, पुष्पेंद्र सिंह बुंदेला, दीप कुमार अहिरवार, महाराज सिंह बघेल, गयाप्रसाद, विशाल सिंह चौहान, मोहन सिंह बघेल, धर्मेंद्र सिंह बैस, प्रताप सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**22 मार्च को सांसद अशोक सिंह करेंगे उदघाटन.........** सेवादल के प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन 22 मार्च को सांसद अशोक सिंह बतौर मुख्य अतिथि सुबह 10 बजे करेंगे। पंजीयन सुबह 9 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में घनश्याम सिंह पूर्व विधायक सेंवढ़ा एवं पूरन सिंह कुशवाहा जिला प्रभारी कांग्रेस सेवादल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष मोहन सिंह कुशवाहा द्वारा किया जा रहा है।

## खाद्य आपूर्ति विभाग के अफसर लापता, फोन तक नहीं उठाते, क्यों कि इनके घर पहुंचता है फ्री सिलेंडर

### किसी भी एजेंसी पर अब तक नहीं हुई सख्त कार्रवाई, होम डिलिवरी का रुपया ले रहे लेकिन घर तक नहीं पहुंचा रहे

**रीवा।** गैस सिलेंडर की किल्लत जारी है। कलेक्टर ने दावा किया था, लोगों को एजेंसियां घर तक सिलेंडर पहुंचाएंगी लेकिन यह दावे खोखले ही निकले। एजेंसियां ग्राहकों को गोदाम बुला रही हैं, जबरन भीड़ जुटा रही हैं। होम डिलिवरी नहीं हो रही। इसके पीछे बड़ी वजह सामने आई है। एजेंसियां इसकी आड़ में कालाबाजारी भी कर रहीं। गैस की समस्या को सुलझाने में रीवा कलेक्टर के दावे हवा हो गए। कलेक्टर ने बड़े बड़े दावे किए थे। घर तक सिलेंडर पहुंचाने की बात कही थी। यह व्यवस्था कहीं भी नजर नहीं आ रही। एजेंसियों में पर्याप्त स्टॉक भी नहीं है। लोगों का गैस बुकिंग में अब भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बुकिंग के बाद डीएनएस नंबर नहीं पहुंच रहा। लोग परेशान हैं। एजेंसियों की गाड़ियां वार्डो तक नहीं पहुंच रही। लोगों को गैस के लिए गैस एजेंसी के गोदामों के बाहर ही लाइन लगानी पड़ रही है। हालात एजेंसी संचालकों ने बदतर कर दी है। यदि गाड़ियां मोहल्लों तक पहुंचती तो भीड़ बेकाबू न होती।

**तीनों गैस एजेंसी संचालकों ने बिगाड़ी व्यवस्था:** रीवा शहर में संचालित गैस एजेंसी संचालक ने ही पूरी व्यवस्था ठप कर दी। इनकी कोई भी गाड़ियां और कर्मचारी होम डिलिवरी नहीं कर रही हैं। यह सभी ग्राहकों को अब तक खुद ही एजेंसी के गोदाम में बुला रहे थे। इसके कारण गोदाम में भीड़ लगनी शुरू हुई। अब यह भीड़ प्रशासन खुद नही सम्हाल पा रहा है। पापुलर गैस एजेंसी ने होम डिलिवरी से भी हाथ खड़े कर दिए हैं। इनका कहना है कि फिलहाल होम डिलिविरी मुश्किल हैं।

**होम डिलिवरी बंद होने से ही बिगड़ी बात:** यदि गैस एजेंसियों ने होम डिलिविरी की व्यवस्था को बंद नहीं किया होता तो यह हालात जो बने हैं, वह बेकाबू नहीं होते। गैस एजेंसी संचालकों ने गोदाम से ही सिलेंडर बेचना और उन्हें ब्लैक करना शुरू कर दिया। इसके कारण ही लोगों की भीड़ गोदाम में जुटने लगी। प्रशासन ने भी इन पर किसी तरह की सख्ती नहीं बरती। जिसका फायदा एजेंसी संचालकों ने उठाया।

**फ्री सिलेंडर के चक्कर में अधिकारी भी पंगु बन गए:** खाद्य आपूर्ति विभाग और जिला प्रशासन के कई अधिकारियों को गैस एजेंसियां फ्री सिलेंडर पहुंचाती है। इसके कारण इन अफसरों को आम जनता की परेशानियां न तो दिखाई दे रही हैं और न ही सुनाई पड़ रही हैं। किसी भी खाद्य अधिकारी का फोन नहीं उठता। कोई भी जनता की शिकायत सुनने को तैयार नहीं है।

**होम डिलिवरी का एजेंसियां पैसा ले रहीं सेवाएं नहीं दे रहीं:** सभी एजेंसियां उपभोक्ताओं को दोहरा चूना लगा रही हैं। सभी एजेंसियां उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए गोदाम बुला रही हैं। उन्हें लंबी लाइनों में खड़ा कराती हैं फिर सिलेंडर देती हैं। गोदाम से सिलेंडर लेने के बाद भी होम डिलिवरी चार्ज वापस नहीं करती। होम डिलिवरी का पैसा तो वसूला ही जा रहा जनता को भी परेशान किया जा रहा है।

**इस तरह हो रही कालाबाजारी:** गैस एजेंसियां सिलेंडर की कालाबाजारी भी कर रही हैं। भले ही आम उपभोक्ताओं के लिए गैस एजेंसी संचालक नियम बना दें लेकिन व्यापारियों और अन्य पहुंच वालों के लिए कोई रोक टोक नहीं है। बिना आनलाइन बुकिंग और डीएनएस के भी सिलेंडर पहुंच रहे हैं। यह सिलेंडर हालांकि दुसरे की बुकिंग नंबर से भेजे जा रहे हैं। आनलाइन बुकिंग और एडवांस पेमेंट करने वाले उपभोक्ताओं को 48 घंटे के अंदर होम डिलिवरी का नियम है लेकिन यह सेवाएं नहीं दे पा रहे। ऐसे उपभोक्ताओं के नाम से सिलेंडर डिलिवर दिखाकर ब्लैक कर देते हैं। यही वजह है कि होटलों और अन्य संस्थानों में घरेलू सिलेंडर आसानी से पहुंच रहा है।

**2 हजार तक पहुंचा ब्लैक में सिलेंडर:** इस संकट में भी गैस एजेंसियां मुनाफा कमाने से बाज नहीं आ रही हैं। एक सिलेंडर करीब 2 हजार रुपए तक में ब्लैक किया जाता है। अब हम बताते हैं कि यह सिलेंडर एजेंसी से ग्राहक तक ब्लैक में कैसे पहुंचता है। गैस एजेंसियों में सिलेंडर की आनलाइन बुकिंग करने वाले लाखों में है। इन्हें मैसेज डिलिवर का पहुंच गया लेकिन सिलेंडर नहीं मिला। इन्हीं उपभोक्ताओं के सिलेंडर गोदाम से होम डिलिविरी के लिए निकलते हैं और किसी दूसरे को ब्लैक में बेच दिया जाता है। इसी खेल से लाखों एजेंसियां कमा रही हैं।

## सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सीटी स्केन प्रभारी की हुई कमेटी के सामने पेशी, एमआरआई टेक्नीशियन भी हुए तलब

**रीवा।** श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में सीटी स्केन और एमआरआई शाखा में की गई टेक्नीशियन की नियुक्ति मामले की जांच शुरू हो गई है। जांच कमेटी इस मामले में पहुंची शिकायत पर जांच कर रही है। सुपर स्पेशलिटी के सीटी स्केन प्रभारी और एमआरआई सेंटर के एक टेक्नीशियन को नोटिस जारी कर बयान के लिए बुलाया गया था। शिकायतकर्ता के भी बयान लिए गए हैं। अब जांच के बाद ही पूरे फर्जीवाड़े और आरोपों की सच्चाई से पर्दा उठ पाएगा। आपको बता दें कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 13 करोड़ कीमत की सीटीएमआरआई मशीन इंस्टाल की गई। इसी तरह 7 करोड़ की सीटी स्केन मशीन संजय गांधी अस्पताल में लगाई गई। इन दोनों मशीनों को इंस्टाल करने के बाद टेक्नीशियन की नियुक्ति का प्रस्ताव कार्यकारिणी की बैठक में रखा गया। दोनों जगहों के लिए टेक्नीशियन की नियुक्ति को हरी झंडी दी गई। इस नियुक्ति में भर्ती नियमों का डीन ने पालन नहीं किया। जैसी जैसी सिफारिश आती गई। वैसे वैसे टेक्लीशियन के पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति करते गए। पहले जिन्हें पदस्थ किया गया, बाद में नई सिफारिश आने पर उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इसमें एक कंडीडेट अंजली चौधरी भी थी। इनकी नियुक्ति सीटी एमआरआई में टेक्नीशियन के पद पर हुई। इनके दस्तावेजों की केवायसी भी हो गई। इनकी ज्वाइनिंग भी करा ली गई। कुछ दिन बाद इन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इन्हें बाहर निकाला तो गया कि लेकिन सीटी स्केन प्रभारी ने इन्हें बेइज्जत करके निकाला। अभद्रता भी की। इसी से नाराज अंजली चौधरी ने न्याय की गुहार लगाने अधिकारियों के चौखट पर पहुंची। कलेक्टर, कमिश्नर, डीन और एसडीएम से शिकायत की। सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई। इसी शिकायत पर अब जांच शुरू हुई है। पेशी पर पेशी चल रही है। शिकायत में जितने भी लोग फंसे हैं, उनके बयान लिए जा रहे हैं।

**फर्जी सर्टिफिकेट से नौकरी पाने का लगाया आरोप**

अंजली चौधरी ने बताया कि उन्होंने सीटीएमआरआई का कोर्स श्याम शाह मेडिकल कॉलेज से किया है। वह दो बैच में टॉपर रही हैं। शेष छात्र फेल हो गए थे। इसके बाद भी उनका चयन नहीं किया गया। उन्हें बाहर कर दिया गया। सिफारिश वालों की नियुक्ति कर दी गई। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि टेक्नीशियन आशीष गौतम ने फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी पाई है।उन्होंने जो रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट लगाया है। उसमें हिंदी और अंग्रेजी के रजिस्ट्रेशन नंबर में अंतर है। जांच टीम ने आशीष गौतम को नोटिस जार करने के बाद बयान के लिए तलब किया है।

### संपादकीय

## देश के कई राज्यों में बढ़ रहा है जल संकट

तापमान बढ़ने के साथ ही देश के कई राज्यों में जल संकट में भी बढ़ोत्तरी होने लगी है। बड़े जलाशयों का घटता स्तर किसी सामान्य मौसमी उतार-चढ़ाव का नहीं, बल्कि गंभीर असंतुलन का संकेत है। मार्च में ही जब पानी आधा रह जाए, तो आने वाले महीनों का संकट साफ दिखाई देता है। इसका असर सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं, गांवों में किसान फसलों को बचाने के लिए जूझ रहे हैं। नदियां कमजोर पड़ रही हैं, भूजल नीचे जा रहा है और पानी की हर बूंद की अहमियत बढ़ती जा रही है। यह हालात स्पष्ट करते हैं कि जलवायु परिवर्तन केवल गर्मी नहीं बढ़ा रहा, बल्कि हमारे जल संसाधनों को भी तेजी से खत्म कर रहा है।

तापमान और प्रदूषण का साथ इस संकट को और खतरनाक बना रहा है—एक ऐसा दोहरा प्रहार जो शरीर और पर्यावरण दोनों को प्रभावित कर रहा है। गर्मी बढ़ते ही हवा में मौजूद जहरीले कण और सक्रिय हो जाते हैं, जिससे सांस लेना कठिन हो जाता है। दिल्ली और आसपास की खराब होती हवा यह दिखा रही है कि समस्या सिर्फ गर्मी नहीं, बल्कि उसी हवा की है जिस पर जीवन निर्भर है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों पर पड़ रहा है, और अस्पतालों में बढ़ती भीड़ संकेत है कि यह अब पर्यावरण नहीं, गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है। एमपी सहित अन्य राज्यों में जल संकट की स्थिति दिखाई दे रही है। अभी कुछ माह पूर्व ही एमपी के इंदौर में दूषित पानी पाने से दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसे हालात में वर्ल्ड बैंक का हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट (300 डॉलर मिलियन) राहत की उम्मीद जगाता है। साफ हवा के लिए मॉनिटरिंग नेटवर्क का विस्तार, इलेक्ट्रिक वाहन, कृषि और उद्योग सुधार सकारात्मक कदम हैं। लेकिन असली सवाल यही है कि क्या ये पर्याप्त हैं, या हम सिर्फ ऊपर-ऊपर से समस्या को संभाल रहे हैं? मॉनिटरिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा और कृषि सुधार जरूरी हैं, पर जब तक ये व्यापक और दीर्घकालिक नीति से नहीं जुड़ते, तब तक इनका असर सीमित ही रहेगा। वास्तविक चुनौती उन जड़ों पर प्रहार करने की है जहां से यह संकट पैदा हो रहा है। तेज औद्योगिकीकरण, जीवाश्म ईंधनों पर बढ़ती निर्भरता, जंगलों की कटाई और अव्यवस्थित शहरी विस्तार ने प्राकृतिक संतुलन को गहराई से बिगाड़ दिया है। फिर भी हम प्रदूषण को मौसमी मानकर टाल देते हैं और गर्मी को अस्थायी असुविधा समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन मार्च 2026 ने साफ कर दिया है कि यह सोच अब खतरे से खाली नहीं। जब असामान्यता ही सामान्य लगने लगे, तो इसका मतलब है कि हमने समस्या को स्वीकार तो कर लिया, लेकिन उससे लड़ने की तैयारी अब भी अधूरी है। इस बदलते दौर का सबसे भारी असर आम लोगों की जिंदगी पर दिख रहा है, जहां रोजमर्रा अब सहज नहीं, संघर्ष बन गई है। एक साधारण परिवार के लिए पानी बचाना, बिजली संभालना और स्वास्थ्य सुरक्षित रखना लगातार चुनौती है। बच्चों का बाहर खेलना घट गया है, बुजुर्गों के लिए बाहर निकलना जोखिम भरा है और कामकाजी लोगों के लिए काम की गति बनाए रखना कठिन हो रहा है। यह सिर्फ पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक असमानता को भी गहरा कर रहा है—जहां साधन वाले खुद को बचा लेते हैं, वहीं कमजोर वर्ग पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं संवर्धन तथा शुद्ध व स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिये।

# पांच राज्यों में चुनावी बिगुल

### नजरिया

**पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया के दौरान लगभग साठ लाख से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। अभी भी लाखों नामों की जांच जारी है। यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि इस प्रक्रिया से उनके पारंपरिक वोट बैंक को नुकसान पहुंचाया गया है। खासकर अल्पसंख्यक बहुल जिलों में बड़ी संख्या में नाम हटने से ममता बनर्जी इसे बंगाल की अस्मिता और लोकतांत्रिक अधिकारों से जोड़कर देख रही हैं। ममता बनर्जी इस मुद्दे को सीधे केंद्र सरकार के खिलाफ राजनीतिक हथियार बना रही हैं। उनका दावा है कि यह प्रक्रिया बंगाल की जनता के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास है।**

कांतिलाल मांडोत

पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का ऐलान होते ही देश की राजनीति का केंद्र एक बार फिर पूर्वी भारत बन गया है। असम केरल तमिलनाडु पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव केवल सरकार बदलने की लड़ाई नहीं हैं बल्कि कई बड़े राजनीतिक संदेश भी तय करेंगे। इन चुनावों में सबसे अधिक चर्चा जिस राज्य को लेकर हो रही है वह पश्चिम बंगाल है। इसकी वजह है मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया यानी एसआईआर और उसके बाद लाखों नामों का कटना। यही प्रक्रिया इस चुनाव को पहले से कहीं अधिक कठिन बना रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या ममता बनर्जी फिर सरकार बना पाएंगी या भाजपा इस बार अपनी बढ़त को सत्ता में बदल सकती है। एसआईआर प्रक्रिया इस चुनाव की सबसे बड़ी राजनीतिक घटना बनकर सामने आई है। पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया के दौरान लगभग साठ लाख से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। अभी भी लाखों नामों की जांच जारी है। यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि इस प्रक्रिया से उनके पारंपरिक वोट बैंक को नुकसान पहुंचाया गया है। खासकर अल्पसंख्यक बहुल जिलों में बड़ी संख्या में नाम हटने से ममता बनर्जी इसे बंगाल की अस्मिता और लोकतांत्रिक अधिकारों से जोड़कर देख रही हैं। ममता बनर्जी इस मुद्दे को सीधे केंद्र सरकार के खिलाफ राजनीतिक हथियार बना रही हैं। उनका दावा है कि यह प्रक्रिया बंगाल की जनता के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास है। इसी कारण वह अपने चुनावी अभियान में बार बार बांग्ला अस्मिता की बात उठा रही हैं। पिछले चुनावों में भी उन्होंने इसी भावनात्मक मुद्दे के जरिए भाजपा को चुनौती दी थी। इस बार भी उनका भरोसा इसी रणनीति पर है। उनके लिए यह चुनाव केवल सत्ता बचाने का नहीं बल्कि राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई बन गया है। हालांकि स्थिति इस बार पहले से अलग है। पिछले पांच वर्षो में ममता सरकार पर कई भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। शिक्षक भर्ती घोटाला कोयला तस्करी और अन्य मामलों में कई बड़े



नेताओं की गिरफ्तारी हुई। इससे सरकार की छवि को नुकसान पहुंचा है। विपक्ष इन मामलों को लगातार चुनावी मुद्दा बना रहा है। भाजपा और वाम कांग्रेस गठबंधन दोनों ही इस मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इन आरोपों की चर्चा है। इसके बावजूद ममता बनर्जी ने अपनी राजनीतिक रणनीति को सामाजिक योजनाओं पर केंद्रित रखा है। लक्ष्मी भंडार योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक सहायता बढ़ाना युवा साथ योजना के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को मासिक भत्ता देना और अन्य कल्याणकारी योजनाएं उनके अभियान का मुख्य हिस्सा हैं। पिछले चुनाव में महिला वोटरों का बड़ा समर्थन उन्हें मिला था। इस बार भी वह उसी समर्थन को मजबूत करने की कोशिश कर रही हैं। महिलाओं को सीधे आर्थिक सहायता देना उनके चुनावी अभियान का केंद्रीय संदेश बन चुका है।

फिर भी चुनावी समीकरण पूरी तरह उनके पक्ष में दिखाई नहीं देते। एसआईआर प्रक्रिया के कारण मतदाता सूची से नाम कटने का प्रभाव कई सीटों पर पड़ सकता है। यदि वास्तव में बड़ी संख्या में तृणमूल समर्थक मतदाता सूची से बाहर हुए हैं तो इसका सीधा असर चुनाव परिणाम पर पड़ सकता है। यही कारण है कि ममता बनर्जी इसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना रही हैं। लेकिन यह भी सच है कि चुनाव आयोग इस प्रक्रिया को नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया बता रहा है और कानूनी स्तर पर इसकी समीक्षा भी हो रही है। दूसरी ओर भाजपा इस चुनाव में पहले से अधिक मजबूत दिखाई दे रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सत्तर से अधिक सीटें जीतकर राज्य में मजबूत विपक्ष की भूमिका हासिल की थी। तब से पार्टी लगातार अपने संगठन को मजबूत कर रही है। केंद्रीय नेतृत्व भी बंगाल पर विशेष ध्यान दे रहा है। भाजपा की रणनीति दो स्तर पर काम कर रही है। पहला स्तर है पहचान की राजनीति जिसमें राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक मुद्दों को प्रमुखता दी जा रही है। दूसरा स्तर है भ्रष्टाचार के आरोपों के माध्यम से तृणमूल सरकार को घेरना। भाजपा को इस बार कुछ नए राजनीतिक अवसर भी मिल रहे हैं। वाम और कांग्रेस का गठबंधन अभी भी अपने पुराने जनाधार को पूरी तरह वापस नहीं ला पाया है। इससे विपक्षी वोटों का एक बड़ा हिस्सा भाजपा की ओर जा सकता है। कई क्षेत्रों में भाजपा खुद को तृणमूल के मुख्य विकल्प के रूप में स्थापित करने में सफल रही है। यही कारण है कि कई विश्लेषक मानते हैं कि भाजपा की सीटों में इस बार और वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा केंद्र और राज्य के बीच राजनीतिक टकराव भी भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा बन रहा है। भाजपा यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि राज्य में विकास के लिए केंद्र और राज्य की एक ही राजनीतिक धारा होना जरूरी है। बुनियादी ढांचे रोजगार और निवेश जैसे मुद्दों को भी पार्टी प्रमुखता से उठा रही है। बंगाल के औद्योगिक विकास की धीमी गति को भाजपा अपने अभियान में बार बार सामने ला रही है। फिर भी यह कहना जल्दबाजी होगी कि ममता बनर्जी की सरकार निश्चित रूप से गिर जाएगी। बंगाल की राजनीति में उनका व्यक्तिगत प्रभाव अभी भी बहुत मजबूत है। ग्रामीण क्षेत्रों में तृणमूल का संगठन गहराई तक फैला हुआ है। पंचायत स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत मानी जाती है। यही कारण है कि कई कठिन परिस्थितियों के बावजूद ममता बनर्जी ने पिछले चुनावों में अपनी स्थिति बनाए रखी है।

ममता की सबसे बड़ी ताकत उनका करिश्माई नेतृत्व और जमीनी राजनीति है। वह लगातार लोगों के बीच जाकर अपनी छवि एक संघर्षशील नेता के रूप में बनाए रखती हैं। बांग्ला अस्मिता का मुद्दा भी उनके लिए मजबूत राजनीतिक हथियार है। यदि वह इस भावनात्मक मुद्दे को सफलतापूर्वक जनता तक पहुंचा पाती हैं तो चुनावी समीकरण बदल सकते हैं। लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। भ्रष्टाचार के आरोप एसआईआर प्रक्रिया से उपजा विवाद और भाजपा की बढ़ती संगठनात्मक ताकत इन सबका संयुक्त प्रभाव चुनाव परिणाम को प्रभावित कर सकता है। यदि विपक्षी वोटों का बड़ा हिस्सा भाजपा के पक्ष में एकजुट होता है तो तृणमूल के लिए चौथी बार सत्ता मां वापसी आसान नहीं होगी। इस तरह पश्चिम बंगाल का चुनाव इस बार कई मायनों में ऐतिहासिक बन सकता है। एक तरफ ममता बनर्जी अपनी राजनीतिक विरासत और सत्ता बचाने के लिए पूरा जोर लगा रही हैं। दूसरी तरफ भाजपा इस अवसर को राज्य में पहली बार सत्ता तक पहुंचने के रूप में देख रही है। एसआईआर प्रक्रिया ने इस मुकाबले को और भी जटिल बना दिया है। आने वाले हफ्तों में चुनावी अभियान और तेज होगा और इसी के साथ यह भी स्पष्ट होगा कि बंगाल की जनता बदलाव चाहती है या फिर ममता बनर्जी को एक और मौका देना चाहती है।

## विदेश से निवेश लाने में सक्रिय है प्रदेश

हर्ष वी. पंत

राज्यों में आर्थिक विकास को लेकर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक शुभ संकेत बनकर उभरी है। पहले यह होड़ मुख्य रूप से पश्चिमी एवं दक्षिणी राज्यों में ही दिखती थी, लेकिन एक समय बीमारू राज्यों में गिना जाने वाला उत्तर प्रदेश भी अब इस मुकाबले में मजबूती से उभरा है। बीते दिनों विश्व आर्थिक मंच के दावोस सम्मेलन में निवेशकों के समक्ष कई राज्यों के प्रतिनिधिमंडल वहां पहुंचे। इनमें एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश का भी था। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना कर रहे थे। दावोस में उत्तर प्रदेश सरकार का फोकस राज्य को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना था। ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता यही रेखांकित करती है कि देश के सबसे बड़े प्रदेश में निवेश की बयार को तेज करने के लिए कोई कोर-कसर शेष नहीं छोड़ी जा रही है। इस संदर्भ में बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सिंगापुर और जापान यात्रा उल्लेखनीय रही और अब उसके कुछ अनुकूल परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इन दौरों से राज्य में निवेश अनुबंधों, औद्योगिक साझेदारियों और सांस्कृतिक संवर्धन की नई राहें खुल रही हैं। इस दौरान सिंगापुर और जापान की कंपनियों के साथ करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर बात आगे बढ़ी है। अगर अन्य विदेशी निवेश प्रस्तावों को जोड़ लिया जाए तो यह आंकड़ा करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये तक जाता है। इन प्रयासों से प्रदेश के एक ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर की आर्थिकी बनने के लक्ष्य पूर्ति में मदद मिलेगी। वाहन, इलेक्ट्रानिक्स, लाजिस्टिक्स, हरित ऊर्जा, कृषि मशीनरी, फिनटेक और अत्याधुनिक विनिर्माण के क्षेत्र में जापानी कंपनियों की महारत किसी से छिपी नहीं है। ऐसी कई कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में अपनी गतिविधियों को विस्तार देने में रुचि दिखाई है। इस क्रम में विशेष रूप से क्युबोटा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रानिक्स इंडस्ट्री और नागाजी एंड कंपनीज प्रदेश के औद्योगिक विकास और तकनीकी हस्तांतरण के लिए आगे आई हैं। राज्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक क्लस्टर्स, लाजिस्टिक्स पार्क, डाटा सेंटर और विनिर्माण इकाइयां भी आकार लेती दिखेंगी। औद्योगिक परियोजनाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर के स्तर भी गति और तेज होगी। चूंकि प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने के साथ शहरीकरण भी तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए उस दिशा में भी पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है। इस सिलसिले में सिंगापुर के सहयोग से नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निकट एक अत्याधुनिक टाउनशिप विकसित करने की योजना पर बात आगे बढ़ी है। कानपुर-लखनऊ हाईवे पर एक लाजिस्टिक्स पार्क तैयार किया जाएगा। नोएडा के आसपास एक हाइपरस्केल डाटा सेंटर बनाने की भी तैयारी है। इन सभी परियोजनाओं से प्रदेश के बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार के साथ ही रोजगार सृजन का दायरा भी बढ़ेगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में एक डेडिकेटेड 'जापान सिटी' का प्रस्ताव भी राज्य में जापानी निवेश को एक छत्र प्रदान कर राज्य की प्रगति में अहम योगदान देगा। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को औद्योगिक स्वरूप देने के प्रयास भी रंग ला रहे हैं। राज्य सरकार की 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के माध्यम से प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे दुनिया उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प और कारीगरी से परिचित हो रही है। वैसे तो विदेश नीति मूल रूप से राष्ट्रीय महत्व का विषय होता है और केंद्र या संघ की सरकारें ही उसका संचालन सभालती हैं, लेकिन पैराडिप्लोमेसी यानी उपराष्ट्रीयता से ओतप्रोत कूटनीति के अंतर्गत प्रांतीय-प्रादेशिक सरकारें भी अपनी प्रगति के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रियता दिखाती हैं। पैराडिप्लोमेसी के माध्यम से प्रदेश अपने आर्थिक एवं सांस्कृतिक हितों को पोषित करने का ही प्रयास करते हैं। भारत में भी बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका से लगे प्रदेशों की नीतियों में भी अक्सर इसकी छाप दिखाई देती है, लेकिन हाल के दिनों में आर्थिक मोर्चे को लेकर इससे जुड़ी गतिविधियां और बढ़ी हैं।

## बिहार की 5 राज्यसभा सीटों पर एनडीए की जीत के मायने



सौरभ वार्ष्णेय

बिहार की राजनीति में हाल ही में हुए राज्सभा चुनाव ने कई राजनीतिक संकेत दिए हैं। इस चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के नेता राजद के लिए परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं रहे। सीटों के गणित और राजनीतिक समीकरणों के कारण जिस तरह का परिणाम सामने आया, उसने विपक्षी राजनीति में असहजता और भीतर की पीड़ा को उजागर कर दिया। जिसे लेकर तेजस्वी यादव का दर्द छलक पड़ा? क्या विधायक इनके विश्वास पर खरे नहीं उतरे या भाजपा की रणनीति समझ नहीं पाये। इस सवाल उठ रहे है कि विपक्ष अब आत्ममंथन कब करेगा? बिहार जैसे राज्यों में तो स्थिति इतनी उलझी कि विपक्षी खेमे के कुछ विधायक मतदान के समय अनुपस्थित रहे और पूरा समीकरण बदल गया। यह घटना केवल चुनावी हार नहीं है, बल्कि विपक्ष के भीतर मौजूद कमजोरियों का संकेत भी है। राज्यसभा जैसे चुनावों में गणित स्पष्ट होता है—यहां जीत का आधार संख्या और अनुशासन होता है। लेकिन जब अपने ही विधायक अनुपस्थित हों या क्रॉस-वोटिंग की आशंका पैदा हो जाए, तो यह संगठनात्मक ढीलापन और नेतृत्व की कमजोरी को उजागर करता है। ऐसे में 5 राज्यों के चुनावों मे इसका असर पड़ेगा। इसलिए अगर विपक्ष अब भी एकजुट नहीं हुआ तो एकजुट का मतलब अपने ही विधायकों का विश्वास जीतना।

राज्यसभा चुनाव सामान्यतः विधानसभा की संख्या बल पर निर्भर होते हैं, लेकिन इस बार बिहार में क्रॉस-वोटिंग और राजनीतिक रणनीतियों ने परिणाम को अलग दिशा दे दी। सत्ता पक्ष की ओर से नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले गठबंधन ने अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत दिखाई, जबकि विपक्षी खेमे में अपेक्षित एकजुटता नजर नहीं आई। यही कारण है कि परिणाम आने के बाद तेजस्वी यादव के समर्थकों में निराशा और असंतोष साफ दिखाई दिया। ज्ञात रहे कि तेजस्वी यादव पिछले कुछ वर्षों से खुद को बिहार में विपक्ष की सबसे मजबूत आवाज के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। वे युवाओं, रोजगार और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को लगातार उठाते रहे हैं। लेकिन राज्यसभा चुनाव के इस परिणाम ने यह संकेत दिया है कि केवल जनसभाओं और राजनीतिक भाषणों से सत्ता के समीकरण नहीं बदलते; इसके लिए ठोस राजनीतिक प्रबंधन और सहयोगियों की मजबूत प्रतिबद्धता भी जरूरी होती है। इस चुनाव ने एक और सच्चाई उजागर की—बिहार की राजनीति में अभी भी संख्या बल और रणनीति का महत्व सबसे अधिक है। यदि विपक्ष अपने भीतर की कमजोरियों को दूर नहीं करता, तो सत्ताधारी गठबंधन को चुनौती देना आसान नहीं होगा। तेजस्वी यादव के लिए यह हार केवल एक सीट का नुकसान नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संदेश भी है। यह संदेश है कि विपक्ष को संगठित होने, विधायकों के बीच भरोसा मजबूत करने और राजनीतिक रणनीति को अधिक सटीक बनाने की जरूरत है।

राज्यसभा चुनावों में लगभग 37 सीटों पर मुकाबला हुआ, जिनमें कई उम्मीदवार निर्विरोध भी चुने गए, जबकि कुछ राज्यों में सीधी टक्कर देखने को मिली।इन चुनावों ने यह साफ कर दिया कि सत्ता पक्ष जहां रणनीति और एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहा है, वहीं विपक्ष कई जगहों पर बिखरा हुआ नजर आता है। लोकतंत्र में हार-जीत का सिलसिला चलता रहता है। लेकिन यह हार विपक्ष के लिए आत्ममंथन का अवसर भी बन सकती है। यदि तेजस्वी यादव इस अनुभव से सीख लेकर अपनी राजनीतिक रणनीति को मजबूत करते हैं, तो आने वाले समय में यह पराजय ही उनकी नई राजनीतिक ताकत का आधार बन सकती है। राज्यसभा चुनाव का परिणाम केवल सीटों की हार-जीत नहीं है; यह विपक्ष के सामने खड़ा आईना भी है। सवाल यही है—क्या विपक्ष इस आईने में खुद को देखने का साहस करेगा? यदि आत्ममंथन समय रहते नहीं हुआ, तो आने वाले चुनावों में भी यही कहानी दोहराई जा सकती है।

## भारत बनता जा रहा है सबसे बड़ी रणनीतिक शक्ति

नीरज कुमार दुबे

हम आपको बता दें कि इंडो पैसेफिक में भारत की भूमिका इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह क्षेत्र वैश्विक समुद्री व्यापार की जीवन रेखा है। विश्व के प्रमुख समुद्री मार्ग इसी क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। भारत के कुल विदेशी व्यापार का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा समुद्री मार्गों से संचालित होता है। 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति का केंद्र तेजी से इंडो पैसेफिक क्षेत्र बनता जा रहा है। हम आपको बता दें कि यह वही भू क्षेत्र है जहां विश्व की लगभग 65 प्रतिशत आबादी रहती है, वैश्विक सकल उत्पादन का लगभग 62 प्रतिशत हिस्सा उत्पन्न होता है और दुनिया के करीब आधे समुद्री व्यापार का संचालन होता है। ऐसे रणनीतिक और आर्थिक महत्व वाले क्षेत्र में भारत की भूमिका पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ी है। यह केवल संयोग नहीं बल्कि भारतीय विदेश नीति की दूरदर्शिता, संतुलन और आक्रामक कूटनीति का परिणाम है। हम आपको बता दें कि इंडो पैसेफिक में भारत की भूमिका इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह क्षेत्र वैश्विक समुद्री व्यापार की जीवन रेखा है। विश्व के प्रमुख समुद्री मार्ग इसी क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। भारत के कुल विदेशी व्यापार का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा समुद्री मार्गों से संचालित होता है। इस कारण हिंद महासागर की सुरक्षा और समुद्री मार्गों की स्थिरता भारत के लिए केवल रणनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि आर्थिक आवश्यकता भी है। भारत ने इसी दृष्टि से अपनी विदेश नीति को समुद्री शक्ति, समुद्री संपर्क और समुद्री सहयोग से जोड़ा है। भारत की भौगोलिक स्थिति भी उसे इस क्षेत्र में स्वाभाविक शक्ति बनाती है। भारत हिंद महासागर के मध्य में स्थित है और मलक्का जलडमरूमध्य जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों के निकट है। यह वही मार्ग है जिससे एशिया, अफ्रीका और यूरोप के बीच भारी मात्रा में व्यापारिक जहाज गुजरते हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थित द्वीपों और समुद्री मार्गों की निगरानी करने की क्षमता भारत को इस पूरे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था में केंद्रीय भूमिका प्रदान करती है। वैसे इंडो पैसेफिक में भारत की भूमिका के बढ़ने का एक बड़ा कारण चीन की बढ़ती आक्रामकता भी है। पिछले कुछ वर्षों में चीन ने दक्षिण चीन सागर और हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी सैन्य और आर्थिक गतिविधियों का विस्तार किया है। बंदरगाह निर्माण, समुद्री मार्गों पर नियंत्रण और ऋण आधारित अवसंरचना परियोजनाओं के माध्यम से चीन ने इस क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने का प्रयास किया है। इस परिस्थिति में अनेक देशों ने भारत को संतुलन स्थापित करने वाली शक्ति के रूप में देखा है। यही कारण है कि जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे देशों ने भारत के साथ रणनीतिक सहयोग को मजबूत किया है। क्वॉड सुरक्षा संवाद जैसे मंचों के माध्यम से समुद्री सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा, प्रौद्योगिकी सहयोग और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में व्यापक सहयोग विकसित हुआ है। इससे भारत की सामरिक और कूटनीतिक क्षमता दोनों में वृद्धि हुई है। भारतीय विदेश नीति की सफलता इस बात में भी दिखाई देती है कि भारत ने इंडो पैसेफिक को केवल सैन्य दृष्टिकोण से नहीं देखा बल्कि उसे आर्थिक और विकासात्मक सहयोग के मंच के रूप में भी विकसित किया। भारत ने आसियान देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है। एक्ट ईस्ट नीति के माध्यम से दक्षिण पूर्व एशिया के देशों के साथ व्यापार, निवेश और संपर्क के नए मार्ग विकसित किए गए हैं। इसके अलावा, भारत ने क्षेत्रीय संगठनों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। हिंद महासागर रिम संघ, बिमस्टेक और अन्य बहुपक्षीय मंचों के माध्यम से भारत समुद्री सहयोग, व्यापार और संपर्क को बढ़ावा दे रहा है। इन मंचों के माध्यम से भारत क्षेत्रीय विकास और सामूहिक सुरक्षा की नीति को आगे बढ़ा रहा है। साथ ही समुद्री अवसंरचना के क्षेत्र में भी भारत ने बड़े स्तर पर निवेश शुरू किया है। सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत देश के बंदरगाहों का आधुनिकीकरण, समुद्री परिवहन का विस्तार और तटीय आर्थिक क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत लगभग एक सौ बीस अरब डॉलर के निवेश की योजना बनाई गई है। इसके अलावा भारत ने दीर्घकालिक दृष्टि से समुद्री क्षेत्र के विकास के लिए विशाल निवेश योजनाएं तैयार की हैं जिनका उद्देश्य भारत को वैश्विक समुद्री शक्ति बनाना है। इसके अलावा, भारत की नौसैनिक क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री निगरानी, मानवीय सहायता, आपदा राहत और समुद्री सुरक्षा अभियानों में भारत सक्रिय भूमिका निभा रहा है। अनेक अवसरों पर भारत ने संकट के समय पड़ोसी देशों की सहायता कर यह साबित किया है कि वह जिम्मेदार नेतृत्व भी प्रदान कर सकता है। देखा जाये तो इंडो पैसेफिक के संदर्भ में भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी संतुलित और समावेशी कूटनीति है। भारत किसी सैन्य गुट की राजनीति को बढ़ावा देने की बजाय मुक्त, खुले और समावेशी इंडो पैसेफिक की अवधारणा का समर्थन करता है। इस दृष्टिकोण में सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान और अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन केंद्रीय तत्व है। आज स्थिति यह है कि इंडो पैसेफिक की किसी भी रणनीतिक चर्चा में भारत को नजरअंदाज करना संभव नहीं रहा है। वैश्विक शक्तियां भारत को इस क्षेत्र की स्थिरता और संतुलन का अनिवार्य स्तंभ मानने लगी हैं। यह परिवर्तन भारत की विदेश नीति की निर्णायक सफलता को दर्शाता है। बहरहाल, यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि इंडो पैसेफिक में भारत की बढ़ती भूमिका एक नए वैश्विक शक्ति संतुलन का संकेत है। समुद्री शक्ति, आर्थिक क्षमता, सक्रिय कूटनीति और रणनीतिक साझेदारियों के संयोजन ने भारत को इस क्षेत्र की केंद्रीय शक्ति बना दिया है। आने वाले वर्षों में जब वैश्विक राजनीति का केंद्र और अधिक तेजी से इंडो पैसेफिक की ओर स्थानांतरित होगा, तब इस कहानी के केंद्र में भारत की भूमिका और भी निर्णायक होती दिखाई देगी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रभारी सीडीपीओ ने किया आंगनवाड़ी केन्द्रों का भ्रमण



**समय जगत, श्योपुर ।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों के सतत् रूप से निरीक्षण किये जाने संबंधी निर्देशो के क्रम में प्रभारी सीडीपीओ कराहल श्रीमती सुषमा सोनी द्वारा पनवाडा, कांकरा, चितारा, सरारी एवं सिलपुरी के आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आंगनबाडी केन्द्र सिलपुरी पर बच्चों की उपस्थित कम पाये जाने पर कार्यकर्ता मुन्नी यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### श्रमायुक्त विभाग इंदौर द्वारा स्टेट एक्शन प्लान, श्रम संहिताएं तथा चाइल्ड लेबर एण्ड बॉन्डेड लेबर अंतर्गत कार्यशाला संपन्न

**इंदौर।** सहायक श्रमायुक्त इंदौर द्वारा इंदौर एवं उज्जैन संभाग के विभागीय अधिकारी एवं संबंधित स्टैक होल्डर्स के लिए 17 मार्च मंगलवार को जालसभा गृह साउथ तुकोगंज इंदौर में स्टेट एक्शन प्लान एवं श्रम संहिताएं तथा चाइल्ड लेबर एण्ड बॉन्डेड लेबर का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उप श्रमायुक्त मुख्यालय इंदौर आशीष पालीवाल, सहायक श्रमायुक्त सिंगरौली बी.पी. सिंह, सहायक श्रमायुक्त उज्जैन राखी जोशी, ई.एस.आई.एस. डायरेक्टर चंद्रशेखर जायसवाल व विशेषज्ञ राज्य सलाहकार यूनिसेफ अमरजीत सिंह उपस्थित रहे। कार्यशाला में अमरजीत सिंह, को-ऑडिनेटर, यूनिसेफ द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 एवं बंधक श्रम अधिनियम 1976 के प्रावधानों से अवगत करवाया गया तथा श्रम विभागीय अधिकारियों द्वारा श्रम स्टार रेटिंग, कार्यस्थल पर सुरक्षा, हर्ट फ्री डेज, आरोह, श्रम विभाग से सम्बंधित योजनाएं, वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक, सुरक्षा संहिता 2020 एवं व्यावसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्य शर्त संहिता 2020 की जानकारी दी गई। कार्यशाला में इंदौर व उज्जैन संभाग के श्रम विभागीय कार्यपालिक, श्री योगेंद्र विकल, आयुक्त, सहायक भविष्य निधि, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, नियोजक, श्रमिक यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वर्कशॉप का संचालन सुश्री तृप्ति डावर एवं श्री अविनाश रंगारे श्रम निरीक्षक द्वारा किया गया। वर्कशॉप के अन्त में प्रश्न-उत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया।

### श्योपुर सहित बरगवा एवं अगरा में नवांकुर सखियों का प्रशिक्षण हुआ आयोजित

**समय जगत, श्योपुर ।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर योजना के अंतर्गत श्योपुर, बरगवां एवं अगरा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये। मातृ छाया संस्थान द्वारा नवांकुर सखियों के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि समाजसेवी अभिजीत मिश्रा द्वारा किया गया। उन्होंने इस अवसर पर समग्र ग्राम विकास की अवधारणा ओर प्रस्फुटन समितियों की सहभागिता पर अपने विचार व्यक्त किये। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका उपाध्यक्ष संजय महाना द्वारा शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और नगर एवं ग्राम प्रस्फुटन समितियां को छोटे छोटे प्रयासों से विकास की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, मातृ छाया संस्थान के सचिव भास्कराचार्य टकसाली, मेंटर विप्लव शर्मा द्वारा भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। आभार प्रदर्शन नगर विकास प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष ममता मित्तल द्वारा किया गया। अंत में कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण करने पर अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कराहल विकासखण्ड के ग्राम बरगवा में नवांकुर संस्था जय हिंद समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में ग्राम पंचायत भवन में आयोजित क्षमतावर्धन प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू सिंह गौतम प्रशिक्षक प्रमोद तिवारी प्रशिक्षक दिलीप सिंह द्वारा समितियों के सदस्यों को समिति संचालन हेतु प्रशिक्षण दिया गया। पंचायत भवन अगरा में सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान का आयोजन नवांकुर संस्था माता पार्वती ग्राम उत्थान समिति के तत्वाधान में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्री राम लखन कुशवाह द्वारा माँ सरस्वती जी के पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला मंत्री विजय धाकड़, जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक धर्मेंद्र सिसोदिया आदि उपस्थित रहे। प्रथम सत्र में संभागीय समन्वयक सिसौदिया द्वारा समितियों की ग्राम विकास में भूमिका विषय पर जानकारी प्रदान की गई। द्वितीय सत्र में समिति के प्रतिनिधि श्री नितेश शर्मा ने दस्तावेजी करण रजिस्टर एवं फाइल संधारण के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संचालन मेंटर डोजीराम जाटव द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन नितेश शर्मा ने किया।

### साफ-सफाई, रोशनी और सड़कों पर है विशेष ध्यान

**बुरहानपुर ।** आगामी त्यौहार को ध्यान में रखते हुए महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने आयुक्त संदीप श्रीवास्तव को शहर में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। महापौर ने निर्देशित किया है कि शहर की संपूर्ण साफ-सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए। प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों एवं धार्मिक स्थलों नदी किनारे के घाटों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए ताकि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त, शहर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी स्ट्रीट लाइटों की जांच एवं आवश्यक मरम्मत कार्य तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जहां-जहां लाइटें खराब हैं, उन्हें शीघ्र ठीक कर प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी। महापौर ने निर्देश दिए हैं कि गड्ढों की मरम्मत एवं क्षतिग्रस्त सड़कों को तत्काल ठीक किया जाए, जिससे यातायात सुगम एवं सुरक्षित बना रहे। आयुक्त को यह भी निर्देशित किया गया है कि संबंधित विभागों के अधिकारी नियमित निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। नगर निगम नागरिकों से भी अपील करता है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें एवं शहर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें ।

# मंडी में किसानों से प्रति क्विंटल 700 ग्राम की कटौती हो बंद

## भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्या को लेकर मंडी सचिव को सौंपा ज्ञापन




**समय जगत, श्योपुर ।** भारतीय किसान संघ की श्योपुर की मासिक बैठक मंगलवार को मंडी प्रांगण श्योपुर आयोजित की गई। बैठक में ही भगवान बलराम जयंती भी मनाई गई। इसके बाद किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंडी सचिव को ज्ञापन भी सौंपा। जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि वर्तमान में कृषि उपज मंडी में नियम के विरुद्ध प्रति क्विंटल 700 ग्राम अतिरिक्त उपज लीजा रही है जो पूरी तरह से गलत है इस संबंध में कई बार प्रशासन को अवगत कराया लेकिन इस और ध्यान नहीं दिया गया जिस पर बैठक में एक बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की इसके बीओटी कांटे की तोल के अलावा प्रतिक्विंटल तोल अलग से लेना किसान के साथ अन्याय है अन्य समस्याओं में पीने का स्वच्छ पानी की व्यवस्था, आवारा मवेशियों पर रोक, संपूर्ण प्रांगण में सीसी निर्माण, चोरों की रोकथाम हेतु बाउंड्री वॉल पर तार फेंसिंग, किसान भवन अतिरिक्त सुलभ शौचालय का निर्माण, भुगतान मंडी प्रांगण में हो आदि विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया। इस अवसर पर तहसीलअध्यक्ष अशोक मीणा, मंत्री होतम जाट, मुकेश मीणा, सरदार बरियामसिंह, जितेंद्र मीणा, रामरतन शिवहरे, मूलचंद मीणा, भूपेंद्र मीणा, भीमसिंह जाट, नरेंद्र सांगवान, महावीर मीणा, लक्ष्मीनारायण मीणा, यशवंत जाट, दुर्गेश जाट, चतुर्भुज जाट, अशोक प्रजापति सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## अर्चना चिटनिस के प्रयासों से बुरहानपुर को स्वास्थ्य सेवाओं में नई सौगात, जिला चिकित्सालय में मेडिसिन एवं ईएनटी विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना

**बुरहानपुर।** जिले में बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ी है। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में दो विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। शासन द्वारा डॉ. शिवभानु सोलंकी को एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ तथा डॉ. निशा श्रीवास्तव को नाक-कान-गला (ईएनटी) विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में नियुक्त किया गया है। इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति से जिला चिकित्सालय में उपचार की गुणवत्ता में वृद्धि होगी तथा मरीजों को विभिन्न जटिल बीमारियों के लिए विशेषज्ञ परामर्श और उपचार स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगा। इससे अब बुरहानपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि बुरहानपुर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से वे लगातार शासन और स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर जिले में चिकित्सकों एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही हैं।

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

आम सूचना

अरविन्द विहार बागमुगालिया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भवन कमांक एच- 1 / 176 मण्डल द्वारा श्री ललित कुमार सूद आत्मज श्री प्रेमचंद सूद के नाम हस्तान्तरण आदेश क. 4900-4906 दिनांक 16/06/1998 को हस्तांतरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 14/07/1998 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री ललित कुमार सूद द्वारा भवन में अपनी पत्नी श्रीमती मैत्री सुद को सहस्वामी बनाये जाने का दस्तावेज पंजीयन क. MP059702021A1796795 दिनांक 17/09/2021 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत कराकर बनाया गया हैं। श्री ललित कुमार सूद द्वारा संपत्ति का रजिस्टर्ड वसीयतनामा अपनी पत्नी श्रीमती मैत्री सूद के नाम पंजीयन कार्यालय से पंजीयन क. MP059702021A3813827 दिनांक 23/09/2021 को निष्पादित कराया गया है। श्री ललित कुमार सूद आत्मज श्री प्रेम चंद सूद एवं श्रीमती मैत्री सूद पत्नी श्री ललित कुमार सूद के संयुक्त नाम आदेश क. 2841-2843 दिनांक 31/08/2024 को किया गया है। श्री ललित कुमार सूद आत्मज श्री प्रेमचंद सूद की दिनांक 15 / 08 / 2024 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती मैत्री सूद पत्नी स्व. श्री ललित कुमार सूद के नाम पर नामान्तरण आदेश क. 441 दिनांक 21/11/2024 को नामान्तरित किया गया है। श्रीमती मैत्री सूद द्वारा भवन का विक्रय विलेख दिनांक 12/03/2025 को उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित कराकरU ROCHIEL ENGINEERING AND ELECTRICAL CONTRACTORS LLP श्रीमती दीपिका मयंक मिश्रा पत्नी श्री मयंक मिश्रा एवं श्री मयंक मिश्रा आत्मज श्री सी. के. मिश्रा को विक्रय कर दिया गया है। भवन के हस्तान्तरण हेतु विक्रेता एवं केता द्वारा हस्तान्तरण का आवेदन दिनांक 16 /05 / 2025 को प्रस्तुत किया था जिसके परिपेक्ष्य में आपत्ति आमंत्रण की आम सूचना समाचार पत्र दैनिक नईदुनिया दिनांक 19/06/2025 को प्रकाशित हुई थी, परन्तु श्रीमती दीपिका मयंक मिश्रा एवं श्री मयंक मिश्रा द्वारा मण्डल नियमानुसार हस्तान्तरण शुल्क जमा नही कराये जाने के कारण हस्तान्तरण आवेदन निरस्त किया गया है। उक्त संपति के केता / विक्रेता द्वारा उक्त संपति के हस्तान्तरण हेतु पुनः दिनांक 17/02/2026 को ऑन-लाईन आवेदन पत्र शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए विकय विलेख दिनांक 12 / 03 / 2025 के आधार पर उक्त संपति अपने संयुक्त नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है, प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विकय विलेख दिनांक 12/03/2025 के आधार पर उक्त संपति ROCHIEL ENGINEERING AND ELECTRICAL CONTRACTORS LLP श्रीमती दीपिका मयंक मिश्रा पत्नी श्री मयंक मिश्रा एवं श्री मयंक मिश्रा आत्मज श्री सी. के. मिश्रा के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उतराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

## एसडीएम विजय राय पहुंचे खेतों में, किसानों को नरवाई प्रबंधन के लाभ, दुष्परिणाम बताएं



**समय जगत, सिवनी मालवा।** खेतों में फसल काटने के बाद नरवाई नहीं जलाने को लेकर सरकार और जिला कलेक्टर किसानों को लंबे समय से समझाइश दी रहें हैं। नरवाई प्रबंधन के फायदे और दुष्परिणामों से भी अवगत करा रहें हैं। सिवनी मालवा तहसील क्षेत्र में नरवाई (फसल अवशेष) प्रबंधन हेतु तैयार की गई व्यापक कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन धरातल पर शुरू कर दिया गया हैं। इस रणनीतिक के अंतर्गत तहसील के प्रत्येक ग्राम में ग्रामस्तरीय नरवाई प्रबंधन दल का गठन किया गया हैं। जिसमें सहायक कृषि विस्तार अधिकारी, उनका दल मुख्यालय बार संबंधित हल्का पटवारी, ग्राम सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, संबंधित ग्राम कोटवार को ग्रामों में तैनात किया गया हैं। गठित दल द्वारा ग्राम स्तर पर नरवाई प्रबंधन रजिस्टर संधारित किए गए हैं तथा अनुविभाग स्तर पर विशेष निगरानी दल का गठन किया गया हैं, जो निरंतर क्षेत्र में सक्रिय रहकर नरवाई जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने का कार्य कर रहे हैं। इसी अभियान के तहत 16 मार्च 2026 को अनुविभागीय दण्डाधिकारी सिवनी मालवा विजय राय ने तहसील के विभिन्न संवेदनशील ग्राम रावन पीपल, भरलाय तथा ग्राम पंचायत तिनस्या के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेरखेड़ी का दौरा किया। इस दौरान एसडीएम ने खेतों में पहुचकर अपनी निगरानी में फसल काट रहें किसानों को नरवाई अवशेषों का भूसा मशीन के माध्यम से सुरक्षित प्रबंधन सुनिश्चित करवाया।

## कन्या महाविद्यालय में तनाव प्रबंधन पर मनोबल सत्रों का हुआ आयोजन



**समय जगत, सिवनी मालवा।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में छात्राओं के परीक्षा समय पर मानसिक स्वास्थ्य, कल्याण के लिए तनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर आधारित मनोबल सत्र का ऑनलाइन सत्रों के माध्यम से आयोजन किया गया। सत्र 13, 14, 16 और 17 मार्च 2026 को प्रतिदिन दोपहर 3 से 4 बजे तक लगाए गए। प्रथम दिवस डॉ.तन्मय जोशी अखिल भारतीय चिकित्सा संस्थान ने परीक्षा के पूर्व मनोवैज्ञानिक तनाव को कम करने, स्मृति आधारित अध्ययन के विभिन्न तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। द्वितीय दिवस के सत्र में मुंबई पुलिस महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संघर्ष, लक्ष्य एवं तनाव के बीच तालमेल को, स्वयं के जीवन में आई कठिनाइयों का उदाहरण देकर छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने बताया की संघर्ष के दिनों की स्मृतियां हमारी श्रेष्ठ पूंजी होती हैं, जो जीवन भर हमें प्रेरित करती रहती हैं, इसलिए इन्हें संजोकर रखें और संघर्ष से घबराएं नहीं। तृतीय दिवस एकाग्रता बढ़ाने में ध्यान और योग के महत्व पर आधारित ध्यान सत्र था। जिसमें ध्यान की मुद्राएं एवं प्रक्रिया को विस्तार से श्री सत्य सांई सेवा समिति ने समझाया।

**जन्म दिनाँक परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्र अयांश गुप्ता कि जन्म दिनांक 07/06/2013 है परन्तु मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र में जन्म दिनांक 07/06/2012 हो गई है जो कि गलत है मेरी पुत्र के सभी दस्तावेजो मार्कशीट, आधारकार्ड, कार्ड में जन्म दिनांक 07/06/2013 है जो कि सही एवं सत्य है।

भवदीय
अमित गुप्ता एडवोकेट हेमंत राज
मो. 8269406430

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड
संभाग क्रमांक-02, भोपाल, Mobile No. 9425601534
ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र. मप्रपुआअविनि/296/प.यं/भोपाल-02/तशा/2026
भोपाल, दिनांक : 13.03.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

"जिला भोपाल पुलिस विशेष शाखा मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालयीन कक्ष एवं विशेष शाखा के विभिन्न अनुभागों में आवश्यक सुधार मरम्मत कार्य तथा विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय के राज्य स्थिति कक्ष क्र. जी-4 में आवश्यक सुधार मरम्मत कार्य एवं पुलिस मुख्यालय के गेट क्रमांक-03 के समीप टॉयलेट निर्माण, शिकायत शाखा में अधिकारी कक्ष में पुताई का कार्य, नवीन एवं पुराने मुख्यालय की ग्रेटिंग, कर्वस्टोन एवं बाउण्ड्रीबाल की पुताई का कार्य, फाउण्टेन मरम्मत कार्य, गेट क्रमांक-1 मरम्मत एवं टेनिस कोर्ट भवन की पुताई का कार्य, गेट क्रमांक-2 में स्लाईडिंग मोटर का कार्य, साइनेज बोर्ड मरम्मत कार्य, पुलिस मुख्यालय एवं लाइब्रेरी में साइनेज बोर्ड बनाने का कार्य इत्यादि कार्य के कार्य हेतु निविदा क्रमांक-34/2025-26 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/ TENDER No- 2026_MPPHC_490204_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.04.2026 समय 5.00 बजे तक ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/124931/2026 परियोजना यंत्री

**परिशिष्ट B - संख्यांक 13**
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल**
**मैक ट्रिब्यूनल, भोपाल भोपाल**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

एमएसीसी / 2034/2025 अमन चुघ बनाम मो0 दानिश NEXT DATE: 08-05-2026
प्रेषिती-
मो0 दानिश
अब्दुल असद
पता - चंद्रशेखर मार्ग, नमक चौराहा, थाना कोतवाली सीहोर म0प्र0

यह कि प्रार्थी अमन चुघ ने आपके विरूद्ध एमएसीसी / 2034/2025 के लिए बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें 7

यह आज तारीख 13-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश
जैनुल आब्दीन
मैक ट्रिब्यूनज

**कार्यालय नगर परिषद चॉचौड़ा-बीनागंज, जिला गुना (म.प्र.)**

Mail-cmochachodabinaganju@mpurban.gov.in

क्रमांक -604 दिनांक 17/03/2026

**ऑनलाईन निविदा विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सक्षम नवीन लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद चॉचौड़ा-बीनागंज जिला गुना में नगरीय क्षेत्र अंतर्गत तालिका में वर्णित कार्य हेतु आनॅलाईन निविदारों आंमत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण https:www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र | आनॅलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि रू. लाख में | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_491720_1 | वार्ड क. 07 अन्तर्गत माता मंदिर के पास सार्वजनिक स्थल पर टीन शेड़ निर्माण कार्य | 03.39 /- लाख रूपयें | 3500/- | तीन माह |

नोटः-

1. निविदा सूचना में होने वाला संसोधन बेवसाईड पर देखा जा सकता है।
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन दिनांक. 17/03/2026 समय 17.30 से दिनांक. 01/04/2026 समय 17.30 तक क्रय किये जा सकते है।
3. ऑनालाईन निविदा दर दिनांक. 01/04/2026 समय 17.30 तक प्रस्तुत कर सकते है।
4. ऑनलाईन दस्तावेज निविदा दर दिनांक. 02/04/2026 समय 17.30 को खोले जायेगे।
5. ठेकेदार/फर्म का जी.एस.टी नम्बर होना अनिवार्य है।
6. नियमानुसार निकाय द्वारा रनिंग बिलों में कटोत्रा किया जाना होगा ।
7. दरें स्वीकृत/अस्वीकृत का अधिकार निकाय के पास सुरक्षित रहेगा ।
8. अन्य शर्ते कार्यालयीन समय में कार्यालय की निर्माण शाखा में देखी जा सकती है।
9. कार्य की गुणवत्ता संबधी टेस्ट ठेकेदार द्वारा स्वयं कराने होगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर नरिषद चॉचौड़ा-बीनागंज
जिला गुना (म.प्र.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मेरे पुत्र का नाम पांशुल सिंह लोधी पिता बलराम सिंह लोधी (PANSHUL SINGH LODHI S/O BALRAM SINGH LODHI) निवासी मकान न-32, भमक पडरिया, सिंगौरी बधईया खेडा, जबलपुर मध्य प्रदेश हैं। परंतु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम कृष्णा सिंह लोधी पिता बलराम सिंह लोधी (KRISHNA SINGH LODHI S/O BALRAM SINGH LODHI) अंकित हो गया हैं, जो की गलत है मेरे पुत्र का वास्तविक सही नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र में भी दर्ज है। प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र का नाम पांशुल सिंह लोधी पिता बलराम सिंह लोधी (PANSHUL SINGH LODHI S/O BALRAM SINGH LODHI) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

पुराना नाम-कृष्णा सिंह लोधी पिता बलराम सिंह लोधी
(KRISHNA SINGH LODHI S/O BALRAM SINGH LODHI)

नया नाम-पांशुल सिंह लोधी पिता बलराम सिंह लोधी
(PANSHUL SINGH LODHI S/O BALRAM SINGH LODHI)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मेरी पुत्री का नाम मधु गाँड पिता हलके भाई गौड (MADHU GOUND D/O HALKE BHAI GOUND) निवासी ग्राम पंचायत सहजपुर, दमोह म.प्र. हैं। परंतु मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम रागनी गाँड पिता हल्ले भाई (RAGNI GOUND D/O HALLE BHAI) अंकित हो गया हैं, जो की गलत है मेरी पुत्री का वास्तविक एवं सही नाम उसके शैक्षणिक दस्तावेजों की अंकसूची व जन्म प्रमाण पत्र में भी दर्ज है।

प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री का नाम मधु गाँड पिता हलके भाई गौंड (MADHU GOUND D/O HALKE BHAI GOUND) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

पुराना नाम-रागनी गौंड पिता हल्ले भाई
(RAGNI GOUND D/O HALLE BHAI)

नया नाम-मधु गौंड पिता हलके भाई गौंड
(MADHU GOUND D/O HALKE BHAI GOUND)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मेरा नाम लक्ष्मी राय पत्नी हदेश राय (LAXMI RAI W/O HRADESH RAI) निवासी मेन चौराहा अमरावद कलां, रायसेन, म.प्र हैं। परंतु मेरे पुत्र वेदांत राय के शैक्षणिक दस्तावेजों में त्रुटिवश नाम सुहानी राय पत्नी ह्रदेश राय (SUHANI RAI W/O HRADESH RAI) अंकित हो गया हैं, जो की गलत है मेरा वास्तविक सही नाम मेरे आधार कार्ड एवं मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में भी दर्ज होने से प्रमाणित है।

प्रकाशन उपरांत मेरा नाम लक्ष्मी राय पत्नी ह्रदेश राय (LAXMI RAI W/O HRADESH RAI) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

पुराना नाम-सुहानी राय पत्नी ह्रदेश राय
(SUHANI RAI W/O HRADESH RAI)

नया नाम-लक्ष्मी राय पत्नी ह्रदेश राय
(LAXMI RAI W/O HRADESH RAI)

**न्यायालप तहसीलदार तह. रतनपुर सड़क वृत्त भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 0176/अ-27/25-26

**::उद्घोषणा पत्र::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक माया बाई एवं अन्य द्वारा स्थित भूमि ग्राम थुआखेडा स्थित भूमि खसरा क्रमांक, 46 रकबा 1.8200 हें श्रीमती माया बाई का रकबा 0.3640 हे, व अन्य के आधार पर बटवारा किये जाने हेतु आवेदन किया है

2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति होतो वह 26/3/2026 को या इस से पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समया वधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक / / 2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील कोलार, भोपाल

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय कॉलोनी मीरा ग्रीन्स, कोलार में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 105/4, 105/1, 113/1/5, 113/1/6, 104/1, 104/2 एवं 103/2, कुल रकबा 0.300 हेक्टेयर, तहसील कोलार, जिला भोपाल (मध्य प्रदेश) में स्थित है, जो 610 के पास अवस्थित है।

उक्त आवासीय कॉलोनी में कमजोर आय वर्ग एवं निम्न आय वर्ग हेतु आरक्षित भू-खण्डों की बुकिंग की जानी है। कमजोर आय वर्ग एवं निम्न आय वर्ग हेतु पात्र इच्छुक आवेदक कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय मीरा प्लाजा, हिनोतिया रोड, कोलार, भोपाल में संपर्क कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों (आय प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों) की प्रमाणित प्रतियों के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अपुर्ण भरे हुए आवेदन पत्र अथवा आवश्यक दस्तावेज संलग्न न होने की स्थिति में आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। बुकिंग पहले आओ- पहले पाओ के सिद्धांत के आधार पर की जाएगी।

मीरा प्लाजा, हिनोतिया रोड, कोलार, भोपाल (मध्य प्रदेश)

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

आम सूचना

अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक 57 बी-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री घनश्याम दास सोनी आत्मज स्व. श्री अडकुराम सोनी के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 9732-38 दिनांक 31/08/2000 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 29/11/1999 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 09/01/2025 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति सुश्री शिखा सोनी पुत्री श्री घनश्याम दास सोनी के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 03/02/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति सुश्री शिखा सोनी पुत्री श्री घनश्याम दास सोनी के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

आम सूचना

अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड / भवन क्रमांक 38 ए - सेक्टर मण्डल द्वारा श्री अशरफ कुरैशी आत्मज श्री मोहम्मद अब्बास कुरैशी के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 3850-56 दिनांक 02/12/2005 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 19/09/2005 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री अशरफ कुरैशी आत्मज श्री मोहम्मद अब्बास कुरैशी की दिनांक 17/04/2021 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पत्नी / पुत्र / पुत्री 1 ) श्रीमती समीना कुरैशी पत्नी स्व. श्री अशरफ कुरैशी 2 ) श्री अरशद कुरैशी आत्मज स्व. श्री अशरफ कुरैशी 3 ) सुश्री अजीरा कुरैशी ( नाबालिग ) द्वारा संरक्षक श्रीमती समीना कुरैशी (पुत्री स्व. श्री अशरफ कुरैशी) के द्वारा उक्त संपत्ति को अपने संयुक्त नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति 1) श्रीमती समीना कुरैशी पत्नी स्व. श्री अशरफ कुरैशी 2 ) श्री अरशद कुरैशी आत्मज स्व. श्री अशरफ कुरैशी 3) सुश्री अजीरा कुरैशी ( नाबालिग ) द्वारा संरक्षक श्रीमती समीना कुरैशी (पुत्री स्व. श्री अशरफ कुरैशी) के संयुक्त नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

**कार्यालय ग्राम पंचायत पौंडीमाल, जनपद पंचायत मण्डला**

क्र.ग्रा.पंचा/बाजार नौलानी/2026/49
पौडीमाल, दिनांक 16.03.2026

**बाजार नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पौडीमाल, जनपद घचायत मण्डला की पाडीलिगा बाजार शुक्रवार वसूली हेतु बर्ष 2026-27 के लिए दिनांक 25.03.2026 को दिन बुधवार समय 02.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत पीडीमाल में निम्नलिखित शतों में नीलाम किया जाना है -1. बाजार की नीलामी दिनाक 01.04.2026 से 31.03.2027 (52 सप्ताह) के लिए होगी। 2 बोली लगाने वाले ठेकेदार को बोली लगाने के पूर्व 50000/- अकन पचास हजार रूपये जमानत राशि जमा करना होगा। 3. नीलामी समाप्त होने के तत्काल बाद बोली की 25 प्रतिशत राशि एवं निर्धारित प्रथम विञ की राशि जमा करना होगा। नीलामी मान्य करना या निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। 5 नीलामी सबंधी अन्य शर्त ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।

सचिव
ग्राम पंचायत पौंडीमाल
जनपद पंचायत मंडला जिला मण्डला

सरपंच
ग्राम पंचायत पौंडीमाल
जनपद पंचायत मंडला जिला मण्डला

# ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन



**रायसेन।** जिला रायसेन में आयोजित जनसुनवाई के दौरान ग्राम गोंदरा, ग्राम पंचायत नयापुरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर VRC कंपनी के क्रेशर प्लांट के समर्थन में अपनी बात रखी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्लांट के खिलाफ की जा रही शिकायतें भ्रामक, झूठी और षड्यंत्रपूर्वक कराई गई हैं। ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में बताया कि ग्राम गोंदरा स्थित कंपनी का क्रेशर प्लांट लंबे समय से संचालित हो रहा है, जहां पत्थर उत्खनन कर गिट्टी का निर्माण किया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्लांट से निकलने वाली धूल, ब्लास्टिंग या अन्य गतिविधियों से गांव के किसी भी व्यक्ति या मकानों को किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई है और न ही ग्रामीणों को इससे कोई परेशानी है। इसके विपरीत, ग्रामीणों ने बताया कि उत्खनन के कारण बने गड्ढों में वर्षा का पानी भर जाने से गांव में तालाब जैसी स्थिति बन गई है, जिससे मवेशियों के लिए पानी और खेतों की सिंचाई में सुविधा मिल रही है। इससे ग्रामवासियों को सीधा लाभ हो रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि उक्त कंपनी द्वारा निर्माणाधीन फोरलेन नेशनल हाईवे-143 का ठेका लिया गया है, जिसके लिए गिट्टी उत्पादन हेतु यह प्लांट स्थापित किया गया है। इस प्लांट के कारण गांव के कई लोगों को रोजगार भी मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के ही एक व्यक्ति सुनील ठाकुर द्वारा भोले-भाले, अशिक्षित ग्रामीणों को बहला-फुसलाकर तथा पैसों का लालच देकर उनके हस्ताक्षर कराकर झूठी शिकायतें कराई गई हैं। उनका कहना है कि उक्त व्यक्ति कंपनी के ठेकेदारों और कर्मचारियों पर दबाव बनाकर अड़ीबाजी करता है और मोटी रकम की मांग करता है। जब उसकी मांग पूरी नहीं होती, तो वह षड्यंत्रपूर्वक झूठी शिकायतें करता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति अन्य क्रेशर संचालकों, डंपर और पोकलेन मशीनों के खिलाफ भी अवैध उत्खनन के नाम पर निराधार शिकायतें करता रहता है, जबकि स्वयं ही अवैध गतिविधियों में संलिप्त बताया जा रहा है। उसका व्यवहार झगड़ालू बताया गया है और वह कई बार ग्रामीणों को डरा-धमकाकर जबरन हस्ताक्षर या अंगूठा लगवाकर फर्जी शिकायतें कराता है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि ऐसे झूठे और मनगढ़ंत शिकायत आवेदन को निरस्त किया जाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में शांति और विकास कार्य बाधित न हो। इस ज्ञापन पर सरपंच, जनपद सदस्य सहित ग्राम गोंदरा एवं ग्राम पंचायत नयापुरा के अनेक ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। प्रमुख रूप से समाबाई, रामबाबू, प्रकाश, हरी, राजू, मताराम, मुन्ना, लालाराम, हरगोविंद, रामकेश, जोर सिंह, मलबानी, बरपी, इमरतीलाल धुर्वे, हल्लू, भगवान सिंह, अजिल, बलबीर, चंदन, धनराज चौकीदार, गोपाल, नारायण सिंह, जगदीश, जूही, धीरज, दशरथ, गोपाल सिंह सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

# ग्राम मुर्झाहिड़ी में जल महोत्सव का आयोजन विधायक हजारीलाल दांगी के आतिथ्य में हुआ संपन्न



**समय जगत, जीरापुर।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मुर्झाहिड़ी पंचायत मीनागांव में मंगलवार को जल महोत्सव का आयोजन क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। विधायक खिलचीपुर श्री दांगी ने ग्रामीणों से समय पर जल कर जमा कर योजना के सुचारु संचालन में सहयोग करने का आह्वान किया। साथ ही सरपंच श्रीमती चिंता बाई ने ग्रामवासियों की ओर से योजना के बेहतर संचालन का आश्वासन दिया। वहीं मप्र जल निगम के महाप्रबंधक उमाकांत चौधरी ने पंचायत एवं जल समिति को जिम्मेदारीपूर्वक नल-जल योजना संचालित करने के निर्देश दिए साथ ही ग्राम में जल कलश यात्रा एवं रैली निकाली गई जिसमें बालिकाएं, महिलाएं एवं पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए रैली प्राथमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंची, जहां जल अर्पण के साथ योजना का लोकार्पण किया गया। इसी के साथ स्कूल में पेंटिंग, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिताओं के माध्यम से जल संरक्षण एवं समय पर जल कर जमा करने का संदेश दिया गया आयोजन की पूर्व संध्या पर ग्रामीणों ने दीपक एवं रंगोली से 'जल दिवाली' मनाई प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया का टीकमगढ़ आगमन, सुनील अहिरवारके घर पर हुआ स्वागत



**समय जगत, टीकमगढ़।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया का 16 मार्च को टीकमगढ़ जिले में आगमन हुआ। इस दौरान वे सुनील अहिरवार के निवास स्थान पर पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक यादवेन्द्र सिंह, मध्य प्रदेश कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी पंकज अहिरवार एवं कार्यभार अध्यक्ष गौरव शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और अहिरवार समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों का परिवार की ओर से तहे दिल से आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय मुद्दों और संगठनात्मक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। राहुल भैया के आगमन से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया और पूरे कार्यक्रम का माहौल उत्सव जैसा रहा।

### कुमैदान मस्जिद में ख़त्म-ए-कुरान का आयोजन हाफिज का फूल- मालाओं से किया स्वागत



**समय जगत, टीकमगढ़।** पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर शेखों के मोहल्ले स्थित कुमैदान मस्जिद में कुरान शरीफ के 30 पारे पूरे होने पर ख़त्म-ए-कुरान का कार्यक्रम बड़ी शान-ओ-शौकत के साथ मनाया गया। इस मौके पर आयोजित जलसाए कुरान में बड़ी संख्या में शहरवासियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान हाफिज सोहेब साहब और मुअज्जिन साहब का फूलमालाओं से स्वागत कर उनका इस्तकबाल किया गया। मस्जिद के सदर हाजी शेख जफर और मस्जिद कमेटी की ओर से हाफिज साहब और मुअज्जिन साहब को कई तोहफे भी भेंट किए गए। इस अवसर पर वार्ड नंबर 15 के पार्षद अनीस अहमद कमरुद्दीन काजी, पत्रकार मोहसिन अहमद, पत्रकार नसीम अली सहित शहर की आवाम और शेखों के मोहल्ले के कई लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर रमज़ान की बरकतों और अमन-चैन की दुआ की।

### स्व.जमना प्रसाद जैसानी की पुण्यतिथि पर जैसानी चौक पर सम्मान समारोह आज होगा आयोजित

**समय जगत,हरदा।** जमना जैसानी फाउंडेशन के तत्वावधान में लोकतंत्र सेनानी,कांतिकारी नेता,ओजस्वी वक्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार स्व.जमना प्रसाद जैसानी की पुण्यतिथि के अवसर पर जमना जैसानी फाउंडेशन द्वारा आज सायं सात बजे जैसानी चौक पर सम्मान समारोह एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। फाउंडेशन के सदस्य अनिल वैद्य ने बताया कि कार्यक्रम में हरदा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर समाज सेवा,खेल,कला,शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में स्व.जमना प्रसाद जैसानी के जीवन,पत्रकारिता तथा लोकतंत्र के लिए किए गए योगदान को भी याद किया जाएगा।

# ग्राम विकास की आधारशिला हैं प्रस्फुटन समितियां



**समय जगत, नरसिंहगढ़।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था ओम शान्ति महिला मण्डल द्वारा श्री जमात मंदिर बाराद्वारी में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर सखियों की क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य ग्राम स्तर पर कार्य कर रही प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर सखियों की कार्यक्षमता बढ़ाना तथा उन्हें समाज एवं ग्राम विकास से जुड़े कार्यों के प्रति जागरुक करना रहा। कार्यक्रम में सेक्टर की 7 ग्राम व नगर विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों ने सहभागिता कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरुकता, स्वच्छता अभियान तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में विकासखंड नरसिंहगढ़ के ब्लॉक समन्वयक खजान सिंह ठाकुर, परामर्शदाता हरिओम जाटव, मनीषा सक्सेना तथा ओम शान्ति महिला मण्डल की अध्यक्ष हेमलता गोयल, सचिव विनोद वर्मा एवं संस्था सदस्य द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रस्फुटन समितियां ग्राम विकास की आधारशिला हैं और इनके माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमात मंदिर के महंत दीपेंद्र दास जी रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्राम स्तर पर संगठित होकर कार्य करने से समाज में जागरुकता और विकास दोनों को गति मिलती है। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों एवं नवांकुर सखियों को समाजहित में निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजेश कुशवाह, राम गुप्ता,पर्वत सिंह, राजू कुशवाह, सूरज सिंह जाटव, मनोज शाक्यवार, मांगीलाल शर्मा, रामप्रसाद, राजू, वर्षा कुशवाह, हर्षिता सोनी, त्रिवेणी वर्मा, प्रिया विश्वास, लखपत गुर्जर, भगवान सिंह गुर्जर, विनोद नामदेव सुनील साहू, जी. एस. धनगर, ममता विश्वकर्मा, पूनम राठौर, सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने ग्रामों में सामाजिक जागरूकता,पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान एवं ग्राम विकास से जुड़े कार्यों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उपस्थित प्रतिभागियों को अतिथि के द्वारा सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ किया गया।

# बीनागंज में अतिक्रमण पर कार्रवाई नगर परिषद ने चलाया अभियान



**समय जगत, बीनागंज।** नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज द्वारा एसडीएम रवि मालवीय के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सदर बाजार बीनागंज से लेकर निचले बाजार तक तथा राजीव चौक से चाचौड़ा रोड तक सड़क पर रखे सामान को हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान नगर परिषद के अमले ने सड़क पर रखे दुकानों के सामान को जब्त किया तथा कई दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की। कार्रवाई के दौरान लगभग 20 हजार रुपये की वसूली की गई। अधिकारियों ने बताया कि करीब 24 पेटी सामान सड़क पर रखा पाया गया, जिस पर प्रति पेटी 200 रुपये के हिसाब से चालान काटा गया। कुछ सामान जब्त किया गया जिसे रसीद कटवाने के बाद दुकानदारों को वापस दे दिया गया। इस दौरान घरेलू गैस सिलेंडर सहित अन्य सामग्री भी जांच के दायरे में रही। मौके पर फूड इंस्पेक्टर भी उपस्थित रहे और आवश्यक निरीक्षण किया। चालानी कार्रवाई के दौरान मनीष जैन, कदीर गोरी, नारायण साहू, अनवर खान सहित लगभग एक दर्जन दुकानदारों पर कार्रवाई की गई। अभियान में नगर परिषद के सीएमओ ओम त्र्यंबकेश्वर मिश्रा, नगर परिषद का अमला, दरोगा तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए कि भविष्य में सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सफलता की कहानी: नन्हीं भावी को मिली नई जिंदगी, जटिल हृदय ऑपरेशन के बाद लौटी मुस्कान



**पांढुरना(देवेन्द्र खुरसंगे)।** शासन की स्वास्थ्य योजनाएं जब सही समय पर जरूरतमंदों तक पहुंचती हैं तो वे किसी के जीवन में नई उम्मीद और खुशियां लेकर आती हैं। ऐसा ही एक प्रेरणादायक उदाहरण पांढुरना विकासखंड के ग्राम पैलेपार की एक वर्षीय मासूम भावी कलम्बे की कहानी के रूप में सामने आया है, जिसे समय पर उपचार मिलने से नया जीवन मिला।

भावी कलम्बे, पिता किरण कलम्बे एवं माता श्रीमती वंदना कलम्बे की पुत्री हैं। जन्म से ही वह क्रिटिकल जन्मजात हृदय रोग (सी.एच.डी.) से पीड़ित थी। इस गंभीर बीमारी के कारण परिवार लगातार चिंता और असमंजस की स्थिति में था, लेकिन शासन की योजनाओं और स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता ने इस नन्हीं जान को बचा लिया।

कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन तथा मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपेन्द्र सलामे के नेतृत्व में आर.बी.एस. के (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) की टीम ने गांव-गांव भ्रमण के दौरान भावी की पहचान की। आर.बी.एस. के टीम की चिकित्सा अधिकारी डॉ. निलिमा तिजारे एवं डॉ. त्रिलोक मालवी की सतर्कता और निरंतर फॉलोअप के चलते बच्ची को समय रहते उपचार के लिए आगे भेजा गया।

प्राथमिक जांच के बाद भावी को जिला चिकित्सालय छिन्दवाड़ा के सी.एच.डी कैंप में लाया गया, जहां विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण के बाद उसे उच्च स्तरीय उपचार के लिए जबलपुर रेफर किया गया। 20 जनवरी को जबलपुर में आयोजित स.ी.एच.डी कैंप में चयन होने के बाद, बच्ची को उन्नत चिकित्सा सुविधा हेतु नारायण हॉस्पिटल, मुंबई भेजा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गोन्नाडे के मार्गदर्शन और समझाइश के बाद, भावी के माता-पिता ने हिम्मत और विश्वास के साथ बच्ची को मुंबई ले जाकर इलाज कराने का निर्णय लिया। अस्पताल में तीन दिन भर्ती रहने के बाद, 12 मार्च को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा भावी का सफल हृदय ऑपरेशन किया गया।

ऑपरेशन के बाद अब भावी पूरी तरह सुरक्षित है, और उसके चेहरे पर फिर से मुस्कान लौट आई है। परिवार में खुशी का माहौल है और माता-पिता ने राहत की सांस ली है। इस अवसर पर भावी के माता-पिता ने कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ सहित स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों और चिकित्सकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। यह सफलता न केवल एक परिवार के लिए खुशी का क्षण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि शासन की योजनाएं, प्रशासनिक मार्गदर्शन और स्वास्थ्य विभाग की प्रतिबद्धता मिलकर किस तरह किसी भी चुनौती को पार कर सकती हैं।

यह कहानी समाज के लिए एक प्रेरणा है कि समय पर जांच, सही सलाह और उचित उपचार से गंभीर बीमारियों का भी सफलतापूर्वक इलाज संभव है।

# महिला बाल विकास द्वारा आंगनवाड़ी में मनाया गया अन्नप्राशन कार्यक्रम, दी पोषण की जानकारी



**समय जगत, अशोकनगर।** अन्नप्राशन (प्रथम अन्न ग्रहण) संस्कार शिशु के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है, जो 6 माह की आयु पूर्ण होने पर आयोजित किया जाता है। यह संस्कार शिशु को दूध से ठोस आहार की ओर ले जाने का प्रतीक है और उसके शारीरिक एवं मानसिक विकास की सही शुरुआत सुनिश्चित करता है।

इसी उद्देश्य के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगल बार को वार्ड क्रमांक 4 वार्ड नंबर 16 में अन्नप्राशन मंगल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने उपस्थित महिलाओं को बच्चों को समय पर ऊपरी आहार शुरू करने की आवश्यकता एवं उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रसेना भिड़े के मार्गदर्शन के निर्देशन में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों का आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे आयोजन में सकारात्मक और जागरूकता का माहौल देखने को मिला।

**पोषण आहार की सजाई थाली महिलाओं-** इस दौरान आंगन बाड़ियों पर शिशुओं के पोषण आहार की जानकारी एवं संपूर्ण आहार को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। और आकर्षक सजावट की गई। सुपरवाइजर दीप्ति शर्मा ने बताया कि 6 वर्ष के बच्चों के लिए हल्का आहार देना शुरू करना चाहिए जिससे बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकाश होता जो जरूरी है इस बीच महिला को पोषण आहार सहित कुपोषण जैसी स्थिति कैसे निपटे इस के लिए जागरूक किया गया।

### परशुराम सेना ने संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**समय जगत,हरदा।** श्री परशुराम सेना मध्यप्रदेश जिला हरदा ने संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलने के लिए समय मांगा। श्री परशुराम सेना के प्रदेश सचिव राज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि परशुराम सेना मुख्यमंत्री के हरदा आगमन पर मिलकर ज्ञापन देना चाहती है, जिसका प्रमुख उद्देश्य भगवान परशुराम के माता पिता की पिंड स्थली तुरनाल है जो कि हंडिया बैराज परियोजना में डूब जायेग, यह स्थान ब्राह्मण समाज के लिए अति महत्वपूर्ण है,इसका ऐतिहासिक महत्व भी है। या तो इस स्थान का जीर्णोद्धार किया जाए या इसे अन्य स्थान पर सुरक्षित विस्थापित किया जाए। ताकि इस स्थली को बचाया जा सके। ज्ञापन देते समय परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष नितिन बद्री प्रसाद जोशी एवं संयोजक राघवेंद्र पारे सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

# बुढ़ार में सेवा का अनोखा जज़्बा, रेलवे स्टेशन पर शुरू हुआ निःशुल्क ठंडे पानी का प्याऊ




**समय जगत, शहडोल।।** गर्मी की दस्तक के साथ जहां लोग राहत के उपाय खोज रहे हैं, वहीं बुढार के जागरूक युवाओं ने मानवता की मिसाल पेश कर दी है। बुढार रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क ठंडे पानी के प्याऊ का शुभारंभ कर यात्रियों को बड़ी राहत दी गई है। इस सराहनीय पहल के पीछे क्षेत्र के समाजसेवी युवा संदीप साहू, साहिल गुप्ता, ब्रज साहू और अंकित का विशेष योगदान रहा। रेलवे स्टेशन पर रोजाना सैकड़ों यात्रियों का आना-जाना होता है, खासकर गर्मी के मौसम में ठंडे पानी की व्यवस्था एक बड़ी जरूरत बन जाती है। ऐसे में इन युवाओं ने बिना किसी स्वार्थ के आगे आकर यह जिम्मेदारी उठाई और लोगों के लिए शीतल जल की सुविधा उपलब्ध कराई। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने इस पहल की जमकर सराहना की है। उनका कहना है कि इस तरह के छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। युवाओं की यह टीम आगे भी इसी तरह सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने का संकल्प ले चुकी है। बुढार के इन युवाओं की यह पहल न सिर्फ प्रेरणादायक है, बल्कि समाज सेवा की एक नई मिसाल भी कायम कर रही है।।

### नि :शुल्क ब्यूटीशियन सेमीनार का आयोजन




**समय जगत, बड़वाह।** नगर की जानीमानी सौंदर्य विशेषज्ञ रचना गिरी के मार्गदर्शन में नि :शुल्क मेकअप सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में बालिकाओं एवं युवतियों को मेकअप का प्रशिक्षण दिया गया और मेकअप सामग्री के उपयोग की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर रचना गिरी ने कहा कि सेमीनार का उद्देश्य बालिकाओं और युवतियों को ब्यूटीशियन व्यवसाय और रोजगार के लिए प्रशिक्षित करना है। इस दौरान सौंदर्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। अतिथि नपाध्यक्ष सुनीता बिर्ला,अमिता मंत्री,दीप्ति बंसल,दीपिका वर्मा,रेखा जैन,उमा पाटीदार एवं रचना जैन ने प्रतियोगिता की विजेता प्रतिभागियों रूपाली सवनेर(प्रथम), राधिका पाटील(द्वितीय) और अंजली पंवार(तृतीय) को पुरस्कृत किया। अतिथियों ने रचना गिरी द्वारा प्रशिक्षित 40 बालिकाओं और युवतियों को सम्मानित कर प्रमाणपत्र वितरित किए। रचना गिरी ने बताया कि सेमीनार में लकी ड्रा की तीन विजेता प्रतिभागियों को ब्यूटीशियन का नि :शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बालिकाएं एवं युवतियां उपस्थित थीं।

# विद्यार्थियों के लिए तनाव, प्रबंधन एवं मनोबल सत्र का किया गया आयोजन



**समय जगत,हरदा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस,स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.संगीता बिले के मार्गदर्शन में प्रतिदिन दोपहर तीन से चार बजे तक विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन तनाव प्रबंधन एवं मनोबल सत्र का आयोजन किया गया। आयोजित सत्र में एम्स के मनोरोग विभाग में पदस्थ सहायक प्राध्यापक डॉ. तन्मय जोशी ने विद्यार्थियों को नियमित दिनचर्या अपनाने, योग- ध्यान,पर्याप्त नींद लेने एवं सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी। पुलिस महानिरीक्षक मनोज शर्मा ने तनावरहित होकर लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। श्री सत्य साई सेवा संगठन द्वारा परीक्षा के समय में तनाव प्रबंधन हेतु प्राणायाम एवं ध्यान की विभिन्न तकनीकों से अवगत कराया गया। सामाजिक तनाव,जीवन कौशल एवं भावनात्मक संतुलन के महत्व पर आधारित सत्र को सागर ग्रुप भोपाल की मनोवैज्ञानिक डॉ.रितु नंदा ने संबोधित किया। कार्यक्रम संयोजक अजय कुमार बिलारे ने बताया कि विविध सत्रों में महाविद्यालय के 250 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए। विभिन्न सत्रों में डॉ राकेश सिंह परस्ते,डॉ देवेंद्र कुमार रोडगे,मनीष परसाई, सुमित शर्मा,डॉ रीना मालवीय, आयुषी सिसोदिया,मनीषा चौहान, डॉ परिधि सिंह कनौजिया,डॉ शिवानी बर्मन,डॉ प्रियंका राय,डॉ आशा गायकवाड,डॉ राहुल सराठे, डॉ चंद्रकिशोर लोखंडे,रवि व्यास, डॉ भावना अग्रवाल,डॉ गुंजन सोलंकी,अंशुल जोशी,डॉ रविंद्र कुमार सोनपुरे,डॉ योगेश गौर,डॉ अशोक पवार,डॉ बलवान सिंह पवार,डॉ मोहनलाल सूर्यवंशी,राम दयाल मकवाना,बसंत सिंह राजपूत,भगवती प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने हत्या मामले का खुलासा कर आरोपी को किया गिरफ्तार



**समय जगत, पन्ना।** पन्ना पुलिस द्वारा हत्या मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। फरियादी वनरक्षक बीट गार्ड प्रेम शंकर थाना रैपुरा द्वारा सूचना दी गई कि रुपझिर मोड़ के आगे दमोह रोड जंगल तरफ में एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है, जिसका चेहरा सड़ा क्षत-विक्षत हालत में गर्दन में दाहिने तरफ गंभीर चोट है जो पहचान में नहीं आ रहा है। फरियादी की सूचना पर थाना रैपुरा पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर मामले में मर्ग क्रमांक 03/26 और अपराध क्रमांक 51/26 धारा 103(1) कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले में थाना प्रभारी रैपुरा उप निरीक्षक स्मिता सिंह द्वारा घटना की विस्तृत जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम तत्परता पूर्वक घटना स्थल पहुंची। साथ ही तथा एफएसएल टीम सागर,डॉग स्क्वाड एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने जाकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच उपरान्त पाया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अज्ञात मृतक को पत्थर के द्वारा चेहरे तथा शरीर में हमला कर हत्या की गई है। जांच उपरान्त मामले में अज्ञात आरोपी पर थाना रैपुरा में हत्या का प्रकरण क्रमांक 51/2026 धारा 103 (1) बीएनएस पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा आसपास के लोगो से घटना के संबंध में पूछताछ शुरू की गई एवं क्षेत्र में अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप अज्ञात मृतक की पहचान करन चौधरी पिता दिनेश चौधरी उम्र 19 साल निवासी कटनी के रूप मे हुई तथा कटनी दमोह रोड एवं कटनी के दिनांक 11 मार्च की सीसीटीवी फुटेज को चेक को किया गया। जिसमें मृतक करन चौधरी अपनी मोटर साइकिल से दमोह तरफ आता दिखा तथा उसके पीछे एक अज्ञात व्यक्ति बैठा पाया गया। मृतक के घर परिवार तथा आसपास के लोगों को दिखाई गई जो पीछे बैठे व्यक्ति की पहचान अमर केवट पिता अर्जुन प्रसाद केवट उम्र 18 साल निवासी अमीरगंज कटनी के रूप में की गई। अमर केवट से पूछताछ की गई, जिसने घटना कारित करना स्वीकारी तथा पुराने झगड़े तथा आपसी रंजिश के कारण दिनांक 11 मार्च को रैपुरा के आगे पुलिया के पास जंगल में आपस में शराब पीने एवं शराब पीते समय दोनों का आपसी वाद विवाद हो जाने पर आरोपी अमर केवट द्वारा मृतक करन चौधरी को वहीं पडे पत्थर से जान से मारने की नियत से मारा जिससे मृतक की मौके पर मृत्यु हो गई।

# चित्रगुप्त महाराज प्राकट्योत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न



**समय जगत, पन्ना।** भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज का प्राकट्योत्सव 23 अप्रैल को है, आयोजन को लेकर दिनांक 15 मार्च रविवार को श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक आयोजित होने वाले प्राकट्योत्सव कार्यक्रमों की रूपरेखा, बनाई गई। छठ महोत्सव, मंदिर परिसर में स्टोर रूम एवं महिला प्रसाधन निर्माण तथा विभिन्न समितियों के गठन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 अप्रैल को सुबह 9 बजे भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज का अभिषेक किया जाएगा, जिसके बाद सुबह 10 बजे गायत्री हवन का आयोजन होगा। वहीं सायं 5 बजे भव्य शोभायात्रा श्री चित्रगुप्त मंदिर से प्रारंभ होकर चित्रगुप्त मंदिर मार्ग से होते हुए पुराने कलेक्ट्रेट चौराहे पहुंचेगी। इसके पश्चात शोभायात्रा श्रीराम मंदिर, शाई मंदिर एवं किशोर जी मंदिर से होते हुए पुनः श्री चित्रगुप्त मंदिर पहुंचेगी, जहां प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। शोभायात्रा का संचालन अध्यक्ष बिंदु कुमार खरे के निर्देशन में किया जाएगा। इस आयोजन में प्रशांत खरे (सचिव), अभिषेक खरे, अधीर खरे, अनंत मोहन खरे, राजीव खरे, रामेश्वर प्रसाद खरे, अशोक कुमार श्रीवास्तव एवं तरुण खरे सहयोग करेंगे। महिला मंडल की ओर से श्रीमती सीमा खरे, श्रीमती मेघना खरे, श्रीमती राशि खरे सहित अन्य सदस्य शोभायात्रा को सफल बनाने में सहयोग देंगी। भंडारा एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम का संचालन होगा, मंदिर परिसर की सजावट एवं डेकोरेशन 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक किया जाएगा। शोभायात्रा के दौरान पानी, लाइट, बग्गी एवं डीजे की व्यवस्था तथा विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। बैठक में मंदिर परिसर में स्टोर रूम एवं महिला प्रसाधन निर्माण को लेकर भी निर्णय लिया गया। शिक्षा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संचालन की जिम्मेदारी उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद खरे को दी गई है, जो समिति गठित कर कार्यक्रमों की तिथि एवं समय की जानकारी शीघ्र देंगे। बैनर, फ्लेक्स एवं फोटोग्राफी की जिम्मेदारी प्रशांत खरे एवं सीमांत खरे को सौंपी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### आम आदमी पार्टी का अनोखा विरोध प्रदर्शन ठेले पर सिलेंडर रखकर निकाला जुलूस



**समय जगत, सिरोंज।** बढ़ती गैस कीमतों और सिलेंडर की किल्लत को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने ठेले पर गैस सिलेंडर रखकर उसे माला पहनाकर और मुख्य बाजार में रैली निकालते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर कार्यकर्ताओं द्वारा पीएम मोदी और दूसरे भाजपा नेताओं के खिलाफ नारे लगाते हुए मुख्य बाजार से पुराने बस स्टैंड तक पहुंचे। कार्यकर्ताओं का कहना था कि गैस के दामों में लगभग 60 रुपए की बढ़ोतरी हुई है और कई जगह लोगों को समय पर गैस सिलेंडर भी नहीं मिल रहा है, जिससे आम जनता परेशान है। इस मौके पर जिला सचिव ने कहा कि वर्तमान सरकार लोगों को लगातार लाइनों में खड़ा करने का काम कर रही है। पहले नोटबंदी के समय लोग बैंकों की लाइन में लगे, फिर कोरोना काल में ऑक्सीजन के लिए लाइनें लगीं और अब गैस सिलेंडर के लिए लोगों को लाइन में लगना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई अपने चरम पर है और आम जनता इससे काफी परेशान है। इस दौरान जिला ओबीसी अध्यक्ष अभिषेक धाकड़, जिला उपाध्यक्ष डॉ. सोहिल अली, वाजिद खान, ओपी मैथिल, अमोल सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किसानों ने केसीसी जमा करने की तारीख बढ़ाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



**समय जगत, विदिशा।** भारतीय किसान संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान एसडीएम कार्यालय पहुंचे और विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान किसानों का कहना था कि किसानों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए जिला सहकारी बैंक एवं सोसाइटियों में केसीसी ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च से बढ़ाकर 15 मई की जाए। भारतीय किसान संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे और विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान मुकेश कुमार साहू, दीपक शर्मा ने बताया कि चुनाव पूर्व किए गए वादे अनुसार गेहूं की सरकारी खरीद 2700 प्रति क्विंटल के मान से सुनिश्चित की जाए। केसीसी जमा करने की तारीख 28 मार्च से बढ़ाकर 15 मई की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को 10 घंटे निर्धारित बिजली देने की योजना है किंतु पुराने तारों और बार-बार होने वाले फाल्ट के कारण किसानों को मुश्किल से 5 से 6 घंटे बिजली मिल पाती है, यह सुनिश्चित किया जाए कि फॉल्ट सुधारने में जितना समय लगे वह किसान के 10 घंटे के कोटे से काटा जाए और उसे उतनी अतिरिक्त समय बिजली दी जाए। उन्होंने कहा कि पुराने हो चुके बिजली के खंभे और तारों को बदला जाए।

## पंचायतों पर दो करोड़ से ज्यादा का बिजली बिल है बकाया

# विभाग बिल वसूलने में कर रहा कोताही




**समय जगत, दमोह/पथरिया।** स्मार्ट मीटर लगने के बाद आम आदमी लगातार ओवर बिलिंग की शिकायत कर रहा है। बिल जमा न होने पर विद्युत वितरण कम्पनी विद्युत उपभोक्ताओं के साथ सख्ती से पेश आती है। यहां तक कि घर का समान जब्त करने, नीलाम करने जैसे कदम उठाने से भी नहीं चूकती है। आम आदमी को चंद हजार रुपयों के बिल के कारण अपमानित होना पड़ता है। वहीं जिले के पथरिया अंतर्गत पंचायतों में 91 बिजली कनेक्शनों पर दो करोड़ से ज्यादा का बिजली का बिल बकाया है। पथरिया विद्युत मंडल के अंतर्गत आने वाली इन पंचायतों को बार-बार विभाग द्वारा एवं जनपद सीईओ द्वारा बिजली का बिल जमा करने हेतु लेख किया गया है। लेकिन उसके बाद भी पंचायत के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं पंचायत कर्मी बिल भरने में कोताही बरत रहे हैं।

पथरिया जनपद अंतर्गत आने वाली पंचायतों में बिजली विभाग का 2 करोड़ 28 लाख 692 रु बकाया है। इन पंचायतों में बिजली विभाग ने 91 कनेक्शन दिए हुए हैं। इन पंचायतों में जल प्रदाय एवं स्ट्रीट लाइट की बिजली के बिल का 2 करोड़ 28 लाख रुपया बकाया है। ग्राम पंचायत बिलानी में सबसे ज्यादा जल प्रदाय मोटर बिजली बिल 8 लाख 38 हजार 531 रुपया बकाया है। वहीं सबसे कम बिजली का बिल ग्राम पंचायत बांसा कला का 3850 रु बकाया है। ग्राम पंचायत रजवांस द्वारा बिजली का बिल न भरने के कारण पंचायत की नल जल का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया है। ग्राम पंचायत रजवांस में जल प्रदाय एवं स्ट्रीट लाइट के कुल पांच बिजली कनेक्शन है इन पर कुल 19 लाख 10 हजार 787 रु का बिजली बिल बकाया है। वहीं पंचायत सचिव अनीश खान ने बताया कि ग्राम पंचायत में पीएचई द्वारा नल जल योजना का कार्य शुरू किया गया था। लेकिन आज दिनांक तक ग्राम वासियों को एक बूंद पानी नहीं मिला और न ही योजना शुरू हुई है। विभाग द्वारा कार्य अधूरा होने के कारण योजना का हस्तांतरण पंचायत को नहीं किया गया है। सचिव अनीश खान ने बताया कि बिजली का बिल पीएचई द्वारा भरा जाना है लेकिन वो नहीं भर रहे हैं। ग्राम पंचायत बरखेड़ा दुर्गादास के सचिव राजेश खरे ने बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में नल जल योजना चालू ही नहीं है। उसके बाद भी जल प्रदाय को लेकर बिलजी का बकाया बिल दिखाया जा रहा है एवं पंचायत को नोटिस दिये जा रहे हैं। ग्राम पंचायत सतपरा के सचिव ने बताया कि ग्राम पंचायत में नल जल का कार्य पूर्ण ही नहीं हुआ है और न ही ग्राम पंचायत को अभी हस्तांतरित किया गया है। उसके बाद भी बकाया बिजली बिल का नोटिस जारी कर दिया। कई पंचायतों में विद्युत खपत को लेकर विवाद होने के चलते पंचायतों द्वारा बकाया बिजली बिल नहीं भरा जा रहा है।

# कांग्रेस ने रैली निकालकर दर्ज कराया अपना विरोध

**समय जगत, विदिशा।** नगर पालिका की कार्य प्रणाली एवं जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा माधवगंज चौराहे से मुख्य मार्ग से होते हुए रैली निकालकर नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। रैली में कार्यकर्ता तख्तियों पर नगर पालिका की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ लिखे नारे लेकर चल रहे थे एवं प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता नगरपालिका प्रशासन और स्थानीय जन प्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते चल रहे थे। प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य बाजार, तिलक चौक होते हुए नगरपालिका के समक्ष पहुंचे। जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की एवं मौके पर पहुंचे तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर जनविरोधी फैसले वापस लेने की मांग की। रैली के समापन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि विदिशा नगर पालिका को शासन से डबल-प्लस श्रेणी का दर्जा प्राप्त है जिसमें करोड़ों रुपयों का बजट हर साल खर्च होता है, लेकिन फिर भी शहर बदहाल है। सड़कें खुदी पड़ी है, बिना किसी कार्य योजना के मनमर्जी से कभी भी कहीं भी शहर की रोड खोद दी जाती है, जिससे व्यापारियों का व्यापार चौपट हो जाता है और नागरिक रोड पर चलने में तक परेशान होते है। श्री रघुवंशी ने आरोप लगाया कि 50 से अधिक कचरा वाहन बीते वर्षों में नगर पालिका ने खरीद रखे हैं, लेकिन देखरेख के अभाव में आधे से जायदा वाहन कबाड़ हो चुके हैं। नपा द्वारा प्रति माह लाखों रुपयों का डीजल खपत बताई जाती है, लेकिन सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से ध्वस्त है और जनता पर कचरा टैक्स के नाम पर अर्थिक बोझ लादा जा रहा है। मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया कि पूरी नगर पालिका की विभिन्न शाखाओं में वर्षो से अपने चहेते अयोग्य व्यक्तियों को प्रभारी बना रखा है जो जनता के हितों की जगह स्वयं के हितों की चिंताओं में ज्यादा लगे रहते हैं।

## निगमायुक्त ने स्वच्छता व्यवस्था का लिया जायजा

# नगर की साफ- सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की जारी है कवायद



**समय जगत, कटनी।** नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लक्ष्य के साथ नगर निगम प्रशासन ने सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट रैंकिंग हासिल करने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार स्वयं सुबह तड़के सड़कों पर उतरकर व्यवस्था की निगरानी कर रही हैं। इसी क्रम में लोक अदालत से फुर्सत होते ही निगमायुक्त द्वारा प्रातः बिलैया तलैया सब्जी मंडी, गोल बाजार, सुभाष चौक सहित नगर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों और मुख्य मार्गों का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, हाजिरी प्रक्रिया तथा निर्धारित ड्रेस में कार्य करने की व्यवस्था की भी जानकारी ली और सभी कर्मचारियों को अनुशासन व जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बिलैया तलैया सब्जी मंडी एवं गोल बाजार क्षेत्र की गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए जब सफाई व्यवस्था अपेक्षित स्तर पर नहीं पाई गई, तो निगमायुक्त ने संबंधित क्षेत्रीय वार्ड दरोगा पर नाराजगी जाहिर करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर की स्वच्छता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। बाजार क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए निगमायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षकों और वार्ड दरोगाओं को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित सुबह-शाम भ्रमण कर सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों को चिन्हित करें और उन पर स्पॉट फाइन की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# अवैध उत्खनन का विरोध करने पर घर में घुसकर हमला

## पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज किया मामला



**समय जगत, कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कन्हवारा में अवैध उत्खनन का विरोध करने पर खनन माफियाओं ने ग्रामीणों के घर में घुसकर मारपीट की। इस घटना में महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। एक गर्भवती महिला भी शामिल है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने ग्राम जटवारा निवासी दीपक परिहार, ग्राम चाका निवासी अभिषेक पटेल और लखन साहू के खिलाफ एससी- एसटी एक्ट और अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार लखन साहू भाजपा ग्रामीण मंडल का वरिष्ठ पदाधिकारी है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कन्हवारा क्षेत्र के जंगलों में लंबे समय से मुरूम, बॉक्साइट और आयरन ओर का अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा है। आदिवासी परिवारों का कहना है कि जंगल में चल रहे अवैध उत्खनन को रोकने के लिए इसकी शिकायत वन विभाग को दी। आरोप है कि शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई और उल्टे इसकी जानकारी खनन से जुड़े लोगों तक पहुंच गई। पीड़ितों ने बताया कि विगत 14 और 15 मार्च की दरमियानी रात करीब 2 बजे दीपक परिहार सहित 7-8 लोग वाहनों से कन्हवारा गांव पहुंचे और तीन आदिवासी परिवारों के घरों में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। सुखदेव प्रसाद कोल सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने महिलाओं और पुरुषों को बेरहमी से पीटा। घर में मौजूद एक गर्भवती महिला के साथ भी धक्का- मुक्की और मारपीट की गई। पीड़ित गोरेलाल कोल ने आरोप लगाया कि हमलावर जबरन वाहन में बैठाकर उत्खनन स्थल तक ले गए और लात घूंसों से मारपीट की। कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि सुखदेव प्रसाद उर्फ भूरा कोल पिता शिवप्रसाद कोल निवासी ग्राम कन्हवारा की रिपोर्ट पर दीपक परिहार निवासी जटवारा, अभिषेक पटेल निवासी चाका एवं लखन साहू के पर धारा 296, 115(2), 191 (2), 190, 331(6), 351 (3) बीएनएस 3(1) द, 3(1) ध, 3(2) क 3(2) 5 एससी- एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## महामाई मंदिर मेले में भक्ति की सुनाई दी गूंज

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम




**समय जगत, सिरोंज।** शहर के प्रसिद्ध महामाई मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित होने वाले भव्य मेले का शुभारंभ होते ही पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर में सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं और दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। मेले के अंतर्गत प्रतिदिन विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिनका आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। गत दिवस मेले के मंच पर विशेष रूप से राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पारंपरिक घूमर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसे देखकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इसके साथ ही चरस नृत्य की प्रस्तुति भी बड़े उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुई। जिसमें छाप तिलक सब छीनी रे गीत पर उपस्थित लोगों ने खूब थिरका, कलाकारों की रंगीन वेशभूषा और लोकसंगीत की मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता महामाई की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात मंच पर पहुंचे कलाकारों का पुष्पमालाओं और सम्मान के साथ स्वागत किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देर रात तक चलती रहीं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु तथा सांस्कृतिक प्रेमी देर रात तक रुककर कार्यक्रमों का आनंद लेते रहे। मेले के आयोजन में स्थानीय नागरिकों और आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कैलाश शर्मा, कुंवरलाल धाकड़, मनमोहन साहू, हरिबाबू भार्गव, सर्वेश शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# घुराघाट पुल पर युवक ने जान देने की कोशिश स्थानीय लोगों की तत्परता से बची जान



**समय जगत दमोह।** हटा में देर रात्रि घुराघाट पुल पर एक युवक द्वारा आत्महत्या की कोशिश का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पटेरा बड़ा मोहल्ला निवासी एक युवक अपनी बाइक से तेज रफ्तार में घुराघाट पुल पर पहुंचा और पुल के डिवाइडर में बाइक टकराकर अपनी जान देने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक बहुत तेज गति से बाइक चलाते हुए आया और पुल के डिवाइडर में जोरदार टक्कर मार दी। घटना को देख पुल पर मौजूद स्थानीय लोग तुरंत सक्रिय हुए और समय रहते युवक को बचा लिया जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने हटा पुलिस को दी, जिसके बाद हटा थाने से आरक्षक महेंद्र रैकवार मौके पर पहुंचे और युवक से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। हालांकि सूचना के करीब 30 मिनट बाद डायल 112 मौके पर पहुंची जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल भी उठे। इसी दौरान युवक वहां मौजूद लोगों को चकमा देकर भाग निकला लेकिन बाद में रामगोपाल जी वार्ड में स्थानीय लोगों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। युवक की पहचान श्रीराम पिता कोमल अहिरवार 25 वर्ष के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने युवक के रिश्ते के जीजा को फोन कर सूचना दी जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। इसके बाद डायल 112 की टीम युवक को सुरक्षित हटा थाने लेकर गई। बताया जा रहा है कि युवक मानसिक तनाव से गुजर रहा था। कई बार प्रेम प्रसंग, पारिवारिक विवाद या अन्य व्यक्तिगत कारणों के चलते लोग इस तरह के कदम उठाने की कोशिश करते हैं। इस पूरी घटना में स्थानीय लोगों की सतर्कता और समय पर मदद से युवक की जान बच सकी। इस सराहनीय कार्य में हटा थाने के आरक्षक महेंद्र रैकवार, रवि सोनी और दिनेश रैकवार की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**मुकेश बैरागी समय जगत जीरापुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सेक्टर जीरापुर द्वारा मंगलवार दिनांक 17 मार्च को सेक्टर जीरापुर नव अंकुर संस्था, उमंग जन सेवा वेलफेयर फाउंडेशन जीरापुर की प्रस्फुटन समितियों के क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम धतरावदा स्थित गौशाला परिसर में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक बीरम सिंह परमार की उपस्थिति के साथ विभिन्न प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे। जहां प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉक समन्वयक द्वारा समितियों को आगामी ग्रीष्मकालीन कार्य योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि गर्मी के मौसम में जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी समितियां अपने-अपने ग्राम में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत तालाब, कुएं, नालों एवं जल स्रोतों के संरक्षण और सफाई कार्यों की योजनाएं बनाएं तथा ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। नव अंकुर संस्था उमंग जन सेवा वेलफेयर फाउंडेशन जीरापुर के प्रतिनिधि दिलीप किरार ने उपस्थित सदस्यों को वृक्षारोपण अभियान की तैयारी करने के निर्देश दिए गए बताया कि वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य किया जाए तथा ग्राम स्तर पर पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी समितियों द्वारा ली जाए। इसी के साथ समितियां ग्राम के पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे पशुपालन, कृषि, स्वरोजगार एवं आजीविका से संबंधित योजनाओं से जोड़ने में भी सहयोग करें, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके साथ ही समितियों को नियमित बैठक, दस्तावेजीकरण ,जन जागरुकता गतिविधियों एवं सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी समितियों के सदस्यों ने अपने-अपने ग्राम में जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया तत्पश्चात उपस्थित सदस्यों को ब्लॉक समन्वयक द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए।

## कार्यकर्ताओं से सदेव जुडी रहती है भाजपा: जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय



**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी के पिपलोदा मंडल में पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि भाजपा संदेव कार्यकर्ताओं से जुड़ी रहती है, कार्यकर्ताओं के बल पर आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। मंडल प्रशिक्षण वर्ग के आरंभ में दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान जिला महामंत्री महेश सोनी, नानालाल अटोलिया, हरिराम शाह, मंडल अध्यक्ष दिनेश पाटीदार, जिला सह कार्यालय मंत्री राजेन्द्र सिंह गुडरखेडा उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर दिखाई संवेदनशीलता

### शिकायतों के त्वरित व समयबद्ध समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**गुना।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में आज दिनांक 17 मार्च (मंगलवार) को पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सभागृह में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं आवेदन पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के समक्ष प्रस्तुत किए। श्री सोनी ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता, धैर्य एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके प्रकरणों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत निराकरण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री सोनी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई का उद्देश्य नागरिकों को त्वरित न्याय, राहत एवं विश्वास प्रदान करना है, ताकि पुलिस एवं जनता के बीच संबंध और अधिक सुदृढ़ हो सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक प्रकरण का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग की जाए, जिससे आमजन को समय पर राहत मिल सके और पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी, साइबर अपराध, लंबित विवेचनाएं तथा पुलिस कार्यवाही से संबंधित अनेक प्रकरण सामने आए। कुछ मामलों में पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए गए, वहीं अन्य मामलों में संबंधित थाना प्रभारी एवं अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय जमील उद्दीन सिद्दीकी, एसडीओपी गुना विवेक अष्ठना, एसडीओपी राघौगढ़ श्रीमती दीपा डोडवे, एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा, डीएसपी आनंद कुमार राय, कंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह सिकरवार, अजाक थाना प्रभारी निरीक्षक ओ.पी.आर्य, कुंभराज थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज त्यागी, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक फिरदौस तबस्सुम, कोतवाली थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रुहिल शर्मा, आरोन थाना इंचार्ज उपनिरीक्षक पंकज कुशवाह आदि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। गुना पुलिस द्वारा नियमित रूप से आयोजित की जा रही जनसुनवाई आम नागरिकों एवं पुलिस के मध्य विश्वास, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल साबित हो रही है।

### तीन साल बाद भी पूरा नहीं हुआ निर्माण, अफसरों और ठेकेदार की मिलीभगत के लगे आरोप

# सड़क निर्माण में देरी और घटिया गुणवत्ता पर ग्रामीणों में है आक्रोश




**समय जगत, खिरकिया।** हरदा जिले की खिरकिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम काकडकच्छ-पीपल्या-भारत-छीपाबड़ सड़क मार्ग निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों और किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। वर्ष 2023 में स्वीकृत इस सड़क परियोजना का भूमि पूजन पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल द्वारा ग्रामीणों को यह सौगात दी गई थी, लेकिन लगभग तीन वर्ष बीतने के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा है। करीब 9 किलोमीटर लंबी इस सड़क की कुल लागत 16 करोड़ 66 लाख 84 हजार रुपये निर्धारित की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी की जा रही है और गुणवत्ता भी बेहद खराब है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार के बीच मिलीभगत के चलते मानकों की अनदेखी की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क निर्माण में अर्थवर्क भूमि समतलीकरण ठीक ढंग से नहीं किया गया है। जमीन को सही स्तर पर लाए बिना ही मिट्टी पर डब्ल्यूएम कार्य किया जा रहा है, जिससे सड़क की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी तरह कार्य जारी रहा, तो सड़क जल्द ही खराब हो जाएगी और सरकारी धन का दुरुपयोग होगा। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही दोषी अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार को तत्काल ब्लैकलिस्ट कर अनुबंध समाप्त किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे आवागमन सुगम होगा और किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। लेकिन वर्तमान स्थिति में सड़क अधूरी होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। काकडकच्छ-पीपल्या-भारत-छीपाबड़ सड़क परियोजना में देरी और कथित भ्रष्टाचार के आरोपों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि शासन स्तर पर इस मामले में क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

**इनका कहना है–**

मेरे गांव का मामला है। मेरे द्वारा कई बार लोक निर्माण विभाग अधिकारी को सूचित किया जा चुका है लेकिन अधिकारी द्वारा मामले में किसी प्रकार का कोई संज्ञान नहीं लिया है। हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एक संवेदनशील नेता है और हम मुख्यमंत्री से निवेदन करेंगे कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई हो जो सरकार की छवि खराब करते हैं। मुख्यमंत्री के आगमन पर आवेदन देकर कार्रवाई करायेंगे।

**विजय राजपूत** भाजपा मंडल अध्यक्ष चारूवा।

## सार-समाचार

### कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केन्द्र मालाहात टोडी, जुनी रम्भापुर एवं रम्भापुर का किया आकस्मिक निरीक्षण



**समय जगत, झाबुआ।** कलेक्टर नेहा मीना द्वारा 17 मार्च को आंगनवाड़ी केन्द्र मालाहात टोडी सेक्टर रम्भापुर परियोजना मेघनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को बच्चों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया। उप स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित सीएचओ द्वारा बताया गया कि टीकाकरण का सेशन जुनी रम्भापुरआंगनवाड़ी केन्द्र में चल रहा है। जुनी रम्भापुर आंगनवाड़ी केन्द्र में टीकाकरण सेशन संचालित हो रहा था। जिसमें ड्यू लिस्ट के 10 बच्चों का टीकाकरण किया जाना था जिसमें से मात्र 4 बच्चों का टिकाकरण किया गया एवं 2 गर्भवती का टिकाकरण किया जाना था जिसमें से 01 गर्भवती महिला का टिकाकरण होना पाया गया, इस पर कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए आशा कार्यकर्ताओं को नोटिस दिये जाने के बीएमओ को निर्देश दिये गये। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र पर 6 माह से 3 वर्ष तक के 13 बच्चे एवं 3 से 6 वर्ष तक के 11 बच्चे दर्ज पाये गये। जिससे कलेक्टर द्वारा कार्यकर्ता को पुन: सर्वे कर बच्चों का पंजीयन किये जाने हेतु निर्देर्शित किया गया एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को नोटिस जारी करने हेतु परियोजना अधिकारी को निर्देश दिये गये। कलेक्टर द्वारा निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण भी किया गया तथा सचिव एवं सरपंच को तत्काल भवन पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये गये। कलेक्टर द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र नाई टोडी रम्भापुर का निरीक्षण किया गया। यहाँ भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए तत्काल किराये के भवन में संचालित करने हेतु परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेघनगर सुश्री अवनधती प्रधान, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आर.एस बघेल, तहसीदार मेघनगर, खण्ड चिकित्सा अधिकारी मेघनगर, परियोजना अधिकारी मबावि मेघनगर एवं अन्य उपस्थित रहे।

### पुलिस द्वारा 30,000 रुपये कीमत की चोरी की मोटर साइकल की गई बरामद

**समय जगत, इटारसी।** विगत दिनों फरियादी विनोद कुमार पिता रामकुमार रैकवार निवासी मालवीय गंज इटारसी ने रिपोर्ट किया कि वह दिनांक 08/03/26 को अपने घर से सब्जी बाजार जा रहा था कि रास्ते मे किसी बोर्ड से टकरा गया जो वह मोटर साइकल क्रमांक एमपी 05 जेड जे 9016 सहित गुरुद्वारा के सामने रोड पर गिर गया था। वही से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी उक्त मोटर साइकल चोरी का ले गया था जिस पर से अपराध क्रमांक 186/26 धारा 303 (2) bns का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। उक्त मोटर साइकल चोरी की बरामदगी हेतु अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) इटारसी के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी निरी0 गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व मे एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास के एवं अन्य जगहों के cct1 फुटेज देखे गए जिसके आधार पर उक्त अज्ञात व्यक्ति की फ़ोटो प्राप्त की गई जिसके आधार पर गोपनीय मुखबिर लगाए गए एवं दिनांक 17 मार्च को मुखबिर सूचना पर उक्त हुलिया का व्यक्ति जिसे मेहरा गाव नदी के पास पकड़ कर सख्ती से पूछताछ की गई जिसने घटना दिनांक समय को चोरी की गई मोटर साइकल हीरो कंपनी की जिसका क्रमांक एमपी 05 जेड जे 9016 को अपने पास होना बताया तब मौके पर आरोपी पंकज पिता सुरेश चंद्र कटारे उम्र 28 साल निवासी इंद्रा पुरा पुरानी इटारसी उक्त मोटर साइकल बरामद की गई एवं वैधानिक कार्यवाही की गई। निरी0 गौरव सिंह बुंदेला, प्रधान आर 0 643 दिनेश कटारे प्रधान आर 0 333 राकेश, आर 0 443 सतीश आर 0 40 अंकित एवं आर 0 438 नरेंद्र राजपूत द्वारा इस कार्यवाही में सराहनीय भूमिका निभाई गई।

# सारंगपुर में ABVP का साप्ताहिक सकोरे अभियान शुरू, पक्षियों के संरक्षण का दिया संदेश



**समय जगत, सारंगपुर।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सकोरे अभियान के साप्ताहिक कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने और समाज में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से यह अभियान प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर चिड़ियों के लिए पानी से भरे सकोरे रखे गए, ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों को आसानी से पानी उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ममता खोइया ने कहा कि विद्यार्थी परिषद की यह पहल बहुत सराहनीय है। साथ ही विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल महाविद्यालय ही नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने घरों में भी सकोरे लगाने चाहिए। उन्होंने अपील की कि सभी विद्यार्थी अपने-अपने घरों एवं आसपास के स्थानों पर सकोरे रखें और उनमें प्रतिदिन पानी भरकर पक्षियों के जीवन संरक्षण में योगदान दें। उन्होंने यह भी बताया कि गर्मियों के मौसम में जल के अभाव में कई पक्षियों की जान चली जाती है, ऐसे में यह छोटा सा प्रयास उनके जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह अभियान न केवल सेवा का कार्य है, बल्कि प्रकृति एवं जीव-जंतुओं के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। कार्यक्रम में सारंगपुर तहसील संयोजक तुषार चौहान, महाविद्यालय अध्यक्ष गोविंद कुम्भकार, लोकेश मालवीय, विजय मालवीय सहित परिषद के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर तीनों को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों के किया गया सुपुर्द

**समय जगत, झाबुआ।** दिनांक 16 मार्च को फरियादी द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री एवं पड़ोस की दो अन्य नाबालिग बालिकाएं गांव में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम (नौतरा/शादी) में गई थीं, जो वापस घर नहीं लौटीं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रकरण दर्ज कर उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक शिव दयाल सिंह के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों द्वारा आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया। सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, तकनीकी साक्ष्य एवं सगन चेकिंग की गई। जांच के दौरान पता चला कि कार्यक्रम में देर हो जाने के कारण परिजनों की डांट के डर से तीनों बालिकाएं अपनी एक सहेली के घर जाकर छिप गई थीं। सघन तलाश के दौरान पुलिस टीम द्वारा तीनों बालिकाओं को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। तत्पश्चात उन्हें सकुशल उनके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. भास्करे (थाना प्रभारी, कोतवाली झाबुआ), उप निरीक्षक अशोक बघेल (चौकी प्रभारी पिटोल), सहायक उप निरीक्षक कमलेश हाड़ा एवं आरक्षक प्रकाश गैहलोत तथा साइबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक, झाबुआ द्वारा टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की।

# सांस्कृतिक विरासत की महक और सिंधी व्यंजनों का स्वाद , चैती चांद महोत्सव का हुआ आगाज

**समय जगत, इटारसी।** नगर की फिजाओं में इन दिनों सिंधी संस्कृति के सतरंगी रंग घुलने लगे हैं। आराध्य देव भगवान झूलेलाल जी के जन्मोत्सव चैती चांद के पावन उपलक्ष्य में सिंधी समाज द्वारा आयोजित महोत्सव का शानदार शुभारंभ सिंधी मेला के साथ हुआ। फ्रेन्ड्स स्कूल का मैदान इस उत्सव का साक्षी बना, जहां परंपराओं का सम्मान और आधुनिकता का उत्साह एक साथ नजर आया।

**दीप प्रज्ज्वलन से उत्सव का श्रीगणेश:** सांस्कृतिक शाम का आगाज एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा और थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आयोजन की कमान पूज्य पंचायत सिंधी समाज और भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा के हाथों में रही। अतिथियों ने समाज के इस एकजुट प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ही शहर की गंगा-जमुनी तहजीब को जीवंत रखते हैं।

**सिंधी जायके और बचपन की किलकारियां:** मेले का सबसे बड़ा आकर्षण फूड जोन रहा, जहां सिंधी व्यंजनों की सोंधी खुशबू ने हर किसी को अपनी ओर खींचा। कढ़ी चावल, बेसन की डोडा टिक्की, और छोले पकवान जैसे पारंपरिक स्वादों के साथ-साथ आधुनिक व्यंजनों के स्टॉल्स पर जायके के शौकीनों की भारी भीड़ उमड़ी। जहां एक ओर बच्चों ने झूलों और मनोरंजन के साधनों का आनंद लिया, वहीं लकी ड्रा के रोमांच ने बड़ों का उत्साह भी दोगुना कर दिया।

**नई पीढ़ी को विरासत से जोड़ने का सेतु:** पूज्य पंचायत सिंधी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश नवलानी ने बड़े ही मार्मिक भाव से कहा, यह मेला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली सिंधी कल्चर और जड़ों से परिचित कराने का एक माध्यम है। भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा की अध्यक्ष पूनम चेलानी, प्रिया नंदवानी एवं उनकी टीम ने बताया कि इटारसी के कोने-कोने से सिंधी परिवारों ने इसमें शामिल होकर सामाजिक एकता का परिचय दिया है। 20 मार्च चैती चांद के अवसर पर शहर में श्रद्धा का सैलाब उमड़ेगा। बहराणा साहब का विधि-विधान से पूजन होगा और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# भागवत कथा के पांचवें दिन बाल लीलाओं के साथ माता पिता की सेवा और प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश



**समय जगत, सिलवानी।** रायसेन जिले की सिलवानी तहसील के ग्राम सियरमऊ में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर कथा वाचक सत्यम मधुरम जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का रसपूर्ण वर्णन करते हुए जीवन में माता-पिता के सम्मान और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति का भाव बना रहा। अपने प्रवचन में महाराज ने कहा कि जैसे किसी वृक्ष की जड़ में पानी देने से पूरा वृक्ष हरा-भरा हो जाता है, उसी प्रकार भगवान के सच्चे भक्तों की वाणी और संग से मनुष्य का जीवन सफल और सुखमय हो जाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य यदि जीवन में सच्चे मार्ग पर चलना चाहता है तो उसे संतों के उपदेशों को अपनाना चाहिए। महाराज ने माता-पिता के महत्व पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि यदि माता-पिता दुखी हैं तो संसार के सभी तीर्थों में जाने का भी कोई लाभ नहीं होता। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मनुष्य को अपने माता-पिता की सेवा और पूजा करनी चाहिए, उसके बाद ही अन्य कार्य करने चाहिए। माता-पिता की सेवा ही सच्चा धर्म और सबसे बड़ा पुण्य है। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भी मनोहारी वर्णन किया। महाराज ने कहा कि भगवान कृष्ण को माखन चोर कहा जाता है, लेकिन वे केवल माखन ही नहीं चुराते, बल्कि अपने भक्तों के जीवन के पाप और दुख भी हर लेते हैं। इसी क्रम में उन्होंने गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने प्रकृति और पर्यावरण के महत्व को समझाने के लिए ही गोवर्धन पूजा की परंपरा स्थापित की। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति प्रकृति और पर्यावरण से प्रेम करता है, भगवान उस पर शीघ्र प्रसन्न होते हैं।

# गढ़ौत में बनते ही उखड़ने लगी रोड



**समय जगत, उचेहरा।** किसी भी गांव का विकास तभी माना जाता है जब वहां आने-जाने की अच्छी सुविधा हो। सरकार द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं कि अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को लाभ मिले लेकिन पंचायत के जिम्म्मेदारों को ही यह रास नहीं आ रहा कि अपने पंचायत का विकास करें। जनपद के पठारी पंचायत गढौत का ताजा मामला अभी प्रकाश में आया है यहां जन सुविधा के लिए रोड तो बनाई गई है लेकिन रोड बनते ही कुछ ही दिनों में उसके परखच्चे उड़ने शुरू हो गये। गढौत के ग्राम कोरदरी में पीसीसी रोड एवं नाली का गुणवत्ता विहीन निर्माण पंचायत ने कराया है जिसे देखने से ही उसकी गुणवत्ता की पोल खुल रही है। हासिल जानकारी अनुसार सड़क और नाली का निर्माण ठेके में कराने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया। इन्ही ग्रामीणों की मानें तो जिस समय इस सड़क का निर्माण हो रहा था तब पंचायत के कई ग्रामीणों ने अपनी आवाज उठाई थी लेकिन उनकी किसी ने नहीं सुनी। जिम्मेदारों ने यह निर्माण कार्य कराया जहां गुणवत्ता की घोर उपेक्षा हुई। पंचायत के सचिव सरस्वती चरण सोनी पर ग्रामीणों ने गफलत का आरोप लगाया है वहीं पंचायत के जिम्मेदारों से इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हा पाया।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेल: dainiksamayjagat@gmail.com

# कांशीराम जयंती पर आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों का उपचार



**समयजगत, ललितपुर।** मान्यवर काशीरामजी की जयंती पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक व प्रदेश महासचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ डा.खेमचंद वर्मा रहे। यह स्वास्थ्य शिविर सदन शाह चौराहा स्थित लाल पैथोलॉजी पर आयोजित किया गया। शिविर में दर्द एवं खेलकूद विशेषज्ञ डा.रोहित शर्मा ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। शिविर में कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों का दर्द, कंधे का दर्द, साइटिका तथा खेल चोटों से पीड़ित मरीजों का परीक्षण किया गया। डा.रोहित शर्मा ने कहा कि आजकल गलत जीवनशैली और खान-पान की वजह से लोगों में हड्डियों और जोड़ों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। समय पर उपचार और नियमित व्यायाम से इन समस्याओं से बचा जा सकता है। साथ में लैब तकनीशियन मनीष पटवारी डाक्टर लाल पैथ लैब वालों ने ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच निशुल्क की। इस दौरान राकेश रजक, मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह, शशिकांत दीक्षित सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजा राजपाल सिंह, मोहन सिंह चंदेल, समरथ कुशवाहा, सीताराम राय, दीपक रैकवार, सौरभ, अनिल, सुरेंद्र, विशाल जोसेफ आरती पाल, रोशनी राजपूत, नीलम पटवारी, आशा कुशवाहा, अभिषेक कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 मार्च तक होंगे

**निवाड़ी।** जिला शिक्षा केन्द्र निवाड़ी के जिला परियोजना समन्वयक फूलसिंह दिनकर द्वारा बताया गया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत अशासकीय विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया 13 मार्च 2026 से प्रारंभ है। इसके अंतर्गत अशासकीय विद्यालयों की प्रथम प्रवेशित कक्षा नर्सरी, केजी वन, केजी टू एवं कक्षा पहली में प्रवेश अर्थात् विद्यालय की जो भी प्रथम प्रवेशी कक्षा हो उसमें प्रवेश हेतु पात्र अभिभावक आरटीई पोर्टल पर 13 मार्च से 28 मार्च 2026 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। ऑनलाईन भरे गये आवेदन का सत्यापन संबधित जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर 14 मार्च से 30 मार्च 2026 तक किया जाएगा। इसके पश्चात राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल द्वारा राज्य स्तर पर 02 अप्रैल को रेंडम आधार पर ऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा।

## निवाड़ी दौरे पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

### युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी के घर पहुंचकर पूछा हाल-चाल, संगठन मजबूती पर हुई चर्चा



**समय जगत, निवाड़ी ।** मध्यप्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने अपने निवाड़ी दौरे के दौरान कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की।दौरे के दौरान उन्होंने युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी के निवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान पृथ्वीपुर विधायक नितेंद्र सिंह राठौर भी उनके साथ मौजूद रहे बैठक के दौरान अजय सिंह ने कार्यकर्ताओं से आगामी राजनीतिक गतिविधियों और क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर संवाद किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता की आवाज उठाने का काम करती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझें और उन्हें शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करें।इस दौरान संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक पार्टी की सक्रियता बढ़ाने और आगामी चुनावों को लेकर रणनीति पर भी चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और स्थानीय मुद्दों को अजय सिंह के सामने रखा।

बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नेता मौजूद रहे। सभी ने पार्टी को मजबूत बनाने और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर डा.महेंद सिंह चौहान, पृथ्वीपुर विधायक नितेंद्र सिंह राठौर,सतेंद्र कुशवाह , पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश दांगी , जिलाध्यक्ष राजेश यादव,जगदीश तिवारी,पूर्व जिला महासचिव पं शिवम् नायक, प्रभात द्विदी,अमृतेश द्विवेदी,प्रदीप यादव , रोहित सेन, रविन्द्र घोष ,अनुप बडोनिया ,समीर तिवारी, पुष्पेन्द्र दांगी , श्रीनारायण रिछारिया, प्रदीप तिवारी,हनी खान , संपत चौधरी, अंकित यादव , हबीब खान,नूरी खान एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## मां विंध्यवासिनी महारानी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक



### 19 से 28 मार्च तक होंगे धार्मिक कार्यक्रम

**समय जगत, ललितपुर।** शहर के नदीपुरा स्थित श्रीश्री 1008 श्री रामजानकी व श्रीसंकट मोचन धाम में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें श्रीश्री 1008 श्री माँ विंध्यवासिनी महारानी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की रूपरेखा तय की गई। बैठक में मंदिर समिति और श्रद्धालुओं को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सभी आमजन से समारोह में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई। बैठक में बताया गया कि श्री संकट मोचन मंदिर, नदीपुरा में माँ विंध्यवासिनी महारानी की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य धार्मिक अनुष्ठान 19 मार्च से 28 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन विभिन्न वैदिक एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पुजारी जी ने बताया कि 19 मार्च को जल यात्रा (कलश यात्रा), श्रीगणेश पूजन, पीठ निर्माण एवं दुर्गा पाठ के साथ अनुष्ठान की शुरुआत होगी। 20 मार्च को पीठ पूजन, प्रायश्चित स्नान एवं जलाधिवास तथा 21 मार्च को अन्नाधिवास, घृताधिवास और गंधाधिवास का कार्यक्रम होगा। इसी क्रम में 22 मार्च को धूपाधिवास, वस्त्राधिवास, पुष्पाधिवास, औषधिवास और मिष्ठानाधिवास जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। 25 मार्च को देव स्नान, सहस्त्रधारा स्नान, रथ यात्रा और नगर भ्रमण का आयोजन किया जाएगा। वहीं 26 मार्च को मूर्ति न्यास एवं माँ विंध्यवासिनी महारानी की प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान होगा। 27 मार्च को हवन-पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा, जबकि 28 मार्च को श्री सत्यनारायण कथा और भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस धार्मिक आयोजन में तुवन मंदिर के महंत श्रीरामलाखन दासजी महाराज, श्री नृसिंह मंदिर महंत श्रीगंगादासजी महाराज, श्रीचंडी माता मंदिर के महंत स्वामीश्री चन्द्रेश्वर गिरिजी महाराज तथा श्रीहनुमान धारा मंदिर महंत श्रीराधा मोहनजी महाराज सहित कई संत-महात्माओं का सान्निध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम के प्रतिष्ठाचार्य पं. कृष्णकांत शास्त्री होंगे। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पावन आयोजन में शामिल हों और धर्म लाभ प्राप्त करें।

# जिंदगी के बाद भी जीवन का विकल्प

### ग्रामीण जागरूकता शिविर में ग्रामीणों ने लिया अंगदान का संकल्प



**समय जगत, ललितपुर।** जालौन जनपद के ग्राम गोपालपुरा में रविवार को एक अनोखा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों को मृत्यु के बाद भी दूसरों को जीवन देने के लिए प्रेरित करना था। जिंदगी के बाद भी जीवन का विकल्प, आप भी लें अंगदान का संकल्प थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को अंगदान, देहदान और रक्तदान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। 15 मार्च 2026 को शान्ति देहदान चौरिटेबल ट्रस्ट ललितपुर ने पहली बार जनपद जालौन में पहुंचकर राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एसओटीटीओ) का प्रतिनिधित्व किया। दिल्ली स्थित हेल्पिंग हट एनजीओ के तत्वावधान में आयोजित ग्रामीण जन-जागरूकता मेला एवं अंगदान शिविर में ट्रस्ट की टीम ने विशेष कैंप लगाकर ग्रामीणों को अंगदान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति जीवनकाल में अंगदान का संकल्प लेता है और मृत्यु के बाद परिजन समय पर स्वास्थ्य विभाग को सूचना देते हैं, तो उसके अंगों से कम से कम 8 लोगों की जान बचाई जा सकती है और लगभग 75 लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार संभव है। इसमें नेत्रदान के साथ-साथ हृदय, किडनी, फेफड़े, लीवर, अग्न्याशय और आंतों जैसे महत्वपूर्ण अंगों के अलावा त्वचा, हड्डी और हृदय वाल्व जैसे ऊतकों का दान भी कई मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होता है। शिविर में ग्रामीणों को क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन अंगदान संकल्प लेने की सुविधा के बारे में भी बताया गया। आयोजकों ने जानकारी दी कि लोग एसओटीटीओ की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर या उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैन कर आधार नंबर और ओटीपी सत्यापन के माध्यम से आसानी से अपना अंगदान संकल्प राष्ट्रीय रजिस्ट्री में दर्ज करा सकते हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी बिना किसी कागजी प्रक्रिया के इस पुण्य कार्य में भागीदार बन सकते हैं। शिविर के दौरान देहदान, अंगदान और रक्तदान के संकल्प पत्र भी वितरित किए गए तथा ग्रामीणों को चिकित्सा शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मौके पर रक्तदान शिविर आयोजित किये जाने के साथ-साथ ग्रामीणों को दवाओं का भी वितरण किया गया। शान्ति देहदान चौरिटेबल ट्रस्ट ने पहली बार उत्तर प्रदेश के किसी अन्य जिले में जाकर इस प्रकार का व्यापक कैंप आयोजित कर मानव कल्याण, चिकित्सा शिक्षा और अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हेल्पिंग हट हत्रह्र के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों तक यह संदेश पहुंचाने का प्रयास सराहनीय रहा। कार्यक्रम में संस्थापक खुशालचन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष सुषमा साध, काउंसलर वंदना मेहता, मंत्री रामस्वरूप पटेल, ट्रस्टी सामंत सिंह यादव तथा संस्था के आजीवन सदस्य राजेश ननौरा, आयोजक मंडल के राघवेंद्र प्रताप सिंह, ऋषिका गिरी, शनि, नितेंद्र एवं अंशिका सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन उरई-जालौन ने शान्ति देहदान चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने परिवार में अंगदान और देहदान जैसे विषयों पर खुलकर चर्चा करें, क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन संकल्प लें ।

## युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

**समय जगत, ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के एक गांव में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महिला ने थाना बार में दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री बीती 11 मार्च 2026 की रात करीब एक बजे घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बाद में जानकारी मिली कि एक गांव निवासी नीरज राजा पुत्र स्व.हल्के राजा उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पीड़िता की मां का आरोप है कि इस घटना में राजू लुहार नामक युवक ने भी सहयोग किया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 61(2) व 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## खेत जाते समय युवक से मारपीट

**समय जगत, ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम इस्त्रानी में खेत जाते समय एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम इस्त्रानी निवासी दयाराम कुशवाहा ने थाना बार में दी तहरीर में बताया कि 15 मार्च 2026 की सुबह करीब 6 बजे वह अपने खेत जा रहा था। तभी स्कूल के पास गांव के ही जगदीश पुत्र धनु कुशवाहा, मनमोहन और दीप नारायण पुत्रगण जगदीश ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उसे लात-घूंसे से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर उसका बेटा रामेश्वर मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। घटना की सूचना पर थाना बार पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफबीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## धूमधाम से मनाया जाएगा श्रीहनुमान जन्मोत्सव



**समय जगत, ललितपुर ।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव को लेकर प्रथम निमंत्रण पत्र श्रीतुवन सरकार को अर्पित किया तथा मंदिर महंत रामलखन दासजी से मुलाकात कर 8 दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी दी व निमंत्रण पत्र महंतजी को सौंपा। 1 अप्रैल दिन सोमवार को सुंदर कांड रात्रि 8 बजे से व रात्रि 12 बजे से जन्मोत्सव, 2 अप्रैल गुरुवार सुबह 7 बजे से भव्य श्रृंगार दर्शन हवन पूजन व प्रसाद वितरण किया जायेगा। विशाल शोभायात्रा शाम 4.30 बजे से तुवन मंदिर से आरंभ होगी, जो कि अपने निर्धारित मार्ग सदर कांटा, महावीरपुरा, रावरपुरा, चौबयाना, नदीपुरा, सावरकर चौक, घंटाघर होते हुए तुवन मंदिर पर समापन होगा। 3 अप्रैल शुक्रवार व 4 अप्रैल शनिवार को संगीतमय अखंड रामायण पाठ, 5 अप्रैल रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के नृत्य एवं गायन 6 अप्रैल सोमवार कवि सम्मेलन, 7 अप्रैल मंगलवार को भजन संध्या, परशुराम अवस्थी द्वारा शाम 7 बजे से 8 अप्रैल श्रीसत्यनारायण जी की कथा के साथ समापन होगा व अति शीघ्र आम सभा की बैठक व अखाड़ों की बैठक भी बुलाई जाएगी।

इस दौरान समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, संयोजक जगदीश पाठक, पं.रमेश रावत, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, मंत्री राकेश तामिया, संगठन मंत्री भरत रिछारिया, अवधेश कौशिक, शिवकुमार शर्मा, मुन्नालाल त्यागी, सतेंद्र यादव सेतु, शुभम कौशिक, के.के. साहू आदि उपस्थित थे।

## नाबालिग का अपहरण कर हत्या का आरोप, शव खंती से मिला, पिता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**समय जगत, उरई।** गोहन थाना क्षेत्र के नबीपुर गांव निवासी एक पिता अपने नाबालिग बेटे की संदिग्ध मौत के बाद न्याय की गुहार लगा रहे हैं। पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बेटे के अपहरण और हत्या के मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।नबीपुर गांव निवासी नईम खान पुत्र स्व. अब्दुल हफीज ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनका 15 वर्षीय नाबालिग पुत्र फहीम 5 मार्च 2026 को अपने घर से ग्राम सरावन जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद वह ग्राम बदनपुरा पहुंच गया, जहां से उसका कथित रूप से अपहरण कर लिया गया। इस संबंध में प्रार्थी ने थाना गोहन में अज्ञात लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई थी।नईम खान के अनुसार कुछ समय बाद पुलिस ने सड़क किनारे स्थित खंती (चौड़े नाले) से उनके बेटे का शव बरामद किया। शव का रंग नीला पड़ा हुआ था और उसके हाथों पर रस्सी से बांधने के निशान भी मिले, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।पीड़ित पिता का आरोप है कि उनके बेटे का अपहरण कर उसे ग्राम बदनपुरा निवासी सुंदर सिंह उर्फबल्लू दोहरे, विक्रम, प्रमोद और मंगल पुत्रगण राजेश दोहरे अपने घर ले गए थे, जहां उसे बंधक बनाकर हत्या कर दी गई और शव को सड़क किनारे खंती में फेंक दिया गया।नईम खान का कहना है कि घटना से पहले उनकी बेटे से फोन पर बात हुई थी, उस समय वह सुंदर सिंह उर्फबल्लू के घर पर ही मौजूद था। पीड़ित पिता ने परिजनों और ग्रामीणों के साथ क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ को भी प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों को नामजद कर गिरफ्तारी की मांग की थी। उनका आरोप है कि आश्वासन के बावजूद अभी तक आरोपियों के खिलाफकोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है ।

पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर नामजद आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उनके नाबालिग बेटे को न्याय मिल सके। इस मामले में एसपी डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने कहां की मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। जो भी इसमें दोषी होगा कार्रवाई की जाएगी।

## जमीन के नाम पर 34 लाख की ठगी

### फर्जी दस्तावेज बनाकर प्लॉट बेचने का आरोप

**ललितपुर।** जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपये की ठगी और फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने का मामला सामने आया है। कोतवाली ललितपुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और धमकी देने समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के शांतिनगर निवासी अरविंद कुमार जैन पुत्र गोकुलचंद जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी मुलाकात ललितपुर निवासी बृजकिशोर शर्मा से हुई थी। बृजकिशोर शर्मा ने आरटीओ नहर रोड के पास स्थित लगभग 1.22 एकड़ जमीन बेचने का प्रस्ताव दिया और जमीन का सौदा करीब 34 लाख रुपये में तय हुआ। दोनों पक्षों के बीच इस संबंध में रजिस्टर्ड एग्रीमेंट भी किया गया था। पीड़ित के अनुसार समझौते के अनुसार उन्होंने अलग-अलग तारीखों में बैंक के माध्यम से आरोपियों को किस्तों में रुपये दिए। इसमें से लगभग 14,02,000 रुपये अरुण शर्मा के एचडीएफसी बैंक खाते में और करीब 20,63,155 रुपये बृजकिशोर शर्मा के यूनियन बैंक खाते में जमा किए गए। आरोप है कि पूरी धनराशि प्राप्त करने के बाद भी आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की और टालमटोल करते रहे। पीड़ित जब जमीन की जानकारी लेने तहसील पहुंचा तो उसे पता चला कि जिस जमीन का सौदा उससे किया गया था, उसी जमीन के कई प्लॉट फर्जी दस्तावेज तैयार कर अन्य लोगों के नाम रजिस्ट्री कर दिए गए हैं। आरोप है कि इस पूरे मामले में अरुण शर्मा और मनोज शर्मा भी बृजकिशोर शर्मा के साथ शामिल थे। पीड़ित के अनुसार 20 फरवरी 2026 को तुवन चौराहे पर पंचायत के दौरान जब उसने अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। यहां तक कि चंबल में लाश फिंकवा देने की धमकी भी दी गई।

पीड़ित ने इस धमकी की ऑडियो रिकॉर्डिंग होने का भी दावा किया है। कोतवाली ललितपुर पुलिस ने मामले में बृजकिशोर शर्मा, अरुण शर्मा और मनोज शर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## ढाबे के बाहर लाठी-डंडों से हमला, तीन लोग घायल

**समय जगत, उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव में एक ढाबे के बाहर तीन लोगों के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। इस हमले में एक ही परिवार के तीनों सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए उरई के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह पूरी घटना ढाबे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस के अनुसार, यह विवाद गांव के लोकेंद्र और उत्तरम पक्ष के बीच पिछले कुछ दिनों से चल रही रंजिश का परिणाम है। बताया गया है कि दो दिन पहले उत्तरम ने अपने साथियों के साथ मिलकर लोकेंद्र के साथ मारपीट की थी। इस मामले में पुलिस ने उत्तरम के खिलाफशांति भंग की कार्रवाई की थी। इसी पुरानी रंजिश के चलते लोकेंद्र और उसके साथियों ने उत्तरम को घेर लिया। उत्तरम उस समय अपने परिवार के दो अन्य सदस्यों के साथ खेतों पर फसल की रखवाली के लिए जा रहा था। रास्ते में ढाबे के बाहर आरोपियों ने तीनों को रोका और उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की सूचना पर उत्तरम के परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल उरई के जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच कुछ दिन पहले ढाबे पर खाने-पीने के दौरान हुए मामूली विवाद ने बाद में रंजिश का रूप ले लिया था।मारपीट की यह पूरी घटना ढाबे पर लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में ले लिया है और मामले की गहनता से जांच कर रही है।

डकोर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विजय पांडेय ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि घायलों को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

## कोई भी सामान खरीदें उसका पक्का बिल अवश्य लें, खाद्य वस्तुओं और दवाईयों पर एक्सपायरी डेट देखकर ही खरीदें : सीईओ सक्सेना

### भ्रामक विज्ञापनों के प्रलोभन से दूर रहें व सजग रहें




**समय जगत, निवाड़ी।** शासन के निर्देशानुसार विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभागार में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीईओ जिला पंचायत श्री रोहन सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूली छात्राओं द्वारा माँ सरस्वती की वंदना की गई। कार्यक्रम में पत्रकारगण, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सीईओ जिला पंचायत श्री रोहन सक्सेना ने उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए कहा कि सामान लेते समय एक्सपायरी दिनांक को अवश्य देखें। उन्होंने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को जानकारी दी गई तथा दंड के प्रावधान बताए। डिजिटल फ्रॉड से अपने आप को सुरक्षित रखने एवं भ्रामक विज्ञापनों तथा प्रलोभन के चक्कर में लोगों को कैसे फंसाया जाता है, घटनाओं को साँझा किया। उन्होंने बताया कि जब हमें कोई भुगतान करना पड़ता है तब ओटीपी या क्यूआर कोड स्कैन करना होता है, पैसे प्राप्त करने के लिए कोई भी ओटीपी या क्यूआर कोड स्कैन करने की आवश्यकता नहीं होती है। कोई भी सामान खरीदें उसका पक्का बिल अवश्य लें, खाद्य वस्तुओं और दबाईयों पर एक्सपायरी डेट देखकर ही खरीदें। सामान खरीदते समय मानक बाँटो द्वारा तौल करने के बाद ही खरीदारी करें। उपभोक्ताओं के अधिकार एवं धोखाधड़ी से सुरक्षा आधारित जागरूकता शॉर्ट फिल्म के माध्यम से उपभोक्ता के अधिकारों एवं फ्रॉड से सुरक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण जानकारी साँझा की गई।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती सरिता अग्रवाल ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि किसी भी व्यक्ति को सामान लेते समय एक्सपायरी दिनांक का ध्यान रखना, सही तौल का सामान लेना, बिल समय पर प्राप्त करना, मिलावटी सामान की जानकारी होना इत्यादि महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी उपभोक्ताओं को दी गई। उन्होंने कहा कि सामान खरीदते समय मानक बाँटो द्वारा तौल करने के बाद ही खरीदारी करें। यदि आपके साथ कोई धोखाधड़ी होने की आशंका हो या धोखाधड़ी के शिकार हुए हों, इस स्थिति में आप उपभोक्ता शिकायत नंबर 1800114000, नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन एप एवं बवदेनउमतीमसचसपदम.हवअ.पद पर ऑन लाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं अथवा जिला शिकायत निवारण अधिकारी से संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस लाइन आगर में तीन दिवसीय योग शिविर जारी

## योग के माध्यम से स्वास्थ्य, अनुशासन और मानसिक संतुलन पर दिया जा रहा है विशेष जोर



**आगर मालवा।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन आगर में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 14 मार्च से 16 मार्च 2026 तक तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य पुलिस बल को स्वस्थ, तनावमुक्त और ऊर्जावान बनाए रखना है, ताकि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन अधिक दक्षता, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कर सकें। इस पहल के माध्यम से पुलिस बल को नियमित योग अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित किया जा रहा है। शिविर के दौरान योग प्रशिक्षक योगाचार्य हरीश श्रीवास्तव की उपस्थिति में पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को विभिन्न योगासन एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। योग सत्र में विशेष रूप से सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन तथा ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास कराया गया। इन योगासनों के माध्यम से शरीर को लचीला और मजबूत बनाने, मांसपेशियों को सुदृढ़ करने, रीढ़ की हड्डी को स्वस्थ रखने तथा पाचन तंत्र को बेहतर बनाने के बारे में जानकारी दी गई। वहीं ध्यान के अभ्यास के माध्यम से मानसिक शांति, एकाग्रता और तनाव नियंत्रण के महत्व को भी बताया गया, जिससे पुलिस अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें।

शिविर के प्रथम दिवस पर 125 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने सहभागिता कर योग का लाभ प्राप्त किया, जबकि आज द्वितीय दिवस पर 70 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने इस शिविर में भाग लेकर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर प्रभारी रक्षित निरीक्षक जगदीश यादव, सूबेदार जितेंद्र शुक्ला सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा नियमित योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को नियमित योग करने और इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# राजस्थान युवा शक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## राजाखेड़ा विधानसभा में खेल स्टेडियम का हुआ वर्चुअली लोकार्पण




**धौलपुर।** राजस्थान युवा शक्ति दिवस 2026 के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन दीप स्मृति ऑडिटोरियम मानसरोवर जयपुर में माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश भर के युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने युवा शक्ति को राज्य के विकास की आधारशिला बताते हुए उन्हें नवाचार, कौशल विकास और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया। जिसमें जिले के राजाखेड़ा में खेल स्टेडियम का वर्चुअली माध्यम से लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें रोजगार, शिक्षा एवं उद्यमिता के बेहतर अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का उपयोग सकारात्मक दिशा में करते हुए राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दें। जिला स्तर पर नगर परिषद टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री के लाइव संबोधन को सुना और कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, कौशल विकास कार्यक्रमों एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी भी दी गई। साथ ही युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और राज्य के समग्र विकास के लिए उनके योगदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी बलभद्र सिंह, भाजपा की नीरजा शर्मा, सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं नवनियुक्त युवा उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में की गई जनसुनवाई




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णत: समर्पित है।

### राजाखेड़ा उपखंड में22 लाख की वसूली पर उतारे नौ ट्रांसफार्मर



**समय जगत, धौलपुर।** ,जेवीवीएनएल अधीक्षण अभियंता विवेक शर्मा के आदेशानुसार उपखंड राजाखेड़ा सहायक अभियंता आनंद तिवारी और विशेष रिकवरी ऑफिसर गोपाल लाल सैनी के निर्देशन में आज दिनांक 17/3/26 दिन मंगलवार को कनिष्ठ अभियंता मरैना के एरिया में बकाया वसूली अभियान चलाया गया जिसमें बिचौला फीडर से 4 और हथवारी फीडर से 5 ट्रांसफार्मर कुल 9 ट्रांसफार्मर करीब 22 लाख की बकाया पर उतार कर स्टोर कार्यालय में जमा किए साथ ही उपस्थित लोगों से सहायक अभियंता तिवारी ने लोगों से कहा कि वे अपना बिल समय से जमा करें।कई लोगों ने कई सालों से बिल ही जमा नहीं किया जिस के कारण उपखंड में बहुत बकाया राशि है जिस के कारण एक एक कनेक्शन की जांच कर कनेक्शन डीसी किए जा रहे हैं टीम में शामिल कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा, कनिष्ठ अभियंता रणवीर सिंह मूंड,कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल के साथ वरिष्ठ टेक्निशियन भूदेव प्रसाद शर्मा ,जगदीश सिंह,रमेश लोधी,राजेश कुमार,धर्मेंद्र कुमार, खुर्शीद खा,अयूब खा, लक्ष्मण सिंह इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मास्टर माइंड कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**समय जगत, आगर मालवा।** स्थानीय मास्टर माइंड कॉन्वेंट स्कूल तनोडिया में सोमवार को छात्रों ने ह्यूमन बॉडी सिस्टम,वैक्यूम जेसीबी, ह्यूमन हार्ट, डीएनए मॉडल, डाइजेटीव सिस्टम, इलेक्ट्रिक बोट, मानव आंख, प्राकृतिक जल शुद्धिकरण, ट्रैफिक लाइट, सौर मंडल सहित विभिन्न विज्ञान मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आचार्य रूपनारायण भाटी, शिक्षक राकेश चौधरी, राजेश राव जिला महासचिव श्रमजीवी पत्रकार संघ आगर मालवा, संस्था संचालक अनिल गुर्जर आदि थे। प्रदर्शनी में छात्रों ने विज्ञान मॉडल की कार्यप्रणाली पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए उनके कार्यों के बारे में बताया। अतिथियों ने छात्रों को दैनिक दिनचर्या में विज्ञान की आवश्यकता और भारतीय सनातन संस्कृति के वैज्ञानिक स्वरूपों के बारे में बताया उन्होंने बढ़ते वैश्विक तापमान,बदलते परिस्थिति तंत्र में छात्रों की भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस दौरान छात्रों ने अतिथियों के प्रश्नों का जवाब भी बखूबी दिया। प्रदर्शनी में कक्षा चौथी से लेकर आठवीं कक्षा के छात्र छात्राएं शामिल रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहे।

# जामा मस्जिद में 27 रोज़ की तरावीह के बाद हुई कुरआन मुकम्मल



**समय जगत राठ हमीरपुर।** रमज़ान माह के दौरान कस्बा राठ के पठनऊ बड़ा पुल स्थित जामा मस्जिद में 27 दिनों तक अदा की गई तरावीह में कुरआन-ए-पाक मुकम्मल किया गया। सोमवार देर रात आयोजित कार्यक्रम में रोजेदारों और नमाजियों ने देश में अमन-चैन, खुशहाली और बीमारों के स्वास्थ्य लाभ के लिए दुआ की। तरावीह में हाफिज दायम अली ने कुरआन की तिलावत की। उनकी आवाज़ से मस्जिद का माहौल भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में मुहम्मद फरीद ने नात पेश की। पेशइमाम हाफिज रफीक हनफी ने रमज़ान की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए सब्र, तकवा और इंसानियत का संदेश दिया। फातिहा में हाफिज सगीर ने भी शिरकत की। इस दौरान हाफिज सगीर, हाफिज दीदार, हाफिज रिजवान, हाफिज अबू बकर, हाफिज शहवाज, हाफिज कमाल, सैयद फरहान और फरीद चिश्ती सहित कई लोग मौजूद रहे। कुरआन मुकम्मल होने पर हाफिज दायम अली का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। उन्हें 62,786 रुपए नकद और शाही जोड़ा भेंट किया गया। वहीं पेशइमाम हाफिज रफीक हनफी को 27,786 रुपए, मुअज्जिन शरीफ चिश्ती को 20,786 रुपए और नायब पेशइमाम मुख्तार को 10,786 रुपए नकद व शाही जोड़ा दिया गया।

समापन अवसर पर अबरार खां साहब, बादशाह खान, खलील अहमद ( पप्पू ), सऊद बेग ( बिल्लू ), सपा नेता दानिश खान, निहाल खान, राजू भाई, राशिद उल्ला, रईस पठान, तन्नू लम्बरदार, हुसैन खां, अनीस डॉक्टर, उबैद पठान, हातिम खां, साबिर, हाशिम, चमन, शहिंसा डॉक्टर, फ़तेह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# 23 से 27 मार्च तक उत्सव का माहौल, हमीरपुर महोत्सव में दिखेगी विरासत और नवाचार



**समय जगत हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 23 से 27 मार्च तक चौरा देवी प्रांगण में हमीरपुर महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य जनपद की संस्कृति और विरासत का व्यापक प्रचार–प्रसार करना है। महोत्सव में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जहां लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ मिलेगा। साथ ही ओडीओपी उत्पादों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जिनमें स्थानीय और अन्य जनपदों के उत्पाद शामिल होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के साथ बाहरी कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। इसके अलावा किसान, वन एवं पर्यावरण विषयों पर गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी, जिससे महोत्सव को ज्ञानवर्धक बनाया जा सके। बच्चों के लिए ड्रोन शो, स्पेस लैब और प्लेनेटोरियम विशेष आकर्षण रहेंगे। वहीं भजन संध्या, कॉमेडी नाइट्स, यमुना आरती, लोक नृत्य और लोक संगीत जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रेस वार्ता में सीडीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, सूचना अधिकारी सतीश कुमार, पर्यटन सूचना अधिकारी चित्रगुप्त सिंह सहित कई अधिकारी और पत्रकार मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा आरटीसी पुलिस लाइन में आरक्षी प्रशिक्षण की अंतिम परीक्षा का निरीक्षण, निष्पक्ष व पारदर्शी संचालन के दिए निर्देश



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा आरटीसी पुलिस लाइन महोबा में संचालित आरक्षी नागरिक पुलिस आधारभूत प्रशिक्षण की अन्त:विषय अंतिम परीक्षा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर परीक्षार्थियों की उपस्थिति, बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण एवं अन्य व्यवस्थाओं की गहनता से समीक्षा की गई। उन्होंने ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्रीफ करते हुए निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्णत: निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए। साथ ही, किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रखी जाए तथा प्रवेश एवं निकास बिंदुओं पर सघन चेकिंग सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोका जा सके। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारीगण एवं प्रशिक्षण स्टाफ उपस्थित रहे।

# शराबी ने पत्नी की सिलबट्टा मारकर की हत्या



**महोबा।** शराबी पति ने पत्नी की सिलबट्टे से कुचलकर हत्या की घटना प्रकाश में आई है घटना की सूचना मिलते ही श्रीनगर पुलिस के आला अफसर घटनास्थल पहुंचे व जाँच पड़ताल की मृतिका के परिजनों ने शराबी पति पर गंभीर आरोप लगाए है बडी ही बेरहमी से पत्नी को मौत के घाट उतारा है बेटा मदद की गुहार लगाता रहा मगर कोई बचाने नहीं आया घटना बीती रात की बताई जा रही है इस घटना से परिजनो का रो रोकर बुरा हालत है पुलिस क्षेत्राधिकारी भी मौके पर पहुँचे आपको बता दे की श्रीनगर थाना क्षेत्र के भंडरा गांव के लोधी खोड़ा निवासी रामसिंह पुत्र रामस्वरूप अपनी पत्नी पवन कुमारी व बच्चों पीयूष, आयुष, परी के साथ खेत में ही मकान बनाकर रहता था रामसिंह शराब का लती था आये दिन शराब पीकर मारपीट की करता था बीती रात्रि भी शराब पीकर पत्नी से मारपीट की मृतक की भतीजी दीक्षा ने बताया की मसाला पीसने वाले सिलबट्टे से कुचल कुचल कर व गले में गर्म कीले से प्रहार कर पत्नी को मार डाला घटना बीती रात की बताई जा रही है घटना के समय मृतिका के बच्चे चिल्ला कर मदद की गुहार लगाते रहे मगर कोई बचाने नहीं आया मुहहले वासियो ने नजरअंदाज कर दिया क्योंकि आये दिन शराब पीकर लड़ाई करता था मगर मुहाल वासी मदद करते तो यह घटना घटित नहीं होती इस घटना से परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है मृतिका हमीरपुर जिले के मुस्कुरा थाना क्षेत्र के उपरांका की थी मृतिका की शादी 15 वर्ष पहले रामसिंह से हुई थी घटना की जानकारी जेठ राजू से दी मृतिका की मां उर्मिला का रो रोकर बुरा हालत है मात्रिका के पिता भगवती प्रसाद व भाई ने शराबी पति के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की माँग की है घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी जयचंद सिंह मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे व जाँच पड़ताल की शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा घटना स्थल पर क्षेत्राधिकारी दीपक दुबे ने मौके पर जाँच पड़ताल की।

# नटेरन में सरकारी हंटर: पिछले साल की आगजनी का अब थमाया नोटिस



**नटेरन।** तहसील क्षेत्र के सैकड़ों किसानों पर इन दिनों प्रशासन का सरकारी हंटर चल रहा है। पिछले साल की नरवाई (पराली) जलाने के नाम पर किसानों को हजारों रुपये की वसूली के नोटिस (तामीली) थमाए जा रहे हैं। बिना किसी जमीनी जांच के केवल सैटेलाइट इमेजरी के आधार पर जारी इन नोटिसों से अन्नदाताओं में भारी आक्रोश है।

मरखेड़ा के किसान तरवर सिंह ने प्रशासन की इस कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा, ÷यहाँ तो अंधेर नगरी चौपट राजा वाला हाल हो रहा है। । बिना किसी ठोस आधार के एक साल पुराने मामलों में हमें परेशान किया जा रहा है।÷

**आग किसने लगाई, हमें पता ही नहीं:** गुरोद ग्राम के गिरवर सिंह का कहना है कि उन्हें एक साल बाद नोटिस दिया जा रहा है। फसल कटने के बाद खेत में आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी या पास के खेत से आई, इसकी जानकारी हमें भी नहीं है। वहीं, ग्राम तिलक खेजड़ा के किसान देव रघुवंशी ने बताया, हमारा खेत नरखेड़ा घाट में है। फसल कटाने के बाद हम खेत पर गए ही नहीं, फिर भी हमारे नाम का नोटिस थमा दिया गया।

**सबूत के नाम पर सिर्फ सैटेलाइट का हवाला:** नटेरन के किसान महेंद्र रघुवंशी ने जब प्रशासन से अपनी गलती का सबूत माँगा, तो अधिकारियों ने सिर्फ सैटेलाइट डेटा का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। महेंद्र का सवाल है, ÷हमारे खेत में आग हमने ही लगाई, इसका आपके पास क्या पुख्ता सबूत है?÷ किसानों का आरोप है कि प्रशासन बिना किसी पंचनामे या स्थलीय निरीक्षण के एकतरफा कार्रवाई कर रहा है।।

**इनका कहना है–**

ये पिछले वर्ष की आगजनी के नोटिस हैं। हमें कलेक्टर साहब के आदेश हैं, इसलिए हम किसानों को नोटिस तामील करवा रहे हैं।

**आनंद जैन, तहसीलदार, नटेरन**

## म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न

**आगर मालवा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक–01 अंतर्गत तनोडिया ग्राम विकास जन कल्याण समिति के संरक्षण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व तथा जिला समन्वयक देवेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य समिति सदस्यों को ग्राम विकास, जल संरक्षण, जैविक कृषि, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वावलंबन तथा समितियों के प्रभावी संचालन संबंधी विषयों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धर्मेंद्र गहलोत तथा सरपंच, ग्राम पंचायत हड़ाई सतपाल सिंह चुंडावत उपस्थित रहे। मुख्य वक्ताओं के रूप में रूपनारायण भाटी, शिवनारायण आर्य, सुश्री ऋषिका मसानिया, यश जाट एवं नवांकुर संस्था प्रतिनिधि दिनेश तिवारी ने प्रशिक्षण के विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

## राहत नहीं मुसीबत बना हाईवे, बदबे से परेशान हैं राहगीर



**समय जगत, मनेंद्रगढ़।** कलेक्टर कार्यालय से लगभग दो किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे–43 राहगीरों के लिए राहत नहीं, बल्कि मुसीबत का रास्ता बन गया है। सड़क किनारे संचालित एक पोल्ट्री फार्म से उठने वाली दुर्गन्ध ने आमजन का जीना दूभर कर दिया है।

हालात ऐसे हैं कि इस मार्ग से गुजरते समय लोगों को सांस रोककर निकलना पड़ता है, खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह सफर किसी सजा से कम नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है। पहले भी कई बार इसकी शिकायत प्रशासन से की जा चुकी है। हर बार शिकायत के बाद कुछ दिनों तक सफाई और प्रबंधन का दिखावा किया जाता है, लेकिन जैसे ही मामला ठंडा पड़ता है, हालात फिर उसी पुराने ढर्रे पर लौट आते हैं। सवाल यह है कि आखिर यह अस्थायी सुधार का खेल कब तक चलता रहेगा? राहगीरों के मुताबिक, रविवार को स्थिति और भयावह हो जाती है। भारी वाहनों की आवाजाही के बीच जब दुर्गन्ध का तेज झोंका आता है, तो दोपहिया वाहन चालक संतुलन खोने तक की स्थिति में आ जाते हैं। यह केवल असुविधा का मामला नहीं, बल्कि सीधे–सीधे सड़क सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। सबसे बड़ा सवाल प्रशासन की कार्यशैली पर खड़ा हो रहा है। क्या कारण है कि बार–बार शिकायतों के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा? क्या नियम–कायदों की अनदेखी कर पोल्ट्री फार्म का संचालन किया जा रहा है? और अगर हां, तो अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई? स्थानीय लोगों में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि कहीं इस पूरे मामले में कुछ तथाकथित पत्रकारों का संरक्षण तो नहीं है, जिसके चलते जिम्मेदार अधिकारियों के हाथ कार्रवाई करने से कांपते हैं। अगर ऐसा है, तो यह स्थिति और भी चिंताजनक है, क्योंकि यह न केवल प्रशासनिक निष्पक्षता पर सवाल उठाती है, बल्कि जनता के भरोसे को भी कमजोर करती है। जनता पूछ रही है क्या आम लोगों की परेशानी से ज्यादा अहम कुछ लोगों के संबंध हो गए हैं? क्या नियम सिर्फ कागजों तक सीमित हैं? और क्या हाईवे पर सफर करना अब लोगों की मजबूरी बनकर रह जाएगा? प्रशासन दिखावटी कार्रवाई से आगे बढ़े और इस समस्या का स्थायी समाधान निकाले। या तो पोल्ट्री फार्म को नियमानुसार संचालित कराया जाए या फिर उसे यहां से हटाने की ठोस कार्रवाई की जाए। क्योंकि बदबू केवल हवा में नहीं है, यह व्यवस्था की लापरवाही की भी सड़ी हुई तस्वीर पेश कर रही है। अगर अब भी जिम्मेदार नहीं जागे, तो यह दुर्गन्ध सिर्फ नाक तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि प्रशासन की छवि को भी सड़ांध में बदल देगी।

# अनुबन्ध के अनुसार घोषित तिथि तक कार्यदायी संस्थाएं तेजी से कार्य पूर्ण करते हुए हैंडओवर करना हो सुनिश्चित : सीडीओ

**समय जगत, झांसी।** मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद ने विकास भावन स्थित एनआरएलएम सभागार में ?50 लाख एवं उससे अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं का सत्यापन एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि अनुबंध के अनुसार कार्य पूर्ण होने की तिथि तक कार्यदायी संस्थाएं तेजी के साथ कार्य पूर्ण करें ताकि उन्हें हैंडओवर करते हुए जनता को लाभान्वित किया जा सके।

मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में विभिन्न संस्थाओं द्वारा निर्माणाधीन परियोजनाएं जिनकी लागत 50 लाख एवं उससे अधिक है उनकी प्रगति और सत्यापन रिपोर्ट संबंधित नोडल अधिकारियों से लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यो का सत्यापन समय से करते हुए रिपोर्ट माह के प्रथम सप्ताह में डीएसटीओ कार्यालय को उपलब्ध कराएं ताकि समीक्षा में और पारदर्शिता लाई जा सके। उन्होंने कहा कि अनुबंध के अनुसार कार्य पूर्ण होने की तिथि तक समस्त कार्यदायी संस्थाएँ तेजी के साथ निर्माणाधीन कार्य पूर्ण करें ताकि उन्हें हैंडओवर करते हुए उसका लाभ आम जनमानस को मिल सके। उन्होंने नोडल अधिकारियों द्वारा सत्यापन रिपोर्ट में विभिन्न एजेंसियों द्वारा कार्य की गति धीमी होने की जानकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए गति के साथ पूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक की शुरुआत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 50 लाख से अधिक लागत की सड़क परियोजनाओं की प्रगति और सत्यापन आख्या के साथ प्रारंभ हुई, मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद ने विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा बनाई जा रही 14 सड़क परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अनुबंध के अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रांतीय खंड द्वारा निर्माणाधीन पाल कॉलोनी ग्वालियर रोड के पास सर्विस रोड से लहर गांव की ओर सड़क निर्माण, ब्लाक बड़ा गांव में जौरी बुजुर्ग से लेवा सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण एंव ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा बुंदेलखंड विकास निधि राज्यांश के माध्यम से बनाई जा रही सड़कों के निर्माण की भी बिंदुबार समीक्षा की और कार्य को गति के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।



बैठक में 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाएं (सड़कों को छोड़कर) की समीक्षा करते हुए सीडीओ श्री जुनैद अहमद ने यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा कार्य की प्रगति संतोषजनक न होने पर नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने राजकीय मेडिकल कालेज जनपद झांसी में टाईप-01, टाईप-03 आवासों में जीर्णोद्धार कार्य हेतु टाईप-01 (72-नग) में 16 आवासों को हैंडओवर कर दिया गया है शेष 04 का जीर्णोद्धार कार्य लगभग पूर्ण होने को है उन्हें भी हैंडओवर कर दिया जाएगा, शेष 12 का को मार्च में पूर्ण करते हुए हैंडओवर की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जीर्णोद्धार के कार्यो की समीक्षा के दौरान टाईप-03 (18 नग) में 18 नग आवासों में से 14 नग का जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर है,जिसमें 04 कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्व में हैंडओवर हो गए हैं,04 आवास मार्च में हैंडओवर किए जाएंगे। शेष माह अप्रैल तक पूर्ण करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा हैंडओवर किए जाएंगे। कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि किए जा रहे जीर्णोद्धार कार्य को गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए हैंडओवर किए जाने के निर्देश दिए।

निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक में सीडीओ ने जनपद झांसी में वीरांगना झलकारी बाई राजकीय महिला पॉलिटेक्निक जिसकी लागत लगभग 14 करोड़ से अधिक है की समीक्षा करते हुए हो रहे कार्य की जानकारी ली। सहायक अभियंता ने बताया कि प्राविधिक शिक्षा विभाग से संबंधित निर्माण कार्य में ग्राउंड फ्लोर की स्लैब का कार्य एवं 1ज फ्लोर की स्लैब का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ग्राउंड फ्लोर एवं 1ज फ्लोर की चिनाई,प्लास्टर का कार्य एवं आंतरिक दीवारों की पुट्टी का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष धनराशि प्राप्त होने पर कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाएगा। 50 लाख एवं उससे अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद ने कार्यदायी संस्था यूपी सिडको द्वारा 14 हाईस्कूल, 03 इंटरमीडिएट कॉलेज के निर्माण कार्य की जानकारी ली, बताया कि 11 हाईस्कूल एवं 02 इंटरमीडिएट कॉलेजों का कार्य प्रारंभ हो गया है। चकारा में विद्युत पोल होने के कारण निर्माण कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुआ है, कार्यो की समीक्षा करते हुए उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐवनी, घाटकोटरा, ढकरवारा, मवईगिर्द एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय पड़रा के कार्यो की समीक्षा करते हुए धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद ने निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा बनाए जा रहे शिक्षा विभाग के डायट में चारदीवारी, लैब एवं स्टाफ रूम की मरम्मत का कार्य तथा डायट में गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण की जानकारी लेते हुए कार्य प्रगति 05: प्रतिशत होने पर नाराजगी व्यक्त की और गुणवत्तापूर्ण कार करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खण्ड श्री नवनीत सिंह ने ?लाख 50 से अधिक विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य की जानकारी उपलब्ध कराई, उन्होंने मऊ-गरौठा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य,रक्सा टूंका बैदौरा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, पाल कॉलोनी ग्वालियर रोड के पास सर्विस रोड से लहरगांव की ओर सड़क निर्माण कार्य,जनपद झाँसी में बबीना टूंका मार्ग में लघु सेतु का निर्माण, एरच ककरवई मार्ग के किलोमीटर 23 में रपटा बॉक्स काल्वर्ट के निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग श्री रजनीश कुमार ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग झाँसी द्वारा बुन्देलखण्ड विकास निधि राज्यॉश की 10 सड़कों सहित 05 भवन निर्माण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 19 कार्यो के सापेक्ष 09 कार्य पूर्ण हो गए हैं,शेष कार्य प्रगति से चल रहे हैं जो निर्धारित समय में पूर्ण कर लिए जाएगें।

बैठक में इस अवसर पर अधिशासी अभियंता आरईएस श्री रजनीश कुमार, डीएसटीओ डॉ0 अर्चना सिंह,एई श्री नवनीत सिंह, सहित पर्यटन विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी मौजूद रहे।

## भक्तांबर पाठ की वर्गलायों से प्रभावित हो रहा है करगुवां जी क्षेत्र



**समय जगत, झांसी।** श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति एवं श्री आदिनाथ भक्तांबर मंडल के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति के महामंत्री कमल जैन लोकपथ एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष जैन बिजली वाले विधि सलाहकार अशोक जैन जैनिथ राजकुमार बाबा भागचंद जैन जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया श्री विजय सिंघाई श्री सक्षम सिंघाई एवं शशांक सिंघाई एवं श्रीमती मुस्कान ने मंगलाचरण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। झांसी के 700 वर्ष प्राचीन अतिशय क्षेत्र करुगुवां जी जैन मंदिर स्थित चौबीसी में आदि से महावीर जयंती तक प्रतिदिन चल रहे भक्तांबर पाठ की बर्गलायो ( प्रभावना ) से प्रभावित होकर सिद्धालुओं की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और श्रद्धालुजन अति आनंदित होकर भक्ति भाव से मंत्र उच्चारण करते हुए नाचते गाते झूमते हुए श्री 1008 आदिनाथ भगवान जी के श्री चरणों में दीप प्रज्वलित करके समर्पित करते हैं एवं संगीतमय महाआरती में प्रभु की आराधना करते है तत्पश्चात पुनर्जक परिवार द्वारा भजनों का बुलऊआ किआ गया फ्रि प्रभाव न बांटी गई श्रीमती सरोज जैन श्रीमती रेखा सुनील जैन श्री अर्चना जैन दीपक जैन धार्मिक भजनों से सभी का मन मोहित किआ कार्यक्रम में निम्न लोक उपस्थित रहे गुरु सेवा संघ झांसी से संरक्षक मनोज अछरौनी महामंत्री रवि कंधारी नवीन जैन पढरा रिषी जैन पढरा सुनील जैन दाऊ कुलदीप जैन सी ए जयंतमणि जैन डॉक्टर मनीषा जैन सुधीर जैन सिद्धार्थ जैन शैली जैन नीलम जैन अछरोनी डॉ राशी जैन श्रीमती बॉबी जैन सन्मति हॉस्पिटल पारस जैन शास्त्री श्रीमती प्रीति शिरोमणि जैन श्रीमती सरोज जैन श्रीमती प्रीति मगरपुर श्रीमती प्रिया जैन जिनराज जैन श्रीमती सुधा जैन श्रीमती रचना जैन ब्रह्मचारिणी दीदी मंजू श्रीमती शैली जैन श्रीमती श्वेता श्रीमती इंदिरा जैन पीएनबी श्रीमती इंदिरा जैन बिजना श्रीमती कल्पना जैन श्रीमती हर्षा जैन श्रीमती मीनल जैन श्रीमती उषा जैन श्रीमती प्रिया जैन श्रीमती शगुन जैन श्रीमती जैन श्रीमती शशि जैन श्रीमती कामना जैन श्रीमती शुभी जैन चीकू जैन विजय जैन पीएनबी सनद जैन लाला कुलदीप जैन बीरेंद्र जैन नोएडा रौनक जैन संजय जैन तालबेट फूलचंद जैन अमित जैन नारायण बाग दीपक जैन रेलवे सुधीर जैन रजनीश जैन रॉबिन जैन विकास जैन सिद्धार्थ जैन आलोक जैन विजय जैन विमल जैन अक्षत जैन अजय जैन अंकित जैन डॉक्टर सचिन जैन जैन श्री मयंक जैन शगुन जैन आरके जैन नाजा हॉस्पिटल उषा जैन अर्चना जैन रानी टहरौली आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन करगुवा जी जैन मंदिर मंत्री शिरोमणि जैन ने किया आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त श्री अंकित जैन किया।

## वीडियो वायरल करने की दे रहा था धमकी युवती की शिकायत पर मामला दर्ज

### शादी तय होने के बाद बनाई युवती की वीडियो रिश्ता टूटा....

**समय जगत, झांसी ।** युवती की शादी तय होते ही युवक ने युवती को फ़ोन पर बातचीत करना शुरू कर दिया और दोनों घूमने फ़िरने लगे इसी बीच युवक ने एक दिन युवती की अन्तरंग तस्वीरें खींची और वीडियो बना लिया बाद में युवती से दहेज की मांग करने लगा मांग पूरी न होने पर वीडियो और तस्वीरें युवती की सहेलीयों को भेजने लगा बदनामी होती देख युवती ने युवक से कई बार वीडियो और तस्वीरें डिलीट करने की गुहार लगाई लेकिन युवक नहीं माना जिसके बाद युवती ने पुलिस से शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रेम नगर क्षेत्र में रहने वाली युवती शीतू सरोज ( बदला हुआ नाम ) पुत्री मेवालाल निवासी नैनागढ़ ने प्रेमनगर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि प्रतापगढ़ के रहने वाले रमेश सरोज नामक युवक से शादी का रिश्ता तय हुआ था रिश्ता तय होने के बाद दोनों की फ़ोन पर बातचीत होने लगी और दोनों घूमने फ़िरने लगे इसी बीच रमेश ने मौका पाकर उसकी कुछ अंतरंग तस्वीरें और वीडियो बना लिये जो उसे ठीक नहीं लगे इसी बीच रमेश के माता-पिता मेरे पिता से दहेज़ की नाजायज मांग करने लगे जिसके बाद मेरी और रमेश की शादी आपसी सहमति से टूट गई उसके कुछ दिनों बाद रमेश ने मुझसे फोन पर मिलने की बात कही जब मैं मिलने नही गई तो रमेश ने मेरी सहेलीयो को मेरी तस्वीरें और वीडियो भेजने शुरू कर दिए जिससे मेरी और परिवार की बदनामी होने लगी इसी बीच मेरी शादी दूसरी जगह तय हो गई तो रमेश ने वीडियो और तस्वीरें उस परिवार को भी भेज दी जिससे मेरी दूसरी जगह तय हुई शादी भी टूट गई पीड़ित ने पुलिस को बताया कि युवक अब पैसों की मांग कर रहा है पैसा न मिलने पर वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है प्रेमनगर पुलिस ने युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।मामला जनपद झांसी के प्रेमनगर क्षेत्र का है।

## सामाजिक दायित्व के तहत दो कन्या के विवाह एवं एक कन्या की पढ़ाई व महिलाओं को अन्नदान किया



**समय जगत, झांसी।** मंगलवार को हंसारी स्थित राम सिंह संस्कार केंद्र जिसका संचालन विश्व हिंदू परिषद व राष्ट्रभक्त संगठन के द्वारा किया जा रहा है मडिया महादेव में हुई राम कथा में श्री हरिवंश दास जी द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार जो सनातन हिंदू उत्सव महासमिति के द्वारा आयोजित की गई थी के क्रम में आज है।

हसारी स्थित केंद्र में कविता एवं पिंकी नाम की कन्याओं जिनके माता-पिता अति निर्धन है को विवाह हेतु धनराशि समर्पित की गई साथ ही कन्या सुशील को स्कूल आने-जाने में होने वाली असुविधा को ध्यान रखते हुए साइकिल भेंट की गई इसके साथ ही 21 महिलाओं को अन्न योजना के तहत अन्न वितरित किया गया प्रारंभ में संस्कार केंद्र के विषय में जानकारी दी गई बताया गया कि संस्कार केंद्र 2017 मैं शुरू किया गया

वक्ताओं ने बताया कि इस क्षेत्र में धर्मांतरण लोगों को लालच देकर किया जा रहा था जिसको लेकर इस केंद्र की स्थापना की गई और तब से अनवरत रूप से लोगों की पढ़ाई वस्त्र अन्न वितरण सहित प्रकल्प चलाए जा रहे हैं प्रारंभ में संतो के चित्र पर माल्यार्पण अतिथियों राजेश खत्री सुधीर आर्य मुकेश शर्मा व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया अतिथियों का स्वागत संस्कार केंद्र के बच्चों द्वारा किया गया संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन पंकज गुप्ता ने किया व आभार व्यक्त अंचल अरजारिया ने किया।

## झांसी-ललितपुर के किसानों की खुशहाली और सुरक्षा के लिए सांसद अनुराग शर्मा की बड़ी पहल , ऊर्जा एवं कृषि मंत्रियों को पत्र लिखकर नीतिगत बदलाव की मांग की

**समय जगत, झांसी/ललितपुर ।** झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्री अनुराग शर्मा ने बुंदेलखंड के किसानों की समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा जी और माननीय कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही जी को महत्वपूर्ण पत्र लिखे हैं। इन पत्रों के माध्यम से सांसद जी ने क्षेत्र के अन्नदाताओं के आर्थिक उत्थान, फसल सुरक्षा और सिंचाई की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सरकार से विशेष रियायतों और नीतिगत सुधारों का पुरजोर आग्रह किया है।

सांसद अनुराग शर्मा ने माननीय ऊर्जा मंत्री को लिखे पत्र में बुंदेलखंड की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों और जल संकट का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्तमान में रबी की फसल की कटाई का कार्य प्रगति पर है। इसके तुरंत बाद क्षेत्र के किसान बड़े पैमाने पर मूंग, उड़द और अरहर जैसी दलहनी फसलों की बुवाई की तैयारी करते हैं। चूंकि यह क्षेत्र पारंपरिक रूप से वर्षा की अनिश्चितता से प्रभावित रहता है, इसलिए किसानों को मार्च से जून की सीमित अवधि के दौरान सिंचाई के लिए अस्थायी विद्युत कनेक्शन की नितांत आवश्यकता होती है। सांसद जी ने मांग की है कि विद्युत वितरण निगमों को निर्देशित कर इस प्रक्रिया को अत्यंत सरल बनाया जाए और न्यूनतम शुल्क पर अस्थायी कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही उन्होंने अतिरिक्त ट्रांसफार्मर क्षमता और पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रशासनिक निर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया है ताकि दलहनी फसलों के उत्पादन में वृद्धि हो सके और किसानों की आय बढ़ सके।

इसी क्रम में किसानों की दूसरी बड़ी समस्या यानी आवारा व जंगली पशुओं से फसल सुरक्षा के विषय पर सांसद जी ने माननीय कृषि मंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित ष्सोलर फेंसिंग सुरक्षा योजनाष् की सराहना करते हुए इसमें व्यावहारिक सुधार की आवश्यकता जताई है। सांसद जी का कहना है कि वर्तमान नीति के अनुसार इस योजना का लाभ लेने के लिए लगभग 10 हेक्टेयर का क्लस्टर या समूह बनाकर आवेदन करना अनिवार्य है, जिसकी वजह से झांसी और ललितपुर जैसे जनपदों के लघु एवं सीमांत किसान, जिनकी भूमि धारिता छोटी-छोटी इकाइयों में विभाजित है, इस लाभकारी योजना से वंचित रह जाते हैं।

सांसद अनुराग शर्मा ने कृषि मंत्री से विशेष रूप से आग्रह किया है कि बुंदेलखंड के किसानों की विषम परिस्थितियों को देखते हुए इस योजना की शर्तों में शिथिलता दी जाए। उन्होंने प्रस्ताव दिया है कि क्लस्टर की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए व्यक्तिगत रूप से खेती करने वाले उन किसानों को भी योजना का लाभ दिया जाए जिनके पास 2 एकड़ या उससे अधिक भूमि है। सांसद जी का मानना है कि यदि व्यक्तिगत किसानों को भी सोलर फेंसिंग स्थापित करने हेतु अनुदान और सहयोग प्राप्त होगा, तो वे अपनी फसलों को प्रभावी ढंग से सुरक्षित कर पाएंगे। इससे न केवल जंगली जानवरों द्वारा होने वाली फसल क्षति में कमी आएगी, बल्कि किसानों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

सांसद अनुराग शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया है कि प्रदेश सरकार के इन दोनों महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों से बुंदेलखंड के हजारों किसान सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों की रक्षा करना और उनके मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और वे इसके लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## अतिक्रमण से हो रही परेशानी

**समय जगत, गुरसरांय।** नगर में सड़कों के किनारे फैले अतिक्रमण से चारों ओर परेशानी हो रही है। गरौठा चौराहा ,रेंज चौराहा एवं खेर इंटर कॉलेज मुख्य भवन के सामने फैले अतिक्रमण से लोगों का निकलपाना दूभर हो रहा है।

गरौठा चौराहे पर आए दिन जैम लग जाता है,जिससे आवागमन में भारी दिक्कत होती है।वहीं खेर इण्टर कॉलेज के सामने चौराहे के बगल वाले निकास पर वाहन खड़े कर दिए जाते है,जिससे विद्यालय में आने जाने में दिक्कत होती है।लोगों ने प्रशासन से उक्त अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की है।

## परशुराम जयंती को लेकर हुई बैठक

**समय जगत, गुरसराय।** परशुराम जयंती को लेकर एक बैठक मेजर अखिलेश पिपरैया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई,जिसमे भगवान परशुराम की जयंती पर शोभायात्रा निकालकर भव्य रूप से मनाए जाने पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में डॉ रविन्द्र प्रकाश अर्जरिया, राम नारायण पस्तोर, प्रदीप कोठारी,डॉ सुकदेव व्यास,सरजू शरण पाठक,अखिलेश तिवारी,अशोक मिश्रा,अरविंद दुवे,ब्रजेन्द्र शर्मा,ओ पी शर्मा ,रास बिहारी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## प्राणघातक हमले के एक आरोपी पर दोषसिद्ध व दो आरोपी बरी

**समय जगत,झांसी।** अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय सं. 1 झांसी के न्यायालय में आज प्राणघांतक हमले की सुनवाई हुई जिसमें एक आरोपी पर दोषसिद्ध हुआ व दो आरोपी बरी हुए। इस न्यायालय में सरकार बनाम कृष्ण गोपाल उर्फ रहीस आदि अ.सं. 126/20 धारा 307,504,506, भारतीय दण्ड सहिंता थाना मोंठ , सरकार बनाम हरीशंकर उर्फ मोंटी धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना मोंठ , सरकार बनाम शिवशंकर उर्फ बबलू यादव धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना मोंठ व सरकार बनाम भूरे उर्फ भूपेन्द्र धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना मोंठ जिला झांसी का प्रकरण विचाराधीन था। जिसमें भूपेन्द्र उर्फ भूरे की ओर से पैरवीं विवेक कुमार वाजपेयी एडवोकेट ने की । जो बरी हुआ।अभियुक्त शिवशंकर उर्फ बबलू यादव की ओर से पैरवी राजाराम तिवारी एड. ने की । जो बरी हुआ । दोषसिद्ध हुए अभियुक्त हरीशंकर उर्फ मोंटी की ओर से पैरवी राजाराम तिवारी एड. ने की दौरान विचाराधीन प्रकरण में कृष्ण गोपाल उर्फ रहीस की मृत्यु हो गई थी। अभियोजन की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी तेजसिंह गौर ने पैरवी की।

## एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों ने किया यातायात जागरूकता कार्यक्रम




**समय जगत, झांसी।** राष्ट्रीय सेवा योजना बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालयझांसी इकाई 6 और 7 के स्वयंसेवकों द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता, विशेषकर युवाओं और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करना था।

स्वयंसेवकों ने कोछांभावर, हाईवे तिराहे पर खड़े होकर लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, यातायात संकेतों का पालन करने तथा नशे में वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने हाथ जोड़कर यात्रियों से विनम्रता पूर्वक यातायात के नियमों को समझाया और उनके अनमोल जीवन के महत्व को बताया.स्वयंसेवकों ने पोस्टर, स्लोगन और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि थोड़ी सी सावधानी से बड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। राहगीरों को पंपलेट वितरित कर यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

इस अभियान में स्थानीय लोगों का भी सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यह जागरूकता अभियान समाज में जिम्मेदार नागरिकता की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## आम सूचना

I, Lila Bai Deshmukh mother of No 14674555K Nk Virendra Kumar Deshmukh Address: Pathar, Sarangbihari, Sarangbihari, Chhindwara, Sarangbihari, Madhya Pradesh – 480107. That I, have changed my name from Lila Bai Deshmukh To Leela Deshmukh Affidavit No 47AA 857667 date 14-03-2026

## बी.बी.सी. में दूसरे दिन 67 वीं वार्षिक खेलकूद साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में मेंहदी , रंगोली , पुष्प सज्जा , पारम्परिक व्यंजन , काव्य पाठ व भाषण प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



**समय जगत, झांसी।** बिपिन बिहारी महाविद्यालय, झॉसी की तीन दिवसीय सत्र 2025-26 की 67वीं वार्षिक खेलकूद साहित्यिक एवं सांस्कृतिक (अभिव्यक्ति) प्रतियोगिताऐं 2026 के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 टी0के0शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। मेंहदी प्रतियोगिता में सोनम वर्मा प्रथम, मुस्कान पटेल द्वितीय एवं अनन्या, राधिका रायकवार तृतीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता एवं पुष्प सज्जा में रीता रायकवार प्रथम, प्रिंसी जैन द्वितीय, सुहालिया एवं राधिका तृतीय स्थान पर रही। पारम्परिक व्यंजन में रीता रायकवार प्रथम, भूमि खरे द्वितीय एवं राधिका तृतीय स्थान पर रही। काव्य पाठ में भूमि खरे प्रथम, स्वर्णिमा द्वितीय एवं तनुष्का तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता (भारतीय संस्कृति एवं परम्पराऐं) हिन्दी भाषा में सोनिया गोस्वामी प्रथम, अंशिका द्वितीय एवं संस्कार तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता (भारतीय संस्कृति एवं परम्पराऐं) अंग्रेजी भाषा में तनुष्का प्रथम एवं गर्विता खत्री द्वितीय स्थान पर रहीं।

इस अवसर पर निर्णायक मंडल में प्रो0 मुकेश श्रीवास्तव, प्रो0 डी0डी0गुप्ता, प्रो0 सुरभि यादव, प्रो0 के0एम0अग्रवाल, प्रो0 कनीज जहरा, प्रो0 एम0ए0अंसारी, प्रो0 प्रवीण कुमार, प्रो0 दिनेश कुमार, डॉ0 विजय कुमार यादव, डॉ0 सत्य प्रकाश गुप्ता, डॉ0 मानवेन्द्र सिंह सेंगर, डॉ0 सर्वेश अस्थाना, डॉ0 दिलीप कुमार सिंह, डॉ0 वेदप्रकाश शुक्ला, शिवम श्रीवास्तव, देवेन्द्र सिंह एवं अभिषेक पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिमांशु शर्मा ने किया एवं समन्वय डॉ0 शिखा गुप्ता एवं आभार डॉ0 सिप्पी दासानी ने किया।

## झांसी महानगर के मनोनीत सभासदों का हुआ सम्मान



**समय जगत, झांसी।** आज डॉ0श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन भाजपा कार्यालय झांसी पर झांसी नगर निगम के समस्त मनोनीत सभासद गणों का अभिनंदन जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह द्वारा पट्टिका पहनाकर किया किया गया। शासन द्वारा मनोनीत सभासदों में ,कुसुम कुशवाहा,नीलेश त्रिपाठी,आदर्श गुप्ता,सत्यकाम पुरोहित,पन्नालाल प्रजापति,संजय बाल्मीकि, वरुण जैन ,धर्म करोसिया, सुनील विश्वकर्मा ,एवं चिरगांव नगरपालिका के मनोनीत पार्षद पवन दीक्षित रहे। सभी सभासदों ने अपने विचार व्यक्त किए एवं संगठन को धन्यवाद देते हुए आमजनमानस के हित के लिए कार्य करने का प्रण लिया। आज इस बेला पर कुछ सभासद भावुक भी दिखे। अंत में सभी को संबोधित करते हुए सुधीर सिंह ने कहा कि आप सभी को पार्टी ने आपके द्वारा निस्वार्थ एवं समर्पण भाव से किए कार्यो का प्रतिफल दिया है। उन्होंने कहा कि आज आपको वो अवसर मिला है जिससे आप अपने क्षेत्र के विकास को नए आयाम तक पहुंचने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहे क्योंकि राजनीति में जनसेवा सबसे परम कर्तव्य होता है। आप सब अब एक जनप्रतिनिधि है और आपसे आशा की जाएगी कि संगठन ने जिस विचार को दृष्टिगत रखते हुए आप सबको ये दायित्व दिया है आप उस पर खरे उतरे और साथ ही साथ संगठन की भी सेवा करते रहें।

इस अवसर पर नंदकिशोर भिलवारे,अमित साहू,रानू देवलिया , दिगन्त चतुर्वेदी , चेतन ओझा ,ओमबिहारी भार्गव,अंकुर दीक्षित, रोहित गोठनकर आदि उपस्थित रहे।

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र विनय कुमार श्रीवास आयु 25 वर्ष, मेरे व मेरी पत्नी श्रीमती दुर्गादेवी व उसके अन्य परिवारजन से विगत एक वर्ष से अधिक समय से पृथक रह रहा है व पृथक रहकर ही अपना जीवन यापन कर रहा है। विनय कुमार श्रीवास का मेरा व मेरे परिवारजन से कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं है । वह अपने समस्त कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार रहेगा। आज से उक्त विनय कुमार श्रीवास का मेरी व मेरे परिवार की चल अचल सम्पत्ति से भी कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं रहेगा।

**सुरेश कुमार**
**पुत्र रामखिलाड़ी श्रीवास**
**निवासी-246/डी-6,**
**थाना प्रेमनगर**
**जिला झांसी उ0प्र0**

## ऑटोइम्यून बीमारियों का लगाया जा सकता है सटीक पता

# एम्स में नसों की दुर्लभ बीमारी का हो सकेगा इलाज




**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के न्यूरोसाइंसेज सेंटर (एनएससी) में अब तीन नई और महत्वपूर्ण खून की जांच शुरू हो गई हैं। ये जांच न्यूरोफैसिन एंटीबॉडी से जुड़ी हैं, जो नसों की कुछ खास ऑटोइम्यून बीमारियों का सटीक पता लगाने में मदद करती हैं। जांच में ह्यूमन एंटी-न्यूरोफैसिन-140 एंटीबॉडीज, ह्यूमन एंटी-न्यूरोफैसिन-155 एंटीबॉडीज और ह्यूमन एंटी-न्यूरोफैसिन-186 एंटीबॉडीज को शामिल किया गया है। ये जांच उन मरीजों के लिए उपयोगी है, जिन्हें ऑटोइम्यून नोडोपैथी या नोडो-पैरानोडोपैथी जैसी दुर्लभ नसों की बीमारी है। टेस्ट करवाने के लिए सबसे पहले सिर्फ 1 से 3 मिलीलीटर खून का सैंपल पीला ढक्कन वाला प्लेन सीरम वायल में निकालकर जमा करवाएं। ओपीडी मरीज इसे कलेक्शन ग्राउंड फ्लोर के सेंटर रूम नंबर 3 में सुबह 8-30 से दोपहर एक बजे तक जमा करवा सकते है। भर्ती मरीज इसे ग्राउंड फ्लोर के रूम नंबर 64 के कलेक्शन विंडो में सुबह 9-30 से शाम 4-30 बजे तक जमा करवा सकते है।ऐसे में डॉक्टरों के लिए ई-हॉस्पिटल पोर्टल पर और मरीजों के लिए ओआरएस पोर्टल पर रिपोर्ट उपलब्ध होगी। इसके अलावा अभी इसका कोई चार्ज नहीं है। एम्स प्रशासन ने सभी विभागों, वार्ड्स और यूनिट्स को सूचना दी है कि ये टेस्ट अब उपलब्ध हैं। अगर किसी मरीज को लंबे समय से नसों की समस्या है, खासकर ऐसी जिसमें सामान्य इलाज जैसे आईवीआइजी (इंट्रावेनस इम्यूनोग्लोबुलिन) से फायदा नहीं हो रहा, तो डॉक्टर इन टेस्ट की सलाह दे सकते हैं। इन टेस्ट से सही बीमारी का पता चलने पर बेहतर इलाज जैसे रिटक्सिमैब दवा से अच्छा सुधार हो सकता है।

### यह नई सुविधा मेडिकल सुपरिटेंडेंट की मंजूरी से शुरू की गई है

नई दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में हेपेटाइटिस-ई वायरस की ताजा संक्रमण की जांच के लिए एंटी-एचईवी आईजीएम टेस्ट दोबारा शुरू हुआ है। यह टेस्ट अब लैबोरेटरी मेडिसिन विभाग में उपलब्ध है, क्योंकि हाल के समय में इसकी बहुत ज्यादा मांग हो रही है। यह ब्लड टेस्ट हेपेटाइटिस-ई वायरस से होने वाले हालिया (एक्यूट) संक्रमण की पुष्टि करता है। अस्पताल में भर्ती मरीज इसे डॉक्टर ई-हॉस्पिटल पोर्टल पर सीएम2 ऑर्डर एंट्री टेम्पलेट से टेस्ट ऑर्डर कर सकते हैं। वहीं, ओपीडी मरीज न्यू आरएके ओपीडी या पुराने कलेक्शन काउंटर (सीसीएफ) पर ब्लड सैंपल दे सकते हैं। एम्स प्रशासन ने सभी विभागों, सेंटर्स, यूनिट्स और वार्ड्स को सूचित किया है कि यह सुविधा अब पूरी तरह चालू है। एम्स में यह टेस्ट फिर से उपलब्ध होने से डॉक्टरों को सही और जल्दी डायग्नोसिस करने में मदद मिलेगी, जिससे मरीजों का बेहतर इलाज हो सकेगा।

## विद्यार्थियों के व्यावसायिक और व्यावहारिक कौशल को विकसित करना है उद्देश्य

# एसवीएसयू में पांच दिवसीय स्किल एज कॉम्पटीशन हुआ शुरू




**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय (एसवीएसयू) में स्किल डिपार्टमेंट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस के तत्वावधान में सोमवार को पांच दिवसीय स्किल एज कॉम्पिटिशन 2026 का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यावसायिक और व्यावहारिक कौशल को विकसित करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि विद्यार्थियों में कौशल का स्पष्ट विजन होना चाहिए क्योंकि प्रबंधन कौशल ही उनकी सफलता की नींव है। उन्होंने कहा कि असफलता भी एक अनुभव है, जो आगे चलकर सफलता का आधार बनती है। इसके साथ ही विद्यार्थियों से टेक्नोलॉजी का उपयोग अपनी प्रगति के लिए करने का आह्वान किया। प्रबंधन संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर एस. के. सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति कौशल आधारित शिक्षा पर जोर देती है। कॉर्पोरेट क्षेत्र में सफलता के लिए स्किल्स का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने संचार कौशल को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. समर्थ सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 11 इवेंट आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अकाउंटिंग बैटल, पिच परफेक्ट, कॉर्पोरेट थिएटर, एक्यू बिज, कॉर्पोरेट कैनवास, केस कनेक्ट, बिज क्वेस्ट, इंटरव्यू, कैंपस टाइकून, डिजी प्रो और मार्केट विजार्ड शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक सोच को विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. योगेश वर्मा, डॉ. प्रियंका गर्ग, डॉ. सुनील, डॉ. अर्चना, डॉ. कोमल सहित कई शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### हरियाणा राज्यसभा चुनाव में भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस के कर्मवीर बौद्ध चुनाव जीते

**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों पर सोमवार को बड़े ही नाटकीय घटनाक्रम के साथ हुए चुनाव में एक सीट भाजपा और दूसरी सीट कांग्रेस ने जीत ली। भाजपा उम्मीदवार संजय भाटिया की जीत पहले से तय थी, लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार कर्मवीर बौद्ध को जीत के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल को मात्र तीन मतों के अंतर से हराया। भाजपा अपने समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल के समर्थन में कांग्रेस के नौ विधायकों को तोड़ने में कामयाब रही। कांग्रेस के चार विधायकों के वोट रद हुए और पांच विधायकों द्वारा क्रास वोटिंग की सूचना है। इसके बाद भी कांग्रेस उम्मीदवार किस्मत के धनी निकले और तमाम तरह के कयासों के बीच अपनी जीत सुनिश्चित की। रात करीब डेढ़ बजे भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस के कर्मवीर बौद्ध के चुनाव जीतने पर मुहर लगी।

### रूप नगर में नाले पर बना फुटओवर ब्रिज गिरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रूपनगर के ब्लॉक 3 में मदर डेरी के पास नाले के ऊपर बना एक पुराना लोहे का फुटब्रिज ढह गया। इस हादसे में एक महिला नाले में गिर गई। गोताखोरों ने नाले से महिला को निकाल कर पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां महिला की मौत हो गई। रूप नगर इलाके में नाले पर बना एक फुटओवर ब्रिज अचानक भरभराकर गिर गया। इस दर्दनाक हादसे में एक महिला नाले में गिर गई। मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने नाले से महिला को निकाल कर पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां महिला की मौत हो गई। पुलिस महिला के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना के समय महिला पुल से गुजर रही थी, तभी अचानक ब्रिज का एक हिस्सा ढह गया और वह सीधे नीचे नाले में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी, लेकिन महिला को बचाया नहीं जा सका। शुरुआती जांच में सामने आया है कि फुटओवर ब्रिज काफी जर्जर हालत में था, जिसे लेकर पहले भी शिकायतें की गई थीं। लेकिन समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घरेलू गैस सिलिंडरों के लिए गैस एजेंसी के बाहर लगी लाइन

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में एलपीजी सिलिंडर की किल्लत से जूझ रहे उपभोक्ताओं का सोमवार का दिन भी लाइन में लग कर गुजरा। नगर के शाहजहांपुर मार्ग स्थित हैप्पी होम भारत गैस गोदाम पर उपभोक्ताओं की लंबी कतार लगी रही। उपभोक्ता सुबह पांच बजे से ही खाली सिलिंडर लेकर लाइन में लग गए। लगभग चार सौ मीटर से अधिक लंबी लाइन के दौरान कई बार हंगामे की नौबत आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया। उपभोक्ता मनोज कुमार ने बताया कि गैस सिलिंडर लेने के लिए चार दिन से चक्कर काट रहे है मगर नहीं मिल रहा है। अगर घर में सिलिंडर खत्म हो गया तो परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होने कुछ लोगों पर गैस की कालाबाजारी करने का आरोप लगाया।

### आरोपियों को कोर्ट ने 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा, दोनों फरवरी में हुए थे गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की विशेष एनआईए अदालत ने सोमवार को रेड फोर्ट के पास हुए विस्फोट से जुड़ी साजिश के दो आरोपियों जमीर अहमद अहंगर और तुफैल अहमद भट्ट को एनआईए की 5 दिनों की हिरासत पूरी होने के बाद 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। विशेष न्यायाधीश पितांबर दत्त ने पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। दोनों जम्मू-कश्मीर के गांदरबल और श्रीनगर के निवासी हैं। एनआईए ने फरवरी में उन्हें दिल्ली ब्लास्ट साजिश में सक्रिय भूमिका के लिए औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया था। एनआईए की जांच में पाया कि दोनों आतंकी संगठन अंसार गजवत-उल-हिंद के ओवरग्राउंड वर्कर्स थे। वे मुख्य आरोपी को हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध कराने में शामिल थे। यह विस्फोट 10 नवंबर 2025 को रेड फोर्ट क्षेत्र में हुआ था, जिसमें 14 लोगों की मौत हुई और दर्जनों घायल हुए थे। मुख्य आरोपी उमर उन नबी भी विस्फोट में मारा गया था।

# 31 मार्च तक स्मार्ट क्लास के लिए टीवी लगाना है जरूरी

**गुरुग्राम।** जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई को डिजिटल बनाने के लिए शिक्षा विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। जिन स्कूलों में अभी तक स्मार्ट क्लास के लिए टेलीविजन नहीं लगे हैं, वहां 31 मार्च तक टीवी लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने जिले में निपुण हरियाणा मिशन की प्रगति की समीक्षा के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर बैठकों के आयोजन निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार फरवरी में आयोजित बैठकों की समीक्षा इसी माह में की जाएगी। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला परियोजना समन्वयकों और ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बैठकों में मिशन की प्रगति, सामने आ रही चुनौतियों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाए। परिषद ने अधिकारियों के लिए स्कूल निरीक्षण के लक्ष्य भी तय किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को चार स्कूल के निरीक्षण और आठ कक्षा का अवलोकन करना होगा जबकि डायट प्राचार्य को तीन स्कूल के मुआयना और छह कक्षा अवलोकन का लक्ष्य दिया गया है। इसके अलावा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को छह स्कूल के विजिट और दस कक्षा अवलोकन और क्लस्टर हेड को आठ से दस स्कूल विजिट और 12 कक्षा अवलोकन करने होंगे। निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी सरकारी स्कूल 60 दिनों से अधिक बिना निरीक्षण के नहीं रहना चाहिए। साथ ही स्कूलों में माता-पिता और शिक्षक बैठक नियमित रूप से आयोजित करने पर भी जोर दिया गया है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह रहे सदन में मौजूद

# राज्यसभा चुनाव के कारण सिर्फ आठ मिनट चली हरियाणा विधानसभा की कार्यवाही



**पंचकूला।** छह दिन के अवकाश के बाद सोमवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही सिर्फ आठ मिनट चली। सभी विधायकों और मंत्रियों के राज्यसभा चुनाव में व्यस्त होने की वजह से ऐसा हुआ। विधानसभा स्पीकर हरविन्द्र कल्याण की अनुपस्थिति में विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिढा ने सदन की कार्यवाही का संचालन किया और शोक प्रस्तावों के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। विधानसभा का बजट सत्र बुधवार तक चलना है। इसी दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह बजट प्रस्तावों पर हुई चर्चा पर अपना जवाब दे सकते हैं। विधानसभा स्पीकर हरविन्द्र कल्याण की माताजी प्रेम कौर कल्याण का पिछले सप्ताह निधन हो गया था। कल्याण सोमवार को सदन में आए, लेकिन राज्यसभा चुनाव में अपनी वोट डालने के बाद वापस घरौंडा के कुटैल चले गए। राज्यसभा चुनाव के लिए शाम चार बजे तक वोटिंग चली। अधिकतर विधायक हालांकि दोपहर दो बजे तक अपने वोट डाल चुके थे, लेकिन इसके बावजूद दो बजे से आरंभ हुए सदन में मात्र दो दर्जन विधायक ही पहुंचे थे। सबसे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सदन में पहुंचे। स्पीकर की चेयर पर बैठे डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिढा ने सदन की कार्यवाही का संचालन करते हुए हरविन्द्र कल्याण की माता के निधन की सूचना दी, जिसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शोक प्रस्ताव पढ़ा। नायब सैनी ने प्रेम कौर को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए उन्हें आदर्शवादी महिला बताया। उन्होंने कहा कि प्रेम कौर अपनी उम्र के अंतिम दौर में भी पशुओं की सेवा स्वयं करती थी। शिक्षित होने के बावजूद उन्होंने डेयरी के कार्य को जीवन में प्राथमिकता दी। सदन में गुरुग्राम हादसे में मारे गए सात मजदूरों को श्रद्धांजलि भेंट की गई। झारखंड व राजस्थान के सात प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई थी। हरियाणा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपनी पार्टी की तरफ से शोक प्रस्तावों को पढ़ा और दिवंगतों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसी दौरान नारनौंद के विधायक रामकुमार गौतम ने जींद जिले के सफीदों में हुए अग्निकांड में 10 महिलाओं की मौत का मुद्दा उठाते हुए उन्हें भी शोक प्रस्तावों में शामिल करने की मांग उठाई, जिसे सदन की तरफ से स्वीकार कर लिया गया। डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिढ्ढा द्वारा सदन में शोक प्रस्ताव पढ़ने के बाद समूचे सदन की सभी दीर्घाओं में मौजूद प्रतिनिधियों ने दिवंगतों को श्रद्धांजलि भेंट की।

# अंतर्राज्यीय मार्गों पर कनेक्टिविटी बढ़ाएगा डीटीसी, परिवहन मंत्री ने की घोषणा



**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) जल्द ही 50 एसी बसों के साथ 17 अंतर-राज्यीय मार्गों पर कनेक्टिविटी बढ़ाएगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि सरकार नागरिकों के लिए आरामदायक और किफायती यात्रा सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। इसका उद्देश्य अंतर-राज्यीय कनेक्टिविटी को मजबूत करना है। दिल्ली के भक्तों को देश भर के धार्मिक स्थलों तक सुविधाजनक यात्रा मिल सकेगी। अधिकारियों के अनुसार, बसें राज्य सड़क परिवहन उपक्रम संघ द्वारा निर्धारित दरों पर चलेंगी। कई अतिरिक्त अंतर-राज्यीय मार्गों का भी विस्तार किया जा रहा है। इनमें नानकसर दिल्ली-गाजियाबाद बस टर्मिनल, दिल्ली-रेवाड़ी, दिल्ली-करनाल, दिल्ली-रोहतक, दिल्ली-अलवर और दिल्ली-जेवर शामिल हैं। यह दैनिक यात्रियों और क्षेत्रीय यात्रियों के लिए पहुंच बढ़ाएगा। सरकार दिल्ली और बिहार के बीच बस कनेक्टिविटी की भी तलाश कर रही है। राष्ट्रीय राजधानी में बड़ी पूर्वांचली आबादी को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। दिल्ली से कटरा (जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी), खाटू श्याम (राजस्थान) और अयोध्या (उत्तर प्रदेश) जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए नई बस सेवाओं की योजना है। इससे भक्तों को सुविधाजनक और सुरक्षित यात्रा करने में मदद मिलेगी। यह पहल दिल्ली के लोगों की धार्मिक यात्राओं को आसान बनाएगी। सरकार का लक्ष्य अंतर-राज्यीय परिवहन सेवाओं को मजबूत करना है। अंतर-राज्यीय परिवहन सेवाओं के चल रहे विस्तार के तहत डीटीसी ने पहले ही इलेक्ट्रिक बसें शुरू कर दी हैं। ये बसें दिल्ली-बरौत (उत्तर प्रदेश), दिल्ली-सोनीपत (हरियाणा), दिल्ली-धारूहेड़ा (हरियाणा) और दिल्ली-पानीपत (हरियाणा) जैसे प्रमुख मार्गों पर चल रही हैं।

# एयरपोर्ट से विमानों के साथ यमुना सिटी में उद्योग भी भरेंगे उड़ान




**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से विमानों के साथ उद्योग और विकास भी उड़ान भरेगा। यमुना प्राधिकरण हर महीने यमुना सिटी में 10 नए उद्योगों में उत्पादन शुरू करने की कार्ययोजना बनाने पर काम कर रहा है। इसके अलावा औद्योगिक भूखंड पर कब्जा देने और निर्माण शुरू कराने को भी प्राथमिकता दी जाएगी। अधिकारियों का दावा है कि 25 साल में जितना काम प्राधिकरण में हुआ, उससे अधिक नक्शे स्वीकृत करने, निर्माण शुरू कराने और भूखंडों पर कब्जा देने की कार्रवाई की गई है। सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्राधिकरण ने अब तक 3113 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया है। इनमें से 3059 भूखंड 31 मार्च 2025 तक आवंटित थे। इस वित्तीय वर्ष में केवल 54 भूखंड आवंटित किए गए। इसके उलट 731 लीज डीड कराई गई। 795 आवंटियों को उनके भूखंड पर कब्जा दिया गया। सीईओ ने कहा कि बीते एक साल उत्पादन करने वाली यूनिटों की संख्या पांच से बढ़कर 33 हो गई है। जिस तरह की तैयारी चल रही है, उसके मुताबिक, हम हर महीने यमुना सिटी के फेज-1 में 10 उद्योग शुरू कर पाएंगे। जानकारी के मुताबिक, बोर्ड की 21 मार्च को प्रस्तावित बैठक में भी इससे संबंधित एक रिपोर्ट पेश करेगा। इसमें कुल औद्योगिक भूखंड के आवंटन के अलावा वर्तमान में इन भूखंड पर लीज डीड या निर्माण की स्थिति के बारे में बताया गया है। प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक 31 मार्च तक 2198 लीज डीड की गई थीं। जोकि, अब बढ़कर 2363 हो चुकी हैं।

प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले वित्तीय वर्ष के खत्म होने तक 318 औद्योगिक नक्शे स्वीकृत हुए थे, जबकि अकेले मौजूदा वित्तीय वर्ष में ही अब तक 398 नक्शे स्वीकृत हुए हैं। कुल 716 इंडस्ट्री अपने नक्शे स्वीकृत करा चुकी हैं। वहीं इसी तरह उत्पादन शुरू करने वाले उद्योगों की संख्या भी बढ़ी है।

# आईजीआई एयरपोर्ट पर लागू होगा केंद्रीकृत कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम

## यात्रियों को मिलेगी तुरंत जानकारी



**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट यात्रियों को बेहतर और त्वरित सूचना उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक केंद्रीकृत कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) लागू किया जाएगा। इसे लेकर डायल ने सिस्टम की सप्लाई, कस्टमाइजेशन, इंटीग्रेशन और तकनीकी सपोर्ट से जुड़ी व्यवस्थाएं विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दिल्ली एयरपोर्ट पर हर समय हजारों यात्रियों की आवाजाही होती है। यात्रियों को उड़ानों की स्थिति, बोर्डिंग गेट, सुरक्षा निर्देश, टर्मिनल बदलाव और अन्य सेवाओं से संबंधित जानकारी की लगातार आवश्यकता होती है। अभी तक इन सूचनाओं को अलग-अलग प्रणालियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता रहा है। इससे कई बार जानकारी अपडेट होने में देर हो जाती है या अलग-अलग स्क्रीन पर अलग समय पर दिखाई देती है। नए केंद्रीकृत सीएमएस के लागू होने के बाद एयरपोर्ट के भीतर मौजूद सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म एक ही सिस्टम से नियंत्रित किए जाएंगे। इसके माध्यम से सभी सूचना प्रणालियों पर एक साथ जानकारी अपडेट की जा सकेगी। इससे यात्रियों तक सही और तुरंत जानकारी पहुंचाने में काफी मदद मिलेगी। दुनिया के कई बड़े और व्यस्त हवाई अड्डों पर इस तरह के केंद्रीकृत कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम पहले से ही उपयोग में हैं।

इससे सूचना प्रबंधन और संचालन बेहतर होता हैं। इस सिस्टम का एक महत्वपूर्ण लाभ यह भी होगा कि किसी आपात स्थिति में एयरपोर्ट प्रशासन एक ही क्लिक के जरिये सभी स्क्रीन और डिजिटल माध्यमों पर आवश्यक संदेश प्रसारित कर सकेगा। परियोजना में सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने के साथ पूरी तकनीकी संरचना भी तैयार की जाएगी। तकनीकी विशेषज्ञों की टीम पर सिस्टम के संचालन की जिम्मेदारी होगी। सूत्रों की मानें तो भविष्य में इस प्रणाली को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स से भी जोड़ा जा सकता है। प्रबंधन के अनुसार व्यस्त समय में जब एयरपोर्ट पर भीड़ अधिक होती है, उस समय भी यात्रियों को स्पष्ट और सटीक जानकारी उपलब्ध कराना बेहद जरूरी होता है। नया सिस्टम इस चुनौती को काफी हद तक आसान बना सकता है। डायल ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कूरियर सेवाओं को भी बेहतर बनाने की योजना बनाई है। इसके तहत अब लोग कूरियर भेजने के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक कर सकेंगे। पैकेज की रियल टाइम ट्रैकिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। लोगों को लंबी कतारों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपने दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड कर कस्टम क्लियरेंस की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। घरेलू कूरियर सेवा में छोटे और बड़े पैकेज के लिए अलग-अलग विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे।

■ वर्ष-23 ■ अंक-226
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

भोपाल
■ बुधवार ■ 18 मार्च 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत्-2082
E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

दैनिक
# समय जगत



भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in

# केन्द्रीय गृहमंत्री ने मोगा में रैली को किया संबोधित



## पहुंचे 1 लाख से अधिक लोग

**मोगा।** पंजाब के मोगा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित बदलाव रैली ने भीड़ के तमाम पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की इस जनसभा में उमड़े जनसैलाब ने न केवल सियासी गलियारों में हलचल पैदा कर दी है, बल्कि राज्य में भाजपा के बढ़ते आधार की एक नई तस्वीर भी पेश की है। इस रैली की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आयोजन स्थल की ओर जाने वाले मार्गों पर करीब 15 किलोमीटर लंबा भारी ट्रैफिक जाम लग गया। भीड़ इतनी अनियंत्रित थी कि लगभग 800 बसें रास्ते में ही फंसी रह गई और हजारों लोगों को रैली स्थल तक पहुँचने के लिए 4 से 5 किलोमीटर का सफर पैदल ही तय करना पड़ा। रैली के लिए जुटाए गए संसाधनों में 1,484 बड़ी बसें, 2,309 मिनी बसें और 2,376 कारों सहित हजारों निजी वाहन शामिल थे। हालांकि, पार्टी ने एक लाख लोगों के लिए लंगर की व्यवस्था की थी, लेकिन उम्मीद से कहीं अधिक भीड़ उमड़ने के कारण भोजन की व्यवस्था समय से पहले ही समाप्त हो गई।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री अनिल सरीन ने रैली की सफलता पर धन्यवाद पंजाब कहते हुए दावा किया कि इस विशाल आयोजन में कुल 1,58,131 लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। भाजपा का कहना है कि वह देश की संभवतः पहली ऐसी पार्टी है जो डिजिटल प्रमाणों के साथ रैली में शामिल लोगों की सटीक संख्या सार्वजनिक करने का साहस दिखा रही है। भाजपा ने इस मोबिलाइजेशन के लिए राज्य के 23 जिलों के 13,000 गांवों, 160 शहरों और करीब 24,500 पोलिंग बूथों तक अपनी पहुंच बनाई थी। इस पूरी प्रक्रिया को बेहद आधुनिक और डिजिटल तरीके से अंजाम दिया गया। गांव-स्तर पर होने वाली बैठकों को क्यूआर कोड के माध्यम से मैप किया गया, जबकि प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने स्वयं प्राथमिक सदस्यों को तीन बार वॉइस कॉल के जरिए आमंत्रित किया। इसके अलावा, बस इंचार्जों और कार्यकर्ताओं के साथ लगातार ब्रिज कॉल और वेक-अप कॉल के माध्यम से संपर्क साधा गया ताकि संगठन की शक्ति जमीन पर दिखे। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि यह जनसैलाब पंजाब में बदलाव की उस प्रबल इच्छा का प्रतीक है, जो आने वाले समय में राज्य की राजनीति की दिशा तय करेगा।

# दीक्षा प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी समाज और देश के विकास में सहयोग दें और बनें जिम्मेदार नागरिक : राज्यपाल श्री पटेल

## सम्राट विक्रमादित्य का नाम जुड़ने पर विश्वविद्यालय और विद्यार्थियों का बढ़ा गौरव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**समय जगत, भोपाल ।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि आज विक्रम विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर अत्यधिक आनन्द का अनुभव हो रहा है। उन्होंने दीक्षान्त समारोह में उपाधियां प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए सभी के यशस्वी एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि उज्जैन नगरी में आते ही एक अलग प्रकार की अनुभूति होती है। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में ही एक विद्यार्थी ने शिक्षा प्राप्त की और आज वे प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। मंगलवार को राज्यपाल श्री पटेल की अध्यक्षता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में उज्जैन में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का 30 वां दीक्षांत समारोह स्वर्ण जयंती सभागृह सम्पन्न हुआ। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश का राज्यपाल बनने के अगले ही दिन वे भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आए और यहीं से उन्हें प्रदेश के सतत विकास और देश की प्रगति के लिए प्रयासरत रहने की प्रेरणा प्राप्त हुई। राज्यपाल श्री पटेल ने विद्यार्थियों से कहा कि आज दीक्षांत के साथ आप सभी ने समाज के उत्थान और देश की एकता के लिए शपथ ली है। विश्वविद्यालय से जो संस्कार आपको मिले है उन्हें जीवन भर स्मरण रखकर कार्य करें। आपके माता-पिता ने आपको शिक्षित करने के लिए बहुत कष्ट उठाए है इसलिए पढ़ लिखकर अपने माता-पिता की सेवा करें। आप जीवन में कुछ भी बन जाओं परंतु अपने माता-पिता और गुरु के प्रति सदैव आभारी रहना, उनकी सेवा करना। शिक्षित होने का उद्देश्य मात्र उपाधि अथवा प्रमाण-पत्र पाना नहीं बल्कि समाज और देश की उन्नति में योगदान देकर एक जिम्मेदार नागरिक भी बनना है।

**भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन को बनाया अपनी शिक्षा स्थली: मुख्यमंत्री डॉ. यादव:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ज्ञान-विज्ञान और ध्यान के वैश्विक केन्द्र उज्जैन को भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी शिक्षास्थली के रूप में चुना। चौसठ कलाओं और 14 विद्याओं की यह धरती शौर्य के प्रतीक सुशासन के पुरोधा, विक्रम संवत के प्रवर्तक, भारतीय सांस्कृतिक चेतना के रक्षक और न्यायप्रियता के प्रतीक सम्राट विक्रमादित्य की कर्मस्थली रही है। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षांत समारोह केवल उपाधि वितरण नहीं बल्कि 7 दशकों के उस समर्पण का परिणाम है, जिसने दुनिया को कुशल मानव संसाधन और श्रेष्ठ स्कॉलर सौंपे हैं। विश्वविद्यालय से सम्राट विक्रमादित्य का नाम जुड़ने से विश्वविद्यालय और विद्यार्थियों का गौरव बढ़ा है। ऐसे विश्वविद्यालय की उपाधियों से विभूषित होना विद्यार्थियों के लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीक्षांत समारोह में डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (डी-लिट), गोल्ड मेडल और स्नातक उपाधियां प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दीक्षांत समारोह शिक्षा का अंत नहीं बल्कि जीवन में सीखने की एक नई शुरुआत है, यह जीवन का महत्वपूर्ण टर्निंग पाइंट है। बेहतर जीवन के लिए विद्यार्थियों को सीखने की ललक सदैव बनाए रखना होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश और प्रदेश के समग्र विकास में सहभागी बनेंगे और जीवन के सभी क्षेत्रों में अपने कर्तव्य का पूर्ण निष्ठा के साथ निवर्हन करते हुए अपने परिवार, समाज और देश का गौरव बढ़ायेंगे।

# 8 विपक्षी सांसदों का निलंबन हुआ रद्द

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने मंगलवार को ध्वनि मत से विपक्ष के आठ सांसदों का निलंबन रद कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह प्रस्ताव तब पेश किया, जब कांग्रेस के मुख्य सचेतक के. सुरेश ने कुछ सदस्यों द्वारा की गई अनजाने में हुई चूक के लिए खेद व्यक्त किया। समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव और एनसीपी की सुप्रिया सुले ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। धर्मेंद्र यादव ने कहा, लोकसभा की सत्ता पक्ष की बेंचों को भी सदन की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। लोकसभा में कांग्रेस के सुरेश ने कहा, सदन चलाने में सहयोग के लिए तैयार हैं। विपक्ष को बोलने का समान अवसर मिलना चाहिए। वहीं, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक लक्ष्मण रेखा खींची जानी चाहिए। 3 फरवरी को, बजट सत्र के पहले चरण के दौरान लोकसभा द्वारा पारित एक प्रस्ताव के बाद सात कांग्रेस सांसदों और एक सीपीआईएम सांसद को अनुशासनहीन व्यवहार के लिए निलंबित कर दिया गया था। निलंबित सदस्यों में गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडेन, सी. किरण कुमार रेड्डी, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, मानिकम टैगोर, प्रशांत पाडोले और डीन कुरियाकोस (सभी कांग्रेस से) शामिल थे, साथ ही सीपीआईएम के एस. वेंकटेशन भी थे।

**लोकसभा में ध्वनि मत से प्रस्ताव हुआ पारित**

# सुबह खाली पेट करेले के जूस का सेवन करना है बेहद फायदेमंद



नई दिल्ली। पोषक तत्वों से भरपूर करेला शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाने के लिए जाना जाता है। विशेष रूप से इसका जूस स्वास्थ्य के लिए अधिक प्रभावी माना जाता है। कड़वे स्वाद के कारण कई लोग करेला खाना पसंद नहीं करते, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसे बेहद गुणकारी सब्जी मानते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यदि सुबह खाली पेट करेले के जूस का सेवन किया जाए तो यह शरीर को कई बीमारियों से बचाने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में सहायक हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि करेले में कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए लाभदायक होते हैं। इसमें फाइबर, विटामिन सी, आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम अच्छी मात्रा में मौजूद होते हैं। इसके अलावा इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण भी पाए जाते हैं, जो शरीर को अंदर से मजबूत बनाने में मदद करते हैं। नियमित रूप से करेले के जूस का सेवन करने से शरीर में मौजूद खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सहायता मिल सकती है, जिससे हृदय संबंधी समस्याओं का खतरा कम होने की संभावना रहती है। जानकारों के मुताबिक करेले का जूस कई सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं में भी लाभकारी माना जाता है। इसका नियमित सेवन शरीर में बढ़े हुए ब्लड शुगर स्तर को नियंत्रित रखने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में भी सहायक होता है। पाचन प्रक्रिया बेहतर होने से पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिल सकती है। इसके अलावा करेले के जूस को त्वचा के लिए भी फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि इसमें मौजूद पोषक तत्व त्वचा की चमक बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सुबह खाली पेट करेले का जूस पीने से शरीर में जमा बैड कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद मिल सकती है और नसों में जमी अशुद्धियों को साफ करने में भी सहायता मिलती है। इससे रक्त संचार बेहतर हो सकता है और हृदय से जुड़ी समस्याओं के खतरे को कम करने में मदद मिल सकती है। साथ ही यह वजन नियंत्रित रखने में भी सहायक माना जाता है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञ यह भी सलाह देते हैं कि किसी भी प्रकार के घरेलू उपाय को नियमित रूप से अपनाने से पहले चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है, खासकर यदि व्यक्ति पहले से किसी बीमारी से पीड़ित हो या दवाओं का सेवन कर रहा हो।

# पुलिस ने दो बदमाशों का किया एनकाउंटर

## 1 पुलिस जवान भी हुआ शहीद

**पटना।** चकिया थाना क्षेत्र के सिहोरवा में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश मारे गए, जबकि एक पुलिस जवान बलिदान हो गया। घटनास्थल से पुलिस ने कार्बाइन समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार एसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सिहोरवा में छापेमारी की। सूचना मिली थी कि कुंदन ठाकुर अपने गिरोह के सदस्यों के साथ हथियारों के साथ अपने एक दोस्त के घर में छिपा हुआ है। इस दौरान पुलिस की छापेमारी के दौरान पक्षों के बीच मुठभेड़ हो गई। मृतक बदमाश की पहचान कुंदन ठाकुर पिता फूलदेन ठाकुर, ग्राम बुल्लाचौक, थाना चकिया और प्रियांशु दुबे पिता संजय दुबे, ग्राम बसंतपुर, थाना साहेबगंज, जिला मुजफ्फरपुर के रूप में हुई है। वहीं बलिदान एसटीएफ जवान की पहचान राम यादव के रूप में हुई है। घटना बीती रात 2.30 बजे की बताई जा रही है। मुठभेड़ में उज्ज्वल कुमार और उसके पिता संत कुमार तिवारी दोनों को गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि बदमाशों ने अपर थाना अध्यक्ष गौरव कुमार को फोन पर धमकी दी थी। घटनास्थल पर डीआईजी, एसपी समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है।

# रसोई गैस से भरा एक और जहाज होर्मुज पार कर पहुंचा भारत



नई दिल्ली। होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित रूप से शिवालिक के बाद, एक और एलपीजी टैंकर नंदा देवी भारत पहुंचा। नंदा देवी होर्मुज़ जलडमरूमध्य को पार करते हुए वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया है। इस जहाज में 47 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस भरा है। मिडिल ईस्ट में गहराते संकट के बीच, होर्मुज़ से गुज़रने वाला यह भारत का दूसरा जहाज है। एक दिन पहले दूसरा एलपीजी टैंकर शिवालिक गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर 46,000 मीट्रिक टन से ज़्यादा एलपीजी लेकर पहुंचा था। इसमें घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलोग्राम के करीब 32.4 लाख स्टैंडर्ड घरेलू सिलेंडरों के बराबर एलपीजी थी। अधिकारियों का अनुमान था कि यह अकेला जहाज भारत की कुल एलपीजी आयात की जरूरत का करीब एक दिन का हिस्सा पूरा कर सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को जहाजरानी मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया था कि शिवालिक और नंदा देवी के 16 मार्च और 17 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा था कि फारसी खाड़ी इलाके में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। फारसी खाड़ी में 24 भारतीय ध्वज वाले जहाज मौजूद थे। इनमें से दो जहाज़ शिवालिक और नंदा देवी सुरक्षित रूप से आ गए हैं।

**मुद्दा** — भारत में इजरायल के राजदूत ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

# मोदी की इजरायल यात्रा के तुरंत बाद मिला ईरान पर हमले का असली मौका: अजार



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले महीने 25 से 26 फरवरी तक किए गए इजरायल दौरे के बाद पश्चिम-एशिया में छिड़ी भीषण जंग को लेकर देश में विपक्षी दलों द्वारा की जा रही तमाम टीका-टिप्पणियों के बीच भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन आजार का एक महत्वपूर्ण बयान सामने आया है। जिसमें मीडिया से बातचीत में उन्होंने दो टूक अंदाज में कहा कि पीएम मोदी की इजरायल यात्रा के समाप्त होने के बाद यानी 26 फरवरी के बाद हमारी ईरान पर हमले की वास्तविक योजना (रणनीतिक अवसर) ने मूर्तरूप लिया था। इससे भारत के प्रधानमंत्री की यात्रा का कोई लेना देना नहीं है। ये हमारे एक ऐसा सैन्य अवसर था। जो प्रधानमंत्री मोदी के इजरायल से जाने के बाद सामने आया। जबकि इससे पहले तक इजरायल ऐसे किसी हमले के लिए तैयार नहीं था। हमने हमले का फैसला भारतीय पीएम की यात्रा के 48 घंटे बाद की गई सुरक्षा संबंधी मामलों की कैबिनेट की बैठक में लिया था। जिससे साफ हो जाता है कि हमले की योजना पूर्व निर्धारित नहीं थी और ये समय के साथ विकसित हुई थी। उन्होंने ये भी कहा कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जीवित हैं। जब मैं इजरायल में था तो मैंने खुद उन्हें एक से अधिक बार प्रत्यक्ष रूप से देखा है। कॉफी वाला उनका जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वह पूरी तरह से गलत और झूठा है। जिसमें ईरान और उसके साथियों की भूमिका नजर आती है। अजार ने कहा कि हम युद्ध के बीच हर प्रकार की शत्रुता को समाप्त करने के पक्ष में हैं यानी लड़ाई को रोकना चाहते हैं। लेकिन इसके लिए ईरान को अपने रुख में तब्दीली करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों से तेल अवीव क्षेत्र में और उसके बाहर अपने तमाम सहयोगियों (अमेरिका व अन्य देश) के साथ कूटनीतिक माध्यमों से संवाद कर रहा है। जिसमें तनाव को खत्म करने का मुद्दा शामिल है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमारे मत में कहीं पर भी ईरान पर जमीनी हमले की योजना शामिल है। मौजूदा सैन्य हमलों के जरिए भी हमने ईरान की क्षमता पर चोट की है। आगे भी ये कवायद जारी रहेगी। वर्तमान में हम ईरान के आसमान पर नियंत्रण बनाए हुए हैं।

# अमेरिकी दूतावास पर ईरान का भीषण हमला, यूएई ने खोला एयर स्पेस

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन और रॉकेट से हमले किए गए हैं, जिसे हमलों की शुरुआत के बाद से सबसे भीषण हमला बताया जा रहा है। खबरों के मुताबिक संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान से मिसाइल और ड्रोन हमलों के खतरे के कारण बंद किए गए अपने हवाई क्षेत्र को फिर से खोल दिया है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर के इस बयान से नाराजगी जताई है कि ब्रिटेन ईरान को लेकर किसी व्यापक युद्ध में शामिल नहीं होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मिडिल ईस्ट में चल रहे अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध ईरान ने इजराइल पर हमले और तेज कर दिए हैं। यहां तक कि ईरान ने पहली बार सेज्जिल बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया है, जिसे डांसिंग मिसाइल भी कहते हैं। यह मिसाइल सॉलिड फ्यूल से चलती है, जिसकी रेंज 2,000 से 2,500 किलोमीटर तक है और हाई एल्टीट्यूड पर मैन्यूवर करके इजराइल के आयरन डोम जैसे डिफेंस को चकमा दे सकती है। ईरान के आईआरजीसी ने इसे तेल अवीव और सेंट्रल इजराइल के मिलिट्री टारगेट्स पर दागा। कुछ मिसाइलें इंपैक्ट हुईं, जहां बिल्डिंग्स और गाड़ियों को नुकसान पहुंचा, लेकिन बड़े पैमाने पर मौतों की अभी कन्फर्म रिपोर्ट नहीं आई। इजराइल की डिफेंस ने कई मिसाइल्स को रोका, लेकिन हमला बड़ा एस्केलेशन माना जा रहा है।

# सिंगारपुर के पीएम श्री विद्यालय में वार्षिकोत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ आयोजित





**समय जगत, मंडला।** लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल एवं समग्र शिक्षा अभियान के निर्देशानुसार पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारपुर में वार्षिकोत्सव एवं वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जय कुमार बैरागी के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर एसएमडीसी के सम्मानित सदस्यगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक स्वागत नृत्य से की गई। जनवरी में विद्यालय के जंबूरी दल ने छत्तीसगढ़ के बालोद में आयोजित प्रथम रोवर रेंजर राष्ट्रीय जंबूरी में ऑल इंडिया स्तर पर मध्यप्रदेश को द्वितीय स्थान दिलाकर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। उसी जंबूरी दल के छात्र-छात्राओं ने वार्षिकोत्सव में जे हर रखे तीर कमान, दुनिया वालों जानो हम तो आदिवासी आन गीत पर शानदार करमा नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद रंजना मरावी एवं साथियों ने आमा के कहरा, तोर पहरा में गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। मनीषा धुर्वे एवं साथियों ने राजमंडनी गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं महिमा बैरागी ने छम छम गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। जंबूरी दल ने पुनः आदिवासी पारंपरिक लोकनृत्य और वेशभूषा में तर हर नाना मोर नाना हो, तरी ना को नाना री ना सैला गीत पर एक लय और एक ताल में शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में समां बांध दिया। इस अवसर पर कहा भी गया–हाथों में डंडा, पैरों में पेंजना की झंकार है, ये सिर्फ सैला नृत्य नहीं, आदिवासियों का श्रृंगार है। रीता धुर्वे और शिवानी भारतीय ने महुआ झरे रे, महुआ झरे गीत पर सुंदर प्रस्तुति दी। नमृता बैरागी और सुष्मिता बैरागी द्वारा प्रस्तुत गीतों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। वहीं रानी केराम और मनीषा कुडापे ने भी मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन और आयोजन पीटीआई अशोक वरकड़े के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक महेश प्रसाद सरोते, आसिफ खान, गणेश परते, अशोक धुर्वे, हेमंत वरकड़े, देवेंद्र मार्को, मनोज कुडापे, मुरली पटेल, लवकेश कुर्मेश्वर, चन्द्र सिंह मसराम, भाग सिंह उर्वे, आनंद यादव, सुश्री प्रियंका तेकाम, श्रीमती नीतू श्रीवास, श्रीमती सुलेखा चक्रवर्ती, श्रीमती सरोज मिश्रा, सुश्री पूजा बर्मन, सुश्री श्रुति चौबे, श्रीमती वैशाली बोरकर, सुश्री सीता राहंगडाले, श्रीमती विद्या भारतीया, श्रीमती सुमन बैरागी, संतोष परते, उमेश चीचाम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्राम के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जबलपुर को नंबर 1 बनाने की दिशा में महापौर कलेक्टर और निगमायुक्त के प्रयास तेज

## सुबह 7 बजे से एक साथ किया शहर का सघन निरीक्षण



**समय जगत, जबलपुर।** जबलपुर को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश के शीर्ष शहरों में शुमार करने के लिए शहर का प्रशासनिक अमला सुबह से ही एक्शन मोड में नजर आया। सुबह 7 बजे से ही महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संयुक्त रूप से शहर की सफाई व्यवस्था का जमीनी निरीक्षण किया।

**प्रमुख स्थलों का दौरा और व्यवस्थाओं का जायजा:** निरीक्षण की शुरुआत शहर के हृदय स्थल से हुई, जिसके बाद अधिकारियों ने विभिन्न संयंत्रों का रुख किया । उन्होंने इस दौरान तीन पत्ती, मालवीय चौक, गोल बाजार और रानीताल क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

**कठौंदा वेस्ट टू एनर्जी प्लांट:** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कलेक्टर राघवेंद्र सिंहएवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने यहाँ कचरे से बिजली बनाने की प्रक्रिया और प्लांट की कार्यक्षमता का बारीकी से अवलोकन किया । इस मौके पर उनके द्वारा एबीसी, एमआरएम और अन्य कंपोस्ट प्लांटों का निरीक्षण कर कचरा निष्पादन की गुणवत्ता जांची गई।

**स्वच्छ सर्वेक्षण में रैंकिंग सुधारने पर जोर:** निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्वच्छता सर्वेक्षण के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य करने के सख्त निर्देश दिए। महापौर ने स्पष्ट किया कि लक्ष्य सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि शहर की रैंकिंग में एक बड़ी छलांग लगाना है। निरीक्षण के दौरान महापौर, कलेक्टर और निगमायुक्त ने कहा कि हम जन सहयोग और प्रशासनिक तत्परता के समन्वय से जबलपुर को स्वच्छता में देश का नंबर 1 शहर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की भागीदारी इस बदलाव की असली ताकत होगी।

**नागरिकों से विशेष अपील:** इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि स्वच्छता अभियान में भागीदारी कर सहयोग प्रदान करें। निरीक्षण के मौके पर नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जल महोत्सव अंतर्गत जल अर्पण दिवस का किया गया आयोजन

**समय जगत, रतलाम।** जल निगम द्वारा जिला रतलाम के ग्राम जड़वासा खुर्द मे 16 मार्च को जल महोत्सव के अंतर्गत जल अर्पण दिवस का आयोजन कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के नेतृत्व में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा, रंगोली, जल बंधन सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रात : काल ग्राम में ढोल-बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य सुरेश पाटीदार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा जल प्रबंधन एवं जल संरक्षण के प्रति सामुदायिक संकल्प पर अपने विचार व्यक्त किए गए। आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही सरपंच श्रीमती पुष्पा परमार, उपसरपंच मांगीलाल एवं सचिव दिलीप सिसोदिया को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सरपंच प्रतिनिधि सुरेश परमार जड़वासा खुर्द द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासी, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षकगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, छात्र-छात्राएं, वरिष्ठ ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### लखपति दीदी बनीं पद्मा कुंवर, डेयरी व्यवसाय से हर महीने 30-40 हजार रुपये की आय

**समय जगत, रतलाम।** स्वयं सहायता समूह की लाभार्थी श्रीमती पद्मा कुंवर निवासी ग्राम कलालिया तहसील जावरा ने बताया कि स्व-सहायता समूह से जुड़कर मेरे जीवन में बड़ा बदलाव आया है। शिव शक्ति समूह से जुड़ने से पहले पद्मा केवल घर के कार्यो तक ही सीमित थीं, लेकिन समूह से जुड़ने के बाद उनमें आत्मविश्वास बढ़ा और वे समाज से जुड़कर आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय हुईं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत समूह के माध्यम से पद्मा ने ऋण लेकर गायें खरीदीं। अब वे अपने पति के साथ मिलकर डेयरी व्यवसाय संचालित कर रही हैं। इस व्यवसाय से उन्हें हर महीने लगभग 30 से 40 हजार रुपये तक की आय हो रही है। पद्मा ने बताया कि स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और अब वे 'लखपति दीदी' की श्रेणी में आ चुकी है।

### जांच दल पहुंचा सीसी रोड, मुक्तिधाम का किया निरीक्षण

**अमझेरा।** ग्राम पंचायत अमझेरा में निर्माण हुए 36 लाख के सीसी रोड़ एवं मुक्तिधाम सौन्दर्य करण सहित निर्माण समिति को निर्माण कार्यो की सूचना नहीं होने को लेकर ग्राम पंचायत उपसरपंच अर्जुन मोहनिया ने विगत दिनों जनसुनवाई में शिकायत की थी। जिसके बाद जनपद सी ई ओ ने जांच दल का गठन किया गया। जांच दल में बीपीओ अंसार पठान, इंजीनियर विनोद पाटीदार द्वारा सबसे पहले मुक्तिधाम में जाकर यहां हुए निर्माण कार्यो को देखा एवं नाप लिया गया। जिसके बाद जांच दल अस्पताल रोड पहुचा जहां सीसी रोड की लंबाई, चौड़ाई लेकर सेम्पल लिया गया। जांच के दौरान उप सरपंच मोहनिया ने हाथो से रेती उड़ाकर जांच दल को दिखाई। दल प्रभारी अंसार पठान ने बताया कि शिकायत के सभी बिन्दुओं पर जांच की है। रोड की लंबाई, चौड़ाई इंजीनियर द्वारा ली गई है। शीघ्र ही वरिष्ठ अधिकारियों को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

# पचोर में चित्रांश महिला मंडल ने फाग मिलन कार्यक्रम किया आयोजित

## पुष्प वर्षा के साथ हुआ सामूहिक नृत्य






**समय जगत, भोपाल।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्य प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव प्रांतीय संगठन मंत्री कैलाश सक्सेना राजगढ़ जिलाअध्यक्ष राकेश सक्सेना एवं राजगढ़ की महिला इकाई जिलाध्यक्ष श्रीमति प्रमिला सक्सेना के नेतृत्व में सामाजिक गतिविधियां संचालित होती रहती हैं। पचोर शहर में कायस्थ समाज के चित्रांश महिला मंडल द्वारा उत्सव वाटिका में फाग मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना कर महिलाओं ने पुष्प वर्षा के साथ फूलों की होली खेली और उत्साहपूर्वक पर्व की खुशियां साझा कीं। पूरे आयोजन में भक्ति, परंपरा और उत्सव का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन संगीता नरेंद्र सक्सेना और रचना अरुण सक्सेना के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान चित्रगुप्त की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, माता इरावती, दक्षिणा को रंग गुलाल लगाया। जिसके बाद महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर फूलों की होली खेली। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक तरीके से फाग उत्सव मनाया। फाग मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। महिलाओं ने फिल्मी और पारंपरिक होली गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण उल्लास और उमंग से भर गया। कार्यक्रम में पुष्प होली के साथ ही सहभोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी महिलाओं ने मिलकर उत्सव का आनंद लिया। इस आयोजन में पचोर शहर के करीब 80 कायस्थ परिवारों की महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में समाज की वरिष्ठ महिलाएं उमा सक्सेना, प्रांतीय प्रतिनिधि बबिता सक्सेना, रश्मि अशोक सक्सेना और वंदना संजय सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित रहीं। वहीं भाजपा जिला महामंत्री नीलम मनीष सक्सेना भी कार्यक्रम में शामिल हुईं और महिला मंडल की इस पहल की सराहना की। आयोजन को सफल बनाने में अंजू देवेन्द्र, मधु नरेन्द्र, संगीता मनोज, टीना राहुल, शशि निर्मल, दीप्ती आशीष, रूचिचेतन, ममता राकेश, रचना पावस, संगीता अनिल, सीमाअखिलेश, तनु, प्रतीक्षा, मंजू, नेहा और साधना सक्सेना सहित अन्य महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। चित्रगुप्त महाराज की आरती के बाद महाप्रसादी का आनंद लिया।


# देश की तरक्की, अमन-शांति और भाईचारे के लिए मांगी गई दुआएं, हाफिज़ तस्लीम का किया सम्मान



**सैयद रिजवान अली, मनावर।** मुसलमानों के पवित्र माह रमज़ान-उल-मुबारक के तीसरे अशरे में आने वाली मुबारक रात शब-ए-क़द्र के अवसर पर बाकानेर शहर की तमाम मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने पूरी अकीदत और श्रद्धा के साथ इबादत की। इस पवित्र रात में मुस्लिम जनों ने मस्जिदों में नमाज़ अदा की, कुरान शरीफ की तिलावत की और अपने पूर्वजों व मरहूमीन की मग़फिरत के लिए दुआएं और प्रार्थनाएं कीं।

**कुरान शरीफ मुकम्मल होने पर की गई खास दुआ:** बकानेर शहर की सभी प्रमुख मस्जिदों में इस अवसर पर कुरान शरीफ मुकम्मल (पूरा) किया गया, जिसके बाद विशेष दुआ का एहतमाम किया गया। इसके पश्चात कुरान शरीफ पढ़ने वाले हाफिज़ों और आलिमों का समाजजनों द्वारा इस्तकबाल (स्वागत) किया गया। शहर की तमाम मस्जिदों में इस मौके पर रौनक और इबादत का विशेष माहौल देखने को मिला। पुराने बस स्टैंड स्थित मस्जिद उमर बिन खत्ताब मरकज में हाफिज़ तस्लीम साहब ने तमाम आलम की भलाई और सलामती के लिए दुआ की, वहीं जामा मस्जिद में हाफिज़ साहब ने दुआ कराई। इसके अलावा नदी पार मस्जिद हमजा गोया मोहल्ला हुसैनी चोक मस्जिद आयशा में भी आलिम-ए-दीन ने देश में अमन, शांति और भाईचारे की कामना करते हुए वतन की खुशहाली और तरक्की के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। शब-ए-क़द्र की मुबारक रात के अवसर पर समाज की ओर से हाफिज़ों और उलेमाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान उन्हें कपड़े, उपहार और नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया गया।

# गैरतगंज, गढ़ी और देहगांव में ईद उल फ़ितर की नमाज़ का समय हुआ तय



**समय जगत, गैरतगंज।** ज़िले की गैरतगंज तहसील में ईद-उल-फ़ितर की नमाज़ को लेकर शूरा एवं मसाजिद कमेटियों द्वारा समय तय कर दिया गया है। तहसील के प्रमुख स्थानों गैरतगंज, गढ़ी और देहगांव में ईद की नमाज़ अदा की जाएगी। ईद की तारीख़ चांद दिखने पर निर्भर रहेगी। यदि चांद 19 मार्च (गुरुवार) को दिखाई देता है तो 20 मार्च (शुक्रवार) को ईद मनाई जाएगी, अन्यथा 20 मार्च को चांद दिखने पर 21 मार्च (शनिवार) को ईद-उल-फ़ितर मनाई जाएगी।

### नमाज़ का समय इस प्रकार रहेगा—

**गैरतगंज:** ईदगाह मस्जिद - सुबह 7 बजे, मौलाना जमालुद्दीन नमाज़ अदा कराएंगे जामा मस्जिद- सुबह 7.30 बजे, मुफ़्ती मशकूर नमाज़ अदा कराएंगे मंडी मस्जिद सुबह 7.30 बजे, हाफ़िज़ सद्दाम कुरैशी नमाज़ अदा कराएंगे

**गढ़ी ईदगाह:** सुबह 7.30 बजे, मौलाना अतीकुर्रहमान नमाज़ अदा कराएंगे जामा मस्जिद सुबह 8.30 बजे, मौलवी मुश्ताक़ नमाज़ अदा कराएंगे

**देहगांव:** ईदगाह सुबह 7.45 बजे, मौलाना क़मरुद्दीन नमाज़ अदा कराएंगे। जामा मस्जिद सुबह 8.15 बजे, मौलवी अतीक़ नमाज़ अदा कराएंगे। शूरा एवं मसाजिद कमेटियों के ज़िम्मेदारों ने मशवरा कर यह समय निर्धारित किया है। मुस्लिम समुदाय से अपील की गई है कि सभी लोग समय से पहले ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचें तथा आपसी भाईचारे, शांति और अनुशासन के साथ ईद की नमाज़ अदा करें।

# स्वयं सेवकों के कार्यों का समाज में दिखना चाहिए सार्थक प्रभाव : परमार

**समय जगत, भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प विकसित भारत-2047 का ध्येय, राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के निमित्त सभी को एक दिशा की ओर जोड़ना है। स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को शिक्षा, समाज, अर्थव्यवस्था सहित हर क्षेत्र में विश्वमंच पर अग्रणी बनाने के लिए व्यापक मंथन का दौर चल रहा है। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षा के मंदिरों से समाज एवं राष्ट्र के प्रश्नों का समाधान करने वाले श्रेष्ठ नागरिक सृजित हों। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने मंगलवार को भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित पंडित सुंदरलाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान के निनाद सभागृह में, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना सम्मेलन के समापन सत्र में सहभागिता कर कही।

# दूसरों के प्रति सकारात्मक सोचने से होता है कल्याण: गेहूंखेड़ी



**समय जगत, सुठालिया।** जब दुख आता है तो भगवान के प्रति करुणा बढ़ती है। दुख आता है तो पुराने किये हुए बुरे कर्म कटते हैं। रोना संसार की वस्तुओं के लिए नहीं आना चाहिए, भगवान के किये रोना चाहिए, मीरा जी ने जहर का प्याला हंस के पीया और भगवान के लिए रोई तो सशरीर मूर्ति में समा गई। उक्त बात स्थानीय पिलाखाल खेल मैदान पर चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन कथा प्रवक्ता प्रेमनारायण गेहूखेड़ी वाले ने व्यक्त किए।

**गोविन्द के गुण गाओ, भला बैरी का चाहो**-गुरुदेव ने कहा कि हमे किसी व्यक्ति विशेष के गुण व चाटुकारिता करने की जगह भगवान कृष्ण के गुण गाना चाहिए। वहीं भला भी सोचो तो अपना न सोंच के बैरी (दुश्मन) का भला सोंचना चाहिए। क्योंकि ऐसा सोचने मात्र आपका भला जरूर हो जाएगा आपके दुश्मन का भला तो उसके कर्मो से ही होगा। उदाहरण देते हुए कि भक्त प्रहलाद जी को पिता हिरण कश्यप ने बहुत दुख दिया, फिर भी प्रहलाद जी ने भगवान से उसके पिता का भला करने को कहा। भगवान ने इसी बात से प्रसन्न होकर प्रहलाद से शिरोमणि प्रहलाद बना दिया। इसीलिए मन से बैरी का भला करने का सोंचने लग जाओ।

**प्रकृति व पर्यावरण को समर्पित है कथा :** सुनील सरावत मित्र मंडल द्वारा आयोजित इस कथा हर रोज हजारों लोग कथा श्रवण कर रहे हैं वही कथा में रात्रि विश्राम करने वालों के लिए भोजनशाला का संचालन भी हो रहा है। कथा प्रकृति व पर्यवारण को समर्पित है। पूरे आयोजन में पॉलीथिन का उपयोग पुर्णतः प्रतिबंधित है। वही कथा में हर रोज कथावाचक द्वारा हर रोज वृक्षारोपण कर इसे लगाने का संकल्प भी मंच से दिलाया जा रहा है।

# बाकानेर प्रवास पर संत सीताराम बाबा का किया स्वागत



**समय जगत, मनावर ।** महामंडलेश्वर बालक दास महाराज के परम शिष्य सीताराम बाबा के बाकानेर प्रवास पर कौमी एकता कमेटी ,परख साहित्य मंच, बाकानेर के अध्यक्ष सैयद रिजवान अली एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष विश्वजीत सेन ने पुष्प माला पहनाकर एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष विश्वजीत सेन ने कहा कि हम आज एक ऐसी शख्सियत का सम्मान कर रहे हैं, जिन्होंने अपने गृहस्थ जीवन को त्याग कर अब तक छह बार पैदल नर्मदा परिक्रमा की है। साथ ही एक बार साइकिल से तथा दूसरी बार मोटरसाइकिल से 11 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य बनाया है, सीताराम बाबा पूर्व में श्री खेड़ापति सरकार हनुमानजी मंदिर बाकानेर में विगत 8 वर्षो तक पैदल चलकर आने वाले नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा कर चुके हैं, बाबाजी ने श्री खेड़ापति सरकार हनुमान जी मंदिर बाकानेर में प्रत्येक अमावस्या पर कन्या भोज प्रारंभ करवाया था जो अनवरत जारी है इसी प्रकार मास पारायण एवं प्रत्येक पूर्णिमा पर अखंड रामायण पाठ प्रारंभ करवाया था जो निरंतर जारी है, बाबा श्री वर्तमान में प्राचीन श्री राम मंदिर खल बुजुर्ग में नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा कर धर्म लाभ ले रहे हैं। सैयद रिजवान अली ने बताया कि सीताराम बाबा का पूरा नाम रामशरण पाटीदार है जो मूलतःजामली महू के निवासी होकर उनके परिजन कुशल कृषक हैं, बाबा श्री सरल सौम्य और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। सभी धर्म संप्रदाय के लोग उनके प्रशंसक और शुभचिंतक हैं बाकानेर प्रवास पर ऋषि मंडलोई अंतिम सेन, शैलेंद्र सेन एवं मनीष सोनी ने भी बाबा श्री का स्वागत सम्मान किया।

# कांचीपुरम् में भुवन मोहन वशिष्ठ राष्ट्रीय स्तर पर हुए सम्मानित

## भारतीय ज्ञान-विज्ञान भाषण प्रतियोगिता में मिला सम्मान



**ब्यावरा।** सप्तपुरियों में प्रधान, ज्ञान की अधिष्ठात्री नगरी- कांचीपुरम् (तमिलनाडु) में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 63 वें अखिल भारतीय शास्त्रीय उत्सव में मध्य प्रदेश के मेधावी छात्र ने अपनी प्रतिभा का परचम फहराया है। इस भव्य समागम में कांची कामकोटि पीठ के पूज्यपाद् शंकराचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में देशभर के विद्वानों और जिज्ञासुओं का अनूठा संगम देखने को मिला। इस राष्ट्रीय महोत्सव में संपूर्ण भारत के लगभग 23 प्रांतों से आए लब्धप्रतिष्ठ विद्वानों और प्रकांड छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। जिसमें आयोजन के अंतर्गत शास्त्रार्थ, शलाका परीक्षा, कण्ठपाठ, तथा विभिन्न भाषण प्रतियोगिताओं जैसी कठिन बौद्धिक स्पर्धाएं आयोजित की गई, जिनमें प्राचीन ज्ञान-विज्ञान के गूढ़ रहस्यों पर मंथन हुआ। भारतीय ज्ञान परम्परा गौरवपूर्ण प्रतियोगिता में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर (मध्य प्रदेश) का प्रतिनिधित्व करते हुए भुवन मोहन वशिष्ठ सुपुत्र आचार्य वेणी प्रसाद वशिष्ठ ने अपनी वाग्मिता और शास्त्र-बोध का परिचय देते हुए भारतीय ज्ञान परम्परा विषयक भाषण स्पर्धा में देशभर में तृतीय स्थान प्राप्त कर न केवल अपने विश्वविद्यालय, कुल-परिवार का मान बढ़ाया, अपितु सम्पूर्ण मध्य प्रदेश की सनातन ज्ञान-विज्ञान परम्परा को गौरवान्वित किया है। कांची की इस पुण्य भूमि पर पूज्यपाद् शंकराचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में प्राप्त इस उपलब्धि को संस्कृत जगत और अकादमिक क्षेत्र में अत्यन्त सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है। उनकी इस सफलता पर विश्वविद्यालय के आचार्य वृन्द और इष्ट-मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके यशस्वी- उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।

# जिला अस्पताल में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से रक्त दान शिविर संपन्न




**रीवा ।** मानव सेवा के उद्देश्य से आयोजित रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में युवाओं एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए रक्तदान किया। इस दौरान कुल 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा डॉ यत्नेश त्रिपाठी सीएमएचओ रीवा सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ प्रतिभा मिश्रा ने बताया कि रक्त दान महादान है और इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। शिविर में उपस्थित डॉक्टरों की टीम द्वारा सभी रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य समाज में सेवा और जागरूकता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने युवाओं से समय-समय पर रक्तदान करने की अपील भी की। शिविर के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले डॉ किरण त्रिपाठी नोडल ब्लड बैंक,डॉ शबा हुसैन, लवकेश कोरी, एवं सभी स्वास्थ्य टीम का महत्पूर्ण योगदान दिया।

# संकल्प से समाधान अभियान के आवेदनों का करें निराकरण : कलेक्टर

**रीवा ।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी फरवरी माह में दर्ज शिकायतों तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में विभागों की रैंकिंग संतोषजनक नहीं है। लंबित आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण करके विभाग की रैंकिंग सुधारें। विभाग की रैंकिंग ए श्रेणी में सुनिश्चित करें। राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नगरीय निकाय तथा श्रम विभाग आवेदनों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। जिला आपूर्ति अधिकारी एलपीजी से संबंधित सभी शिकायतों का 24 घंटे में निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान में 16 से 26 मार्च तक तीसरा चरण चलेगा। इसमें जिला स्तर पर आवेदन पत्रों का निराकरण किया जाएगा। लंबित आवेदन पत्रों का शत-प्रतिशत निराकरण करके प्रतिवेदन पोर्टल पर दर्ज कराएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रम विभाग में मजदूरों के पंजीयन से संबंधित सभी आवेदन पत्रों का निराकरण कराएं। जिस ग्राम पंचायत सचिव के पास 10 से अधिक आवेदन लंबित हैं उस पर पाँच हजार रुपए का जुर्माना लगाएं। कार्यपालन यंत्री पीएचई अभियान चलाकर खराब हैण्डपंपों में सुधार कराएं। हैण्डपंप सुधार के लिए अतिरिक्त राइजर पाइप तथा अन्य सामग्री की तत्काल व्यवस्था करें। जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से शुरू हो रहा है। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विकासखण्ड स्तर पर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ समारोहपूर्वक अभियान का शुभारंभ कराएं। अभियान के दौरान गत वर्ष के जल संरक्षण के अधूरे कार्यों को पूरा कराएं। कलेक्टर ने कहा कि किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण की स्थिति संतोषजनक नहीं है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व्यापक अभियान चलाकर टीके लगवाने के लिए 14 और 15 वर्ष की किशोरियों तथा उनके अभिभावकों की काउंसलिंग करें। अब परीक्षाएं समाप्त हो गई हैं। यह टीका किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से पूरी सुरक्षा देगा। हर माता-पिता अपनी बेटी को कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाने के लिए टीका अवश्य लगवाएं। सोशल मीडिया में भी टीकाकरण से संबंधित पोस्ट नियमित रूप से करें। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों तथा समाजसेवी संस्थाओं का भी सहयोग लें। कलेक्टर ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी नया शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले जिला स्तर पर पुस्तक मेले का आयोजन करें। पुस्तक मेला शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित करें। इसमें सभी प्रमुख पुस्तक विक्रेताओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। पुस्तक मेले का व्यवस्थित आयोजन कराएं जिससे अभिभावक पुस्तकें एवं अन्य सामग्री खरीद सकें। बैठक में कलेक्टर ने पेयजल व्यवस्था, सड़कों में सुधार, समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन की तैयारियों तथा बिजली आपूर्ति के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री त्योंथर, जवा और सिरमौर में बैठक लेकर विद्युत की नियमित आपूर्ति के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर सुरभि अग्रवाल तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नप सिरमौर सीएमओ ने जप सीईओ को भेजा नोटिस

## निकाय क्षेत्र में विना अनुमति व्यवसायिक दुकान बनाने का है मामला



**रीवा।** नगर परिषद सिरमौर सीमा में जनपद पंचायत सिरमौर के द्वारा अवैधानिक तरीके से विना अनुमति व्यवसायिक दुकान निर्माण किए जाने पर सीएमओ सिरमौर श्री संतोष कुमार सिंह के द्वारा नोटिस जारी कर वैधानिक अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

**क्या है मामला:** कार्यालय नगर परिषद सिरमौर द्वारा जारी पत्र क्रमांक/176 दिनांक 6/3/2026 में लेख किया गया है की निकाय क्षेत्र सीमा मे जनपद पंचायत सिरमौर के द्वारा नियमो के विपरीत नगरीय निकाय सीमा अन्तर्गत वार्ड कमांक-13 (सिरमौर रीवा मार्ग जय स्तम्भ चौक) में विना सक्षम स्वीकृति के व्यवसायिक दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। जो म प्र.नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 के अन्तर्गत विहित प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघधन । जारी नोटिस में लेख किया गया है कि उक्त निर्माण संवधी वैध अभिलेख जैसे व्यवसायिक दुकान निमार्ण मंजूरी, नक्सा, भूमि स्वामित्व, राजस्व विभाग में जमा भू भाटक की रसीद की प्रति के साथ अन्य वैधानिक अभिलेख अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में जमा कराया जाना सुनिश्चित करे । साथ ही निर्माणाधीन व्यवसायिक दुकानों का निर्माण कार्य सूचना प्राप्ति के तत्काल वाद बंद कराये । नियत समयावधि में वांछित दस्तावेज प्रस्तुत न होने पर माना जावेगा कि आपके द्वारा नियमों के विपरीत व्यवसायिक दुकानों का निमार्ण कार्य कराया जा रहा है। जिस स्थिति में म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कि जावेगी ।

**इनको भेजी जानकारी :** आयुक्त महोदय नगरीय प्रशान एंव विकास भोपाल ,कलेक्टर महोदय जिला-रीवा, संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एव विकास रीवा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जिला रीवा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग सिरमौर , अध्यक्ष महोदय, नगर परिषद सिरमौर ,तहसीलदार तहसील सिरमौर, थाना प्रभारी, थाना सिरमौर , के साथ अश्वनी तिवारी अतिक्रमण प्रभारी नगर परिषद सिरमौर की ओर लेखकर निर्देशित किया गया है कि विना अनुमति भवन निमार्ण या शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाया जाना सुनिश्चित करे ।

### क्या कहते हैं अधिकारी

नगरीय क्षेत्र में विना अनुमति व्यवसायिक दुकान निर्माण कार्य पाए जाने पर नियमो के तहत दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए जनपद पंचायत सिरमौर को पत्र भेजा गया है । कानून व्यवस्था सभी के लिए है । नियत समय में वैधानिक अभिलेख प्रस्तुत न करने पर मप्र नगर पालिका अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी ।
संतोष कुमार सिंह
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सिरमौर, जिला रीवा

## यह कार्रवाई सिर्फ सेमरिया तक ही सीमित रहेगी या रीवा शहर के अंदर भी ऐसी ही सख्त कार्रवाई देखने को मिलेगी?

**रीवा ।** रीवा जिले में एक बार फिर प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल खड़े होते नजर आ रहे हैं । हाल ही में जिला प्रशासन और खाद्य विभाग की टीम ने सेमरिया क्षेत्र में पहुंचकर कुछ रेस्टोरेंट और दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग को लेकर कार्रवाई की । अधिकारियों ने दुकानों की जांच की और नियमों के खिलाफ घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल करने वालों पर कार्रवाई का दावा भी किया । लेकिन अब सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ सेमरिया तक ही सीमित रहेगी या फिर रीवा शहर के अंदर भी ऐसी ही सख्त कार्रवाई देखने को मिलेगी । क्योंकि हकीकत यह है कि शहर के कई रेस्टोरेंट, ढाबे और छोटे-बड़े खाने-पीने के प्रतिष्ठान खुलेआम घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल कर रहे हैं । नियम साफ कहते हैं कि घरेलू सिलेंडर का उपयोग केवल घरों के लिए है, जबकि व्यावसायिक गतिविधियों के लिए कमर्शियल सिलेंडर अनिवार्य है । इसके बावजूद शहर के कई इलाकों में दुकानदार बड़ी मात्रा में घरेलू सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान तो हो ही रहा है, साथ ही यह पूरी तरह नियमों के खिलाफ भी है । सबसे बड़ी बात यह है कि इस पूरे मामले की जानकारी खाद्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को भी है । स्थानीय लोग भी कई बार इसको लेकर सवाल उठा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद शहर के अंदर किसी बड़ी कार्रवाई की खबर सामने नहीं आई । ऐसे में अब लोगों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या सेमरिया में की गई कार्रवाई सिर्फ दिखावे के लिए थी या फिर प्रशासन वाकई पूरे जिले में अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करेगा । अब निगाहें जिला प्रशासन और खाद्य विभाग के अधिकारियों पर टिकी हुई हैं । लोग यह जानना चाहते हैं कि क्या शहर के अंदर चल रहे इस खुले खेल पर भी सख्त कार्रवाई होगी, या फिर यह मामला भी कुछ दिनों की हलचल के बाद ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा । अगर प्रशासन वास्तव में नियमों का पालन कराना चाहता है, तो उसे पूरे जिले में एक समान अभियान चलाना होगा, ताकि किसी को भी नियम तोड़ने की छूट न मिले ।

## सार संक्षिप्त

### विजया राजे सिंधिया कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय का तीन दिवसीय वर्कशॉप का समापन समारोह हुआ संपन्न



**आकाश दुबे- समय जगत, ग्वालियर ।** विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय मुरार ग्वालियर में प्राणी विज्ञान और वनस्पति विज्ञान के संयुक्त तत्वावधान में वर्मिकंपोस्टिग और ऑर्गेनिक फॉर्मिंग विषय पर तीन दिवसीय वर्कशॉप का समापन समारोह संपन्न हुआ कार्यक्रम के शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस के श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की ,कार्यक्रम की आयोजक डॉ मनीषा देशपांडे और डॉ अंजू शर्मा के द्वारा विगत तीन दिनों में छात्राओं द्वारा वर्मिकोपोस्टिग और ऑर्गेनिक फॉर्मिंग के संबंध में किए गए कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथियों का प्लांट्स देकर स्वागत किया गया । तत्पश्चात् डॉ दिनेश कुमार चतुर्वेदी के द्वारा मुख्य वक्ताओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई कार्यक्रम के दौरान साइंस कॉलेज ग्वालियर से प्रो डॉ डी के शर्मा ने वर्मिकंपोस्ट की कृषि में में महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और आयोजकों के द्वारा छात्राओं से कराए गए कार्यों की सराहना की डॉ निशा तोमर ने कृषि में कीटनाशकों और रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध हो रहे उपयोग पर तत्काल रोक लगाने का आव्हान किया और कृषि में प्राकृतिक खाद को उपयोग में लाए जाने पर जोर दिया, इस अवसर पर छात्राओं के द्वारा तीन दिवसीय वर्कशॉप के संबंध में अपने अनुभव साझे किये , वर्कशॉप में भाग लेने वाली छात्राओं को सर्टिफिकेट भी वितरित किए गए,कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की लगभग 200 छात्राएं उपस्थित रही इसके अलावा महाविद्यालय के स्टॉफ में आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ रेनू एस नायर,डॉ पी सी जाटव, डॉ ममता चौहान, डॉ शर्मिला जैन, डॉ सारिका सक्सेना, डॉ सुरभि दानवे डॉ किरण तोमर डॉ रचना आदि उपस्थित रहे ।

### कलेक्टर ने किए तीन शस्त्र लायसेंस निलंबित

**दतिया ।** पुलिस अधीक्षक दतिया के प्रतिवेदन के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट व कलेक्टर दतिया स्वप्निल वानखड़े द्वारा आयुध अधिनियम 1959 की धारा-17 (3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लायसेंसधारकों द्वारा लायसेंस की शर्तो का उल्लंघन किये जाने के कारण तीन लायसेंसधारी विजय दरोगा पिता रामरतन दरोगा निवासी दरोगा वाली गली दतिया थाना कोतवाली दतिया, पान सिंह पिता पंजाब सिंह गुर्जर निवासी ग्राम अमरा थाना डीपार जिला दतिया एवं राजकुमार उर्फ राघव पिता टीकम यादव निवासी ग्राम रिछारी थाना बड़ौनी जिला दतिया को स्वीकृत शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से प्रकरण के अंतिम निराकरण तक की अवधि के लिए निलंबित किये गए है ।

### गैस संकट से चौपट होता कारोबार, चौपाटी की आधी दुकानें बंद

**रीवा ।** इन दिनों कमर्शियल गैस सिलेंडर की भारी किल्लत ने छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी है, हालात ऐसे बन गए हैं कि शहर की चौपाटी, जो आम दिनों में ग्राहकों की भीड़ से गुलजार रहती थी, अब लगभग सूनी नजर आ रही है, गैस नहीं मिलने के कारण कई दुकानदारों को मजबूर होकर अपने ठेले और दुकानें बंद करनी पड़ रही हैं,,, जानकारी के अनुसार चौपाटी क्षेत्र में करीब 55 से 60 दुकानें संचालित होती हैं, लेकिन गैस संकट के चलते इनमें से केवल 24 से 25 दुकानें ही किसी तरह खुल पा रही हैं, जबकि बाकी दुकानों पर ताले लटक गए हैं,जो दुकानें खुली हैं, वे भी सीमित संसाधनों के सहारे किसी तरह कारोबार चला रही हैं,छोटे व्यापारियों का कहना है कि गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें कच्चा माल घरों में लकड़ी के चूल्हे पर तैयार करना पड़ रहा है, वहीं कुछ लोग डीजल से चलने वाले स्टोव का सहारा ले रहे हैं, जिससे लागत बढ़ रही है और काम की गति भी धीमी हो गई है, कई दुकानदार अब केवल ग्राहकों की मांग पर फ्राई या हल्का नाश्ता ही तैयार कर पा रहे हैं, क्योंकि पूरे स्तर पर दुकान चलाना उनके लिए संभव नहीं रह गया है,व्यापारियों के मुताबिक फिलहाल उनके पास पहले से मौजूद कुछ पुराने कमर्शियल सिलेंडर ही सहारा बने हुए हैं, जैसे ही ये खत्म होंगे, पूरी चौपाटी के बंद होने का खतरा और बढ़ जाएगा,,इस बीच एक और गंभीर स्थिति सामने आ रही है । गैस की कमी के चलते कुछ लोग घरेलू सिलेंडर से कमर्शियल सिलेंडर में गैस भरने का काम भी करने लगे हैं, यह प्रक्रिया बेहद खतरनाक मानी जाती है और इससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है ।

# गैस सिलेंडर की किल्लत से जनता है त्रस्त : अशोक दांगी बगदा



**दतिया।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिले में घरेलू रसोई गैस की किल्लत और लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में मंगलवार को एक अनूठे तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दतिया गैस एजेंसी के सामने सीतासागर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पुराने बयान पर तंज कसते हुए सीतासागर में पाइप डालकर गैस चूल्हा जलाने का सांकेतिक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आम जनता को हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था कि गैस की कमी और महंगाई ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। श्री दांगी ने कहा केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आज आम आदमी महंगाई से परेशान हैं। रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं और दूसरी ओर गैस सिलेंडर की किल्लत से जनता त्रस्त है। सरकार को तुरंत गैस की कीमतों में की गई वृद्धि वापस लेना चाहिए और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि जनता को राहत मिल सके। विरोध प्रदर्शन करने वालों में नरेन्द्र गुर्जर, अजय शुक्ला, रिंकू यादव, वासुदेव कमरिया, रामकुमार मोंगिया, हंसमुखी राजपूत, डॉ. राकेश खरे, रामदास उत्साही, आशीष तिवारी, अमरीश वाल्मीक, सद्दाम खान, स्वदेश अहिरवार, राघवेंद्र जादौन, अमित पाठक, हरिमोहन श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव एवंजाकिर मंसूरी आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने हर वर्ग के लिए किया काम : घनश्याम सिंह पूर्व विधायक



**दतिया।** कांग्रेस की प्राथमिकता रही है कि सबसे पहले आदिवासी फिर दलित, पिछड़ा, महिला, अल्पसंख्यक एवं अन्य समाज के विकास के लिए योजनाएं बनाना और उनको लागू करना। आजादी के बाद देश में आरक्षण लागू करने में अंतिम सरकार के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को आगे कर संविधान सभा से संविधान को पारित कराने में अहम भूमिका निभाई थी। बीजेपी और आरएसएस समाज में कई बातों से भृम फैलाने का काम करती है जैसे मुसलमान की जनसंख्या तेजी से बढने की बात पूरी तरह से झूठी एवं भ्रामक है। यह विचार सेंवढ़ा के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने मंगलवार को सेंवढ़ा के रंग महल गार्डन में कांग्रेस सेवादल के 22 मार्च से शुरु होने जा रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सेंवढ़ा में सेवादल का तीन दिवसीय शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसमें कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा समाज के विकास के लिए दिए गए कार्य, संचालित की गई जन हितेषी योजना एवं योगदान को विस्तार से बताया जाएगा। शिविर में सेंवढ़ा क्षेत्र के 100 सेवादल कार्यकर्ताओं को सेवादल के राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें सेवादल के गठन, उद्देश्य, कार्यो से परिचित कर प्रशिक्षित किया जाएगा। बैठक में पूरन सिंह कुशवाहा, सेवादल जिलाध्यक्ष मोहन सिंह कुशवाहा, देशराज कुशवाहा, बादशाह खान, जवेंद्र सिंह परिहार, धीरज गांधी, धर्मेंद्र परमार ,राहुल राजा परमार, विवेक बघेल, सोनू पटेल, चंद्रभान सिंह रिपोली, शंकर सिंह रिपोली, मुन्नालाल समाधिया, ओम जी गुर्जर, लल्लू विश्वकर्मा, सत्येंद्र यादव, रामहंस कुशवाहा, जगराम सिंह कुशवाहा, राजेंद्र नोनेरिया, उधम सिंह बाबा नागिल, राजा भैया रिपोली, अवधेश त्यागी, रईस खान, बादाम सिंह पिरोनिया, रामनरेश शर्मा, राजू बघेल, राजेश सिंह परिहार, रामकिशन केवट, पुष्पेंद्र सिंह बुंदेला, दीप कुमार अहिरवार, महाराज सिंह बघेल, गयाप्रसाद, विशाल सिंह चौहान, मोहन सिंह बघेल, धर्मेंद्र सिंह बैस, प्रताप सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**22 मार्च को सांसद अशोक सिंह करेंगे उदघाटन.........** सेवादल के प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन 22 मार्च को सांसद अशोक सिंह बतौर मुख्य अतिथि सुबह 10 बजे करेंगे। पंजीयन सुबह 9 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में घनश्याम सिंह पूर्व विधायक सेंवढ़ा एवं पूरन सिंह कुशवाहा जिला प्रभारी कांग्रेस सेवादल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष मोहन सिंह कुशवाहा द्वारा किया जा रहा है।

# खाद्य आपूर्ति विभाग के अफसर लापता, फोन तक नहीं उठाते, क्यों कि इनके घर पहुंचता है फ्री सिलेंडर

## किसी भी एजेंसी पर अब तक नहीं हुई सख्त कार्रवाई, होम डिलिवरी का रुपया ले रहे लेकिन घर तक नहीं पहुंचा रहे

**रीवा।** गैस सिलेंडर की किल्लत जारी है। कलेक्टर ने दावा किया था, लोगों को एजेंसियां घर तक सिलेंडर पहुंचाएंगी लेकिन यह दावे खोखले ही निकले। एजेंसियां ग्राहकों को गोदाम बुला रही हैं, जबरन भीड़ जुटा रही हैं। होम डिलिवरी नहीं हो रही। इसके पीछे बड़ी वजह सामने आई है। एजेंसियां इसकी आड़ में कालाबाजारी भी कर रहीं। गैस की समस्या को सुलझाने में रीवा कलेक्टर के दावे हवा हो गए। कलेक्टर ने बड़े बड़े दावे किए थे। घर तक सिलेंडर पहुंचाने की बात कही थी। यह व्यवस्था कहीं भी नजर नहीं आ रही। एजेंसियों में पर्याप्त स्टॉक भी नहीं है। लोगों का गैस बुकिंग में अब भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बुकिंग के बाद डीएनएस नंबर नहीं पहुंच रहा। लोग परेशान हैं। एजेंसियों की गाडियां वार्डो तक नहीं पहुंच रही। लोगों को गैस के लिए गैस एजेंसी के गोदामों के बाहर ही लाइन लगानी पड़ रही है। हालात एजेंसी संचालकों ने बदतर कर दी है। यदि गाडियां मोहल्लों तक पहुंचती तो भीड़ बेकाबू न होती।

**तीनों गैस एजेंसी संचालकों ने बिगाड़ी व्यवस्था:** रीवा शहर में संचालित गैस एजेंसी संचालक ने ही पूरी व्यवस्था ठप कर दी। इनकी कोई भी गाडियां और कर्मचारी होम डिलिवरी नहीं कर रही हैं। यह सभी ग्राहकों को अब तक खुद ही एजेंसी के गोदाम में बुला रहे थे। इसके कारण गोदाम में भीड़ लगनी शुरू हुई। अब यह भीड़ प्रशासन खुद नहीं सम्हाल पा रहा है। पापुलर गैस एजेंसी ने होम डिलिवरी से भी हाथ खड़े कर दिए हैं। इनका कहना है कि फिलहाल होम डिलिविरी मुश्किल हैं।

**होम डिलिवरी बंद होने से ही बिगड़ी बात:** यदि गैस एजेंसियों ने होम डिलिविरी की व्यवस्था को बंद नहीं किया होता तो यह हालात जो बने हैं, वह बेकाबू नहीं होते। गैस एजेंसी संचालकों ने गोदाम से ही सिलेंडर बेचना और उन्हें ब्लैक करना शुरू कर दिया। इसके कारण ही लोगों की भीड़ गोदाम में जुटने लगी। प्रशासन ने भी इन पर किसी तरह की सख्ती नहीं बरती। जिसका फायदा एजेंसी संचालकों ने उठाया।

**फ्री सिलेंडर के चक्कर में अधिकारी भी पंगु बन गए:** खाद्य आपूर्ति विभाग और जिला प्रशासन के कई अधिकारियों को गैस एजेंसियां फ्री सिलेंडर पहुंचाती है। इसके कारण इन अफसरों को आम जनता की परेशानियां न तो दिखाई दे रही हैं और न ही सुनाई पड़ रही हैं। किसी भी खाद्य अधिकारी का फोन नहीं उठता। कोई भी जनता की शिकायत सुनने को तैयार नहीं है।

**होम डिलिवरी का एजेंसियां पैसा ले रहीं सेवाएं नहीं दे रहीं:** सभी एजेंसियां उपभोक्ताओं को दोहरा चूना लगा रही हैं। सभी एजेंसियां उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए गोदाम बुला रही हैं। उन्हें लंबी लाइनों में खड़ा कराती हैं फिर सिलेंडर देती हैं। गोदाम से सिलेंडर लेने के बाद भी होम डिलिवरी चार्ज वापस नहीं करती। होम डिलिवरी का पैसा तो वसूला ही जा रहा जनता को भी परेशान किया जा रहा है।

**इस तरह हो रही कालाबाजारी:** गैस एजेंसियां सिलेंडर की कालाबाजारी भी कर रही हैं। भले ही आम उपभोक्ताओं के लिए गैस एजेंसी संचालक नियम बना दें लेकिन व्यापारियों और अन्य पहुंच वालों के लिए कोई रोक टोक नहीं है। बिना आनलाइन बुकिंग और डीएनएस के भी सिलेंडर पहुंच रहे हैं। यह सिलेंडर हालांकि दुसरे की बुकिंग नंबर से भेजे जा रहे हैं। आनलाइन बुकिंग और एडवांस पेमेंट करने वाले उपभोक्ताओं को 48 घंटे के अंदर होम डिलिवरी का नियम है लेकिन यह सेवाएं नहीं दे पा रहे। ऐसे उपभोक्ताओं के नाम से सिलेंडर डिलिवर दिखाकर ब्लैक कर देते हैं। यही वजह है कि होटलों और अन्य संस्थानों में घरेलू सिलेंडर आसानी से पहुंच रहा है।

**2 हजार तक पहुंचा ब्लैक में सिलेंडर:** इस संकट में भी गैस एजेंसियां मुनाफा कमाने से बाज नहीं आ रही हैं। एक सिलेंडर करीब 2 हजार रुपए तक में ब्लैक किया जाता है। अब हम बताते हैं कि यह सिलेंडर एजेंसी से ग्राहक तक ब्लैक में कैसे पहुंचता है। गैस एजेंसियों में सिलेंडर की आनलाइन बुकिंग करने वाले लाखों में है। इन्हें मैसेज डिलिवर का पहुंच गया लेकिन सिलेंडर नहीं मिला। इन्हीं उपभोक्ताओं के सिलेंडर गोदाम से होम डिलिविरी के लिए निकलते हैं और किसी दूसरे को ब्लैक में बेच दिया जाता है। इसी खेल से लाखों एजेंसियां कमा रही हैं।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सीटी स्केन प्रभारी की हुई कमेटी के सामने पेशी, एमआरआई टेक्नीशियन भी हुए तलब

**रीवा।** श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में सीटी स्केन और एमआरआई शाखा में की गई टेक्नीशियन की नियुक्ति मामले की जांच शुरू हो गई है। जांच कमेटी इस मामले में पहुंची शिकायत पर जांच कर रही है। सुपर स्पेशलिटी के सीटी स्केन प्रभारी और एमआरआई सेंटर के एक टेक्नीशियन को नोटिस जारी कर बयान के लिए बुलाया गया था। शिकायतकर्ता के भी बयान लिए गए हैं। अब जांच के बाद ही पूरे फर्जीवाड़े और आरोपों की सच्चाई से पर्दा उठ पाएगा। आपको बता दें कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 13 करोड़ कीमत की सीटीएमआरआई मशीन इंस्टाल की गई। इसी तरह 7 करोड़ की सीटी स्केन मशीन संजय गांधी अस्पताल में लगाई गई। इन दोनों मशीनों को इंस्टाल करने के बाद टेक्नीशियन की नियुक्ति का प्रस्ताव कार्यकारिणी की बैठक में रखा गया। दोनों जगहों के लिए टेक्नीशियन की नियुक्ति को हरी झंडी दी गई। इस नियुक्ति में भर्ती नियमों का डीन ने पालन नहीं किया। जैसी जैसी सिफारिश आती गई। वैसे वैसे टेक्लीशियन के पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति करते गए। पहले जिन्हें पदस्थ किया गया, बाद में नई सिफारिश आने पर उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इसमें एक कंडीडेट अंजली चौधरी भी थी। इनकी नियुक्ति सीटी एमआरआई में टेक्नीशियन के पद पर हुई। इनके दस्तावेजों की केवायसी भी हो गई। इनकी ज्वाइनिंग भी करा ली गई। कुछ दिन बाद इन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इन्हें बाहर निकाला तो गया कि लेकिन सीटी स्केन प्रभारी ने इन्हें बेइज्जत करके निकाला। अभद्रता भी की। इसी से नाराज अंजली चौधरी ने न्याय की गुहार लगाने अधिकारियों के चौखट पर पहुंची। कलेक्टर, कमिश्नर, डीन और एसडीएम से शिकायत की। सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई। इसी शिकायत पर अब जांच शुरू हुई है। पेशी पर पेशी चल रही है। शिकायत में जितने भी लोग फंसे हैं, उनके बयान लिए जा रहे हैं।

**फर्जी सर्टिफिकेट से नौकरी पाने का लगाया आरोप**

अंजली चौधरी ने बताया कि उन्होंने सीटीएमआरआई का कोर्स श्याम शाह मेडिकल कॉलेज से किया है। वह दो बैच में टॉपर रही हैं। शेष छात्र फेल हो गए थे। इसके बाद भी उनका चयन नहीं किया गया। उन्हें बाहर कर दिया गया। सिफारिश वालों की नियुक्ति कर दी गई। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि टेक्नीशियन आशीष गौतम ने फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी पाई है।उन्होंने जो रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट लगाया है। उसमें हिंदी और अंग्रेजी के रजिस्ट्रेशन नंबर में अंतर है। जांच टीम ने आशीष गौतम को नोटिस जार करने के बाद बयान के लिए तलब किया है।

## संपादकीय

# देश के कई राज्यों में बढ़ रहा है जल संकट

तापमान बढ़ने के साथ ही देश के कई राज्यों में जल संकट में भी बढ़ोत्तरी होने लगी है। बड़े जलाशयों का घटता स्तर किसी सामान्य मौसमी उतार-चढ़ाव का नहीं, बल्कि गंभीर असंतुलन का संकेत है। मार्च में ही जब पानी आधा रह जाए, तो आने वाले महीनों का संकट साफ दिखाई देता है। इसका असर सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं, गांवों में किसान फसलों को बचाने के लिए जूझ रहे हैं। नदियां कमजोर पड़ रही हैं, भूजल नीचे जा रहा है और पानी की हर बूंद की अहमियत बढ़ती जा रही है। यह हालात स्पष्ट करते हैं कि जलवायु परिवर्तन केवल गर्मी नहीं बढ़ा रहा, बल्कि हमारे जल संसाधनों को भी तेजी से खत्म कर रहा है।

तापमान और प्रदूषण का साथ इस संकट को और खतरनाक बना रहा है—एक ऐसा दोहरा प्रहार जो शरीर और पर्यावरण दोनों को प्रभावित कर रहा है। गर्मी बढ़ते ही हवा में मौजूद जहरीले कण और सक्रिय हो जाते हैं, जिससे सांस लेना कठिन हो जाता है। दिल्ली और आसपास की खराब होती हवा यह दिखा रही है कि समस्या सिर्फ गर्मी नहीं, बल्कि उसी हवा की है जिस पर जीवन निर्भर है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों पर पड़ रहा है, और अस्पतालों में बढ़ती भीड़ संकेत है कि यह अब पर्यावरण नहीं, गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है। एमपी सहित अन्य राज्यों में जल संकट की स्थिति दिखाई दे रही है। अभी कुछ माह पूर्व ही एमपी के इंदौर में दूषित पानी पाने से दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसे हालात में वर्ल्ड बैंक का हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट (300 डॉलर मिलियन) राहत की उम्मीद जगाता है। साफ हवा के लिए मॉनिटरिंग नेटवर्क का विस्तार, इलेक्ट्रिक वाहन, कृषि और उद्योग सुधार सकारात्मक कदम हैं। लेकिन असली सवाल यही है कि क्या ये पर्याप्त हैं, या हम सिर्फ ऊपर-ऊपर से समस्या को संभाल रहे हैं? मॉनिटरिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा और कृषि सुधार जरूरी हैं, पर जब तक ये व्यापक और दीर्घकालिक नीति से नहीं जुड़ते, तब तक इनका असर सीमित ही रहेगा। वास्तविक चुनौती उन जड़ों पर प्रहार करने की है जहां से यह संकट पैदा हो रहा है। तेज औद्योगिकीकरण, जीवाश्म ईंधनों पर बढ़ती निर्भरता, जंगलों की कटाई और अव्यवस्थित शहरी विस्तार ने प्राकृतिक संतुलन को गहराई से बिगाड़ दिया है। फिर भी हम प्रदूषण को मौसमी मानकर टाल देते हैं और गर्मी को अस्थायी असुविधा समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन मार्च 2026 ने साफ कर दिया है कि यह सोच अब खतरे से खाली नहीं। जब असामान्यता ही सामान्य लगने लगे, तो इसका मतलब है कि हमने समस्या को स्वीकार तो कर लिया, लेकिन उससे लड़ने की तैयारी अब भी अधूरी है। इस बदलते दौर का सबसे भारी असर आम लोगों की जिंदगी पर दिख रहा है, जहां रोजमर्रा अब सहज नहीं, संघर्ष बन गई है। एक साधारण परिवार के लिए पानी बचाना, बिजली संभालना और स्वास्थ्य सुरक्षित रखना लगातार चुनौती है। बच्चों का बाहर खेलना घट गया है, बुजुर्गों के लिए बाहर निकलना जोखिम भरा है और कामकाजी लोगों के लिए काम की गति बनाए रखना कठिन हो रहा है। यह सिर्फ पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक असमानता को भी गहरा कर रहा है—जहां साधन वाले खुद को बचा लेते हैं, वहीं कमजोर वर्ग पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं संवर्धन तथा शुद्ध व स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिये।

# पांच राज्यों में चुनावी बिगुल

## नजरिया

**पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया के दौरान लगभग साठ लाख से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। अभी भी लाखों नामों की जांच जारी है। यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि इस प्रक्रिया से उनके पारंपरिक वोट बैंक को नुकसान पहुंचाया गया है। खासकर अल्पसंख्यक बहुल जिलों में बड़ी संख्या में नाम हटने से ममता बनर्जी इसे बंगाल की अस्मिता और लोकतांत्रिक अधिकारों से जोड़कर देख रही हैं। ममता बनर्जी इस मुद्दे को सीधे केंद्र सरकार के खिलाफ राजनीतिक हथियार बना रही हैं। उनका दावा है कि यह प्रक्रिया बंगाल की जनता के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास है।**

**कांतिलाल मांडोत**



पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का ऐलान होते ही देश की राजनीति का केंद्र एक बार फिर पूर्वी भारत बन गया है। असम केरल तमिलनाडु पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव केवल सरकार बदलने की लड़ाई नहीं हैं बल्कि कई बड़े राजनीतिक संदेश भी तय करेंगे। इन चुनावों में सबसे अधिक चर्चा जिस राज्य को लेकर हो रही है वह पश्चिम बंगाल है। इसकी वजह है मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया यानी एसआईआर और उसके बाद लाखों नामों का कटना। यही प्रक्रिया इस चुनाव को पहले से कहीं अधिक कठिन बना रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या ममता बनर्जी फिर सरकार बना पाएंगी या भाजपा इस बार अपनी बढ़त को सत्ता में बदल सकती है। एसआईआर प्रक्रिया इस चुनाव की सबसे बड़ी राजनीतिक घटना बनकर सामने आई है। पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया के दौरान लगभग साठ लाख से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। अभी भी लाखों नामों की जांच जारी है। यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि इस प्रक्रिया से उनके पारंपरिक वोट बैंक को नुकसान पहुंचाया गया है। खासकर अल्पसंख्यक बहुल जिलों में बड़ी संख्या में नाम हटने से ममता बनर्जी इसे बंगाल की अस्मिता और लोकतांत्रिक अधिकारों से जोड़कर देख रही हैं। ममता बनर्जी इस मुद्दे को सीधे केंद्र सरकार के खिलाफ राजनीतिक हथियार बना रही हैं। उनका दावा है कि यह प्रक्रिया बंगाल की जनता के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास है। इसी कारण वह अपने चुनावी अभियान में बार बार बांग्ला अस्मिता की बात उठा रही हैं। पिछले चुनावों में भी उन्होंने इसी भावनात्मक मुद्दे के जरिए भाजपा को चुनौती दी थी। इस बार भी उनका भरोसा इसी रणनीति पर है। उनके लिए यह चुनाव केवल सत्ता बचाने का नहीं बल्कि राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई बन गया है। हालांकि स्थिति इस बार पहले से अलग है। पिछले पांच वर्षों में ममता सरकार पर कई भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। शिक्षक भर्ती घोटाला कोयला तस्करी और अन्य मामलों में कई बड़े नेताओं की गिरफ्तारी हुई। इससे सरकार की छवि को नुकसान पहुंचा है। विपक्ष इन मामलों को लगातार चुनावी मुद्दा बना रहा है। भाजपा और वाम कांग्रेस गठबंधन दोनों ही इस मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इन आरोपों की चर्चा है। इसके बावजूद ममता बनर्जी ने अपनी राजनीतिक रणनीति को सामाजिक योजनाओं पर केंद्रित रखा है। लक्ष्मी भंडार योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक सहायता बढ़ाना युवा साथ योजना के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को मासिक भत्ता देना और अन्य कल्याणकारी योजनाएं उनके अभियान का मुख्य हिस्सा हैं। पिछले चुनाव में महिला वोटरों का बड़ा समर्थन उन्हें मिला था। इस बार भी वह उसी समर्थन को मजबूत करने की कोशिश कर रही हैं। महिलाओं को सीधे आर्थिक सहायता देना उनके चुनावी अभियान का केंद्रीय संदेश बन चुका है।

फिर भी चुनावी समीकरण पूरी तरह उनके पक्ष में दिखाई नहीं देते। एसआईआर प्रक्रिया के कारण मतदाता सूची से नाम कटने का प्रभाव कई सीटों पर पड़ सकता है। यदि वास्तव में बड़ी संख्या में तृणमूल समर्थक मतदाता सूची से बाहर हुए हैं तो इसका सीधा असर चुनाव परिणाम पर पड़ सकता है। यही कारण है कि ममता बनर्जी इसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना रही हैं। लेकिन यह भी सच है कि चुनाव आयोग इस प्रक्रिया को नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया बता रहा है और कानूनी स्तर पर इसकी समीक्षा भी हो रही है। दूसरी ओर भाजपा इस चुनाव में पहले से अधिक मजबूत दिखाई दे रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सत्तर से अधिक सीटें जीतकर राज्य में मजबूत विपक्ष की भूमिका हासिल की थी। तब से पार्टी लगातार अपने संगठन को मजबूत कर रही है। केंद्रीय नेतृत्व भी बंगाल पर विशेष ध्यान दे रहा है। भाजपा की रणनीति दो स्तर पर काम कर रही है। पहला स्तर है पहचान की राजनीति जिसमें राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक मुद्दों को प्रमुखता दी जा रही है। दूसरा स्तर है भ्रष्टाचार के आरोपों के माध्यम से तृणमूल सरकार को घेरना। भाजपा को इस बार कुछ नए राजनीतिक अवसर भी मिल रहे हैं। वाम और कांग्रेस का गठबंधन अभी भी अपने पुराने जनाधार को पूरी तरह वापस नहीं ला पाया है। इससे विपक्षी वोटों का एक बड़ा हिस्सा भाजपा की ओर जा सकता है। कई क्षेत्रों में भाजपा खुद को तृणमूल के मुख्य विकल्प के रूप में स्थापित करने में सफल रही है। यही कारण है कि कई विश्लेषक मानते हैं कि भाजपा की सीटों में इस बार और वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा केंद्र और राज्य के बीच राजनीतिक टकराव भी भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा बन रहा है। भाजपा यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि राज्य में विकास के लिए केंद्र और राज्य की एक ही राजनीतिक धारा होना जरूरी है। बुनियादी ढांचे रोजगार और निवेश जैसे मुद्दों को भी पार्टी प्रमुखता से उठा रही है। बंगाल के औद्योगिक विकास की धीमी गति को भाजपा अपने अभियान में बार बार सामने ला रही है। फिर भी यह कहना जल्दबाजी होगी कि ममता बनर्जी की सरकार निश्चित रूप से गिर जाएगी। बंगाल की राजनीति में उनका व्यक्तिगत प्रभाव अभी भी बहुत मजबूत है। ग्रामीण क्षेत्रों में तृणमूल का संगठन गहराई तक फैला हुआ है। पंचायत स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत मानी जाती है। यही कारण है कि कई कठिन परिस्थितियों के बावजूद ममता बनर्जी ने पिछले चुनावों में अपनी स्थिति बनाए रखी है।

ममता की सबसे बड़ी ताकत उनका करिश्माई नेतृत्व और जमीनी राजनीति है। वह लगातार लोगों के बीच जाकर अपनी छवि एक संघर्षशील नेता के रूप में बनाए रखती हैं। बांग्ला अस्मिता का मुद्दा भी उनके लिए मजबूत राजनीतिक हथियार है। यदि वह इस भावनात्मक मुद्दे को सफलतापूर्वक जनता तक पहुंचा पाती हैं तो चुनावी समीकरण बदल सकते हैं। लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। भ्रष्टाचार के आरोप एसआईआर प्रक्रिया से उपजा विवाद और भाजपा की बढ़ती संगठनात्मक ताकत इन सबका संयुक्त प्रभाव चुनाव परिणाम को प्रभावित कर सकता है। यदि विपक्षी वोटों का बड़ा हिस्सा भाजपा के पक्ष में एकजुट होता है तो तृणमूल के लिए चौथी बार सत्ता मां वापसी आसान नहीं होगी। इस तरह पश्चिम बंगाल का चुनाव इस बार कई मायनों में ऐतिहासिक बन सकता है। एक तरफ ममता बनर्जी अपनी राजनीतिक विरासत और सत्ता बचाने के लिए पूरा जोर लगा रही हैं। दूसरी तरफ भाजपा इस अवसर को राज्य में पहली बार सत्ता तक पहुंचने के रूप में देख रही है। एसआईआर प्रक्रिया ने इस मुकाबले को और भी जटिल बना दिया है। आने वाले हफ्तों में चुनावी अभियान और तेज होगा और इसी के साथ यह भी स्पष्ट होगा कि बंगाल की जनता बदलाव चाहती है या फिर ममता बनर्जी को एक और मौका देना चाहती है।

# विदेश से निवेश लाने में सक्रिय है प्रदेश

**हर्ष वी. पंत**

राज्यों में आर्थिक विकास को लेकर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक शुभ संकेत बनकर उभरी है। पहले यह होड़ मुख्य रूप से पश्चिमी एवं दक्षिणी राज्यों में ही दिखती थी, लेकिन एक समय बीमारू राज्यों में गिना जाने वाला उत्तर प्रदेश भी अब इस मुकाबले में मजबूती से उभरा है। बीते दिनों विश्व आर्थिक मंच के दावोस सम्मेलन में निवेशकों के समक्ष कई राज्यों के प्रतिनिधिमंडल वहां पहुंचे। इनमें एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश का भी था। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना कर रहे थे। दावोस में उत्तर प्रदेश सरकार का फोकस राज्य को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना था। ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता यही रेखांकित करती है कि देश के सबसे बड़े प्रदेश में निवेश की बयार को तेज करने के लिए कोई कोर-कसर शेष नहीं छोड़ी जा रही है। इस संदर्भ में बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सिंगापुर और जापान यात्रा उल्लेखनीय रही और अब उसके कुछ अनुकूल परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इन दौरों से राज्य में निवेश अनुबंधों, औद्योगिक साझेदारियों और सांस्कृतिक संवर्धन की नई राहें खुल रही हैं। इस दौरान सिंगापुर और जापान की कंपनियों के साथ करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर बात आगे बढ़ी है। अगर अन्य विदेशी निवेश प्रस्तावों को जोड़ लिया जाए तो यह आंकड़ा करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये तक जाता है। इन प्रयासों से प्रदेश के एक ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर की आर्थिकी बनने के लक्ष्य पूर्ति में मदद मिलेगी। वाहन, इलेक्ट्रानिक्स, लाजिस्टिक्स, हरित ऊर्जा, कृषि मशीनरी, फिनटेक और अत्याधुनिक विनिर्माण के क्षेत्र में जापानी कंपनियों की महारत किसी से छिपी नहीं है। ऐसी कई कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में अपनी गतिविधियों को विस्तार देने में रुचि दिखाई है। इस क्रम में विशेष रूप से क्युबोटा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रानिक्स इंडस्ट्री और नागाजी एंड कंपनीज प्रदेश के औद्योगिक विकास और तकनीकी हस्तांतरण के लिए आगे आई हैं। राज्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक क्लस्टर्स, लाजिस्टिक्स पार्क, डाटा सेंटर और विनिर्माण इकाइयां भी आकार लेती दिखेंगी। औद्योगिक परियोजनाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर के स्तर भी गति और तेज होगी। चूंकि प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने के साथ शहरीकरण भी तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए उस दिशा में भी पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है। इस सिलसिले में सिंगापुर के सहयोग से नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निकट एक अत्याधुनिक टाउनशिप विकसित करने की योजना पर बात आगे बढ़ी है। कानपुर-लखनऊ हाईवे पर एक लाजिस्टिक्स पार्क तैयार किया जाएगा। नोएडा के आसपास एक हाइपरस्केल डाटा सेंटर बनाने की भी तैयारी है। इन सभी परियोजनाओं से प्रदेश के बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार के साथ ही रोजगार सृजन का दायरा भी बढ़ेगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में एक डेडिकेटेड 'जापान सिटी' का प्रस्ताव भी राज्य में जापानी निवेश को एक छत्र प्रदान कर राज्य की प्रगति में अहम योगदान देगा। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को औद्योगिक स्वरूप देने के प्रयास भी रंग ला रहे हैं। राज्य सरकार की 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के माध्यम से प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे दुनिया उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प और कारीगरी से परिचित हो रही है। वैसे तो विदेश नीति मूल रूप से राष्ट्रीय महत्व का विषय होता है और केंद्र या संघ की सरकारें ही उसका संचालन सभालती हैं, लेकिन पैराडिप्लोमेसी यानी उपराष्ट्रीयता से ओतप्रोत कूटनीति के अंतर्गत प्रांतीय-प्रादेशिक सरकारें भी अपनी प्रगति के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रियता दिखाती हैं। पैराडिप्लोमेसी के माध्यम से प्रदेश अपने आर्थिक एवं सांस्कृतिक हितों को पोषित करने का ही प्रयास करते हैं। भारत में भी बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका से लगे प्रदेशों की नीतियों में भी अक्सर इसकी छाप दिखाई देती है, लेकिन हाल के दिनों में आर्थिक मोर्चे को लेकर इससे जुड़ी गतिविधियां और बढ़ी हैं।

# बिहार की 5 राज्यसभा सीटों पर एनडीए की जीत के मायने



**सौरभ वार्ष्णेय**

बिहार की राजनीति में हाल ही में हुए राज्सभा चुनाव ने कई राजनीतिक संकेत दिए हैं। इस चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के नेता राजद के लिए परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं रहे। सीटों के गणित और राजनीतिक समीकरणों के कारण जिस तरह का परिणाम सामने आया, उसने विपक्षी राजनीति में असहजता और भीतर की पीड़ा को उजागर कर दिया। जिसे लेकर तेजस्वी यादव का दर्द छलक पड़ा? क्या विधायक इनके विश्वास पर खरे नहीं उतरे या भाजपा की रणनीति समझ नहीं पाये। इस सवाल उठ रहे है कि विपक्ष अब आत्ममंथन कब करेगा? बिहार जैसे राज्यों में तो स्थिति इतनी उलझी कि विपक्षी खेमे के कुछ विधायक मतदान के समय अनुपस्थित रहे और पूरा समीकरण बदल गया। यह घटना केवल चुनावी हार नहीं है, बल्कि विपक्ष के भीतर मौजूद कमजोरियों का संकेत भी है। राज्यसभा जैसे चुनावों में गणित स्पष्ट होता है—यहां जीत का आधार संख्या और अनुशासन होता है। लेकिन जब अपने ही विधायक अनुपस्थित हों या क्रॉस-वोटिंग की आशंका पैदा हो जाए, तो यह संगठनात्मक ढीलापन और नेतृत्व की कमजोरी को उजागर करता है। ऐसे में 5 राज्यों के चुनावों मे इसका असर पड़ेगा। इसलिए अगर विपक्ष अब भी एकजुट नहीं हुआ तो एकजुट का मतलब अपने ही विधायकों का विश्वास जीतना।

राज्यसभा चुनाव सामान्यतः विधानसभा की संख्या बल पर निर्भर होते हैं, लेकिन इस बार बिहार में क्रॉस-वोटिंग और राजनीतिक रणनीतियों ने परिणाम को अलग दिशा दे दी। सत्ता पक्ष की ओर से नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले गठबंधन ने अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत दिखाई, जबकि विपक्षी खेमे में अपेक्षित एकजुटता नजर नहीं आई। यही कारण है कि परिणाम आने के बाद तेजस्वी यादव के समर्थकों में निराशा और असंतोष साफ दिखाई दिया। ज्ञात रहे कि तेजस्वी यादव पिछले कुछ वर्षों से खुद को बिहार में विपक्ष की सबसे मजबूत आवाज के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। वे युवाओं, रोजगार और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को लगातार उठाते रहे हैं। लेकिन राज्यसभा चुनाव के इस परिणाम ने यह संकेत दिया है कि केवल जनसभाओं और राजनीतिक भाषणों से सत्ता के समीकरण नहीं बदलते; इसके लिए ठोस राजनीतिक प्रबंधन और सहयोगियों की मजबूत प्रतिबद्धता भी जरूरी होती है। इस चुनाव ने एक और सच्चाई उजागर की—बिहार की राजनीति में अभी भी संख्या बल और रणनीति का महत्व सबसे अधिक है। यदि विपक्ष अपने भीतर की कमजोरियों को दूर नहीं करता, तो सत्ताधारी गठबंधन को चुनौती देना आसान नहीं होगा। तेजस्वी यादव के लिए यह हार केवल एक सीट का नुकसान नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संदेश भी है। यह संदेश है कि विपक्ष को संगठित होने, विधायकों के बीच भरोसा मजबूत करने और राजनीतिक रणनीति को अधिक सटीक बनाने की जरूरत है।

राज्यसभा चुनावों में लगभग 37 सीटों पर मुकाबला हुआ, जिनमें कई उम्मीदवार निर्विरोध भी चुने गए, जबकि कुछ राज्यों में सीधी टक्कर देखने को मिली।इन चुनावों ने यह साफ कर दिया कि सत्ता पक्ष जहां रणनीति और एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहा है, वहीं विपक्ष कई जगहों पर बिखरा हुआ नजर आता है। लोकतंत्र में हार-जीत का सिलसिला चलता रहता है। लेकिन यह हार विपक्ष के लिए आत्ममंथन का अवसर भी बन सकती है। यदि तेजस्वी यादव इस अनुभव से सीख लेकर अपनी राजनीतिक रणनीति को मजबूत करते हैं, तो आने वाले समय में यह पराजय ही उनकी नई राजनीतिक ताकत का आधार बन सकती है। राज्यसभा चुनाव का परिणाम केवल सीटों की हार-जीत नहीं है; यह विपक्ष के सामने खड़ा आईना भी है। सवाल यही है—क्या विपक्ष इस आईने में खुद को देखने का साहस करेगा? यदि आत्ममंथन समय रहते नहीं हुआ, तो आने वाले चुनावों में भी यही कहानी दोहराई जा सकती है।

# भारत बनता जा रहा है सबसे बड़ी रणनीतिक शक्ति

**नीरज कुमार दुबे**

हम आपको बता दें कि इंडो पैसेफिक में भारत की भूमिका इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह क्षेत्र वैश्विक समुद्री व्यापार की जीवन रेखा है। विश्व के प्रमुख समुद्री मार्ग इसी क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। भारत के कुल विदेशी व्यापार का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा समुद्री मार्गों से संचालित होता है। 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति का केंद्र तेजी से इंडो पैसेफिक क्षेत्र बनता जा रहा है। हम आपको बता दें कि यह वही भू क्षेत्र है जहां विश्व की लगभग 65 प्रतिशत आबादी रहती है, वैश्विक सकल उत्पादन का लगभग 62 प्रतिशत हिस्सा उत्पन्न होता है और दुनिया के करीब आधे समुद्री व्यापार का संचालन होता है। ऐसे रणनीतिक और आर्थिक महत्व वाले क्षेत्र में भारत की भूमिका पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ी है। यह केवल संयोग नहीं बल्कि भारतीय विदेश नीति की दूरदर्शिता, संतुलन और आक्रामक कूटनीति का परिणाम है। हम आपको बता दें कि इंडो पैसेफिक में भारत की भूमिका इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह क्षेत्र वैश्विक समुद्री व्यापार की जीवन रेखा है। विश्व के प्रमुख समुद्री मार्ग इसी क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। भारत के कुल विदेशी व्यापार का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा समुद्री मार्गों से संचालित होता है। इस कारण हिंद महासागर की सुरक्षा और समुद्री मार्गों की स्थिरता भारत के लिए केवल रणनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि आर्थिक आवश्यकता भी है। भारत ने इसी दृष्टि से अपनी विदेश नीति को समुद्री शक्ति, समुद्री संपर्क और समुद्री सहयोग से जोड़ा है। भारत की भौगोलिक स्थिति भी उसे इस क्षेत्र में स्वाभाविक शक्ति बनाती है। भारत हिंद महासागर के मध्य में स्थित है और मलक्का जलडमरूमध्य जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों के निकट है। यह वही मार्ग है जिससे एशिया, अफ्रीका और यूरोप के बीच भारी मात्रा में व्यापारिक जहाज गुजरते हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थित द्वीपों और समुद्री मार्गों की निगरानी करने की क्षमता भारत को इस पूरे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था में केंद्रीय भूमिका प्रदान करती है। वैसे इंडो पैसेफिक में भारत की भूमिका के बढ़ने का एक बड़ा कारण चीन की बढ़ती आक्रामकता भी है। पिछले कुछ वर्षों में चीन ने दक्षिण चीन सागर और हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी सैन्य और आर्थिक गतिविधियों का विस्तार किया है। बंदरगाह निर्माण, समुद्री मार्गों पर नियंत्रण और ऋण आधारित अवसंरचना परियोजनाओं के माध्यम से चीन ने इस क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने का प्रयास किया है। इस परिस्थिति में अनेक देशों ने भारत को संतुलन स्थापित करने वाली शक्ति के रूप में देखा है। यही कारण है कि जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे देशों ने भारत के साथ रणनीतिक सहयोग को मजबूत किया है। क्वॉड सुरक्षा संवाद जैसे मंचों के माध्यम से समुद्री सुरक्षा, आपूर्ति शृंखला सुरक्षा, प्रौद्योगिकी सहयोग और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में व्यापक सहयोग विकसित हुआ है। इससे भारत की सामरिक और कूटनीतिक क्षमता दोनों में वृद्धि हुई है। भारतीय विदेश नीति की सफलता इस बात में भी दिखाई देती है कि भारत ने इंडो पैसेफिक को केवल सैन्य दृष्टिकोण से नहीं देखा बल्कि उसे आर्थिक और विकासात्मक सहयोग के मंच के रूप में भी विकसित किया। भारत ने आसियान देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है। एक्ट ईस्ट नीति के माध्यम से दक्षिण पूर्व एशिया के देशों के साथ व्यापार, निवेश और संपर्क के नए मार्ग विकसित किए गए हैं। इसके अलावा, भारत ने क्षेत्रीय संगठनों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। हिंद महासागर रिम संघ, बिमस्टेक और अन्य बहुपक्षीय मंचों के माध्यम से भारत समुद्री सहयोग, व्यापार और संपर्क को बढ़ावा दे रहा है। इन मंचों के माध्यम से भारत क्षेत्रीय विकास और सामूहिक सुरक्षा की नीति को आगे बढ़ा रहा है। साथ ही समुद्री अवसंरचना के क्षेत्र में भी भारत ने बड़े स्तर पर निवेश शुरू किया है। सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत देश के बंदरगाहों का आधुनिकीकरण, समुद्री परिवहन का विस्तार और तटीय आर्थिक क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत लगभग एक सौ बीस अरब डॉलर के निवेश की योजना बनाई गई है। इसके अलावा भारत ने दीर्घकालिक दृष्टि से समुद्री क्षेत्र के विकास के लिए विशाल निवेश योजनाएं तैयार की हैं जिनका उद्देश्य भारत को वैश्विक समुद्री शक्ति बनाना है। इसके अलावा, भारत की नौसैनिक क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री निगरानी, मानवीय सहायता, आपदा राहत और समुद्री सुरक्षा अभियानों में भारत सक्रिय भूमिका निभा रहा है। अनेक अवसरों पर भारत ने संकट के समय पड़ोसी देशों की सहायता कर यह साबित किया है कि वह जिम्मेदार नेतृत्व भी प्रदान कर सकता है। देखा जाये तो इंडो पैसेफिक के संदर्भ में भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी संतुलित और समावेशी कूटनीति है। भारत किसी सैन्य गुट की राजनीति को बढ़ावा देने की बजाय मुक्त, खुले और समावेशी इंडो पैसेफिक की अवधारणा का समर्थन करता है। इस दृष्टिकोण में सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान और अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन केंद्रीय तत्व है। आज स्थिति यह है कि इंडो पैसेफिक की किसी भी रणनीतिक चर्चा में भारत को नजरअंदाज करना संभव नहीं रहा है। वैश्विक शक्तियां भारत को इस क्षेत्र की स्थिरता और संतुलन का अनिवार्य स्तंभ मानने लगी हैं। यह परिवर्तन भारत की विदेश नीति की निर्णायक सफलता को दर्शाता है। बहरहाल, यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि इंडो पैसेफिक में भारत की बढ़ती भूमिका एक नए वैश्विक शक्ति संतुलन का संकेत है। समुद्री शक्ति, आर्थिक क्षमता, सक्रिय कूटनीति और रणनीतिक साझेदारियों के संयोजन ने भारत को इस क्षेत्र की केंद्रीय शक्ति बना दिया है। आने वाले वर्षों में जब वैश्विक राजनीति का केंद्र और अधिक तेजी से इंडो पैसेफिक की ओर स्थानांतरित होगा, तब इस कहानी के केंद्र में भारत की भूमिका और भी निर्णायक होती दिखाई देगी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रभारी सीडीपीओ ने किया आंगनवाड़ी केन्द्रों का भ्रमण



**समय जगत, श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों के सतत् रूप से निरीक्षण किये जाने संबंधी निर्देशो के क्रम में प्रभारी सीडीपीओ कराहल श्रीमती सुषमा सोनी द्वारा पनवाडा, कांकरा, चितारा, सरारी एवं सिलपुरी के आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आंगनबाडी केन्द्र सिलपुरी पर बच्चों की उपस्थित कम पाये जाने पर कार्यकर्ता मुन्नी यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### श्रमायुक्त विभाग इंदौर द्वारा स्टेट एक्शन प्लान, श्रम संहिताएं तथा चाइल्ड लेबर एण्ड बॉन्डेड लेबर अंतर्गत कार्यशाला संपन्न

**इंदौर।** सहायक श्रमायुक्त इंदौर द्वारा इंदौर एवं उज्जैन संभाग के विभागीय अधिकारी एवं संबंधित स्टैक होल्डर्स के लिए 17 मार्च मंगलवार को जालसभा गृह साउथ तुकोगंज इंदौर में स्टेट एक्शन प्लान एवं श्रम संहिताएं तथा चाइल्ड लेबर एण्ड बॉन्डेड लेबर का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उप श्रमायुक्त मुख्यालय इंदौर आशीष पालीवाल, सहायक श्रमायुक्त सिंगरौली बी.पी. सिंह, सहायक श्रमायुक्त उज्जैन राखी जोशी, ई.एस.आई.एस. डायरेक्टर चंद्रशेखर जायसवाल व विशेषज्ञ राज्य सलाहकार यूनिसेफ अमरजीत सिंह उपस्थित रहे। कार्यशाला में अमरजीत सिंह, को-ऑडिनेटर, यूनिसेफ द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 एवं बंधक श्रम अधिनियम 1976 के प्रावधानों से अवगत करवाया गया तथा श्रम विभागीय अधिकारियों द्वारा श्रम स्टार रेटिंग, कार्यस्थल पर सुरक्षा, हर्ट फ्री डेज, आरोह, श्रम विभाग से सम्बंधित योजनाएं, वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक, सुरक्षा संहिता 2020 एवं व्यावसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्य शर्त संहिता 2020 की जानकारी दी गई। कार्यशाला में इंदौर व उज्जैन संभाग के श्रम विभागीय कार्यपालिक, श्री योगेंद्र विकल, आयुक्त, सहायक भविष्य निधि, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, नियोजक, श्रमिक यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वर्कशॉप का संचालन सुश्री तृप्ति डावर एवं श्री अविनाश रंगारे श्रम निरीक्षक द्वारा किया गया। वर्कशॉप के अन्त में प्रश्न-उत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया।

### श्योपुर सहित बरगवा एवं अगरा में नवांकुर सखियों का प्रशिक्षण हुआ आयोजित

**समय जगत, श्योपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर योजना के अंतर्गत श्योपुर, बरगवां एवं अगरा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये। मातृ छाया संस्थान द्वारा नवांकुर सखियों के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि समाजसेवी अभिजीत मिश्रा द्वारा किया गया। उन्होंने इस अवसर पर समग्र ग्राम विकास की अवधारणा ओर प्रस्फुटन समितियों की सहभागिता पर अपने विचार व्यक्त किये। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका उपाध्यक्ष संजय महाना द्वारा शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और नगर एवं ग्राम प्रस्फुटन समितियां को छोटे छोटे प्रयासों से विकास की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, मातृ छाया संस्थान के सचिव भास्कराचार्य टकसाली, मेंटर विप्लव शर्मा द्वारा भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। आभार प्रदर्शन नगर विकास प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष ममता मित्तल द्वारा किया गया। अंत में कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण करने पर अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कराहल विकासखण्ड के ग्राम बरगवा में नवांकुर संस्था जय हिंद समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में ग्राम पंचायत भवन में आयोजित क्षमतावर्धन प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू सिंह गौतम प्रशिक्षक प्रमोद तिवारी प्रशिक्षक दिलीप सिंह द्वारा समितियों के सदस्यों को समिति संचालन हेतु प्रशिक्षण दिया गया। पंचायत भवन अगरा में सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान का आयोजन नवांकुर संस्था माता पार्वती ग्राम उत्थान समिति के तत्वाधान में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्री राम लखन कुशवाह द्वारा माँ सरस्वती जी के पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला मंत्री विजय धाकड़, जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक धर्मेंद्र सिसोदिया आदि उपस्थित रहे। प्रथम सत्र में संभागीय समन्वयक सिसौदिया द्वारा समितियों की ग्राम विकास में भूमिका विषय पर जानकारी प्रदान की गई। द्वितीय सत्र में समिति के प्रतिनिधि श्री नितेश शर्मा ने दस्तावेजी करण रजिस्टर एवं फाइल संधारण के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संचालन मेंटर डोजीराम जाटव द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन नितेश शर्मा ने किया।

### साफ-सफाई, रोशनी और सड़कों पर है विशेष ध्यान

**बुरहानपुर।** आगामी त्यौहार को ध्यान में रखते हुए महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने आयुक्त संदीप श्रीवास्तव को शहर में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। महापौर ने निर्देशित किया है कि शहर की संपूर्ण साफ-सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए। प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों एवं धार्मिक स्थलों नदी किनारे के घाटों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए ताकि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त, शहर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी स्ट्रीट लाइटों की जांच एवं आवश्यक मरम्मत कार्य तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जहां-जहां लाइटें खराब हैं, उन्हें शीघ्र ठीक कर प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी। महापौर ने निर्देश दिए हैं कि गड्ढों की मरम्मत एवं क्षतिग्रस्त सड़कों को तत्काल ठीक किया जाए, जिससे यातायात सुगम एवं सुरक्षित बना रहे। आयुक्त को यह भी निर्देशित किया गया है कि संबंधित विभागों के अधिकारी नियमित निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। नगर निगम नागरिकों से भी अपील करता है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें एवं शहर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# मंडी में किसानों से प्रति क्विंटल 700 ग्राम की कटौती हो बंद

## भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्या को लेकर मंडी सचिव को सौंपा ज्ञापन

**समय जगत, श्योपुर।** भारतीय किसान संघ की श्योपुर की मासिक बैठक मंगलवार को मंडी प्रांगण श्योपुर आयोजित की गई। बैठक में ही भगवान बलराम जयंती भी मनाई गई। इसके बाद किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंडी सचिव को ज्ञापन भी सौंपा। जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि वर्तमान में कृषि उपज मंडी में नियम के विरुद्ध प्रति क्विंटल 700 ग्राम अतिरिक्त उपज लीजा रही है जो पूरी तरह से गलत है इस संबंध में कई बार प्रशासन को अवगत कराया लेकिन इस और ध्यान नहीं दिया गया जिस पर बैठक में एक बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की इसके बीओटी कांटे की तोल के अलावा प्रतिक्विंटल तोल अलग से लेना किसान के साथ अन्याय है अन्य समस्याओं में पीने का स्वच्छ पानी की व्यवस्था, आवारा मवेशियों पर रोक, संपूर्ण प्रांगण में सीसी निर्माण, चोरों की रोकथाम हेतु बाउंड्री वॉल पर तार फेंसिंग, किसान भवन अतिरिक्त सुलभ शौचालय का निर्माण, भुगतान मंडी प्रांगण में हो आदि विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया। इस अवसर पर तहसीलअध्यक्ष अशोक मीणा, मंत्री होतम जाट, मुकेश मीणा, सरदार बरियामसिंह, जितेंद्र मीणा, रामरतन शिवहरे, मूलचंद मीणा, भूपेंद्र मीणा, भीमसिंह जाट, नरेंद्र सांगवान, महावीर मीणा, लक्ष्मीनारायण मीणा, यशवंत जाट, दुर्गेश जाट, चतुर्भुज जाट, अशोक प्रजापति सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।




## एसडीएम विजय राय पहुंचे खेतों में, किसानों को नरवाई प्रबंधन के लाभ, दुष्परिणाम बताएं



**समय जगत, सिवनी मालवा।** खेतों में फसल काटने के बाद नरवाई नहीं जलाने को लेकर सरकार और जिला कलेक्टर किसानों को लंबे समय से समझाइश दी रहें हैं। नरवाई प्रबंधन के फायदे और दुष्परिणामों से भी अवगत करा रहें हैं। सिवनी मालवा तहसील क्षेत्र में नरवाई (फसल अवशेष) प्रबंधन हेतु तैयार की गई व्यापक कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन धरातल पर शुरू कर दिया गया हैं। इस रणनीतिक के अंतर्गत तहसील के प्रत्येक ग्राम में ग्रामस्तरीय नरवाई प्रबंधन दल का गठन किया गया हैं। जिसमें सहायक कृषि विस्तार अधिकारी, उनका दल मुख्यालय बार संबंधित हल्का पटवारी, ग्राम सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, संबंधित ग्राम कोटवार को ग्रामों में तैनात किया गया हैं। गठित दल द्वारा ग्राम स्तर पर नरवाई प्रबंधन रजिस्टर संधारित किए गए हैं तथा अनुविभाग स्तर पर विशेष निगरानी दल का गठन किया गया हैं, जो निरंतर क्षेत्र में सक्रिय रहकर नरवाई जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने का कार्य कर रहे हैं। इसी अभियान के तहत 16 मार्च 2026 को अनुविभागीय दण्डाधिकारी सिवनी मालवा विजय राय ने तहसील के विभिन्न संवेदनशील ग्राम रावन पीपल, भरलाय तथा ग्राम पंचायत तिनस्या के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेरखेड़ी का दौरा किया। इस दौरान एसडीएम ने खेतों में पहुचकर अपनी निगरानी में फसल काट रहें किसानों को नरवाई अवशेषों का भूसा मशीन के माध्यम से सुरक्षित प्रबंधन सुनिश्चित करवाया।

## कन्या महाविद्यालय में तनाव प्रबंधन पर मनोबल सत्रों का हुआ आयोजन



**समय जगत, सिवनी मालवा।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में छात्राओं के परीक्षा समय पर मानसिक स्वास्थ्य, कल्याण के लिए तनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर आधारित मनोबल सत्र का ऑनलाइन सत्रों के माध्यम से आयोजन किया गया। सत्र 13, 14, 16 और 17 मार्च 2026 को प्रतिदिन दोपहर 3 से 4 बजे तक लगाए गए। प्रथम दिवस डॉ.तन्मय जोशी अखिल भारतीय चिकित्सा संस्थान ने परीक्षा के पूर्व मनोवैज्ञानिक तनाव को कम करने, स्मृति आधारित अध्ययन के विभिन्न तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। द्वितीय दिवस के सत्र में मुंबई पुलिस महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संघर्ष, लक्ष्य एवं तनाव के बीच तालमेल को, स्वयं के जीवन में आई कठिनाइयों का उदाहरण देकर छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने बताया की संघर्ष के दिनों की स्मृतियां हमारी श्रेष्ठ पूंजी होती हैं, जो जीवन भर हमें प्रेरित करती रहती हैं, इसलिए इन्हें संजोकर रखें और संघर्ष से घबराएं नहीं। तृतीय दिवस एकाग्रता बढ़ाने में ध्यान और योग के महत्व पर आधारित ध्यान सत्र था। जिसमें ध्यान की मुद्राएं एवं प्रक्रिया को विस्तार से श्री सत्य सांई सेवा समिति ने समझाया।

## अर्चना चिटनिस के प्रयासों से बुरहानपुर को स्वास्थ्य सेवाओं में नई सौगात, जिला चिकित्सालय में मेडिसिन एवं ईएनटी विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना

**बुरहानपुर।** जिले में बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ी है। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में दो विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। शासन द्वारा डॉ. शिवभानु सोलंकी को एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ तथा डॉ. निशा श्रीवास्तव को नाक-कान-गला (ईएनटी) विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में नियुक्त किया गया है। इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति से जिला चिकित्सालय में उपचार की गुणवत्ता में वृद्धि होगी तथा मरीजों को विभिन्न जटिल बीमारियों के लिए विशेषज्ञ परामर्श और उपचार स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगा। इससे अब बुरहानपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि बुरहानपुर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से वे लगातार शासन और स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर जिले में चिकित्सकों एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही हैं।

**जन्म दिनाँक परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्र अयांश गुप्ता कि जन्म दिनांक 07/06/2013 है परन्तु मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र में जन्म दिनांक 07/06/2012 हो गई है जो कि गलत है मेरी पुत्र के सभी दस्तावेजो मार्कशीट, आधारकार्ड, कार्ड में जन्म दिनांक 07/06/2013 है जो कि सही एवं सत्य है।

भवदीय
अमित गुप्ता एडवोकेट हेमंत राज
मो. 8269406430

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

आम सूचना

अरविन्द विहार बागमुगालिया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भवन कमांक एच- 1 / 176 मण्डल द्वारा श्री ललित कुमार सूद आत्मज श्री प्रेमचंद सूद के नाम हस्तान्तरण आदेश क. 4900-4906 दिनांक 16/06/1998 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 14/07/1998 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री ललित कुमार सूद द्वारा भवन में अपनी पत्नी श्रीमती मैत्री सुद को सहस्वामी बनाये जाने का दस्तावेज पंजीयन क. MP059702021A1796795 दिनांक 17/09/2021 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत कराकर बनाया गया हैं। श्री ललित कुमार सूद द्वारा संपत्ति का रजिस्टर्ड वसीयतनामा अपनी पत्नी श्रीमती मैत्री सूद के नाम पंजीयन कार्यालय से पंजीयन क. MP059702021A3813827 दिनांक 23/09/2021 को निष्पादित कराया गया है। श्री ललित कुमार सूद आत्मज श्री प्रेम चंद सूद एवं श्रीमती मैत्री सूद पत्नी श्री ललित कुमार सूद के संयुक्त नाम आदेश क. 2841-2843 दिनांक 31/08/2024 को किया गया है। श्री ललित कुमार सूद आत्मज श्री प्रेमचंद सूद की दिनांक 15 / 08 / 2024 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती मैत्री सूद पत्नी स्व. श्री ललित कुमार सूद के नाम पर नामान्तरण आदेश क. 441 दिनांक 21/11/2024 को नामान्तरित किया गया है। श्रीमती मैत्री सूद द्वारा भवन का विक्रय विलेख दिनांक 12/03/2025 को उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित कराकरU ROCHIEL ENGINEERING AND ELECTRICAL CONTRACTORS LLP श्रीमती दीपिका मयंक मिश्रा पत्नी श्री मयंक मिश्रा एवं श्री मयंक मिश्रा आत्मज श्री सी. के. मिश्रा को विक्रय कर दिया गया है। भवन के हस्तान्तरण हेतु विक्रेता एवं केता द्वारा हस्तान्तरण का आवेदन दिनांक 16 /05 / 2025 को प्रस्तुत किया था जिसके परिपेक्ष्य में आपत्ति आमंत्रण की आम सूचना समाचार पत्र दैनिक नईदुनिया दिनांक 19/06/2025 को प्रकाशित हुई थी, परन्तु श्रीमती दीपिका मयंक मिश्रा एवं श्री मयंक मिश्रा द्वारा मण्डल नियमानुसार हस्तान्तरण शुल्क जमा नही कराये जाने के कारण हस्तान्तरण आवेदन निरस्त किया गया है। उक्त संपत्ति के केता / विक्रेता द्वारा उक्त संपत्ति के हस्तान्तरण हेतु पुनः दिनांक 17/02/2026 को ऑन-लाईन आवेदन पत्र शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए विक्रय विलेख दिनांक 12 / 03 / 2025 के आधार पर उक्त संपत्ति अपने संयुक्त नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है, प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 12/03/2025 के आधार पर उक्त संपत्ति ROCHIEL ENGINEERING AND ELECTRICAL CONTRACTORS LLP श्रीमती दीपिका मयंक मिश्रा पत्नी श्री मयंक मिश्रा एवं श्री मयंक मिश्रा आत्मज श्री सी. के. मिश्रा के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड
संभाग क्रमांक-02, भोपाल, Mobile No. 9425601534
ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र. मप्रपुआअविनि/296/प.यं/भोपाल-02/तशा/2026
भोपाल, दिनांक : 13.03.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

"जिला भोपाल पुलिस विशेष शाखा मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालयीन कक्ष एवं विशेष शाखा के विभिन्न अनुभागों में आवश्यक सुधार मरम्मत कार्य तथा विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय के राज्य स्थिति कक्ष क्र. जी-4 में आवश्यक सुधार मरम्मत कार्य एवं पुलिस मुख्यालय के गेट क्रमांक-03 के समीप टॉयलेट निर्माण, शिकायत शाखा में अधिकारी कक्ष में पुताई का कार्य, नवीन एवं पुराने मुख्यालय की ग्रेटिंग, कर्वस्टोन एवं बाउण्ड्रीबाल की पुताई का कार्य, फाउण्टेन मरम्मत कार्य, गेट क्रमांक-1 मरम्मत एवं टेनिस कोर्ट भवन की पुताई का कार्य, गेट क्रमांक-2 में स्लाईडिंग मोटर का कार्य, साइनेज बोर्ड मरम्मत कार्य, पुलिस मुख्यालय एवं लाइब्रेरी में साइनेज बोर्ड बनाने का कार्य इत्यादि कार्य के कार्य हेतु निविदा क्रमांक-34/2025-26 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/ TENDER No- 2026_MPPHC_490204_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.04.2026 समय 5.00 बजे तक ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/124931/2026 परियोजना यंत्री

**परिशिष्ट B - संख्यांक 13**
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल**
**मैक ट्रिब्यूनल, भोपाल भोपाल**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

एमएसीसी / 2034/2025 अमन चुघ बनाम मो0 दानिश NEXT DATE: 08-05-2026

प्रेषिती-
मो0 दानिश
अब्दुल असद
पता - चंद्रशेखर मार्ग, नमक चौराहा, थाना कोतवाली सीहोर म0प्र0

यह कि प्रार्थी अमन चुघ ने आपके विरूद्ध एमएसीसी / 2034/2025 के लिए बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें 7

यह आज तारीख 13-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश
जैनुल आब्दीन
मैक ट्रिब्यूनज

**कार्यालय नगर परिषद चॉचौड़ा-बीनागंज, जिला गुना (म.प्र.)**

Mail-cmochachodabinaganju@mpurban.gov.in

क्रमांक -604 दिनांक 17/03/2026

**ऑनलाईन निविदा विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सक्षम नवीन लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद चॉचौड़ा-बीनागंज जिला गुना में नगरीय क्षेत्र अंतर्गत तालिका में वर्णित कार्य हेतु आनॅलाईन निविदारों आंमत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण https:www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र | आनॅलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि रू. लाख में | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_ 491720_1 | वार्ड क. 07 अन्तर्गत माता मंदिर के पास सार्वजनिक स्थल पर टीन शेड़ निर्माण कार्य | 03.39 /- लाख रूपयें | 3500/- | तीन माह |

नोटः-

1. निविदा सूचना में होने वाला संसोधन बेवसाईड पर देखा जा सकता है।
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन दिनांक. 17/03/2026 समय 17.30 से दिनांक. 01/04/2026 समय 17.30 तक क्रय किये जा सकते है।
3. ऑनालाईन निविदा दर दिनांक. 01/04/2026 समय 17.30 तक प्रस्तुत कर सकते है।
4. ऑनलाईन दस्तावेज निविदा दर दिनांक. 02/04/2026 समय 17.30 को खोले जायेगे।
5. ठेकेदार/फर्म का जी.एस.टी नम्बर होना अनिवार्य है।
6. नियमानुसार निकाय द्वारा रनिंग बिलों में कटोत्रा किया जाना होगा।
7. दरें स्वीकृत/अस्वीकृत का अधिकार निकाय के पास सुरक्षित रहेगा।
8. अन्य शर्ते कार्यालयीन समय में कार्यालय की निर्माण शाखा में देखी जा सकती है।
9. कार्य की गुणवत्ता संबधी टेस्ट ठेकेदार द्वारा स्वयं कराने होगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर नरिषद चॉचौड़ा-बीनागंज
जिला गुना (म.प्र.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मेरे पुत्र का नाम पांशुल सिंह लोधी पिता बलराम सिंह लोधी (PANSHUL SINGH LODHI S/O BALRAM SINGH LODHI) निवासी मकान न-32, भमक पडरिया, सिंगौरी बधईया खेडा, जबलपुर मध्य प्रदेश हैं। परंतु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम कृष्णा सिंह लोधी पिता बलराम सिंह लोधी (KRISHNA SINGH LODHI S/O BALRAM SINGH LODHI) अंकित हो गया हैं, जो की गलत है मेरे पुत्र का वास्तविक सही नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र में भी दर्ज है। प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र का नाम पांशुल सिंह लोधी पिता बलराम सिंह लोधी (PANSHUL SINGH LODHI S/O BALRAM SINGH LODHI) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

पुराना नाम-कृष्णा सिंह लोधी पिता बलराम सिंह लोधी
(KRISHNA SINGH LODHI S/O BALRAM SINGH LODHI)

नया नाम-पांशुल सिंह लोधी पिता बलराम सिंह लोधी
(PANSHUL SINGH LODHI S/O BALRAM SINGH LODHI)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मेरी पुत्री का नाम मधु गाँड पिता हलके भाई गौड (MADHU GOUND D/O HALKE BHAI GOUND) निवासी ग्राम पंचायत सहजपुर, दमोह म.प्र. हैं। परंतु मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम रागनी गाँड पिता हल्ले भाई (RAGNI GOUND D/O HALLE BHAI) अंकित हो गया हैं, जो की गलत है मेरी पुत्री का वास्तविक एवं सही नाम उसके शैक्षणिक दस्तावेजों की अंकसूची व जन्म प्रमाण पत्र में भी दर्ज है।

प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री का नाम मधु गाँड पिता हलके भाई गौंड (MADHU GOUND D/O HALKE BHAI GOUND) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

पुराना नाम-रागनी गौंड पिता हल्ले भाई
(RAGNI GOUND D/O HALLE BHAI)

नया नाम-मधु गौंड पिता हलके भाई गौंड
(MADHU GOUND D/O HALKE BHAI GOUND)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मेरा नाम लक्ष्मी राय पत्नी हदेश राय (LAXMI RAI W/O HRADESH RAI) निवासी मेन चौराहा अमरावद कलां, रायसेन, म.प्र हैं। परंतु मेरे पुत्र वेदांत राय के शैक्षणिक दस्तावेजों में त्रुटिवश नाम सुहानी राय पत्नी हृदेश राय (SUHANI RAI W/O HRADESH RAI) अंकित हो गया हैं, जो की गलत है मेरा वास्तविक सही नाम मेरे आधार कार्ड एवं मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में भी दर्ज होने से प्रमाणित है।

प्रकाशन उपरांत मेरा नाम लक्ष्मी राय पत्नी हृदेश राय (LAXMI RAI W/O HRADESH RAI) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

पुराना नाम-सुहानी राय पत्नी हृदेश राय
(SUHANI RAI W/O HRADESH RAI)

नया नाम-लक्ष्मी राय पत्नी हृदेश राय
(LAXMI RAI W/O HRADESH RAI)

**न्यायालप तहसीलदार तह. रतनपुर सड़क वृत्त भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 0176/अ-27/25-26

**::उद्घोषणा पत्र::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक माया बाई एवं अन्य द्वारा स्थित भूमि ग्राम थुआखेडा स्थित भूमि खसरा क्रमांक, 46 रकबा 1.8200 हें श्रीमती माया बाई का रकबा 0.3640 हे, व अन्य के आधार पर बटवारा किये जाने हेतु आवेदन किया है

2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति होतो वह 26/3/2026 को या इस से पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समया वधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक / / 2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील कोलार, भोपाल

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय कॉलोनी मीरा ग्रीन्स, कोलार में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 105/4, 105/1, 113/1/5, 113/1/6, 104/1, 104/2 एवं 103/2, कुल रकबा 0.300 हेक्टेयर, तहसील कोलार, जिला भोपाल (मध्य प्रदेश) में स्थित है, जो 610 के पास अवस्थित है।

उक्त आवासीय कॉलोनी में कमजोर आय वर्ग एवं निम्न आय वर्ग हेतु आरक्षित भू-खण्डों की बुकिंग की जानी है। कमजोर आय वर्ग एवं निम्न आय वर्ग हेतु पात्र इच्छुक आवेदक कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय मीरा प्लाजा, हिनोतिया रोड, कोलार, भोपाल में संपर्क कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों (आय प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों) की प्रमाणित प्रतियों के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अपुर्ण भरे हुए आवेदन पत्र अथवा आवश्यक दस्तावेज संलग्न न होने की स्थिति में आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। बुकिंग पहले आओ- पहले पाओ के सिद्धांत के आधार पर की जाएगी।

मीरा प्लाजा, हिनोतिया रोड, कोलार, भोपाल (मध्य प्रदेश)

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

आम सूचना

अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक 57 बी-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री घनश्याम दास सोनी आत्मज स्व. श्री अडकुराम सोनी के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 9732-38 दिनांक 31/08/2000 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 29/11/1999 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 09/01/2025 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति सुश्री शिखा सोनी पुत्री श्री घनश्याम दास सोनी के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 03/02/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति सुश्री शिखा सोनी पुत्री श्री घनश्याम दास सोनी के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

आम सूचना

अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड / भवन क्रमांक 38 ए - सेक्टर मण्डल द्वारा श्री अशरफ कुरैशी आत्मज श्री मोहम्मद अब्बास कुरैशी के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 3850-56 दिनांक 02/12/2005 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 19/09/2005 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री अशरफ कुरैशी आत्मज श्री मोहम्मद अब्बास कुरैशी की दिनांक 17/04/2021 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पत्नी / पुत्र / पुत्री 1 ) श्रीमती समीना कुरैशी पत्नी स्व. श्री अशरफ कुरैशी 2 ) श्री अरशद कुरैशी आत्मज स्व. श्री अशरफ कुरैशी 3 ) सुश्री अजीरा कुरैशी ( नाबालिग ) द्वारा संरक्षक श्रीमती समीना कुरैशी (पुत्री स्व. श्री अशरफ कुरैशी) के द्वारा उक्त संपत्ति को अपने संयुक्त नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति 1) श्रीमती समीना कुरैशी पत्नी स्व. श्री अशरफ कुरैशी 2 ) श्री अरशद कुरैशी आत्मज स्व. श्री अशरफ कुरैशी 3) सुश्री अजीरा कुरैशी ( नाबालिग ) द्वारा संरक्षक श्रीमती समीना कुरैशी (पुत्री स्व. श्री अशरफ कुरैशी) के संयुक्त नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

**कार्यालय ग्राम पंचायत पौंडीमाल, जनपद पंचायत मण्डला**

क्र.ग्रा.पंचा/बाजार नौलानी/2026/49
पौडीमाल, दिनांक 16.03.2026

**बाजार नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पौडीमाल, जनपद घचायत मण्डला की पाडीलिगा बाजार शुक्रवार वसूली हेतु बर्ष 2026-27 के लिए दिनांक 25.03.2026 को दिन बुधवार समय 02.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत पीडीमाल में निम्नलिखित शतों में नीलाम किया जाना है -1. बाजार की नीलामी दिनाक 01.04.2026 से 31.03.2027 (52 सप्ताह) के लिए होगी। 2 बोली लगाने वाले ठेकेदार को बोली लगाने के पूर्व 50000/- अकन पचास हजार रूपये जमानत राशि जमा करना होगा। 3. नीलामी समाप्त होने के तत्काल बाद बोली की 25 प्रतिशत राशि एवं निर्धारित प्रथम विन्न की राशि जमा करना होगा। नीलामी मान्य करना या निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। 5 नीलामी सबंधी अन्य शर्त ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।

सचिव
ग्राम पंचायत पौंडीमाल
जनपद पंचायत मंडला जिला मण्डला

सरपंच
ग्राम पंचायत पौंडीमाल
जनपद पंचायत मंडला जिला मण्डला

# ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन



**रायसेन।** जिला रायसेन में आयोजित जनसुनवाई के दौरान ग्राम गोंदरा, ग्राम पंचायत नयापुरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर VRC कंपनी के क्रेशर प्लांट के समर्थन में अपनी बात रखी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्लांट के खिलाफ की जा रही शिकायतें भ्रामक, झूठी और षड्यंत्रपूर्वक कराई गई हैं। ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में बताया कि ग्राम गोंदरा स्थित कंपनी का क्रेशर प्लांट लंबे समय से संचालित हो रहा है, जहां पत्थर उत्खनन कर गिट्टी का निर्माण किया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्लांट से निकलने वाली धूल, ब्लास्टिंग या अन्य गतिविधियों से गांव के किसी भी व्यक्ति या मकानों को किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई है और न ही ग्रामीणों को इससे कोई परेशानी है। इसके विपरीत, ग्रामीणों ने बताया कि उत्खनन के कारण बने गड्ढों में वर्षा का पानी भर जाने से गांव में तालाब जैसी स्थिति बन गई है, जिससे मवेशियों के लिए पानी और खेतों की सिंचाई में सुविधा मिल रही है। इससे ग्रामवासियों को सीधा लाभ हो रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि उक्त कंपनी द्वारा निर्माणाधीन फोरलेन नेशनल हाईवे-143 का ठेका लिया गया है, जिसके लिए गिट्टी उत्पादन हेतु यह प्लांट स्थापित किया गया है। इस प्लांट के कारण गांव के कई लोगों को रोजगार भी मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के ही एक व्यक्ति सुनील ठाकुर द्वारा भोले-भाले, अशिक्षित ग्रामीणों को बहला-फुसलाकर तथा पैसों का लालच देकर उनके हस्ताक्षर कराकर झूठी शिकायतें कराई गई हैं। उनका कहना है कि उक्त व्यक्ति कंपनी के ठेकेदारों और कर्मचारियों पर दबाव बनाकर अड़ीबाजी करता है और मोटी रकम की मांग करता है। जब उसकी मांग पूरी नहीं होती, तो वह षड्यंत्रपूर्वक झूठी शिकायतें करता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति अन्य क्रेशर संचालकों, डंपर और पोकलेन मशीनों के खिलाफ भी अवैध उत्खनन के नाम पर निराधार शिकायतें करता रहता है, जबकि स्वयं ही अवैध गतिविधियों में संलिप्त बताया जा रहा है। उसका व्यवहार झगड़ालू बताया गया है और वह कई बार ग्रामीणों को डरा-धमकाकर जबरन हस्ताक्षर या अंगूठा लगवाकर फर्जी शिकायतें कराता है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि ऐसे झूठे और मनगढ़ंत शिकायत आवेदन को निरस्त किया जाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में शांति और विकास कार्य बाधित न हो। इस ज्ञापन पर सरपंच, जनपद सदस्य सहित ग्राम गोंदरा एवं ग्राम पंचायत नयापुरा के अनेक ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। प्रमुख रूप से समाबाई, रामबाबू, प्रकाश, हरी, राजू, मताराम, मुन्ना, लालाराम, हरगोविंद, रामकेश, जोर सिंह, मलबानी, बरपी, इमरतीलाल धुर्वे, हल्लू, भगवान सिंह, अजिल, बलबीर, चंदन, धनराज चौकीदार, गोपाल, नारायण सिंह, जगदीश, जूही, धीरज, दशरथ, गोपाल सिंह सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

# ग्राम मुझाहिड़ी में जल महोत्सव का आयोजन विधायक हजारीलाल दांगी के आतिथ्य में हुआ संपन्न



**समय जगत, जीरापुर।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मुझाहिड़ी पंचायत मीनागांव में मंगलवार को जल महोत्सव का आयोजन क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। विधायक खिलचीपुर श्री दांगी ने ग्रामीणों से समय पर जल कर जमा कर योजना के सुचारु संचालन में सहयोग करने का आह्वान किया। साथ ही सरपंच श्रीमती चिंता बाई ने ग्रामवासियों की ओर से योजना के बेहतर संचालन का आश्वासन दिया। वहीं मप्र जल निगम के महाप्रबंधक उमाकांत चौधरी ने पंचायत एवं जल समिति को जिम्मेदारीपूर्वक नल-जल योजना संचालित करने के निर्देश दिए साथ ही ग्राम में जल कलश यात्रा एवं रैली निकाली गई जिसमें बालिकाएं, महिलाएं एवं पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए रैली प्राथमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंची, जहां जल अर्पण के साथ योजना का लोकार्पण किया गया। इसी के साथ स्कूल में पेंटिंग, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिताओं के माध्यम से जल संरक्षण एवं समय पर जल कर जमा करने का संदेश दिया गया आयोजन की पूर्व संध्या पर ग्रामीणों ने दीपक एवं रंगोली से 'जल दिवाली' मनाई प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया का टीकमगढ़ आगमन, सुनील अहिरवारके घर पर हुआ स्वागत



**समय जगत, टीकमगढ़।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया का 16 मार्च को टीकमगढ़ जिले में आगमन हुआ। इस दौरान वे सुनील अहिरवार के निवास स्थान पर पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक यादवेन्द्र सिंह, मध्य प्रदेश कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी पंकज अहिरवार एवं कार्यभार अध्यक्ष गौरव शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और अहिरवार समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों का परिवार की ओर से तहे दिल से आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय मुद्दों और संगठनात्मक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। राहुल भैया के आगमन से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया और पूरे कार्यक्रम का माहौल उत्सव जैसा रहा।

### कुमैदान मस्जिद में ख़त्म–ए–कुरान का आयोजन हाफिज का फूल– मालाओं से किया स्वागत



**समय जगत, टीकमगढ़।** पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर शेखों के मोहल्ले स्थित कुमैदान मस्जिद में कुरान शरीफ के 30 पारे पूरे होने पर ख़त्म–ए–कुरान का कार्यक्रम बड़ी शान–ओ–शौकत के साथ मनाया गया। इस मौके पर आयोजित जलसाए कुरान में बड़ी संख्या में शहरवासियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान हाफिज सोहेब साहब और मुअज्जिन साहब का फूलमालाओं से स्वागत कर उनका इस्तकबाल किया गया। मस्जिद के सदर हाजी शेख जफर और मस्जिद कमेटी की ओर से हाफिज साहब और मुअज्जिन साहब को कई तोहफे भी भेंट किए गए। इस अवसर पर वार्ड नंबर 15 के पार्षद अनीस अहमद कमरुद्दीन काजी, पत्रकार मोहसिन अहमद, पत्रकार नसीम अली सहित शहर की आवाम और शेखों के मोहल्ले के कई लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर रमज़ान की बरकतों और अमन–चैन की दुआ की।

### स्व.जमना प्रसाद जैसानी की पुण्यतिथि पर जैसानी चौक पर सम्मान समारोह आज होगा आयोजित

**समय जगत, हरदा।** जमना जैसानी फाउंडेशन के तत्वावधान में लोकतंत्र सेनानी, कांतिकारी नेता, ओजस्वी वक्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार स्व.जमना प्रसाद जैसानी की पुण्यतिथि के अवसर पर जमना जैसानी फाउंडेशन द्वारा आज सायं सात बजे जैसानी चौक पर सम्मान समारोह एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। फाउंडेशन के सदस्य अनिल वैद्य ने बताया कि कार्यक्रम में हरदा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर समाज सेवा, खेल, कला, शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में स्व.जमना प्रसाद जैसानी के जीवन, पत्रकारिता तथा लोकतंत्र के लिए किए गए योगदान को भी याद किया जाएगा।

# ग्राम विकास की आधारशिला हैं प्रस्फुटन समितियां



**समय जगत, नरसिंहगढ़।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था ओम शान्ति महिला मण्डल द्वारा श्री जमात मंदिर बाराद्वारी में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर सखियों की क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य ग्राम स्तर पर कार्य कर रही प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर सखियों की कार्यक्षमता बढ़ाना तथा उन्हें समाज एवं ग्राम विकास से जुड़े कार्यों के प्रति जागरुक करना रहा। कार्यक्रम में सेक्टर की 7 ग्राम व नगर विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों ने सहभागिता कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरुकता, स्वच्छता अभियान तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में विकासखंड नरसिंहगढ़ के ब्लॉक समन्वयक खजान सिंह ठाकुर, परामर्शदाता हरिओम जाटव, मनीषा सक्सेना तथा ओम शान्ति महिला मण्डल की अध्यक्ष हेमलता गोयल, सचिव विनोद वर्मा एवं संस्था सदस्य द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रस्फुटन समितियां ग्राम विकास की आधारशिला हैं और इनके माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमात मंदिर के महंत दीपेंद्र दास जी रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्राम स्तर पर संगठित होकर कार्य करने से समाज में जागरुकता और विकास दोनों को गति मिलती है। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों एवं नवांकुर सखियों को समाजहित में निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजेश कुशवाह, राम गुप्ता, पर्वत सिंह, राजू कुशवाह, सूरज सिंह जाटव, मनोज शाक्यवार, मांगीलाल शर्मा, रामप्रसाद, राजू, वर्षा कुशवाह, हर्षिता सोनी, त्रिवेणी वर्मा, प्रिया विश्वास, लखपत गुर्जर, भगवान सिंह गुर्जर, विनोद नामदेव सुनील साहू, जी. एस. धनगर, ममता विश्वकर्मा, पूनम राठौर, सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने ग्रामों में सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान एवं ग्राम विकास से जुड़े कार्यों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उपस्थित प्रतिभागियों को अतिथि के द्वारा सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ किया गया।

# बीनागंज में अतिक्रमण पर कार्रवाई नगर परिषद ने चलाया अभियान



**समय जगत, बीनागंज।** नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज द्वारा एसडीएम रवि मालवीय के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सदर बाजार बीनागंज से लेकर निचले बाजार तक तथा राजीव चौक से चाचौड़ा रोड तक सड़क पर रखे सामान को हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान नगर परिषद के अमले ने सड़क पर रखे दुकानों के सामान को जब्त किया तथा कई दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की। कार्रवाई के दौरान लगभग 20 हजार रुपये की वसूली की गई। अधिकारियों ने बताया कि करीब 24 पेटी सामान सड़क पर रखा पाया गया, जिस पर प्रति पेटी 200 रुपये के हिसाब से चालान काटा गया। कुछ सामान जब्त किया गया जिसे रसीद कटवाने के बाद दुकानदारों को वापस दे दिया गया। इस दौरान घरेलू गैस सिलेंडर सहित अन्य सामग्री भी जांच के दायरे में रही। मौके पर फूड इंस्पेक्टर भी उपस्थित रहे और आवश्यक निरीक्षण किया। चालानी कार्रवाई के दौरान मनीष जैन, कदीर गोरी, नारायण साहू, अनवर खान सहित लगभग एक दर्जन दुकानदारों पर कार्रवाई की गई। अभियान में नगर परिषद के सीएमओ ओम त्र्यंबकेश्वर मिश्रा, नगर परिषद का अमला, दरोगा तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए कि भविष्य में सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सफलता की कहानी: नन्हीं भावी को मिली नई जिंदगी, जटिल हृदय ऑपरेशन के बाद लौटी मुस्कान



**पांढुरना(देवेन्द्र खुरसंगे)।** शासन की स्वास्थ्य योजनाएं जब सही समय पर जरूरतमंदों तक पहुंचती हैं तो वे किसी के जीवन में नई उम्मीद और खुशियां लेकर आती हैं। ऐसा ही एक प्रेरणादायक उदाहरण पांढुरना विकासखंड के ग्राम पैलेपार की एक वर्षीय मासूम भावी कलम्बे की कहानी के रूप में सामने आया है, जिसे समय पर उपचार मिलने से नया जीवन मिला।

भावी कलम्बे, पिता किरण कलम्बे एवं माता श्रीमती वंदना कलम्बे की पुत्री हैं। जन्म से ही वह क्रिटिकल जन्मजात हृदय रोग (सी.एच.डी.) से पीड़ित थी। इस गंभीर बीमारी के कारण परिवार लगातार चिंता और असमंजस की स्थिति में था, लेकिन शासन की योजनाओं और स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता ने इस नन्हीं जान को बचा लिया।

कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन तथा मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपेन्द्र सलामे के नेतृत्व में आर.बी.एस. के (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) की टीम ने गांव-गांव भ्रमण के दौरान भावी की पहचान की। आर.बी.एस. के टीम की चिकित्सा अधिकारी डॉ. निलिमा तिजारे एवं डॉ. त्रिलोक मालवी की सतर्कता और निरंतर फॉलोअप के चलते बच्ची को समय रहते उपचार के लिए आगे भेजा गया।

प्राथमिक जांच के बाद भावी को जिला चिकित्सालय छिन्दवाड़ा के सी.एच.डी कैंप में लाया गया, जहां विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण के बाद उसे उच्च स्तरीय उपचार के लिए जबलपुर रेफर किया गया। 20 जनवरी को जबलपुर में आयोजित सी.एच.डी कैंप में चयन होने के बाद, बच्ची को उन्नत चिकित्सा सुविधा हेतु नारायण हॉस्पिटल, मुंबई भेजा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गोन्नाडे के मार्गदर्शन और समझाइश के बाद, भावी के माता-पिता ने हिम्मत और विश्वास के साथ बच्ची को मुंबई ले जाकर इलाज कराने का निर्णय लिया। अस्पताल में तीन दिन भर्ती रहने के बाद, 12 मार्च को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा भावी का सफल हृदय ऑपरेशन किया गया।

ऑपरेशन के बाद अब भावी पूरी तरह सुरक्षित है, और उसके चेहरे पर फिर से मुस्कान लौट आई है। परिवार में खुशी का माहौल है और माता-पिता ने राहत की सांस ली है। इस अवसर पर भावी के माता-पिता ने कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ सहित स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों और चिकित्सकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। यह सफलता न केवल एक परिवार के लिए खुशी का क्षण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि शासन की योजनाएं, प्रशासनिक मार्गदर्शन और स्वास्थ्य विभाग की प्रतिबद्धता मिलकर किस तरह किसी भी चुनौती को पार कर सकती हैं।

यह कहानी समाज के लिए एक प्रेरणा है कि समय पर जांच, सही सलाह और उचित उपचार से गंभीर बीमारियों का भी सफलतापूर्वक इलाज संभव है।

# महिला बाल विकास द्वारा आंगनवाड़ी में मनाया गया अन्नप्राशन कार्यक्रम, दी पोषण की जानकारी



**समय जगत, अशोकनगर।** अन्नप्राशन (प्रथम अन्न ग्रहण) संस्कार शिशु के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है, जो 6 माह की आयु पूर्ण होने पर आयोजित किया जाता है। यह संस्कार शिशु को दूध से ठोस आहार की ओर ले जाने का प्रतीक है और उसके शारीरिक एवं मानसिक विकास की सही शुरुआत सुनिश्चित करता है।

इसी उद्देश्य के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगल बार को वार्ड क्रमांक 4 वार्ड नंबर 16 में अन्नप्राशन मंगल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने उपस्थित महिलाओं को बच्चों को समय पर ऊपरी आहार शुरू करने की आवश्यकता एवं उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रसेना भिड़े के मार्गदर्शन के निर्देशन में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों का आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे आयोजन में सकारात्मक और जागरूकता का माहौल देखने को मिला।

**पोषण आहार की सजाई थाली महिलाओं–** इस दौरान आंगन बाड़ियों पर शिशुओं के पोषण आहार की जानकारी एवं संपूर्ण आहार को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। और आकर्षक सजावट की गई। सुपरवाइजर दीप्ति शर्मा ने बताया कि 6 वर्ष के बच्चों के लिए हल्का आहार देना शुरू करना चाहिए जिससे बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकाश होता जो जरूरी है इस बीच महिला को पोषण आहार सहित कुपोषण जैसी स्थिति कैसे निपटे इस के लिए जागरूक किया गया।

### परशुराम सेना ने संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**समय जगत, हरदा।** श्री परशुराम सेना मध्यप्रदेश जिला हरदा ने संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलने के लिए समय मांगा। श्री परशुराम सेना के प्रदेश सचिव राज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि परशुराम सेना मुख्यमंत्री के हरदा आगमन पर मिलकर ज्ञापन देना चाहती है, जिसका प्रमुख उद्देश्य भगवान परशुराम के माता पिता की पिंड स्थली तुरनाल है जो कि हंडिया बैराज परियोजना में डूब जायेग, यह स्थान ब्राह्मण समाज के लिए अति महत्वपूर्ण है, इसका ऐतिहासिक महत्व भी है। या तो इस स्थान का जीर्णोद्धार किया जाए या इसे अन्य स्थान पर सुरक्षित विस्थापित किया जाए। ताकि इस स्थली को बचाया जा सके। ज्ञापन देते समय परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष नितिन बद्री प्रसाद जोशी एवं संयोजक राघवेंद्र पारे सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

# बुढ़ार में सेवा का अनोखा जज़्बा, रेलवे स्टेशन पर शुरू हुआ निःशुल्क ठंडे पानी का प्याऊ




**समय जगत, शहडोल।।** गर्मी की दस्तक के साथ जहां लोग राहत के उपाय खोज रहे हैं, वहीं बुढार के जागरूक युवाओं ने मानवता की मिसाल पेश कर दी है। बुढार रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क ठंडे पानी के प्याऊ का शुभारंभ कर यात्रियों को बड़ी राहत दी गई है। इस सराहनीय पहल के पीछे क्षेत्र के समाजसेवी युवा संदीप साहू, साहिल गुप्ता, ब्रज साहू और अंकित का विशेष योगदान रहा। रेलवे स्टेशन पर रोजाना सैकड़ों यात्रियों का आना-जाना होता है, खासकर गर्मी के मौसम में ठंडे पानी की व्यवस्था एक बड़ी जरूरत बन जाती है। ऐसे में इन युवाओं ने बिना किसी स्वार्थ के आगे आकर यह जिम्मेदारी उठाई और लोगों के लिए शीतल जल की सुविधा उपलब्ध कराई। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने इस पहल की जमकर सराहना की है। उनका कहना है कि इस तरह के छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। युवाओं की यह टीम आगे भी इसी तरह सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने का संकल्प ले चुकी है। बुढार के इन युवाओं की यह पहल न सिर्फ प्रेरणादायक है, बल्कि समाज सेवा की एक नई मिसाल भी कायम कर रही है।।

### नि :शुल्क ब्यूटीशियन सेमीनार का आयोजन




**समय जगत, बड़वाह।** नगर की जानीमानी सौंदर्य विशेषज्ञ रचना गिरी के मार्गदर्शन में नि :शुल्क मेकअप सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में बालिकाओं एवं युवतियों को मेकअप का प्रशिक्षण दिया गया और मेकअप सामग्री के उपयोग की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर रचना गिरी ने कहा कि सेमीनार का उद्देश्य बालिकाओं और युवतियों को ब्यूटीशियन व्यवसाय और रोजगार के लिए प्रशिक्षित करना है। इस दौरान सौंदर्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। अतिथि नपाध्यक्ष सुनीता बिर्ला, अमिता मंत्री, दीप्ति बंसल, दीपिका वर्मा, रेखा जैन, उमा पाटीदार एवं रचना जैन ने प्रतियोगिता की विजेता प्रतिभागियों रूपाली सवनेर( प्रथम), राधिका पाटील( द्वितीय) और अंजली पंवार( तृतीय) को पुरस्कृत किया। अतिथियों ने रचना गिरी द्वारा प्रशिक्षित 40 बालिकाओं और युवतियों को सम्मानित कर प्रमाणपत्र वितरित किए। रचना गिरी ने बताया कि सेमीनार में लकी ड्रा की तीन विजेता प्रतिभागियों को ब्यूटीशियन का नि :शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बालिकाएं एवं युवतियां उपस्थित थीं।

# विद्यार्थियों के लिए तनाव, प्रबंधन एवं मनोबल सत्र का किया गया आयोजन



**समय जगत, हरदा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.संगीता बिले के मार्गदर्शन में प्रतिदिन दोपहर तीन से चार बजे तक विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन तनाव प्रबंधन एवं मनोबल सत्र का आयोजन किया गया। आयोजित सत्र में एम्स के मनोरोग विभाग में पदस्थ सहायक प्राध्यापक डॉ. तन्मय जोशी ने विद्यार्थियों को नियमित दिनचर्या अपनाने, योग- ध्यान, पर्याप्त नींद लेने एवं सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी। पुलिस महानिरीक्षक मनोज शर्मा ने तनावरहित होकर लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। श्री सत्य साई सेवा संगठन द्वारा परीक्षा के समय में तनाव प्रबंधन हेतु प्राणायाम एवं ध्यान की विभिन्न तकनीकों से अवगत कराया गया। सामाजिक तनाव, जीवन कौशल एवं भावनात्मक संतुलन के महत्व पर आधारित सत्र को सागर ग्रुप भोपाल की मनोवैज्ञानिक डॉ.रितु नंदा ने संबोधित किया। कार्यक्रम संयोजक अजय कुमार बिलारे ने बताया कि विविध सत्रों में महाविद्यालय के 250 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए। विभिन्न सत्रों में डॉ राकेश सिंह परस्ते, डॉ देवेंद्र कुमार रोडगे, मनीष परसाई, सुमित शर्मा, डॉ रीना मालवीय, आयुषी सिसोदिया, मनीषा चौहान, डॉ परिधि सिंह कनौजिया, डॉ शिवानी बर्मन, डॉ प्रियंका राय, डॉ आशा गायकवाड, डॉ राहुल सराठे, डॉ चंद्रकिशोर लोखंडे, रवि व्यास, डॉ भावना अग्रवाल, डॉ गुंजन सोलंकी, अंशुल जोशी, डॉ रविंद्र कुमार सोनपुरे, डॉ योगेश गौर, डॉ अशोक पवार, डॉ बलवान सिंह पवार, डॉ मोहनलाल सूर्यवंशी, राम दयाल मकवाना, बसंत सिंह राजपूत, भगवती प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने हत्या मामले का खुलासा कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**समय जगत, पन्ना।** पन्ना पुलिस द्वारा हत्या मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। फरियादी वनरक्षक बीट गार्ड प्रेम शंकर थाना रैपुरा द्वारा सूचना दी गई कि रुपझिर मोड़ के आगे दमोह रोड जंगल तरफ में एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है, जिसका चेहरा सड़ा क्षत-विक्षत हालत में गर्दन में दाहिने तरफ गंभीर चोट है जो पहचान में नहीं आ रहा है। फरियादी की सूचना पर थाना रैपुरा पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर मामले में मर्ग क्रमांक 03/26 और अपराध क्रमांक 51/26 धारा 103(1) कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले में थाना प्रभारी रैपुरा उप निरीक्षक स्मिता सिंह द्वारा घटना की विस्तृत जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम तत्परता पूर्वक घटना स्थल पहुंची। साथ ही तथा एफएसएल टीम सागर, डॉग स्क्वाड एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने जाकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच उपरान्त पाया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अज्ञात मृतक को पत्थर के द्वारा चेहरे तथा शरीर में हमला कर हत्या की गई है। जांच उपरान्त मामले में अज्ञात आरोपी पर थाना रैपुरा में हत्या का प्रकरण क्रमांक 51/2026 धारा 103 (1) बीएनएस पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा आसपास के लोगो से घटना के संबंध में पूछताछ शुरू की गई एवं क्षेत्र में अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप अज्ञात मृतक की पहचान करन चौधरी पिता दिनेश चौधरी उम्र 19 साल निवासी कटनी के रूप मे हुई तथा कटनी दमोह रोड एवं कटनी के दिनांक 11 मार्च की सीसीटीवी फुटेज को चेक को किया गया। जिसमें मृतक करन चौधरी अपनी मोटर साइकिल से दमोह तरफ आता दिखा तथा उसके पीछे एक अज्ञात व्यक्ति बैठा पाया गया। मृतक के घर परिवार तथा आसपास के लोगों को दिखाई गई जो पीछे बैठे व्यक्ति की पहचान अमर केवट पिता अर्जुन प्रसाद केवट उम्र 18 साल निवासी अमीरगंज कटनी के रूप में की गई। अमर केवट से पूछताछ की गई, जिसने घटना कारित करना स्वीकारी तथा पुराने झगड़े तथा आपसी रंजिश के कारण दिनांक 11 मार्च को रैपुरा के आगे पुलिया के पास जंगल में आपस में शराब पीने एवं शराब पीते समय दोनों का आपसी वाद विवाद हो जाने पर आरोपी अमर केवट द्वारा मृतक करन चौधरी को वहीं पडे पत्थर से जान से मारने की नियत से मारा जिससे मृतक की मौके पर मृत्यु हो गई।



# चित्रगुप्त महाराज प्राकट्योत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न



**समय जगत, पन्ना।** भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज का प्राकट्योत्सव 23 अप्रैल को है, आयोजन को लेकर दिनांक 15 मार्च रविवार को श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक आयोजित होने वाले प्राकट्योत्सव कार्यक्रमों की रूपरेखा, बनाई गई। छठ महोत्सव, मंदिर परिसर में स्टोर रूम एवं महिला प्रसाधन निर्माण तथा विभिन्न समितियों के गठन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 अप्रैल को सुबह 9 बजे भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज का अभिषेक किया जाएगा, जिसके बाद सुबह 10 बजे गायत्री हवन का आयोजन होगा। वहीं सायं 5 बजे भव्य शोभायात्रा श्री चित्रगुप्त मंदिर से प्रारंभ होकर चित्रगुप्त मंदिर मार्ग से होते हुए पुराने कलेक्ट्रेट चौराहे पहुंचेगी। इसके पश्चात शोभायात्रा श्रीराम मंदिर, शाई मंदिर एवं किशोर जी मंदिर से होते हुए पुनः श्री चित्रगुप्त मंदिर पहुंचेगी, जहां प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। शोभायात्रा का संचालन अध्यक्ष बिंदु कुमार खरे के निर्देशन में किया जाएगा। इस आयोजन में प्रशांत खरे (सचिव), अभिषेक खरे, अधीर खरे, अनंत मोहन खरे, राजीव खरे, रामेश्वर प्रसाद खरे, अशोक कुमार श्रीवास्तव एवं तरुण खरे सहयोग करेंगे। महिला मंडल की ओर से श्रीमती सीमा खरे, श्रीमती मेघना खरे, श्रीमती राशि खरे सहित अन्य सदस्य शोभायात्रा को सफल बनाने में सहयोग देंगी। भंडारा एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम का संचालन होगा, मंदिर परिसर की सजावट एवं डेकोरेशन 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक किया जाएगा। शोभायात्रा के दौरान पानी, लाइट, बग्गी एवं डीजे की व्यवस्था तथा विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। बैठक में मंदिर परिसर में स्टोर रूम एवं महिला प्रसाधन निर्माण को लेकर भी निर्णय लिया गया। शिक्षा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संचालन की जिम्मेदारी उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद खरे को दी गई है, जो समिति गठित कर कार्यक्रमों की तिथि एवं समय की जानकारी शीघ्र देंगे। बैनर, फ्लेक्स एवं फोटोग्राफी की जिम्मेदारी प्रशांत खरे एवं सीमांत खरे को सौंपी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### आम आदमी पार्टी का अनोखा विरोध प्रदर्शन ठेले पर सिलेंडर रखकर निकाला जुलूस



**समय जगत, सिरोंज।** बढ़ती गैस कीमतों और सिलेंडर की किल्लत को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने ठेले पर गैस सिलेंडर रखकर उसे माला पहनाकर और मुख्य बाजार में रैली निकालते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर कार्यकर्ताओं द्वारा पीएम मोदी और दूसरे भाजपा नेताओं के खिलाफ नारे लगाते हुए मुख्य बाजार से पुराने बस स्टैंड तक पहुंचे। कार्यकर्ताओं का कहना था कि गैस के दामों में लगभग 60 रुपए की बढ़ोतरी हुई है और कई जगह लोगों को समय पर गैस सिलेंडर भी नहीं मिल रहा है, जिससे आम जनता परेशान है। इस मौके पर जिला सचिव ने कहा कि वर्तमान सरकार लोगों को लगातार लाइनों में खड़ा करने का काम कर रही है। पहले नोटबंदी के समय लोग बैंकों की लाइन में लगे, फिर कोरोना काल में ऑक्सीजन के लिए लाइनें लगीं और अब गैस सिलेंडर के लिए लोगों को लाइन में लगना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई अपने चरम पर है और आम जनता इससे काफी परेशान है। इस दौरान जिला ओबीसी अध्यक्ष अभिषेक धाकड़, जिला उपाध्यक्ष डॉ. सोहिल अली, वाजिद खान, ओपी मैथिल, अमोल सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किसानों ने केसीसी जमा करने की तारीख बढ़ाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



**समय जगत, विदिशा।** भारतीय किसान संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान एसडीएम कार्यालय पहुंचे और विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान किसानों का कहना था कि किसानों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए जिला सहकारी बैंक एवं सोसाइटियों में केसीसी ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च से बढ़ाकर 15 मई की जाए। भारतीय किसान संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे और विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान मुकेश कुमार साहू, दीपक शर्मा ने बताया कि चुनाव पूर्व किए गए वादे अनुसार गेहूं की सरकारी खरीद 2700 प्रति क्विंटल के मान से सुनिश्चित की जाए। केसीसी जमा करने की तारीख 28 मार्च से बढ़ाकर 15 मई की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को 10 घंटे निर्धारित बिजली देने की योजना है किंतु पुराने तारों और बार-बार होने वाले फाल्ट के कारण किसानों को मुश्किल से 5 से 6 घंटे बिजली मिल पाती है, यह सुनिश्चित किया जाए कि फॉल्ट सुधारने में जितना समय लगे वह किसान के 10 घंटे के कोटे से काटा जाए और उसे उतनी अतिरिक्त समय बिजली दी जाए। उन्होंने कहा कि पुराने हो चुके बिजली के खंभे और तारों को बदला जाए।

## पंचायतों पर दो करोड़ से ज्यादा का बिजली बिल है बकाया

# विभाग बिल वसूलने में कर रहा कोताही




**समय जगत, दमोह/पथरिया।** स्मार्ट मीटर लगने के बाद आम आदमी लगातार ओवर बिलिंग की शिकायत कर रहा है। बिल जमा न होने पर विद्युत वितरण कम्पनी विद्युत उपभोक्ताओं के साथ सख्ती से पेश आती है। यहां तक कि घर का समान जब्त करने, नीलाम करने जैसे कदम उठाने से भी नहीं चूकती है। आम आदमी को चंद हजार रुपयों के बिल के कारण अपमानित होना पड़ता है। वहीं जिले के पथरिया अंतर्गत पंचायतों में 91 बिजली कनेक्शनों पर दो करोड़ से ज्यादा का बिजली का बिल बकाया है। पथरिया विद्युत मंडल के अंतर्गत आने वाली इन पंचायतों को बार-बार विभाग द्वारा एवं जनपद सीईओ द्वारा बिजली का बिल जमा करने हेतु लेख किया गया है। लेकिन उसके बाद भी पंचायत के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं पंचायत कर्मी बिल भरने में कोताही बरत रहे हैं।

पथरिया जनपद अंतर्गत आने वाली पंचायतों में बिजली विभाग का 2 करोड़ 28 लाख 692 रु बकाया है। इन पंचायतों में बिजली विभाग ने 91 कनेक्शन दिए हुए हैं। इन पंचायतों में जल प्रदाय एवं स्ट्रीट लाइट की बिजली के बिल का 2 करोड़ 28 लाख रुपया बकाया है। ग्राम पंचायत बिलानी में सबसे ज्यादा जल प्रदाय मोटर बिजली बिल 8 लाख 38 हजार 531 रुपया बकाया है। वहीं सबसे कम बिजली का बिल ग्राम पंचायत बांसा कला का 3850 रु बकाया है। ग्राम पंचायत रजवांस द्वारा बिजली का बिल न भरने के कारण पंचायत की नल जल का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया है। ग्राम पंचायत रजवांस में जल प्रदाय एवं स्ट्रीट लाइट के कुल पांच बिजली कनेक्शन है इन पर कुल 19 लाख 10 हजार 787 रु का बिजली बिल बकाया है। वहीं पंचायत सचिव अनीश खान ने बताया कि ग्राम पंचायत में पीएचई द्वारा नल जल योजना का कार्य शुरू किया गया था। लेकिन आज दिनांक तक ग्राम वासियों को एक बूंद पानी नहीं मिला और न ही योजना शुरू हुई है। विभाग द्वारा कार्य अधूरा होने के कारण योजना का हस्तांतरण पंचायत को नहीं किया गया है। सचिव अनीश खान ने बताया कि बिजली का बिल पीएचई द्वारा भरा जाना है लेकिन वो नहीं भर रहे हैं। ग्राम पंचायत बरखेड़ा दुर्गादास के सचिव राजेश खरे ने बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में नल जल योजना चालू ही नहीं है। उसके बाद भी जल प्रदाय को लेकर बिलजी का बकाया बिल दिखाया जा रहा है एवं पंचायत को नोटिस दिये जा रहे हैं। ग्राम पंचायत सतपरा के सचिव ने बताया कि ग्राम पंचायत में नल जल का कार्य पूर्ण ही नहीं हुआ है और न ही ग्राम पंचायत को अभी हस्तांतरित किया गया है। उसके बाद भी बकाया बिजली बिल का नोटिस जारी कर दिया। कई पंचायतों में विद्युत खपत को लेकर विवाद होने के चलते पंचायतों द्वारा बकाया बिजली बिल नहीं भरा जा रहा है।

# कांग्रेस ने रैली निकालकर दर्ज कराया अपना विरोध

**समय जगत, विदिशा।** नगर पालिका की कार्य प्रणाली एवं जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा माधवगंज चौराहे से मुख्य मार्ग से होते हुए रैली निकालकर नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। रैली में कार्यकर्ता तख्तियों पर नगर पालिका की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ लिखे नारे लेकर चल रहे थे एवं प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता नगरपालिका प्रशासन और स्थानीय जन प्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते चल रहे थे। प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य बाजार, तिलक चौक होते हुए नगरपालिका के समक्ष पहुंचे। जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की एवं मौके पर पहुंचे तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर जनविरोधी फैसले वापस लेने की मांग की। रैली के समापन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि विदिशा नगर पालिका को शासन से डबल-प्लस श्रेणी का दर्जा प्राप्त है जिसमें करोड़ों रुपयों का बजट हर साल खर्च होता है, लेकिन फिर भी शहर बदहाल है। सड़कें खुदी पड़ी है, बिना किसी कार्य योजना के मनमर्जी से कभी भी कहीं भी शहर की रोड खोद दी जाती है, जिससे व्यापारियों का व्यापार चौपट हो जाता है और नागरिक रोड पर चलने में तक परेशान होते है। श्री रघुवंशी ने आरोप लगाया कि 50 से अधिक कचरा वाहन बीते वर्षों में नगर पालिका ने खरीद रखे हैं, लेकिन देखरेख के अभाव में आधे से जायदा वाहन कबाड़ हो चुके हैं। नपा द्वारा प्रति माह लाखों रुपयों का डीजल खपत बताई जाती है, लेकिन सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से ध्वस्त है और जनता पर कचरा टैक्स के नाम पर अर्थिक बोझ लादा जा रहा है। मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया कि पूरी नगर पालिका की विभिन्न शाखाओं में वर्षो से अपने चहेते अयोग्य व्यक्तियों को प्रभारी बना रखा है जो जनता के हितों की जगह स्वयं के हितों की चिंताओं में ज्यादा लगे रहते हैं।

## निगमायुक्त ने स्वच्छता व्यवस्था का लिया जायजा

# नगर की साफ- सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की जारी है कवायद



**समय जगत, कटनी।** नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लक्ष्य के साथ नगर निगम प्रशासन ने सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट रैंकिंग हासिल करने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार स्वयं सुबह तड़के सड़कों पर उतरकर व्यवस्था की निगरानी कर रही हैं। इसी क्रम में लोक अदालत से फुर्सत होते ही निगमायुक्त द्वारा प्रातः बिलैया तलैया सब्जी मंडी, गोल बाजार, सुभाष चौक सहित नगर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों और मुख्य मार्गों का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, हाजिरी प्रक्रिया तथा निर्धारित ड्रेस में कार्य करने की व्यवस्था की भी जानकारी ली और सभी कर्मचारियों को अनुशासन व जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बिलैया तलैया सब्जी मंडी एवं गोल बाजार क्षेत्र की गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए जब सफाई व्यवस्था अपेक्षित स्तर पर नहीं पाई गई, तो निगमायुक्त ने संबंधित क्षेत्रीय वार्ड दरोगा पर नाराजगी जाहिर करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर की स्वच्छता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। बाजार क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए निगमायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षकों और वार्ड दरोगाओं को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित सुबह-शाम भ्रमण कर सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों को चिन्हित करें और उन पर स्पॉट फाइन की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# अवैध उत्खनन का विरोध करने पर घर में घुसकर हमला

## पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज किया मामला



**समय जगत, कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कन्हवारा में अवैध उत्खनन का विरोध करने पर खनन माफियाओं ने ग्रामीणों के घर में घुसकर मारपीट की। इस घटना में महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। एक गर्भवती महिला भी शामिल है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने ग्राम जटवारा निवासी दीपक परिहार, ग्राम चाका निवासी अभिषेक पटेल और लखन साहू के खिलाफ एससी- एसटी एक्ट और अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार लखन साहू भाजपा ग्रामीण मंडल का वरिष्ठ पदाधिकारी है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कन्हवारा क्षेत्र के जंगलों में लंबे समय से मुरूम, बॉक्साइट और आयरन ओर का अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा है। आदिवासी परिवारों का कहना है कि जंगल में चल रहे अवैध उत्खनन को रोकने के लिए इसकी शिकायत वन विभाग को दी। आरोप है कि शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई और उल्टे इसकी जानकारी खनन से जुड़े लोगों तक पहुंच गई। पीड़ितों ने बताया कि विगत 14 और 15 मार्च की दरमियानी रात करीब 2 बजे दीपक परिहार सहित 7-8 लोग वाहनों से कन्हवारा गांव पहुंचे और तीन आदिवासी परिवारों के घरों में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। सुखदेव प्रसाद कोल सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने महिलाओं और पुरुषों को बेरहमी से पीटा। घर में मौजूद एक गर्भवती महिला के साथ भी धक्का- मुक्की और मारपीट की गई। पीड़ित गोरेलाल कोल ने आरोप लगाया कि हमलावर जबरन वाहन में बैठाकर उत्खनन स्थल तक ले गए और लात घूंसों से मारपीट की। कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि सुखदेव प्रसाद उर्फ भूरा कोल पिता शिवप्रसाद कोल निवासी ग्राम कन्हवारा की रिपोर्ट पर दीपक परिहार निवासी जटवारा, अभिषेक पटेल निवासी चाका एवं लखन साहू के पर धारा 296, 115(2), 191 (2), 190, 331(6), 351 (3) बीएनएस 3(1) द, 3(1) ध, 3(2) क 3(2) 5 एससी- एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## महामाई मंदिर मेले में भक्ति की सुनाई दी गूंज

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम




**समय जगत, सिरोंज।** शहर के प्रसिद्ध महामाई मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित होने वाले भव्य मेले का शुभारंभ होते ही पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर में सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं और दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। मेले के अंतर्गत प्रतिदिन विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिनका आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। गत दिवस मेले के मंच पर विशेष रूप से राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पारंपरिक घूमर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसे देखकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इसके साथ ही चरस नृत्य की प्रस्तुति भी बड़े उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुई। जिसमें छाप तिलक सब छीनी रे गीत पर उपस्थित लोगों ने खूब थिरका, कलाकारों की रंगीन वेशभूषा और लोकसंगीत की मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता महामाई की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात मंच पर पहुंचे कलाकारों का पुष्पमालाओं और सम्मान के साथ स्वागत किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देर रात तक चलती रहीं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु तथा सांस्कृतिक प्रेमी देर रात तक रुककर कार्यक्रमों का आनंद लेते रहे। मेले के आयोजन में स्थानीय नागरिकों और आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कैलाश शर्मा, कुंवरलाल धाकड़, मनमोहन साहू, हरिबाबू भार्गव, सर्वेश शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


# घुराघाट पुल पर युवक ने जान देने की कोशिश स्थानीय लोगों की तत्परता से बची जान



**समय जगत दमोह।** हटा में देर रात्रि घुराघाट पुल पर एक युवक द्वारा आत्महत्या की कोशिश का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पटेरा बड़ा मोहल्ला निवासी एक युवक अपनी बाइक से तेज रफ्तार में घुराघाट पुल पर पहुंचा और पुल के डिवाइडर में बाइक टकराकर अपनी जान देने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक बहुत तेज गति से बाइक चलाते हुए आया और पुल के डिवाइडर में जोरदार टक्कर मार दी। घटना को देख पुल पर मौजूद स्थानीय लोग तुरंत सक्रिय हुए और समय रहते युवक को बचा लिया जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने हटा पुलिस को दी, जिसके बाद हटा थाने से आरक्षक महेंद्र रैकवार मौके पर पहुंचे और युवक से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। हालांकि सूचना के करीब 30 मिनट बाद डायल 112 मौके पर पहुंची जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल भी उठे। इसी दौरान युवक वहां मौजूद लोगों को चकमा देकर भाग निकला लेकिन बाद में रामगोपाल जी वार्ड में स्थानीय लोगों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। युवक की पहचान श्रीराम पिता कोमल अहिरवार 25 वर्ष के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने युवक के रिश्ते के जीजा को फोन कर सूचना दी जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। इसके बाद डायल 112 की टीम युवक को सुरक्षित हटा थाने लेकर गई। बताया जा रहा है कि युवक मानसिक तनाव से गुजर रहा था। कई बार प्रेम प्रसंग, पारिवारिक विवाद या अन्य व्यक्तिगत कारणों के चलते लोग इस तरह के कदम उठाने की कोशिश करते हैं। इस पूरी घटना में स्थानीय लोगों की सतर्कता और समय पर मदद से युवक की जान बच सकी। इस सराहनीय कार्य में हटा थाने के आरक्षक महेंद्र रैकवार, रवि सोनी और दिनेश रैकवार की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**मुकेश बैरागी समय जगत जीरापुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सेक्टर जीरापुर द्वारा मंगलवार दिनांक 17 मार्च को सेक्टर जीरापुर नव अंकुर संस्था, उमंग जन सेवा वेलफेयर फाउंडेशन जीरापुर की प्रस्फुटन समितियों के क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम धतरावदा स्थित गौशाला परिसर में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक बीरम सिंह परमार की उपस्थिति के साथ विभिन्न प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे। जहां प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉक समन्वयक द्वारा समितियों को आगामी ग्रीष्मकालीन कार्य योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि गर्मी के मौसम में जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी समितियां अपने-अपने ग्राम में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत तालाब, कुएं, नालों एवं जल स्रोतों के संरक्षण और सफाई कार्यों की योजनाएं बनाएं तथा ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। नव अंकुर संस्था उमंग जन सेवा वेलफेयर फाउंडेशन जीरापुर के प्रतिनिधि दिलीप किरार ने उपस्थित



सदस्यों को वृक्षारोपण अभियान की तैयारी करने के निर्देश दिए गए बताया कि वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य किया जाए तथा ग्राम स्तर पर पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी समितियों द्वारा ली जाए। इसी के साथ समितियां ग्राम के पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे पशुपालन, कृषि, स्वरोजगार एवं आजीविका से संबंधित योजनाओं से जोड़ने में भी सहयोग करें, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके साथ ही समितियों को नियमित बैठक, दस्तावेजीकरण ,जन जागरुकता गतिविधियों एवं सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी समितियों के सदस्यों ने अपने-अपने ग्राम में जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया तत्पश्चात उपस्थित सदस्यों को ब्लॉक समन्वयक द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए।

# कार्यकर्ताओं से सदेव जुडी रहती है भाजपा: जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय



**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी के पिपलोदा मंडल में पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि भाजपा संदेव कार्यकर्ताओं से जुड़ी रहती है, कार्यकर्ताओं के बल पर आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। मंडल प्रशिक्षण वर्ग के आरंभ में दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान जिला महामंत्री महेश सोनी, नानालाल अटोलिया, हरिराम शाह, मंडल अध्यक्ष दिनेश पाटीदार, जिला सह कार्यालय मंत्री राजेन्द्र सिंह गुडरखेडा उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर दिखाई संवेदनशीलता

## शिकायतों के त्वरित व समयबद्ध समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**गुना।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में आज दिनांक 17 मार्च (मंगलवार) को पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सभागृह में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं आवेदन पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के समक्ष प्रस्तुत किए। श्री सोनी ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता, धैर्य एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके प्रकरणों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत निराकरण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री सोनी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई का उद्देश्य नागरिकों को त्वरित न्याय, राहत एवं विश्वास प्रदान करना है, ताकि पुलिस एवं जनता के बीच संबंध और अधिक सुदृढ़ हो सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक प्रकरण का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग की जाए, जिससे आमजन को समय पर राहत मिल सके और पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी, साइबर अपराध, लंबित विवेचनाएं तथा पुलिस कार्यवाही से संबंधित अनेक प्रकरण सामने आए। कुछ मामलों में पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए गए, वहीं अन्य मामलों में संबंधित थाना प्रभारी एवं अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय जमील उद्दीन सिद्दीकी, एसडीओपी गुना विवेक अष्ठना, एसडीओपी राघौगढ़ श्रीमती दीपा डोडवे, एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा, डीएसपी आनंद कुमार राय, कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह सिकरवार, अजाक थाना प्रभारी निरीक्षक ओ.पी.आर्य, कुंभराज थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज त्यागी, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक फिरदौस तबस्सुम, कोतवाली थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रुहिल शर्मा, आरोन थाना इंचार्ज उपनिरीक्षक पंकज कुशवाह आदि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। गुना पुलिस द्वारा नियमित रूप से आयोजित की जा रही जनसुनवाई आम नागरिकों एवं पुलिस के मध्य विश्वास, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल साबित हो रही है।

## तीन साल बाद भी पूरा नहीं हुआ निर्माण, अफसरों और ठेकेदार की मिलीभगत के लगे आरोप

# सड़क निर्माण में देरी और घटिया गुणवत्ता पर ग्रामीणों में है आक्रोश

**समय जगत, खिरकिया।** हरदा जिले की खिरकिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम काकडकच्छ-पीपल्या-भारत-छीपाबड़ सड़क मार्ग निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों और किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। वर्ष 2023 में स्वीकृत इस सड़क परियोजना का भूमि पूजन पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल द्वारा ग्रामीणों को यह सौगात दी गई थी, लेकिन लगभग तीन वर्ष बीतने के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा है। करीब 9 किलोमीटर लंबी इस सड़क की कुल लागत 16 करोड़ 66 लाख 84 हजार रुपये निर्धारित की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी की जा रही है और गुणवत्ता भी बेहद खराब है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार के बीच मिलीभगत के चलते मानकों की अनदेखी की जा रही है। स्थानीय लोगों के




अनुसार, सड़क निर्माण में अर्थवर्क भूमि समतलीकरण ठीक ढंग से नहीं किया गया है। जमीन को सही स्तर पर लाए बिना ही मिट्टी पर डब्ल्यूएम कार्य किया जा रहा है, जिससे सड़क की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी तरह कार्य जारी रहा, तो सड़क जल्द ही खराब हो जाएगी और सरकारी धन का दुरुपयोग होगा। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही दोषी अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार को तत्काल ब्लैकलिस्ट कर अनुबंध समाप्त किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे आवागमन सुगम होगा और किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। लेकिन वर्तमान स्थिति में सड़क अधूरी होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। काकडकच्छ-पीपल्या-भारत-छीपाबड़ सड़क परियोजना में देरी और कथित भ्रष्टाचार के आरोपों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि शासन स्तर पर इस मामले में क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

### इनका कहना है–

मेरे गांव का मामला है। मेरे द्वारा कई बार लोक निर्माण विभाग अधिकारी को सूचित किया जा चुका है लेकिन अधिकारी द्वारा मामले में किसी प्रकार का कोई संज्ञान नहीं लिया है। हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एक संवेदनशील नेता है और हम मुख्यमंत्री से निवेदन करेंगे कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई हो जो सरकार की छवि खराब करते हैं। मुख्यमंत्री के आगमन पर आवेदन देकर कार्रवाई करायेंगे।

**विजय राजपूत** भाजपा मंडल अध्यक्ष चारूवा।

## सार-समाचार

### कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केन्द्र मालाहात टोडी, जुनी रम्भापुर एवं रम्भापुर का किया आकस्मिक निरीक्षण



**समय जगत, झाबुआ।** कलेक्टर नेहा मीना द्वारा 17 मार्च को आंगनवाड़ी केन्द्र मालाहात टोडी सेक्टर रम्भापुर परियोजना मेघनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को बच्चों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया। उप स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित सीएचओ द्वारा बताया गया कि टीकाकरण का सेशन जुनी रम्भापुरआंगनवाड़ी केन्द्र में चल रहा है। जुनी रम्भापुर आंगनवाड़ी केन्द्र में टीकाकरण सेशन संचालित हो रहा था। जिसमें ड्यू लिस्ट के 10 बच्चों का टीकाकरण किया जाना था जिसमें से मात्र 4 बच्चों का टिकाकरण किया गया एवं 2 गर्भवती का टिकाकरण किया जाना था जिसमें से 01 गर्भवती महिला का टिकाकरण होना पाया गया, इस पर कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए आशा कार्यकर्ताओं को नोटिस दिये जाने के बीएमओ को निर्देश दिये गये। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र पर 6 माह से 3 वर्ष तक के 13 बच्चे एवं 3 से 6 वर्ष तक के 11 बच्चे दर्ज पाये गये। जिससे कलेक्टर द्वारा कार्यकर्ता को पुनः सर्वे कर बच्चों का पंजीयन किये जाने हेतु निर्देर्शित किया गया एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को नोटिस जारी करने हेतु परियोजना अधिकारी को निर्देश दिये गये। कलेक्टर द्वारा निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण भी किया गया तथा सचिव एवं सरपंच को तत्काल भवन पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये गये। कलेक्टर द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र नाई टोडी रम्भापुर का निरीक्षण किया गया। यहाँ भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए तत्काल किराये के भवन में संचालित करने हेतु परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेघनगर सुश्री अवनधती प्रधान, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आर.एस बघेल, तहसीदार मेघनगर, खण्ड चिकित्सा अधिकारी मेघनगर, परियोजना अधिकारी मबावि मेघनगर एवं अन्य उपस्थित रहे।

### पुलिस द्वारा 30,000 रुपये कीमत की चोरी की मोटर साइकल की गई बरामद

**समय जगत, इटारसी।** विगत दिनों फरियादी विनोद कुमार पिता रामकुमार रैकवार निवासी मालवीय गंज इटारसी ने रिपोर्ट किया कि वह दिनांक 08/03/26 को अपने घर से सब्जी बाजार जा रहा था कि रास्ते मे किसी बोर्ड से टकरा गया जो वह मोटर साइकल क्रमांक एमपी 05 जेड जे 9016 सहित गुरुद्वारा के सामने रोड पर गिर गया था। वही से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी उक्त मोटर साइकल चोरी का ले गया था जिस पर से अपराध क्रमांक 186/26 धारा 303 (2) bns का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। उक्त मोटर साइकल चोरी की बरामदगी हेतु अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) इटारसी के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी निरी0 गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व मे एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास के एवं अन्य जगहों के cct1 फुटेज देखे गए जिसके आधार पर उक्त अज्ञात व्यक्ति की फ़ोटो प्राप्त की गई जिसके आधार पर गोपनीय मुखबिर लगाए गए एवं दिनांक 17 मार्च को मुखबिर सूचना पर उक्त हुलिया का व्यक्ति जिसे मेहरा गाव नदी के पास पकड़ कर सख्ती से पूछताछ की गई जिसने घटना दिनांक समय को चोरी की गई मोटर साइकल हीरो कंपनी की जिसका क्रमांक एमपी 05 जेड जे 9016 को अपने पास होना बताया तब मौके पर आरोपी पंकज पिता सुरेश चंद्र कटारे उम्र 28 साल निवासी इंद्रा पुरा पुरानी इटारसी उक्त मोटर साइकल बरामद की गई एवं वैधानिक कार्यवाही की गई। निरी0 गौरव सिंह बुंदेला, प्रधान आर 0 643 दिनेश कटारे प्रधान आर 0 333 राकेश, आर 0 443 सतीश आर 0 40 अंकित एवं आर 0 438 नरेंद्र राजपूत द्वारा इस कार्यवाही में सराहनीय भूमिका निभाई गई।

# सारंगपुर में ABVP का साप्ताहिक सकोरे अभियान शुरू, पक्षियों के संरक्षण का दिया संदेश

**समय जगत, सारंगपुर।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सकोरे अभियान के साप्ताहिक कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने और समाज में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से यह अभियान प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर चिड़ियों के लिए पानी से भरे सकोरे रखे गए, ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों को आसानी से पानी उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ममता खोइया ने कहा कि विद्यार्थी परिषद की यह पहल बहुत सराहनीय है। साथ ही विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल



महाविद्यालय ही नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने घरों में भी सकोरे लगाने चाहिए। उन्होंने अपील की कि सभी विद्यार्थी अपने-अपने घरों एवं आसपास के स्थानों पर सकोरे रखें और उनमें प्रतिदिन पानी भरकर पक्षियों के जीवन संरक्षण में योगदान दें। उन्होंने यह भी बताया कि गर्मियों के मौसम में जल के अभाव में कई पक्षियों की जान चली जाती है, ऐसे में यह छोटा सा प्रयास उनके जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह अभियान न केवल सेवा का कार्य है, बल्कि प्रकृति एवं जीव-जंतुओं के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। कार्यक्रम में सारंगपुर तहसील संयोजक तुषार चौहान , महाविद्यालय अध्यक्ष गोविंद कुम्भकार, लोकेश मालवीय, विजय मालवीय सहित परिषद के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर तीनों को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों के किया गया सुपुर्द

**समय जगत, झाबुआ।** दिनांक 16 मार्च को फरियादी द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री एवं पड़ोस की दो अन्य नाबालिग बालिकाएं गांव में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम (नौतरा/शादी) में गई थीं, जो वापस घर नहीं लौटीं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रकरण दर्ज कर उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक शिव दयाल सिंह के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों द्वारा आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया। सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, तकनीकी साक्ष्य एवं सगन चेकिंग की गई। जांच के दौरान पता चला कि कार्यक्रम में देर हो जाने के कारण परिजनों की डांट के डर से तीनों बालिकाएं अपनी एक सहेली के घर जाकर छिप गई थीं। सघन तलाश के दौरान पुलिस टीम द्वारा तीनों बालिकाओं को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। तत्पश्चात उन्हें सकुशल उनके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. भास्करे (थाना प्रभारी, कोतवाली झाबुआ), उप निरीक्षक अशोक बघेल (चौकी प्रभारी पिटोल), सहायक उप निरीक्षक कमलेश हाड़ा एवं आरक्षक प्रकाश गेहलोत तथा साइबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक, झाबुआ द्वारा टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की।

# सांस्कृतिक विरासत की महक और सिंधी व्यंजनों का स्वाद , चैती चांद महोत्सव का हुआ आगाज

**समय जगत, इटारसी।** नगर की फिजाओं में इन दिनों सिंधी संस्कृति के सतरंगी रंग घुलने लगे हैं। आराध्य देव भगवान झूलेलाल जी के जन्मोत्सव चैती चांद के पावन उपलक्ष्य में सिंधी समाज द्वारा आयोजित महोत्सव का शानदार शुभारंभ सिंधी मेला के साथ हुआ। फ्रेन्ड्स स्कूल का मैदान इस उत्सव का साक्षी बना, जहां परंपराओं का सम्मान और आधुनिकता का उत्साह एक साथ नजर आया।

**दीप प्रज्ज्वलन से उत्सव का श्रीगणेश:** सांस्कृतिक शाम का आगाज एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा और थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आयोजन की कमान पूज्य पंचायत सिंधी समाज और भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा के हाथों में रही। अतिथियों ने समाज के इस एकजुट प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ही शहर की गंगा-जमुनी तहजीब को जीवंत रखते हैं।

**सिंधी जायके और बचपन की किलकारियां:** मेले का सबसे बड़ा आकर्षण फूड जोन रहा, जहां सिंधी व्यंजनों की सोंधी खुशबू ने हर किसी को अपनी ओर खींचा। कढ़ी चावल, बेसन की डोडा टिक्की, और छोले पकवान जैसे पारंपरिक स्वादों के साथ-साथ आधुनिक व्यंजनों के स्टॉल्स पर जायके के शौकीनों की भारी भीड़ उमड़ी। जहां एक ओर बच्चों ने झूलों और मनोरंजन के साधनों का आनंद लिया, वहीं लकी ड्रा के रोमांच ने बड़ों का उत्साह भी दोगुना कर दिया।

**नई पीढ़ी को विरासत से जोड़ने का सेतु:** पूज्य पंचायत सिंधी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश नवलानी ने बड़े ही मार्मिक भाव से कहा, यह मेला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली सिंधी कल्चर और जड़ों से परिचित कराने का एक माध्यम है। भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा की अध्यक्ष पूनम चेलानी, प्रिया नंदवानी एवं उनकी टीम ने बताया कि इटारसी के कोने-कोने से सिंधी परिवारों ने इसमें शामिल होकर सामाजिक एकता का परिचय दिया है। 20 मार्च चैती चांद के अवसर पर शहर में श्रद्धा का सैलाब उमड़ेगा। बहराणा साहब का विधि-विधान से पूजन होगा और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# भागवत कथा के पांचवें दिन बाल लीलाओं के साथ माता पिता की सेवा और प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश

**समय जगत, सिलवानी।** रायसेन जिले की सिलवानी तहसील के ग्राम सियरमऊ में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर कथा



वाचक सत्यम मधुरम जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का रसपूर्ण वर्णन करते हुए जीवन में माता-पिता के सम्मान और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति का भाव बना रहा। अपने प्रवचन में महाराज ने कहा कि जैसे किसी वृक्ष की जड़ में पानी देने से पूरा वृक्ष हरा-भरा हो जाता है, उसी प्रकार भगवान के सच्चे भक्तों की वाणी और संग से मनुष्य का जीवन सफल और सुखमय हो जाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य यदि जीवन में सच्चे मार्ग पर चलना चाहता है तो उसे संतों के उपदेशों को अपनाना चाहिए। महाराज ने माता-पिता के महत्व पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि यदि माता-पिता दुखी हैं तो संसार के सभी तीर्थों में जाने का भी कोई लाभ नहीं होता। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मनुष्य को अपने माता-पिता की सेवा और पूजा करनी चाहिए, उसके बाद ही अन्य कार्य करने चाहिए। माता-पिता की सेवा ही सच्चा धर्म और सबसे बड़ा पुण्य है। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भी मनोहारी वर्णन किया। महाराज ने कहा कि भगवान कृष्ण को माखन चोर कहा जाता है, लेकिन वे केवल माखन ही नहीं चुराते, बल्कि अपने भक्तों के जीवन के पाप और दुख भी हर लेते हैं। इसी क्रम में उन्होंने गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने प्रकृति और पर्यावरण के महत्व को समझाने के लिए ही गोवर्धन पूजा की परंपरा स्थापित की। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति प्रकृति और पर्यावरण से प्रेम करता है, भगवान उस पर शीघ्र प्रसन्न होते हैं।

# गढ़ौत में बनते ही उखड़ने लगी रोड



**समय जगत, उचेहरा।** किसी भी गांव का विकास तभी माना जाता है जब वहां आने-जाने की अच्छी सुविधा हो। सरकार द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं कि अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को लाभ मिले लेकिन पंचायत के जिम्म्मेदारों को ही यह रास नहीं आ रहा कि अपने पंचायत का विकास करें। जनपद के पठारी पंचायत गढौत का ताजा मामला अभी प्रकाश में आया है यहां जन सुविधा के लिए रोड तो बनाई गई है लेकिन रोड बनते ही कुछ ही दिनों में उसके परखच्चे उड़ने शुरू हो गये। गढौत के ग्राम कोरदरी में पीसीसी रोड एवं नाली का गुणवत्ता विहीन निर्माण पंचायत ने कराया है जिसे देखने से ही उसकी गुणवत्ता की पोल खुल रही है। हासिल जानकारी अनुसार सड़क और नाली का निर्माण ठेके में कराने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया। इन्ही ग्रामीणों की मानें तो जिस समय इस सड़क का निर्माण हो रहा था तब पंचायत के कई ग्रामीणों ने अपनी आवाज उठाई थी लेकिन उनकी किसी ने नहीं सुनी। जिम्मेदारों ने यह निर्माण कार्य कराया जहां गुणवत्ता की घोर उपेक्षा हुई। पंचायत के सचिव सरस्वती चरण सोनी पर ग्रामीणों ने गफलत का आरोप लगाया है वहीं पंचायत के जिम्मेदारों से इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हा पाया।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेल: dainiksamayjagat@gmail.com

# कांशीराम जयंती पर आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों का उपचार



**समयजगत, ललितपुर।** मान्यवर काशीरामजी की जयंती पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक व प्रदेश महासचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ डा.खेमचंद वर्मा रहे। यह स्वास्थ्य शिविर सदन शाह चौराहा स्थित लाल पैथोलॉजी पर आयोजित किया गया। शिविर में दर्द एवं खेलकूद विशेषज्ञ डा.रोहित शर्मा ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। शिविर में कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों का दर्द, कंधे का दर्द, साइटिका तथा खेल चोटों से पीड़ित मरीजों का परीक्षण किया गया। डा.रोहित शर्मा ने कहा कि आजकल गलत जीवनशैली और खान-पान की वजह से लोगों में हड्डियों और जोड़ों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। समय पर उपचार और नियमित व्यायाम से इन समस्याओं से बचा जा सकता है। साथ में लैब तकनीशियन मनीष पटवारी डाक्टर लाल पैथ लैब वालों ने ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच निशुल्क की। इस दौरान राकेश रजक, मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह, शशिकांत दीक्षित सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजा राजपाल सिंह, मोहन सिंह चंदेल, समरथ कुशवाहा, सीताराम राय, दीपक रैकवार, सौरभ, अनिल, सुरेंद्र, विशाल जोसेफ, आरती पाल, रोशनी राजपूत, नीलम पटवारी, आशा कुशवाहा, अभिषेक कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 मार्च तक होंगे

**निवाड़ी।** जिला शिक्षा केन्द्र निवाड़ी के जिला परियोजना समन्वयक फूलसिंह दिनकर द्वारा बताया गया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत अशासकीय विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया 13 मार्च 2026 से प्रारंभ है। इसके अंतर्गत अशासकीय विद्यालयों की प्रथम प्रवेशित कक्षा नर्सरी, केजी वन, केजी टू एवं कक्षा पहली में प्रवेश अर्थात् विद्यालय की जो भी प्रथम प्रवेशी कक्षा हो उसमें प्रवेश हेतु पात्र अभिभावक आरटीई पोर्टल पर 13 मार्च से 28 मार्च 2026 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। ऑनलाईन भरे गये आवेदन का सत्यापन संबधित जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर 14 मार्च से 30 मार्च 2026 तक किया जाएगा। इसके पश्चात राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल द्वारा राज्य स्तर पर 02 अप्रैल को रेंडम आधार पर ऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा।

# निवाड़ी दौरे पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

### युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी के घर पहुंचकर पूछा हाल-चाल, संगठन मजबूती पर हुई चर्चा



**समय जगत, निवाड़ी ।** मध्यप्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने अपने निवाड़ी दौरे के दौरान कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की।दौरे के दौरान उन्होंने युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी के निवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान पृथ्वीपुर विधायक नितेंद्र सिंह राठौर भी उनके साथ मौजूद रहे बैठक के दौरान अजय सिंह ने कार्यकर्ताओं से आगामी राजनीतिक गतिविधियों और क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर संवाद किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता की आवाज उठाने का काम करती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझें और उन्हें शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करें।इस दौरान संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक पार्टी की सक्रियता बढ़ाने और आगामी चुनावों को लेकर रणनीति पर भी चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और स्थानीय मुद्दों को अजय सिंह के सामने रखा।

बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नेता मौजूद रहे। सभी ने पार्टी को मजबूत बनाने और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर डा.महेंद सिंह चौहान, पृथ्वीपुर विधायक नितेंद्र सिंह राठौर,सतेंद्र कुशवाह , पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश दांगी , जिलाध्यक्ष राजेश यादव,जगदीश तिवारी,पूर्व जिला महासचिव पं शिवम् नायक, प्रभात द्विदी,अमृतेश द्विवेदी,प्रदीप यादव , रोहित सेन, रविन्द्र घोष ,अनुप बडौनिया ,समीर तिवारी, पुष्पेन्द्र दांगी , श्रीनारायण रिछारिया, प्रदीप तिवारी,हनी खान , संपत चौधरी, अंकित यादव , हबीब खान,नूरी खान एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# मां विंध्यवासिनी महारानी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक



### 19 से 28 मार्च तक होंगे धार्मिक कार्यक्रम

**समय जगत, ललितपुर।** शहर के नदीपुरा स्थित श्रीश्री 1008 श्री रामजानकी व श्रीसंकट मोचन धाम में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें श्रीश्री 1008 श्री माँ विंध्यवासिनी महारानी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की रूपरेखा तय की गई। बैठक में मंदिर समिति और श्रद्धालुओं को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सभी आमजन से समारोह में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई। बैठक में बताया गया कि श्री संकट मोचन मंदिर, नदीपुरा में माँ विंध्यवासिनी महारानी की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य धार्मिक अनुष्ठान 19 मार्च से 28 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन विभिन्न वैदिक एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पुजारी जी ने बताया कि 19 मार्च को जल यात्रा (कलश यात्रा), श्रीगणेश पूजन, पीठ निर्माण एवं दुर्गा पाठ के साथ अनुष्ठान की शुरुआत होगी। 20 मार्च को पीठ पूजन, प्रायश्चित स्नान एवं जलाधिवास तथा 21 मार्च को अन्नाधिवास, घृताधिवास और गंधाधिवास का कार्यक्रम होगा। इसी क्रम में 22 मार्च को धूपाधिवास, वस्त्राधिवास, पुष्पाधिवास, औषधिवास और मिष्ठानाधिवास जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। 25 मार्च को देव स्नान, सहस्त्रधारा स्नान, रथ यात्रा और नगर भ्रमण का आयोजन किया जाएगा। वहीं 26 मार्च को मूर्ति न्यास एवं माँ विंध्यवासिनी महारानी की प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान होगा। 27 मार्च को हवन-पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा, जबकि 28 मार्च को श्री सत्यनारायण कथा और भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस धार्मिक आयोजन में तुवन मंदिर के महंत श्रीरामलाखन दासजी महाराज, श्री नृसिंह मंदिर महंत श्रीगंगादासजी महाराज, श्रीचंडी माता मंदिर के महंत स्वामीश्री चन्द्रेश्वर गिरिजी महाराज तथा श्रीहनुमान धारा मंदिर महंत श्रीराधा मोहनजी महाराज सहित कई संत-महात्माओं का सान्निध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम के प्रतिष्ठाचार्य पं. कृष्णकांत शास्त्री होंगे। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पावन आयोजन में शामिल हों और धर्म लाभ प्राप्त करें।

# जिंदगी के बाद भी जीवन का विकल्प

### ग्रामीण जागरूकता शिविर में ग्रामीणों ने लिया अंगदान का संकल्प



**समय जगत, ललितपुर।** जालौन जनपद के ग्राम गोपालपुरा में रविवार को एक अनोखा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों को मृत्यु के बाद भी दूसरों को जीवन देने के लिए प्रेरित करना था। जिंदगी के बाद भी जीवन का विकल्प, आप भी लें अंगदान का संकल्प थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को अंगदान, देहदान और रक्तदान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। 15 मार्च 2026 को शान्ति देहदान चौरिटेबल ट्रस्ट ललितपुर ने पहली बार जनपद जालौन में पहुंचकर राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एसओटीटीओ) का प्रतिनिधित्व किया। दिल्ली स्थित हेल्पिंग हट एनजीओ के तत्वावधान में आयोजित ग्रामीण जन-जागरूकता मेला एवं अंगदान शिविर में ट्रस्ट की टीम ने विशेष कैंप लगाकर ग्रामीणों को अंगदान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति जीवनकाल में अंगदान का संकल्प लेता है और मृत्यु के बाद परिजन समय पर स्वास्थ्य विभाग को सूचना देते हैं, तो उसके अंगों से कम से कम 8 लोगों की जान बचाई जा सकती है और लगभग 75 लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार संभव है। इसमें नेत्रदान के साथ-साथ हृदय, किडनी, फेफड़े, लीवर, अग्न्याशय और आंतों जैसे महत्वपूर्ण अंगों के अलावा त्वचा, हड्डी और हृदय वाल्व जैसे ऊतकों का दान भी कई मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होता है। शिविर में ग्रामीणों को क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन अंगदान संकल्प लेने की सुविधा के बारे में भी बताया गया। आयोजकों ने जानकारी दी कि लोग एसओटीटीओ की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर या उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैन कर आधार नंबर और ओटीपी सत्यापन के माध्यम से आसानी से अपना अंगदान संकल्प राष्ट्रीय रजिस्ट्री में दर्ज करा सकते हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी बिना किसी कागजी प्रक्रिया के इस पुण्य कार्य में भागीदार बन सकते हैं। शिविर के दौरान देहदान, अंगदान और रक्तदान के संकल्प पत्र भी वितरित किए गए तथा ग्रामीणों को चिकित्सा शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मौके पर रक्तदान शिविर आयोजित किये जाने के साथ-साथ ग्रामीणों को दवाओं का भी वितरण किया गया। शान्ति देहदान चौरिटेबल ट्रस्ट ने पहली बार उत्तर प्रदेश के किसी अन्य जिले में जाकर इस प्रकार का व्यापक कैंप आयोजित कर मानव कल्याण, चिकित्सा शिक्षा और अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हेल्पिंग हट हत्रह के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों तक यह संदेश पहुंचाने का प्रयास सराहनीय रहा। कार्यक्रम में संस्थापक खुशालचन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष सुषमा साध, काउंसलर वंदना मेहता, मंत्री रामस्वरूप पटेल, ट्रस्टी सामंत सिंह यादव तथा संस्था के आजीवन सदस्य राजेश ननौरा, आयोजक मंडल के राघवेंद्र प्रताप सिंह, ऋषिका गिरी, शनि, नितेंद्र एवं अंशिका सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन उरई-जालौन ने शान्ति देहदान चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने परिवार में अंगदान और देहदान जैसे विषयों पर खुलकर चर्चा करें, क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन संकल्प लें ।

## युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

**समय जगत, ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के एक गांव में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महिला ने थाना बार में दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री बीती 11 मार्च 2026 की रात करीब एक बजे घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बाद में जानकारी मिली कि एक गांव निवासी नीरज राजा पुत्र स्व.हल्के राजा उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पीड़िता की मां का आरोप है कि इस घटना में राजू लुहार नामक युवक ने भी सहयोग किया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 61(2) व 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## खेत जाते समय युवक से मारपीट

**समय जगत, ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम इस्त्रानी में खेत जाते समय एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम इस्त्रानी निवासी दयाराम कुशवाहा ने थाना बार में दी तहरीर में बताया कि 15 मार्च 2026 की सुबह करीब 6 बजे वह अपने खेत जा रहा था। तभी स्कूल के पास गांव के ही जगदीश पुत्र धनु कुशवाहा, मनमोहन और दीप नारायण पुत्रगण जगदीश ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उसे लात-घूंसे से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर उसका बेटा रामेश्वर मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। घटना की सूचना पर थाना बार पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफबीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## धूमधाम से मनाया जाएगा श्रीहनुमान जन्मोत्सव



**समय जगत, ललितपुर ।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव को लेकर प्रथम निमंत्रण पत्र श्रीतुवन सरकार को अर्पित किया तथा मंदिर महंत रामलखन दासजी से मुलाकात कर 8 दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी दी व निमंत्रण पत्र महंतजी को सौंपा। 1 अप्रैल दिन सोमवार को सुंदर कांड रात्रि 8 बजे से व रात्रि 12 बजे से जन्मोत्सव, 2 अप्रैल गुरुवार सुबह 7 बजे से भव्य श्रृंगार दर्शन हवन पूजन व प्रसाद वितरण किया जायेगा। विशाल शोभायात्रा शाम 4.30 बजे से तुवन मंदिर से आरंभ होगी, जो कि अपने निर्धारित मार्ग सदर कांटा, महावीरपुरा, रावरपुरा, चौबयाना, नदीपुरा, सावरकर चौक, घंटाघर होते हुए तुवन मंदिर पर समापन होगा। 3 अप्रैल शुक्रवार व 4 अप्रैल शनिवार को संगीतमय अखंड रामायण पाठ, 5 अप्रैल रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के नृत्य एवं गायन 6 अप्रैल सोमवार कवि सम्मेलन, 7 अप्रैल मंगलवार को भजन संध्या, परशुराम अवस्थी द्वारा शाम 7 बजे से 8 अप्रैल श्रीसत्यनारायण जी की कथा के साथ समापन होगा व अति शीघ्र आम सभा की बैठक व अखाड़ों की बैठक भी बुलाई जाएगी।

इस दौरान समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, संयोजक जगदीश पाठक, पं.रमेश रावत, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, मंत्री राकेश तामिया, संगठन मंत्री भरत रिछारिया, अवधेश कौशिक, शिवकुमार शर्मा, मुन्नालाल त्यागी, सतेंद्र यादव सेतु, शुभम कौशिक, के.के. साहू आदि उपस्थित थे।

# नाबालिग का अपहरण कर हत्या का आरोप, शव खंती से मिला, पिता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**समय जगत, उरई।** गोहन थाना क्षेत्र के नबीपुर गांव निवासी एक पिता अपने नाबालिग बेटे की संदिग्ध मौत के बाद न्याय की गुहार लगा रहे हैं। पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बेटे के अपहरण और हत्या के मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।नबीपुर गांव निवासी नईम खान पुत्र स्व. अब्दुल हफीज ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनका 15 वर्षीय नाबालिग पुत्र फईम 5 मार्च 2026 को अपने घर से ग्राम सरावन जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद वह ग्राम बदनपुरा पहुंच गया, जहां से उसका कथित रूप से अपहरण कर लिया गया। इस संबंध में प्रार्थी ने थाना गोहन में अज्ञात लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई थी।नईम खान के अनुसार कुछ समय बाद पुलिस ने सड़क किनारे स्थित खंती (चौड़े नाले) से उनके बेटे का शव बरामद किया। शव का रंग नीला पड़ा हुआ था और उसके हाथों पर रस्सी से बांधने के निशान भी मिले, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।पीड़ित पिता का आरोप है कि उनके बेटे का अपहरण कर उसे ग्राम बदनपुरा निवासी सुंदर सिंह उर्फबल्लू दोहरे, विक्रम, प्रमोद और मंगल पुत्रगण राजेश दोहरे अपने घर ले गए थे, जहां उसे बंधक बनाकर हत्या कर दी गई और शव को सड़क किनारे खंती में फेंक दिया गया।नईम खान का कहना है कि घटना से पहले उनकी बेटे से फोन पर बात हुई थी, उस समय वह सुंदर सिंह उर्फबल्लू के घर पर ही मौजूद था। पीड़ित पिता ने परिजनों और ग्रामीणों के साथ क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ को भी प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों को नामजद कर गिरफ्तारी की मांग की थी। उनका आरोप है कि आश्वासन के बावजूद अभी तक आरोपियों के खिलाफकोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है ।

पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर नामजद आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उनके नाबालिग बेटे को न्याय मिल सके। इस मामले में एसपी डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने कहां की मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। जो भी इसमें दोषी होगा कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन के नाम पर 34 लाख की ठगी

### फर्जी दस्तावेज बनाकर प्लॉट बेचने का आरोप

**ललितपुर।** जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपये की ठगी और फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने का मामला सामने आया है। कोतवाली ललितपुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और धमकी देने समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के शांतिनगर निवासी अरविंद कुमार जैन पुत्र गोकुलचंद जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी मुलाकात ललितपुर निवासी बृजकिशोर शर्मा से हुई थी। बृजकिशोर शर्मा ने आरटीओ नहर रोड के पास स्थित लगभग 1.22 एकड़ जमीन बेचने का प्रस्ताव दिया और जमीन का सौदा करीब 34 लाख रुपये में तय हुआ। दोनों पक्षों के बीच इस संबंध में रजिस्टर्ड एग्रीमेंट भी किया गया था। पीड़ित के अनुसार समझौते के अनुसार उन्होंने अलग-अलग तारीखों में बैंक के माध्यम से आरोपियों को किस्तों में रुपये दिए। इसमें से लगभग 14,02,000 रुपये अरुण शर्मा के एचडीएफसी बैंक खाते में और करीब 20,63,155 रुपये बृजकिशोर शर्मा के यूनियन बैंक खाते में जमा किए गए। आरोप है कि पूरी धनराशि प्राप्त करने के बाद भी आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की और टालमटोल करते रहे। पीड़ित जब जमीन की जानकारी लेने तहसील पहुंचा तो उसे पता चला कि जिस जमीन का सौदा उससे किया गया था, उसी जमीन के कई प्लॉट फर्जी दस्तावेज तैयार कर अन्य लोगों के नाम रजिस्ट्री कर दिए गए हैं। आरोप है कि इस पूरे मामले में अरुण शर्मा और मनोज शर्मा भी बृजकिशोर शर्मा के साथ शामिल थे। पीड़ित के अनुसार 20 फरवरी 2026 को तुवन चौराहे पर पंचायत के दौरान जब उसने अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। यहां तक कि चंबल में लाश फिंकवा देने की धमकी भी दी गई।

पीड़ित ने इस धमकी की ऑडियो रिकॉर्डिंग होने का भी दावा किया है। कोतवाली ललितपुर पुलिस ने मामले में बृजकिशोर शर्मा, अरुण शर्मा और मनोज शर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# ढाबे के बाहर लाठी-डंडों से हमला, तीन लोग घायल

**समय जगत, उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव में एक ढाबे के बाहर तीन लोगों के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। इस हमले में एक ही परिवार के तीनों सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए उरई के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह पूरी घटना ढाबे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस के अनुसार, यह विवाद गांव के लोकेंद्र और उत्तरम पक्ष के बीच पिछले कुछ दिनों से चल रही रंजिश का परिणाम है। बताया गया है कि दो दिन पहले उत्तरम ने अपने साथियों के साथ मिलकर लोकेंद्र के साथ मारपीट की थी। इस मामले में पुलिस ने उत्तरम के खिलाफशांति भंग की कार्रवाई की थी। इसी पुरानी रंजिश के चलते लोकेंद्र और उसके साथियों ने उत्तरम को घेर लिया। उत्तरम उस समय अपने परिवार के दो अन्य सदस्यों के साथ खेतों पर फसल की रखवाली के लिए जा रहा था। रास्ते में ढाबे के बाहर आरोपियों ने तीनों को रोका और उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की सूचना पर उत्तरम के परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल उरई के जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच कुछ दिन पहले ढाबे पर खाने-पीने के दौरान हुए मामूली विवाद ने बाद में रंजिश का रूप ले लिया था।मारपीट की यह पूरी घटना ढाबे पर लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में ले लिया है और मामले की गहनता से जांच कर रही है।

डकोर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विजय पांडेय ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि घायलों को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

# कोई भी सामान खरीदें उसका पक्का बिल अवश्य लें, खाद्य वस्तुओं और दवाईयों पर एक्सपायरी डेट देखकर ही खरीदें : सीईओ सक्सेना

### भ्रामक विज्ञापनों के प्रलोभन से दूर रहें व सजग रहें




**समय जगत, निवाड़ी।** शासन के निर्देशानुसार विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभागार में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीईओ जिला पंचायत श्री रोहन सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूली छात्राओं द्वारा माँ सरस्वती की वंदना की गई। कार्यक्रम में पत्रकारगण, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सीईओ जिला पंचायत श्री रोहन सक्सेना ने उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए कहा कि सामान लेते समय एक्सपायरी दिनांक को अवश्य देखें। उन्होंने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को जानकारी दी गई तथा दंड के प्रावधान बताए। डिजिटल फ्रॉड से अपने आप को सुरक्षित रखने एवं भ्रामक विज्ञापनों तथा प्रलोभन के चक्कर में लोगों को कैसे फंसाया जाता है, घटनाओं को साँझा किया। उन्होंने बताया कि जब हमें कोई भुगतान करना पड़ता है तब ओटीपी या क्यूआर कोड स्कैन करना होता है, पैसे प्राप्त करने के लिए कोई भी ओटीपी या क्यूआर कोड स्कैन करने की आवश्यकता नहीं होती है। कोई भी सामान खरीदें उसका पक्का बिल अवश्य लें, खाद्य वस्तुओं और दबाईयों पर एक्सपायरी डेट देखकर ही खरीदें। सामान खरीदते समय मानक बाँटो द्वारा तौल करने के बाद ही खरीदारी करें। उपभोक्ताओं के अधिकार एवं धोखाधड़ी से सुरक्षा आधारित जागरूकता शॉर्ट फिल्म के माध्यम से उपभोक्ता के अधिकारों एवं फ्रॉड से सुरक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण जानकारी साँझा की गई।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती सरिता अग्रवाल ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि किसी भी व्यक्ति को सामान लेते समय एक्सपायरी दिनांक का ध्यान रखना, सही तौल का सामान लेना, बिल समय पर प्राप्त करना, मिलावटी सामान की जानकारी होना इत्यादि महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी उपभोक्ताओं को दी गई। उन्होंने कहा कि सामान खरीदते समय मानक बाँटो द्वारा तौल करने के बाद ही खरीदारी करें। यदि आपके साथ कोई धोखाधड़ी होने की आशंका हो या धोखाधड़ी के शिकार हुए हों, इस स्थिति में आप उपभोक्ता शिकायत नंबर 1800114000, नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन एप एवं बवदेनउमतीमसचसपदम.हवअ.पद पर ऑन लाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं अथवा जिला शिकायत निवारण अधिकारी से संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस लाइन आगर में तीन दिवसीय योग शिविर जारी

## योग के माध्यम से स्वास्थ्य, अनुशासन और मानसिक संतुलन पर दिया जा रहा है विशेष जोर



**आगर मालवा।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देश में पुलिस लाइन आगर में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 14 मार्च से 16 मार्च 2026 तक तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य पुलिस बल को स्वस्थ, तनावमुक्त और ऊर्जावान बनाए रखना है, ताकि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन अधिक दक्षता, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कर सकें। इस पहल के माध्यम से पुलिस बल को नियमित योग अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित किया जा रहा है। शिविर के दौरान योग प्रशिक्षक योगाचार्य हरीश श्रीवास्तव की उपस्थिति में पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को विभिन्न योगासन एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। योग सत्र में विशेष रूप से सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन तथा ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास कराया गया। इन योगासनों के माध्यम से शरीर को लचीला और मजबूत बनाने, मांसपेशियों को सुदृढ़ करने, रीढ़ की हड्डी को स्वस्थ रखने तथा पाचन तंत्र को बेहतर बनाने के बारे में जानकारी दी गई। वहीं ध्यान के अभ्यास के माध्यम से मानसिक शांति, एकाग्रता और तनाव नियंत्रण के महत्व को भी बताया गया, जिससे पुलिस अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें। शिविर के प्रथम दिवस पर 125 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने सहभागिता कर योग का लाभ प्राप्त किया, जबकि आज द्वितीय दिवस पर 70 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने इस शिविर में भाग लेकर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर प्रभारी रक्षित निरीक्षक जगदीश यादव, सूबेदार जितेंद्र शुक्ला सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा नियमित योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को नियमित योग करने और इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# राजस्थान युवा शक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## राजाखेड़ा विधानसभा में खेल स्टेडियम का हुआ वर्चुअली लोकार्पण



**धौलपुर।** राजस्थान युवा शक्ति दिवस 2026 के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन दीप स्मृति ऑडिटोरियम मानसरोवर जयपुर में माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश भर के युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने युवा शक्ति को राज्य के विकास की आधारशिला बताते हुए उन्हें नवाचार, कौशल विकास और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया। जिसमें जिले के राजाखेड़ा में खेल स्टेडियम का वर्चुअली माध्यम से लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें रोजगार, शिक्षा एवं उद्यमिता के बेहतर अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का उपयोग सकारात्मक दिशा में करते हुए राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दें।

जिला स्तर पर नगर परिषद टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री के लाइव संबोधन को सुना और कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, कौशल विकास कार्यक्रमों एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी भी दी गई। साथ ही युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और राज्य के समग्र विकास के लिए उनके योगदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी बलभद्र सिंह, भाजपा की नीरजा शर्मा, सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं नवनियुक्त युवा उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में की गई जनसुनवाई



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णत: समर्पित है।

### राजाखेड़ा उपखंड में22 लाख की वसूली पर उतारे नौ ट्रांसफार्मर



**समय जगत, धौलपुर।** ,जेवीवीएनएल अधीक्षण अभियंता विवेक शर्मा के आदेशानुसार उपखंड राजाखेड़ा सहायक अभियंता आनंद तिवारी और विशेष रिकवरी ऑफिसर गोपाल लाल सैनी के निर्देशन में आज दिनांक 17/3/26 दिन मंगलवार को कनिष्ठ अभियंता मरैना के एरिया में बकाया वसूली अभियान चलाया गया जिसमें बिचौला फीडर से 4 और हथवारी फीडर से 5 ट्रांसफार्मर कुल 9 ट्रांसफार्मर करीब 22 लाख की बकाया पर उतार कर स्टोर कार्यालय में जमा किए साथ ही उपस्थित लोगों से सहायक अभियंता तिवारी ने लोगों से कहा कि वे अपना बिल समय से जमा करें।कई लोगों ने कई सालों से बिल ही जमा नहीं किया जिस के कारण उपखंड में बहुत बकाया राशि है जिस के कारण एक एक कनेक्शन की जांच कर कनेक्शन डीसी किए जा रहे हैं टीम में शामिल कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा, कनिष्ठ अभियंता रणवीर सिंह मूंड,कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल के साथ वरिष्ठ टेक्निशियन भूदेव प्रसाद शर्मा ,जगदीश सिंह,रमेश लोधी,राजेश कुमार,धर्मेंद्र कुमार, खुर्शीद खा,अयूब खा, लक्ष्मण सिंह इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मास्टर माइंड कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**समय जगत, आगर मालवा।** स्थानीय मास्टर माइंड कॉन्वेंट स्कूल तनोडिया में सोमवार को छात्रों ने ह्यूमन बॉडी सिस्टम,वैक्यूम जेसीबी, ह्यूमन हार्ट, डीएनए मॉडल, डाइजेटीव सिस्टम, इलेक्ट्रिक बोट, मानव आंख, प्राकृतिक जल शुद्धिकरण, ट्रैफिक लाइट, सौर मंडल सहित विभिन्न विज्ञान मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आचार्य रूपनारायण भाटी, शिक्षक राकेश चौधरी, राजेश राव जिला महासचिव श्रमजीवी पत्रकार संघ आगर मालवा, संस्था संचालक अनिल गुर्जर आदि थे। प्रदर्शनी में छात्रों ने विज्ञान मॉडल की कार्यप्रणाली पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए उनके कार्यों के बारे में बताया। अतिथियों ने छात्रों को दैनिक दिनचर्या में विज्ञान की आवश्यकता और भारतीय सनातन संस्कृति के वैज्ञानिक स्वरूपों के बारे में बताया उन्होंने बढ़ते वैश्विक तापमान,बदलते परिस्थिति तंत्र में छात्रों की भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस दौरान छात्रों ने अतिथियों के प्रश्नों का जवाब भी बखूबी दिया। प्रदर्शनी में कक्षा चौथी से लेकर आठवीं कक्षा के छात्र छात्राएं शामिल रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहे।

# जामा मस्जिद में 27 रोज़ की तरावीह के बाद हुई कुरआन मुकम्मल



**समय जगत राठ हमीरपुर।** रमज़ान माह के दौरान कस्बा राठ के पठनऊ बड़ा पुल स्थित जामा मस्जिद में 27 दिनों तक अदा की गई तरावीह में कुरआन-ए-पाक मुकम्मल किया गया। सोमवार देर रात आयोजित कार्यक्रम में रोजेदारों और नमाजियों ने देश में अमन-चैन, खुशहाली और बीमारों के स्वास्थ्य लाभ के लिए दुआ की। तरावीह में हाफिज दायम अली ने कुरआन की तिलावत की। उनकी आवाज़ से मस्जिद का माहौल भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में मुहम्मद फरीद ने नात पेश की। पेशइमाम हाफिज रफीक हनफी ने रमज़ान की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए सब्र, तकवा और इंसानियत का संदेश दिया। फातिहा में हाफिज सगीर ने भी शिरकत की। इस दौरान हाफिज सगीर, हाफिज दीदार, हाफिज रिजवान, हाफिज अबू बकर, हाफिज शहवाज, हाफिज कमाल, सैयद फरहान और फरीद चिश्ती सहित कई लोग मौजूद रहे। कुरआन मुकम्मल होने पर हाफिज दायम अली का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। उन्हें 62,786 रुपए नकद और शाही जोड़ा भेंट किया गया। वहीं पेशइमाम हाफिज रफीक हनफी को 27,786 रुपए, मुअज्जिन शरीफ चिश्ती को 20,786 रुपए और नायब पेशइमाम मुख्तार को 10,786 रुपए नकद व शाही जोड़ा दिया गया।

समापन अवसर पर अबरार खां साहब, बादशाह खान, खलील अहमद ( पप्पू ), सऊद बेग ( बिल्लू ), सपा नेता दानिश खान, निहाल खान, राजू भाई, राशिद उल्ला, रईस पठान, तन्नू लम्बरदार, हुसैन खां, अनीस डॉक्टर, उबैद पठान, हातिम खां, साबिर, हाशिम, चमन, शहिंसा डॉक्टर, फ़तेह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# 23 से 27 मार्च तक उत्सव का माहौल, हमीरपुर महोत्सव में दिखेगी विरासत और नवाचार



**समय जगत हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 23 से 27 मार्च तक चौरा देवी प्रांगण में हमीरपुर महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य जनपद की संस्कृति और विरासत का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है। महोत्सव में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जहां लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ मिलेगा। साथ ही ओडीओपी उत्पादों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जिनमें स्थानीय और अन्य जनपदों के उत्पाद शामिल होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के साथ बाहरी कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। इसके अलावा किसान, वन एवं पर्यावरण विषयों पर गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी, जिससे महोत्सव को ज्ञानवर्धक बनाया जा सके। बच्चों के लिए ड्रोन शो, स्पेस लैब और प्लेनेटोरियम विशेष आकर्षण रहेंगे। वहीं भजन संध्या, कॉमेडी नाइट्स, यमुना आरती, लोक नृत्य और लोक संगीत जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रेस वार्ता में सीडीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, सूचना अधिकारी सतीश कुमार, पर्यटन सूचना अधिकारी चित्रगुप्त सिंह सहित कई अधिकारी और पत्रकार मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा आरटीसी पुलिस लाइन में आरक्षी प्रशिक्षण की अंतिम परीक्षा का निरीक्षण, निष्पक्ष व पारदर्शी संचालन के दिए निर्देश



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा आरटीसी पुलिस लाइन महोबा में संचालित आरक्षी नागरिक पुलिस आधारभूत प्रशिक्षण की अन्त :विषय अंतिम परीक्षा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर परीक्षार्थियों की उपस्थिति, बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण एवं अन्य व्यवस्थाओं की गहनता से समीक्षा की गई। उन्होंने ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्रीफ करते हुए निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्णत : निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए। साथ ही, किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए तथा प्रवेश एवं निकास बिंदुओं पर सघन चेकिंग सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोका जा सके। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारीगण एवं प्रशिक्षण स्टाफ उपस्थित रहे।

# शराबी ने पत्नी की सिलबट्टा मारकर की हत्या



**महोबा।** शराबी पति ने पत्नी की सिलबट्टे से कुचलकर हत्या की घटना प्रकाश में आई है घटना की सूचना मिलते ही श्रीनगर पुलिस के आला अफसर घटनास्थल पहुंचे व जाँच पड़ताल की मृतिका के परिजनों ने शराबी पति पर गंभीर आरोप लगाए है बडी ही बेरहमी से पत्नी को मौत के घाट उतारा है बेटा मदद की गुहार लगाता रहा मगर कोई बचाने नहीं आया घटना बीती रात की बताई जा रही है इस घटना से परिजनो का रो रोकर बुरा हालत है पुलिस क्षेत्राधिकारी भी मौके पर पहुँचे आपको बता दे की श्रीनगर थाना क्षेत्र के भंडरा गांव के लोधी खोड़ा निवासी रामसिंह पुत्र रामस्वरूप अपनी पत्नी पवन कुमारी व बच्चों पीयूष, आयुष, परी के साथ खेत में ही मकान बनाकर रहता था रामसिंह शराब का लती था आये दिन शराब पीकर मारपीट की करता था बीती रात्रि भी शराब पीकर पत्नी से मारपीट की मृतक की भतीजी दीक्षा ने बताया की मसाला पीसने वाले सिलबट्टे से कुचल कुचल कर व गले में गर्म कीले से प्रहार कर पत्नी को मार डाला घटना बीती रात की बताई जा रही है घटना के समय मृतिका के बच्चे चिल्ला कर मदद की गुहार लगाते रहे मगर कोई बचाने नहीं आया मुहहले वासियो ने नजरअंदाज कर दिया क्योंकि आये दिन शराब पीकर लड़ाई करता था मगर मुहाल वासी मदद करते तो यह घटना घटित नहीं होती इस घटना से परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है मृतिका हमीरपुर जिले के मुस्कुरा थाना क्षेत्र के उपरांका की थी मृतिका की शादी 15 वर्ष पहले रामसिंह से हुई थी घटना की जानकारी जेठ राजू से दी मृतिका की मां उर्मिला का रो रोकर बुरा हालत है मात्रिका के पिता भगवती प्रसाद व भाई ने शराबी पति के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की माँग की है घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी जयचंद सिंह मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे व जाँच पड़ताल की शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा घटना स्थल पर क्षेत्राधिकारी दीपक दुबे ने मौके पर जाँच पड़ताल की।

# नटेरन में सरकारी हंटर: पिछले साल की आगजनी का अब थमाया नोटिस



**नटेरन।** तहसील क्षेत्र के सैकड़ों किसानों पर इन दिनों प्रशासन का सरकारी हंटर चल रहा है। पिछले साल की नरवाई (पराली) जलाने के नाम पर किसानों को हजारों रुपये की वसूली के नोटिस (तामीली) थमाए जा रहे हैं। बिना किसी जमीनी जांच के केवल सैटेलाइट इमेजरी के आधार पर जारी इन नोटिसों से अन्नदाताओं में भारी आक्रोश है।

मरखेड़ा के किसान तरवर सिंह ने प्रशासन की इस कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा, ÷यहाँ तो अंधेर नगरी चौपट राजा वाला हाल हो रहा है। । बिना किसी ठोस आधार के एक साल पुराने मामलों में हमें परेशान किया जा रहा है।÷

**आग किसने लगाई, हमें पता ही नहीं:** गुरोद ग्राम के गिरवर सिंह का कहना है कि उन्हें एक साल बाद नोटिस दिया जा रहा है। फसल कटने के बाद खेत में आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी या पास के खेत से आई, इसकी जानकारी हमें भी नहीं है। वहीं, ग्राम तिलक खेजड़ा के किसान देव रघुवंशी ने बताया, हमारा खेत नरखेड़ा घाट में है। फसल कटाने के बाद हम खेत पर गए ही नहीं, फिर भी हमारे नाम का नोटिस थमा दिया गया।

**सबूत के नाम पर सिर्फ सैटेलाइट का हवालाा** नटेरन के किसान महेंद्र रघुवंशी ने जब प्रशासन से अपनी गलती का सबूत माँगा, तो अधिकारियों ने सिर्फ सैटेलाइट डेटा का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। महेंद्र का सवाल है, ÷हमारे खेत में आग हमने ही लगाई, इसका आपके पास क्या पुख्ता सबूत है?÷ किसानों का आरोप है कि प्रशासन बिना किसी पंचनामे या स्थलीय निरीक्षण के एकतरफा कार्रवाई कर रहा है।।

**इनका कहना है-**

ये पिछले वर्ष की आगजनी के नोटिस हैं। हमें कलेक्टर साहब के आदेश हैं, इसलिए हम किसानों को नोटिस तामील करवा रहे हैं।

**आनंद जैन, तहसीलदार, नटेरन**

## म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न

**आगर मालवा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक-01 अंतर्गत तनोडिया ग्राम विकास जन कल्याण समिति के संरक्षण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व तथा जिला समन्वयक देवेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य समिति सदस्यों को ग्राम विकास, जल संरक्षण, जैविक कृषि, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वावलंबन तथा समितियों के प्रभावी संचालन संबंधी विषयों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धर्मेंद्र गहलोत तथा सरपंच, ग्राम पंचायत हड़ाई सतपाल सिंह चुंडावत उपस्थित रहे। मुख्य वक्ताओं के रूप में रूपनारायण भाटी, शिवनारायण आर्य, सुश्री ऋषिका मसानिया, यश जाट एवं नवांकुर संस्था प्रतिनिधि दिनेश तिवारी ने प्रशिक्षण के विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

## राहत नहीं मुसीबत बना हाईवे, बदबे से परेशान हैं राहगीर



**समय जगत, मनेंद्रगढ़।** कलेक्टर कार्यालय से लगभग दो किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे-43 राहगीरों के लिए राहत नहीं, बल्कि मुसीबत का रास्ता बन गया है। सड़क किनारे संचालित एक पोल्ट्री फार्म से उठने वाली दुर्गन्ध ने आमजन का जीना दूभर कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि इस मार्ग से गुजरते समय लोगों को सांस रोककर निकलना पड़ता है, खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह सफर किसी सजा से कम नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है। पहले भी कई बार इसकी शिकायत प्रशासन से की जा चुकी है। हर बार शिकायत के बाद कुछ दिनों तक सफाई और प्रबंधन का दिखावा किया जाता है, लेकिन जैसे ही मामला ठंडा पड़ता है, हालात फिर उसी पुराने ढर्रे पर लौट आते हैं। सवाल यह है कि आखिर यह अस्थायी सुधार का खेल कब तक चलता रहेगा? राहगीरों के मुताबिक, रविवार को स्थिति और भयावह हो जाती है। भारी वाहनों की आवाजाही के बीच जब दुर्गन्ध का तेज झोंका आता है, तो दोपहिया वाहन चालक संतुलन खोने तक की स्थिति में आ जाते हैं। यह केवल असुविधा का मामला नहीं, बल्कि सीधे-सीधे सड़क सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। सबसे बड़ा सवाल प्रशासन की कार्यशैली पर खड़ा हो रहा है। क्या कारण है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा? क्या नियम-कायदों की अनदेखी कर पोल्ट्री फार्म का संचालन किया जा रहा है? और अगर हां, तो अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई? स्थानीय लोगों में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि कहीं इस पूरे मामले में कुछ तथाकथित पत्रकारों का संरक्षण तो नहीं है, जिसके चलते जिम्मेदार अधिकारियों के हाथ कार्रवाई करने से कांपते हैं। अगर ऐसा है, तो यह स्थिति और भी चिंताजनक है, क्योंकि यह न केवल प्रशासनिक निष्पक्षता पर सवाल उठाती है, बल्कि जनता के भरोसे को भी कमजोर करती है। जनता पूछ रही है क्या आम लोगों की परेशानी से ज्यादा अहम कुछ लोगों के संबंध हो गए हैं? क्या नियम सिर्फ कागजों तक सीमित हैं? और क्या हाईवे पर सफर करना अब लोगों की मजबूरी बनकर रह जाएगा? प्रशासन दिखावटी कार्रवाई से आगे बढ़े और इस समस्या का स्थायी समाधान निकाले। या तो पोल्ट्री फार्म को नियमानुसार संचालित कराया जाए या फिर उसे यहां से हटाने की ठोस कार्रवाई की जाए। क्योंकि बदबू केवल हवा में नहीं है, यह व्यवस्था की लापरवाही की भी सड़ी हुई तस्वीर पेश कर रही है। अगर अब भी जिम्मेदार नहीं जागे, तो यह दुर्गन्ध सिर्फ नाक तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि प्रशासन की छवि को भी सड़ांध में बदल देगी।

# अनुबन्ध के अनुसार घोषित तिथि तक कार्यदायी संस्थाएं तेजी से कार्य पूर्ण करते हुए हैंडओवर करना हो सुनिश्चित : सीडीओ

**समय जगत, झांसी।** मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद ने विकास भावन स्थित एनआरएलएम सभागार में ?50 लाख एवं उससे अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं का सत्यापन एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि अनुबंध के अनुसार कार्य पूर्ण होने की तिथि तक कार्यदायी संस्थाएं तेजी के साथ कार्य पूर्ण करें ताकि उन्हें हैंडओवर करते हुए जनता को लाभान्वित किया जा सके।

मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में विभिन्न संस्थाओं द्वारा निर्माणाधीन परियोजनाएं जिनकी लागत 50 लाख एवं उससे अधिक है उनकी प्रगति और सत्यापन रिपोर्ट संबंधित नोडल अधिकारियों से लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यो का सत्यापन समय से करते हुए रिपोर्ट माह के प्रथम सप्ताह में डीएसटीओ कार्यालय को उपलब्ध कराएं ताकि समीक्षा में और पारदर्शिता लाई जा सके। उन्होंने कहा कि अनुबंध के अनुसार कार्य पूर्ण होने की तिथि तक समस्त कार्यदायी संस्थाएँ तेजी के साथ निर्माणाधीन कार्य पूर्ण करें ताकि उन्हें हैंडओवर करते हुए उसका लाभ आम जनमानस को मिल सके। उन्होंने नोडल अधिकारियों द्वारा सत्यापन रिपोर्ट में विभिन्न एजेंसियों द्वारा कार्य की गति धीमी होने की जानकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए गति के साथ पूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक की शुरुआत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 50 लाख से अधिक लागत की सड़क परियोजनाओं की प्रगति और सत्यापन आख्या के साथ प्रारंभ हुई, मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद ने विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा बनाई जा रही 14 सड़क परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अनुबंध के अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रांतीय खंड द्वारा निर्माणाधीन पाल कॉलोनी ग्वालियर रोड के पास सर्विस रोड से लहर गांव की ओर सड़क निर्माण, ब्लाक बड़ा गांव में जौरी बुजुर्ग से लेवा सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण एंव ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा बुंदेलखंड विकास निधि राज्यांश के माध्यम से बनाई जा रही सड़कों के निर्माण की भी बिंदुबार समीक्षा की और कार्य को गति के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।



बैठक में 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाएं (सड़कों को छोड़कर) की समीक्षा करते हुए सीडीओ श्री जुनैद अहमद ने यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा कार्य की प्रगति संतोषजनक न होने पर नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने राजकीय मेडिकल कालेज जनपद झांसी में टाईप-01, टाईप-03 आवासों में जीर्णोद्धार कार्य हेतु टाईप-01 (72-नग) में 16 आवासों को हैंडओवर कर दिया गया है शेष 04 का जीर्णोद्धार कार्य लगभग पूर्ण होने को है उन्हें भी हैंडओवर कर दिया जाएगा, शेष 12 का को मार्च में पूर्ण करते हुए हैंडओवर की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जीर्णोद्धार के कार्यो की समीक्षा के दौरान टाईप-03 (18 नग) में 18 नग आवासों में से 14 नग का जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर है,जिसमें 04 कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्व में हैंडओवर हो गए हैं,04 आवास मार्च में हैंडओवर किए जाएंगे। शेष माह अप्रैल तक पूर्ण करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा हैंडओवर किए जाएंगे। कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि किए जा रहे जीर्णोद्धार कार्य को गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए हैंडओवर किए जाने के निर्देश दिए।

निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में सीडीओ ने जनपद झांसी में वीरांगना झलकारी बाई राजकीय महिला पॉलिटेक्निक जिसकी लागत लगभग 14 करोड़ से अधिक है की समीक्षा करते हुए हो रहे कार्य की जानकारी ली। सहायक अभियंता ने बताया कि प्राविधिक शिक्षा विभाग से संबंधित निर्माण कार्य में ग्राउंड फ्लोर की स्लैब का कार्य एवं 1ज फ्लोर की स्लैब का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ग्राउंड फ्लोर एवं 1ज फ्लोर की चिनाई,प्लास्टर का कार्य एवं आंतरिक दीवारों की पुट्टी का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष धनराशि प्राप्त होने पर कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाएगा। 50 लाख एवं उससे अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद ने कार्यदायी संस्था यूपी सिडको द्वारा 14 हाईस्कूल, 03 इंटरमीडिएट कॉलेज के निर्माण कार्य की जानकारी ली, बताया कि 11 हाईस्कूल एवं 02 इंटरमीडिएट कॉलेजों का कार्य प्रारंभ हो गया है। चकारा में विद्युत पोल होने के कारण निर्माण कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुआ है, कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐवनी, घाटकोटरा, ढकरवारा, मवईगिर्द एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय पड़रा के कार्यों की समीक्षा करते हुए धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा बनाए जा रहे शिक्षा विभाग के डायट में चारदीवारी, लैब एवं स्टाफ रूम की मरम्मत का कार्य तथा डायट में गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण की जानकारी लेते हुए कार्य प्रगति 05: प्रतिशत होने पर नाराजगी व्यक्त की और गुणवत्तापूर्ण कार करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खण्ड श्री नवनीत सिंह ने ?लाख 50 से अधिक विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य की जानकारी उपलब्ध कराई, उन्होंने मऊ-गरौठा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य,रक्सा टूंका बैदौरा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, पाल कॉलोनी ग्वालियर रोड के पास सर्विस रोड से लहरगांव की ओर सड़क निर्माण कार्य,जनपद झाँसी में बबीना टूंका मार्ग में लघु सेतु का निर्माण, एरच ककरवई मार्ग के किलोमीटर 23 में रपटा बॉक्स काल्वर्ट के निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग श्री रजनीश कुमार ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग झाँसी द्वारा बुन्देलखण्ड विकास निधि राज्यॉश की 10 सड़कों सहित 05 भवन निर्माण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 19 कार्यो के सापेक्ष 09 कार्य पूर्ण हो गए हैं,शेष कार्य प्रगति से चल रहे हैं जो निर्धारित समय में पूर्ण कर लिए जाएगें।

बैठक में इस अवसर पर अधिशासी अभियंता आरईएस श्री रजनीश कुमार, डीएसटीओ डॉ0 अर्चना सिंह,एई श्री नवनीत सिंह, सहित पर्यटन विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी मौजूद रहे।

## भक्तांबर पाठ की वर्गलायों से प्रभावित हो रहा है करगुवां जी क्षेत्र



**समय जगत, झांसी।** श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति एवं श्री आदिनाथ भक्तांबर मंडल के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति के महामंत्री कमल जैन लोकपथ एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष जैन बिजली वाले विधि सलाहकार अशोक जैन जैनिथ राजकुमार बाबा भागचंद जैन जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया श्री विजय सिंघाई श्री सक्षम सिंघाई एवं शशांक सिंघाई एवं श्रीमती मुस्कान ने मंगलाचरण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। झांसी के 700 वर्ष प्राचीन अतिशय क्षेत्र करुगुवां जी जैन मंदिर स्थित चौबीसी में आदि से महावीर जयंती तक प्रतिदिन चल रहे भक्तांबर पाठ की बर्गलायो ( प्रभावना ) से प्रभावित होकर सिद्धालुओं की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और श्रद्धालुजन अति आनंदित होकर भक्ति भाव से मंत्र उच्चारण करते हुए नाचते गाते झूमते हुए श्री 1008 आदिनाथ भगवान जी के श्री चरणों में दीप प्रज्वलित करके समर्पित करते हैं एवं संगीतमय महाआरती में प्रभु की आराधना करते है तत्पश्चात पुनर्जक परिवार द्वारा भजनों का बुलऊआ किआ गया फिर प्रभाव न बांटी गई श्रीमती सरोज जैन श्रीमती रेखा सुनील जैन श्री अर्चना जैन दीपक जैन धार्मिक भजनों से सभी का मन मोहित किआ कार्यक्रम में निम्न लोक उपस्थित रहे गुरु सेवा संघ झांसी से संरक्षक मनोज अछरौनी महामंत्री रवि कंधारी नवीन जैन पढरा रिषी जैन पढरा सुनील जैन दाऊ कुलदीप जैन सी ए जयंतमणि जैन डॉक्टर मनीषा जैन सुधीर जैन सिद्धार्थ जैन शैली जैन नीलम जैन अछरोनी डॉ राशी जैन श्रीमती बॉबी जैन सन्मति हॉस्पिटल पारस जैन शास्त्री श्रीमती प्रीति शिरोमणि जैन श्रीमती सरोज जैन श्रीमती प्रीति मगरपुर श्रीमती प्रिया जैन जिनराज जैन श्रीमती सुधा जैन श्रीमती रचना जैन ब्रह्मचारिणी दीदी मंजू श्रीमती शैली जैन श्रीमती श्वेता श्रीमती इंदिरा जैन पीएनबी श्रीमती इंदिरा जैन बिजना श्रीमती कल्पना जैन श्रीमती हर्षा जैन श्रीमती मीनल जैन श्रीमती उषा जैन श्रीमती प्रिया जैन श्रीमती शगुन जैन श्रीमती जैन श्रीमती शशि जैन श्रीमती कामना जैन श्रीमती शुभी जैन चीकू जैन विजय जैन पीएनबी सनद जैन लाला कुलदीप जैन बीरेंद्र जैन नोएडा रौनक जैन संजय जैन तालबेट फूलचंद जैन अमित जैन नारायण बाग दीपक जैन रेलवे सुधीर जैन रजनीश जैन रॉबिन जैन विकास जैन सिद्धार्थ जैन आलोक जैन विजय जैन विमल जैन अक्षत जैन अजय जैन अंकित जैन डॉक्टर सचिन जैन जैन श्री मयंक जैन शगुन जैन आरके जैन नाजा हॉस्पिटल उषा जैन अर्चना जैन रानी टहरौली आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन करगुवा जी जैन मंदिर मंत्री शिरोमणि जैन ने किया आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त श्री अंकित जैन किया।

## वीडियो वायरल करने की दे रहा था धमकी युवती की शिकायत पर मामला दर्ज

### शादी तय होने के बाद बनाई युवती की वीडियो रिश्ता टूटा....

**समय जगत, झांसी ।** युवती की शादी तय होते ही युवक ने युवती को फ़ेन पर बातचीत करना शुरू कर दिया और दोनों घूमने फिरने लगे इसी बीच युवक ने एक दिन युवती की अन्तरंग तस्वीरें खींची और वीडियो बना लिया बाद में युवती से दहेज की मांग करने लगा मांग पूरी न होने पर वीडियो और तस्वीरें युवती की सहेलीयों को भेजने लगा बदनामी होती देख युवती ने युवक से कई बार वीडियो और तस्वीरें डिलीट करने की गुहार लगाई लेकिन युवक नहीं माना जिसके बाद युवती ने पुलिस से शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रेम नगर क्षेत्र में रहने वाली युवती शीतू सरोज ( बदला हुआ नाम ) पुत्री मेवालाल निवासी नैनागढ़ ने प्रेमनगर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि प्रतापगढ़ के रहने वाले रमेश सरोज नामक युवक से शादी का रिश्ता तय हुआ था रिश्ता तय होने के बाद दोनों की फ़ेन पर बातचीत होने लगी और दोनों घूमने फिरने लगे इसी बीच रमेश ने मौका पाकर उसकी कुछ अंतरंग तस्वीरें और वीडियो बना लिये जो उसे ठीक नहीं लगे इसी बीच रमेश के माता-पिता मेरे पिता से दहेज़ की नाजायज मांग करने लगे जिसके बाद मेरी और रमेश की शादी आपसी सहमति से टूट गई उसके कुछ दिनों बाद रमेश ने मुझसे फोन पर मिलने की बात कही जब मैं मिलने नही गई तो रमेश ने मेरी सहेलीयो को मेरी तस्वीरें और वीडियो भेजने शुरू कर दिए जिससे मेरी और परिवार की बदनामी होने लगी इसी बीच मेरी शादी दूसरी जगह तय हो गई तो रमेश ने वीडियो और तस्वीरें उस परिवार को भी भेज दी जिससे मेरी दूसरी जगह तय हुई शादी भी टूट गई पीड़ित ने पुलिस को बताया कि युवक अब पैसों की मांग कर रहा है पैसा न मिलने पर वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है प्रेमनगर पुलिस ने युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।मामला जनपद झांसी के प्रेमनगर क्षेत्र का है।

## सामाजिक दायित्व के तहत दो कन्या के विवाह एवं एक कन्या की पढ़ाई व महिलाओं को अन्नदान किया



**समय जगत, झांसी।** मंगलवार को हंसारी स्थित राम सिंह संस्कार केंद्र जिसका संचालन विश्व हिंदू परिषद व राष्ट्रभक्त संगठन के द्वारा किया जा रहा है मडिया महादेव में हुई राम कथा में श्री हरिवंश दास जी द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार जो सनातन हिंदू उत्सव महासमिति के द्वारा आयोजित की गई थी के क्रम में आज है ।

हसारी स्थित केंद्र में कविता एवं पिंकी नाम की कन्याओं जिनके माता-पिता अति निर्धन है को विवाह हेतु धनराशि समर्पित की गई साथ ही कन्या सुशील को स्कूल आने-जाने में होने वाली असुविधा को ध्यान रखते हुए साइकिल भेंट की गई इसके साथ ही 21 महिलाओं को अन्न योजना के तहत अन्न वितरित किया गया प्रारंभ में संस्कार केंद्र के विषय में जानकारी दी गई बताया गया कि संस्कार केंद्र 2017 मैं शुरू किया गया

वक्ताओं ने बताया कि इस क्षेत्र में धर्मांतरण लोगों को लालच देकर किया जा रहा था जिसको लेकर इस केंद्र की स्थापना की गई और तब से अनवरत रूप से लोगों की पढ़ाई वस्त्र अन्न वितरण सहित प्रकल्प चलाए जा रहे हैं प्रारंभ में संतो के चित्र पर माल्यार्पण अतिथियों राजेश खत्री सुधीर आर्य मुकेश शर्मा व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया अतिथियों का स्वागत संस्कार केंद्र के बच्चों द्वारा किया गया संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन पंकज गुप्ता ने किया व आभार व्यक्त अंचल अरजारिया ने किया ।

## झांसी-ललितपुर के किसानों की खुशहाली और सुरक्षा के लिए सांसद अनुराग शर्मा की बड़ी पहल , ऊर्जा एवं कृषि मंत्रियों को पत्र लिखकर नीतिगत बदलाव की मांग की

**समय जगत, झांसी/ललितपुर ।** झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्री अनुराग शर्मा ने बुंदेलखंड के किसानों की समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा जी और माननीय कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही जी को महत्वपूर्ण पत्र लिखे हैं। इन पत्रों के माध्यम से सांसद जी ने क्षेत्र के अन्नदाताओं के आर्थिक उत्थान, फसल सुरक्षा और सिंचाई की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सरकार से विशेष रियायतों और नीतिगत सुधारों का पुरजोर आग्रह किया है।

सांसद अनुराग शर्मा ने माननीय ऊर्जा मंत्री को लिखे पत्र में बुंदेलखंड की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों और जल संकट का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्तमान में रबी की फसल की कटाई का कार्य प्रगति पर है। इसके तुरंत बाद क्षेत्र के किसान बड़े पैमाने पर मूंग, उड़द और अरहर जैसी दलहनी फसलों की बुवाई की तैयारी करते हैं। चूंकि यह क्षेत्र पारंपरिक रूप से वर्षा की अनिश्चितता से प्रभावित रहता है, इसलिए किसानों को मार्च से जून की सीमित अवधि के दौरान सिंचाई के लिए अस्थायी विद्युत कनेक्शन की नितांत आवश्यकता होती है। सांसद जी ने मांग की है कि विद्युत वितरण निगमों को निर्देशित कर इस प्रक्रिया को अत्यंत सरल बनाया जाए और न्यूनतम शुल्क पर अस्थायी कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही उन्होंने अतिरिक्त ट्रांसफार्मर क्षमता और पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रशासनिक निर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया है ताकि दलहनी फसलों के उत्पादन में वृद्धि हो सके और किसानों की आय बढ़ सके।

इसी क्रम में किसानों की दूसरी बड़ी समस्या यानी आवारा व जंगली पशुओं से फसल सुरक्षा के विषय पर सांसद जी ने माननीय कृषि मंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित ष्सोलर फेंसिंग सुरक्षा योजनाष् की सराहना करते हुए इसमें व्यावहारिक सुधार की आवश्यकता जताई है। सांसद जी का कहना है कि वर्तमान नीति के अनुसार इस योजना का लाभ लेने के लिए लगभग 10 हेक्टेयर का क्लस्टर या समूह बनाकर आवेदन करना अनिवार्य है, जिसकी वजह से झांसी और ललितपुर जैसे जनपदों के लघु एवं सीमांत किसान, जिनकी भूमि धारिता छोटी-छोटी इकाइयों में विभाजित है, इस लाभकारी योजना से वंचित रह जाते हैं।

सांसद अनुराग शर्मा ने कृषि मंत्री से विशेष रूप से आग्रह किया है कि बुंदेलखंड के किसानों की विषम परिस्थितियों को देखते हुए इस योजना की शर्तों में शिथिलता दी जाए। उन्होंने प्रस्ताव दिया है कि क्लस्टर की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए व्यक्तिगत रूप से खेती करने वाले उन किसानों को भी योजना का लाभ दिया जाए जिनके पास 2 एकड़ या उससे अधिक भूमि है। सांसद जी का मानना है कि यदि व्यक्तिगत किसानों को भी सोलर फेंसिंग स्थापित करने हेतु अनुदान और सहयोग प्राप्त होगा, तो वे अपनी फसलों को प्रभावी ढंग से सुरक्षित कर पाएंगे। इससे न केवल जंगली जानवरों द्वारा होने वाली फसल क्षति में कमी आएगी, बल्कि किसानों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

सांसद अनुराग शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया है कि प्रदेश सरकार के इन दोनों महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों से बुंदेलखंड के हजारों किसान सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों की रक्षा करना और उनके मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और वे इसके लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## अतिक्रमण से हो रही परेशानी

**समय जगत, गुरसरांय।** नगर में सड़कों के किनारे फैले अतिक्रमण से चारों ओर परेशानी हो रही है। गरौठा चौराहा ,रेंज चौराहा एवं खेर इंटर कॉलेज मुख्य भवन के सामने फैले अतिक्रमण से लोगों का निकलपाना दूभर हो रहा है।

गरौठा चौराहे पर आए दिन जैम लग जाता है,जिससे आवागमन में भारी दिक्कत होती है।वहीं खेर इण्टर कॉलेज के सामने चौराहे के बगल वाले निकास पर वाहन खड़े कर दिए जाते है,जिससे विद्यालय में आने जाने में दिक्कत होती है।लोगों ने प्रशासन से उक्त अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की है।

## परशुराम जयंती को लेकर हुई बैठक

**समय जगत, गुरसराय।** परशुराम जयंती को लेकर एक बैठक मेजर अखिलेश पिपरैया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई,जिसमे भगवान परशुराम की जयंती पर शोभायात्रा निकालकर भव्य रूप से मनाए जाने पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में डॉ रविन्द्र प्रकाश अर्जरिया, राम नारायण पस्तोर, प्रदीप कोठारी,डॉ सुकदेव व्यास,सरजू शरण पाठक,अखिलेश तिवारी,अशोक मिश्रा,अरविंद दुवे,ब्रजेन्द्र शर्मा,ओ पी शर्मा ,रास बिहारी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## प्राणघातक हमले के एक आरोपी पर दोषसिद्ध व दो आरोपी बरी

**समय जगत,झांसी।** अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय सं. 1 झांसी के न्यायालय में आज प्राणघांतक हमले की सुनवाई हुई जिसमें एक आरोपी पर दोषसिद्ध हुआ व दो आरोपी बरी हुए । इस न्यायालय में सरकार बनाम कृष्ण गोपाल उर्फ रहीस आदि अ.सं. 126/20 धारा 307,504,506, भारतीय दण्ड सहिंता थाना मोंठ , सरकार बनाम हरीशंकर उर्फ मोंटी धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना मोंठ , सरकार बनाम शिवशंकर उर्फ बबलू यादव धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना मोंठ व सरकार बनाम भूरे उर्फ भूपेन्द्र धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना मोंठ जिला झांसी का प्रकरण विचाराधीन था। जिसमें भूपेन्द्र उर्फ भूरे की ओर से पैरवीं विवेक कुमार वाजपेयी एडवोकेट ने की । जो बरी हुआ।अभियुक्त शिवशंकर उर्फ बबलू यादव की ओर से पैरवी राजाराम तिवारी एड. ने की । जो बरी हुआ । दोषसिद्ध हुए अभियुक्त हरीशंकर उर्फ मोंटी की ओर से पैरवी राजाराम तिवारी एड. ने की दौरान विचाराधीन प्रकरण में कृष्ण गोपाल उर्फ रहीस की मृत्यु हो गई थी। अभियोजन की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी तेजसिंह गौर ने पैरवी की ।

## एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों ने किया यातायात जागरूकता कार्यक्रम




**समय जगत, झांसी।** राष्ट्रीय सेवा योजना बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालयझांसी इकाई 6 और 7 के स्वयंसेवकों द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता, विशेषकर युवाओं और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करना था।

स्वयंसेवकों ने कोछांभावर, हाईवे तिराहे पर खड़े होकर लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, यातायात संकेतों का पालन करने तथा नशे में वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने हाथ जोड़कर यात्रियों से विनम्रता पूर्वक यातायात के नियमों को समझाया और उनके अनमोल जीवन के महत्व को बताया.स्वयंसेवकों ने पोस्टर, स्लोगन और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि थोड़ी सी सावधानी से बड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। राहगीरों को पंपलेट वितरित कर यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

इस अभियान में स्थानीय लोगों का भी सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यह जागरूकता अभियान समाज में जिम्मेदार नागरिकता की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।


## आम सूचना

I, Lila Bai Deshmukh mother of No 14674555K Nk Virendra Kumar Deshmukh Address: Pathar, Sarangbihari, Sarangbihari, Chhindwara, Sarangbihari, Madhya Pradesh – 480107. That I, have changed my name from Lila Bai Deshmukh To Leela Deshmukh Affidavit No 47AA 857667 date 14-03-2026

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र विनय कुमार श्रीवास आयु 25 वर्ष, मेरे व मेरी पत्नी श्रीमती दुर्गादेवी व उसके अन्य परिवारजन से विगत एक वर्ष से अधिक समय से पृथक रह रहा है व पृथक रहकर ही अपना जीवन यापन कर रहा है। विनय कुमार श्रीवास का मेरा व मेरे परिवारजन से कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं है । वह अपने समस्त कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार रहेगा। आज से उक्त विनय कुमार श्रीवास का मेरी व मेरे परिवार की चल अचल सम्पत्ति से भी कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं रहेगा।

**सुरेश कुमार**
**पुत्र रामखिलाड़ी श्रीवास**
**निवासी-246/डी-6,**
**थाना प्रेमनगर**
**जिला झांसी उ0प्र0**


## बी.बी.सी. में दूसरे दिन 67 वीं वार्षिक खेलकूद साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में मेंहदी , रंगोली , पुष्प सज्जा , पारम्परिक व्यंजन , काव्य पाठ व भाषण प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**समय जगत, झांसी।** बिपिन बिहारी महाविद्यालय, झॉसी की तीन दिवसीय सत्र 2025-26 की 67वीं वार्षिक खेलकूद साहित्यिक एवं सांस्कृतिक (अभिव्यक्ति) प्रतियोगिताऐं 2026 के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 टी0के0शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। मेंहदी प्रतियोगिता में सोनम वर्मा प्रथम, मुस्कान पटेल द्वितीय एवं अनन्या, राधिका रायकवार तृतीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता एवं पुष्प सज्जा में रीता रायकवार प्रथम, प्रिंसी जैन द्वितीय, सुहालिया एवं राधिका तृतीय



स्थान पर रही। पारम्परिक व्यंजन में रीता रायकवार प्रथम, भूमि खरे द्वितीय एवं राधिका तृतीय स्थान पर रही। काव्य पाठ में भूमि खरे प्रथम, स्वर्णिमा द्वितीय एवं तनुष्का तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता (भारतीय संस्कृति एवं परम्पराऐं) हिन्दी भाषा में सोनिया गोस्वामी प्रथम, अंशिका द्वितीय एवं संस्कार तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता (भारतीय संस्कृति एवं परम्पराऐं) अंग्रेजी भाषा में तनुष्का प्रथम एवं गर्विता खत्री द्वितीय स्थान पर रहीं।

इस अवसर पर निर्णायक मंडल में प्रो0 मुकेश श्रीवास्तव, प्रो0 डी0डी0गुप्ता, प्रो0 सुरभि यादव, प्रो0 के0एम0अग्रवाल, प्रो0 कनीज जहरा, प्रो0 एम0ए0अंसारी, प्रो0 प्रवीण कुमार, प्रो0 दिनेश कुमार, डॉ0 विजय कुमार यादव, डॉ0 सत्य प्रकाश गुप्ता, डॉ0 मानवेन्द्र सिंह सेंगर, डॉ0 सर्वेश अस्थाना, डॉ0 दिलीप कुमार सिंह, डॉ0 वेदप्रकाश शुक्ला, शिवम श्रीवास्तव, देवेन्द्र सिंह एवं अभिषेक पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिमांशु शर्मा ने किया एवं समन्वय डॉ0 शिखा गुप्ता एवं आभार डॉ0 सिप्पी दासानी ने किया।

## झांसी महानगर के मनोनीत सभासदों का हुआ सम्मान

**समय जगत, झांसी।** आज डॉ0श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन भाजपा कार्यालय झांसी पर झांसी नगर निगम के समस्त मनोनीत सभासद गणों का अभिनंदन जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह द्वारा पट्टिका पहनाकर किया किया गया ।



शासन द्वारा मनोनीत सभासदों में ,कुसुम कुशवाहा,नीलेश त्रिपाठी,आदर्श गुप्ता,सत्यकाम पुरोहित,पन्नालाल प्रजापति,संजय बाल्मीकि, वरुण जैन ,धर्म करोसिया, सुनील विश्वकर्मा ,एवं चिरगांव नगरपालिका के मनोनीत पार्षद पवन दीक्षित रहे । सभी सभासदों ने अपने विचार व्यक्त किए एवं संगठन को धन्यवाद देते हुए आमजनमानस के हित के लिए कार्य करने का प्रण लिया । आज इस बेला पर कुछ सभासद भावुक भी दिखे । अंत में सभी को संबोधित करते हुए सुधीर सिंह ने कहा कि आप सभी को पार्टी ने आपके द्वारा निस्वार्थ एवं समर्पण भाव से किए कार्यों का प्रतिफल दिया है । उन्होंने कहा कि आज आपको वो अवसर मिला है जिससे आप अपने क्षेत्र के विकास को नए आयाम तक पहुंचने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहे क्योंकि राजनीति में जनसेवा सबसे परम कर्तव्य होता है । आप सब अब एक जनप्रतिनिधि है और आपसे आशा की जाएगी कि संगठन ने जिस विचार को दृष्टिगत रखते हुए आप सबको ये दायित्व दिया है आप उस पर खरे उतरे और साथ ही साथ संगठन की भी सेवा करते रहें।

इस अवसर पर नंदकिशोर भिलवारे,अमित साहू,रानू देवलिया , दिगन्त चतुर्वेदी , चेतन ओझा ,ओमबिहारी भार्गव,अंकुर दीक्षित, रोहित गोठनकर आदि उपस्थित रहे।

### ऑटोइम्यून बीमारियों का लगाया जा सकता है सटीक पता

# एम्स में नसों की दुर्लभ बीमारी का हो सकेगा इलाज




**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के न्यूरोसाइंसेज सेंटर (एनएससी) में अब तीन नई और महत्वपूर्ण खून की जांच शुरू हो गई हैं। ये जांच न्यूरोफैसिन एंटीबॉडी से जुड़ी हैं, जो नसों की कुछ खास ऑटोइम्यून बीमारियों का सटीक पता लगाने में मदद करती हैं। जांच में ह्यूमन एंटी-न्यूरोफैसिन-140 एंटीबॉडीज, ह्यूमन एंटी-न्यूरोफैसिन-155 एंटीबॉडीज और ह्यूमन एंटी-न्यूरोफैसिन-186 एंटीबॉडीज को शामिल किया गया है। ये जांच उन मरीजों के लिए उपयोगी है, जिन्हें ऑटोइम्यून नोडोपैथी या नोडो-पैरानोडोपैथी जैसी दुर्लभ नसों की बीमारी है। टेस्ट करवाने के लिए सबसे पहले सिर्फ 1 से 3 मिलीलीटर खून का सैंपल पीला ढक्कन वाला प्लेन सीरम वायल में निकालकर जमा करवाएं। ओपीडी मरीज इसे कलेक्शन ग्राउंड फ्लोर के सेंटर रूम नंबर 3 में सुबह 8:30 से दोपहर एक बजे तक जमा करवा सकते है। भर्ती मरीज इसे ग्राउंड फ्लोर के रूम नंबर 64 के कलेक्शन विंडो में सुबह 9:30 से शाम 4:30 बजे तक जमा करवा सकते है।ऐसे में डॉक्टरों के लिए ई-हॉस्पिटल पोर्टल पर और मरीजों के लिए ओआरएस पोर्टल पर रिपोर्ट उपलब्ध होगी। इसके अलावा अभी इसका कोई चार्ज नहीं है। एम्स प्रशासन ने सभी विभागों, वार्ड्स और यूनिट्स को सूचना दी है कि ये टेस्ट अब उपलब्ध हैं। अगर किसी मरीज को लंबे समय से नसों की समस्या है, खासकर ऐसी जिसमें सामान्य इलाज जैसे आईवीआइजी (इंट्रावेनस इम्यूनोग्लोबुलिन) से फायदा नहीं हो रहा, तो डॉक्टर इन टेस्ट की सलाह दे सकते हैं। इन टेस्ट से सही बीमारी का पता चलने पर बेहतर इलाज जैसे रिटक्सिमैब दवा से अच्छा सुधार हो सकता है।

### यह नई सुविधा मेडिकल सुपरिटेंडेंट की मंजूरी से शुरू की गई है

नई दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में हेपेटाइटिस-ई वायरस की ताजा संक्रमण की जांच के लिए एंटी-एचईवी आईजीएम टेस्ट दोबारा शुरू हुआ है। यह टेस्ट अब लैबोरेटरी मेडिसिन विभाग में उपलब्ध है, क्योंकि हाल के समय में इसकी बहुत ज्यादा मांग हो रही है। यह ब्लड टेस्ट हेपेटाइटिस-ई वायरस से होने वाले हालिया (एक्यूट) संक्रमण की पुष्टि करता है। अस्पताल में भर्ती मरीज इसे डॉक्टर ई-हॉस्पिटल पोर्टल पर सीएम2 ऑर्डर एंट्री टेम्पलेट से टेस्ट ऑर्डर कर सकते हैं। वहीं, ओपीडी मरीज न्यू आरएके ओपीडी या पुराने कलेक्शन काउंटर (सीसीएफ) पर ब्लड सैंपल दे सकते हैं। एम्स प्रशासन ने सभी विभागों, सेंटर्स, यूनिट्स और वार्ड्स को सूचित किया है कि यह सुविधा अब पूरी तरह चालू है। एम्स में यह टेस्ट फिर से उपलब्ध होने से डॉक्टरों को सही और जल्दी डायग्नोसिस करने में मदद मिलेगी, जिससे मरीजों का बेहतर इलाज हो सकेगा।

### विद्यार्थियों के व्यावसायिक और व्यावहारिक कौशल को विकसित करना है उद्देश्य

# एसवीएसयू में पांच दिवसीय स्किल एज कॉम्पटीशन हुआ शुरू




**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय (एसवीएसयू) में स्किल डिपार्टमेंट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस के तत्वावधान में सोमवार को पांच दिवसीय स्किल एज कॉम्पिटिशन 2026 का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यावसायिक और व्यावहारिक कौशल को विकसित करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि विद्यार्थियों में कौशल का स्पष्ट विजन होना चाहिए क्योंकि प्रबंधन कौशल ही उनकी सफलता की नींव है। उन्होंने कहा कि असफलता भी एक अनुभव है, जो आगे चलकर सफलता का आधार बनती है। इसके साथ ही विद्यार्थियों से टेक्नोलॉजी का उपयोग अपनी प्रगति के लिए करने का आह्वान किया। प्रबंधन संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर एस. के. सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति कौशल आधारित शिक्षा पर जोर देती है। कॉर्पोरेट क्षेत्र में सफलता के लिए स्किल्स का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने संचार कौशल को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. समर्थ सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 11 इवेंट आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अकाउंटिंग बैटल, पिच परफेक्ट, कॉर्पोरेट थिएटर, एक्यू बिज, कॉर्पोरेट कैनवास, केस कनेक्ट, बिज क्वेस्ट, इंटरव्यू, कैंपस टाइकून, डिजी प्रो और मार्केट विजार्ड शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक सोच को विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. योगेश वर्मा, डॉ. प्रियंका गर्ग, डॉ. सुनील, डॉ. अर्चना, डॉ. कोमल सहित कई शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### हरियाणा राज्यसभा चुनाव में भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस के कर्मवीर बौद्ध चुनाव जीते

**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों पर सोमवार को बड़े ही नाटकीय घटनाक्रम के साथ हुए चुनाव में एक सीट भाजपा और दूसरी सीट कांग्रेस ने जीत ली। भाजपा उम्मीदवार संजय भाटिया की जीत पहले से तय थी, लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार कर्मवीर बौद्ध को जीत के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल को मात्र तीन मतों के अंतर से हराया। भाजपा अपने समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल के समर्थन में कांग्रेस के नौ विधायकों को तोड़ने में कामयाब रही। कांग्रेस के चार विधायकों के वोट रद हुए और पांच विधायकों द्वारा क्रास वोटिंग की सूचना है। इसके बाद भी कांग्रेस उम्मीदवार किस्मत के धनी निकले और तमाम तरह के कयासों के बीच अपनी जीत सुनिश्चित की। रात करीब डेढ़ बजे भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस के कर्मवीर बौद्ध के चुनाव जीतने पर मुहर लगी।

### रूप नगर में नाले पर बना फुटओवर ब्रिज गिरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रूपनगर के ब्लॉक 3 में मदर डेरी के पास नाले के ऊपर बना एक पुराना लोहे का फुटब्रिज ढह गया। इस हादसे में एक महिला नाले में गिर गई। गोताखोरों ने नाले से महिला को निकाल कर पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां महिला की मौत हो गई। रूप नगर इलाके में नाले पर बना एक फुटओवर ब्रिज अचानक भरभराकर गिर गया। इस दर्दनाक हादसे में एक महिला नाले में गिर गई। मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने नाले से महिला को निकाल कर पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां महिला की मौत हो गई। पुलिस महिला के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना के समय महिला पुल से गुजर रही थी, तभी अचानक ब्रिज का एक हिस्सा ढह गया और वह सीधे नीचे नाले में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी, लेकिन महिला को बचाया नहीं जा सका। शुरुआती जांच में सामने आया है कि फुटओवर ब्रिज काफी जर्जर हालत में था, जिसे लेकर पहले भी शिकायतें की गई थीं। लेकिन समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घरेलू गैस सिलिंडरों के लिए गैस एजेंसी के बाहर लगी लाइन

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में एलपीजी सिलिंडर की किल्लत से जूझ रहे उपभोक्ताओं का सोमवार का दिन भी लाइन में लग कर गुजरा। नगर के शाहजहांपुर मार्ग स्थित हैप्पी होम भारत गैस गोदाम पर उपभोक्ताओं की लंबी कतार लगी रही। उपभोक्ता सुबह पांच बजे से ही खाली सिलिंडर लेकर लाइन में लग गए। लगभग चार सौ मीटर से अधिक लंबी लाइन के दौरान कई बार हंगामे की नौबत आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया। उपभोक्ता मनोज कुमार ने बताया कि गैस सिलिंडर लेने के लिए चार दिन से चक्कर काट रहे है मगर नहीं मिल रहा है। अगर घर में सिलिंडर खत्म हो गया तो परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होने कुछ लोगों पर गैस की कालाबाजारी करने का आरोप लगाया।

### आरोपियों को कोर्ट ने 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा, दोनों फरवरी में हुए थे गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की विशेष एनआईए अदालत ने सोमवार को रेड फोर्ट के पास हुए विस्फोट से जुड़ी साजिश के दो आरोपियों जमीर अहमद अहंगर और तुफैल अहमद भट्ट को एनआईए की 5 दिनों की हिरासत पूरी होने के बाद 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। विशेष न्यायाधीश पितांबर दत्त ने पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। दोनों जम्मू-कश्मीर के गांदरबल और श्रीनगर के निवासी हैं। एनआईए ने फरवरी में उन्हें दिल्ली ब्लास्ट साजिश में सक्रिय भूमिका के लिए औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया था। एनआईए की जांच में पाया कि दोनों आतंकी संगठन अंसार गजवत-उल-हिंद के ओवरग्राउंड वर्कर्स थे। वे मुख्य आरोपी को हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध कराने में शामिल थे। यह विस्फोट 10 नवंबर 2025 को रेड फोर्ट क्षेत्र में हुआ था, जिसमें 14 लोगों की मौत हुई और दर्जनों घायल हुए थे। मुख्य आरोपी उमर उन नबी भी विस्फोट में मारा गया था।

# 31 मार्च तक स्मार्ट क्लास के लिए टीवी लगाना है जरूरी

**गुरुग्राम।** जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई को डिजिटल बनाने के लिए शिक्षा विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। जिन स्कूलों में अभी तक स्मार्ट क्लास के लिए टेलीविजन नहीं लगे हैं, वहां 31 मार्च तक टीवी लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने जिले में निपुण हरियाणा मिशन की प्रगति की समीक्षा के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर बैठकों के आयोजन निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार फरवरी में आयोजित बैठकों की समीक्षा इसी माह में की जाएगी। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला परियोजना समन्वयकों और ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बैठकों में मिशन की प्रगति, सामने आ रही चुनौतियों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाए। परिषद ने अधिकारियों के लिए स्कूल निरीक्षण के लक्ष्य भी तय किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को चार स्कूल के निरीक्षण और आठ कक्षा का अवलोकन करना होगा जबकि डायट प्राचार्य को तीन स्कूल के मुआयना और छह कक्षा अवलोकन का लक्ष्य दिया गया है। इसके अलावा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को छह स्कूल के विजिट और दस कक्षा अवलोकन और क्लस्टर हेड को आठ से दस स्कूल विजिट और 12 कक्षा अवलोकन करने होंगे। निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी सरकारी स्कूल 60 दिनों से अधिक बिना निरीक्षण के नहीं रहना चाहिए। साथ ही स्कूलों में माता-पिता और शिक्षक बैठक नियमित रूप से आयोजित करने पर भी जोर दिया गया है।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह रहे सदन में मौजूद

# राज्यसभा चुनाव के कारण सिर्फ आठ मिनट चली हरियाणा विधानसभा की कार्यवाही



**पंचकूला।** छह दिन के अवकाश के बाद सोमवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही सिर्फ आठ मिनट चली। सभी विधायकों और मंत्रियों के राज्यसभा चुनाव में व्यस्त होने की वजह से ऐसा हुआ। विधानसभा स्पीकर हरविन्द्र कल्याण की अनुपस्थिति में विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिढा ने सदन की कार्यवाही का संचालन किया और शोक प्रस्तावों के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। विधानसभा का बजट सत्र बुधवार तक चलना है। इसी दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह बजट प्रस्तावों पर हुई चर्चा पर अपना जवाब दे सकते हैं। विधानसभा स्पीकर हरविन्द्र कल्याण की माताजी प्रेम कौर कल्याण का पिछले सप्ताह निधन हो गया था। कल्याण सोमवार को सदन में आए, लेकिन राज्यसभा चुनाव में अपनी वोट डालने के बाद वापस घरौंडा के कुटैल चले गए। राज्यसभा चुनाव के लिए शाम चार बजे तक वोटिंग चली। अधिकतर विधायक हालांकि दोपहर दो बजे तक अपने वोट डाल चुके थे, लेकिन इसके बावजूद दो बजे से आरंभ हुए सदन में मात्र दो दर्जन विधायक ही पहुंचे थे। सबसे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सदन में पहुंचे। स्पीकर की चेयर पर बैठे डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिढा ने सदन की कार्यवाही का संचालन करते हुए हरविन्द्र कल्याण की माता के निधन की सूचना दी, जिसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शोक प्रस्ताव पढ़ा। नायब सैनी ने प्रेम कौर को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए उन्हें आदर्शवादी महिला बताया। उन्होंने कहा कि प्रेम कौर अपनी उम्र के अंतिम दौर में भी पशुओं की सेवा स्वयं करती थी। शिक्षित होने के बावजूद उन्होंने डेयरी के कार्य को जीवन में प्राथमिकता दी। सदन में गुरुग्राम हादसे में मारे गए सात मजदूरों को श्रद्धांजलि भेंट की गई। झारखंड व राजस्थान के सात प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई थी। हरियाणा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपनी पार्टी की तरफ से शोक प्रस्तावों को पढ़ा और दिवंगतों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसी दौरान नारनौंद के विधायक रामकुमार गौतम ने जींद जिले के सफीदों में हुए अग्निकांड में 10 महिलाओं की मौत का मुद्दा उठाते हुए उन्हें भी शोक प्रस्तावों में शामिल करने की मांग उठाई, जिसे सदन की तरफ से स्वीकार कर लिया गया। डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिढ्ढा द्वारा सदन में शोक प्रस्ताव पढ़ने के बाद समूचे सदन की सभी दीर्घाओं में मौजूद प्रतिनिधियों ने दिवंगतों को श्रद्धांजलि भेंट की।

# अंतर्राज्यीय मार्गों पर कनेक्टिविटी बढ़ाएगा डीटीसी, परिवहन मंत्री ने की घोषणा



**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) जल्द ही 50 एसी बसों के साथ 17 अंतर-राज्यीय मार्गों पर कनेक्टिविटी बढ़ाएगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि सरकार नागरिकों के लिए आरामदायक और किफायती यात्रा सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। इसका उद्देश्य अंतर-राज्यीय कनेक्टिविटी को मजबूत करना है। दिल्ली के भक्तों को देश भर के धार्मिक स्थलों तक सुविधाजनक यात्रा मिल सकेगी। अधिकारियों के अनुसार, बसें राज्य सड़क परिवहन उपक्रम संघ द्वारा निर्धारित दरों पर चलेंगी। कई अतिरिक्त अंतर-राज्यीय मार्गों का भी विस्तार किया जा रहा है। इनमें नानकसर दिल्ली-गाजियाबाद बस टर्मिनल, दिल्ली-रेवाड़ी, दिल्ली-करनाल, दिल्ली-रोहतक, दिल्ली-अलवर और दिल्ली-जेवर शामिल हैं। यह दैनिक यात्रियों और क्षेत्रीय यात्रियों के लिए पहुंच बढ़ाएगा। सरकार दिल्ली और बिहार के बीच बस कनेक्टिविटी की भी तलाश कर रही है। राष्ट्रीय राजधानी में बड़ी पूर्वांचली आबादी को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। दिल्ली से कटरा (जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी), खाटू श्याम (राजस्थान) और अयोध्या (उत्तर प्रदेश) जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए नई बस सेवाओं की योजना है। इससे भक्तों को सुविधाजनक और सुरक्षित यात्रा करने में मदद मिलेगी। यह पहल दिल्ली के लोगों की धार्मिक यात्राओं को आसान बनाएगी। सरकार का लक्ष्य अंतर-राज्यीय परिवहन सेवाओं को मजबूत करना है। अंतर-राज्यीय परिवहन सेवाओं के चल रहे विस्तार के तहत डीटीसी ने पहले ही इलेक्ट्रिक बसें शुरू कर दी हैं। ये बसें दिल्ली-बरौत (उत्तर प्रदेश), दिल्ली-सोनीपत (हरियाणा), दिल्ली-धारूहेड़ा (हरियाणा) और दिल्ली-पानीपत (हरियाणा) जैसे प्रमुख मार्गों पर चल रही हैं।

# एयरपोर्ट से विमानों के साथ यमुना सिटी में उद्योग भी भरेंगे उड़ान




**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से विमानों के साथ उद्योग और विकास भी उड़ान भरेगा। यमुना प्राधिकरण हर महीने यमुना सिटी में 10 नए उद्योगों में उत्पादन शुरू करने की कार्ययोजना बनाने पर काम कर रहा है। इसके अलावा औद्योगिक भूखंड पर कब्जा देने और निर्माण शुरू कराने को भी प्राथमिकता दी जाएगी। अधिकारियों का दावा है कि 25 साल में जितना काम प्राधिकरण में हुआ, उससे अधिक नक्शे स्वीकृत करने, निर्माण शुरू कराने और भूखंडों पर कब्जा देने की कार्रवाई की गई है। सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्राधिकरण ने अब तक 3113 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया है। इनमें से 3059 भूखंड 31 मार्च 2025 तक आवंटित थे। इस वित्तीय वर्ष में केवल 54 भूखंड आवंटित किए गए। इसके उलट 731 लीज डीड कराई गई। 795 आवंटियों को उनके भूखंड पर कब्जा दिया गया। सीईओ ने कहा कि बीते एक साल उत्पादन करने वाली यूनिटों की संख्या पांच से बढ़कर 33 हो गई है। जिस तरह की तैयारी चल रही है, उसके मुताबिक, हम हर महीने यमुना सिटी के फेज-1 में 10 उद्योग शुरू कर पाएंगे। जानकारी के मुताबिक, बोर्ड की 21 मार्च को प्रस्तावित बैठक में भी इससे संबंधित एक रिपोर्ट पेश करेगा। इसमें कुल औद्योगिक भूखंड के आवंटन के अलावा वर्तमान में इन भूखंड पर लीज डीड या निर्माण की स्थिति के बारे में बताया गया है। प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक 31 मार्च तक 2198 लीज डीड की गई थीं। जोकि, अब बढ़कर 2363 हो चुकी हैं।

प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले वित्तीय वर्ष के खत्म होने तक 318 औद्योगिक नक्शे स्वीकृत हुए थे, जबकि अकेले मौजूदा वित्तीय वर्ष में ही अब तक 398 नक्शे स्वीकृत हुए हैं। कुल 716 इंडस्ट्री अपने नक्शे स्वीकृत करा चुकी हैं। वहीं इसी तरह उत्पादन शुरू करने वाले उद्योगों की संख्या भी बढ़ी है।

# आईजीआई एयरपोर्ट पर लागू होगा केंद्रीकृत कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम

### यात्रियों को मिलेगी तुरंत जानकारी



**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट यात्रियों को बेहतर और त्वरित सूचना उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक केंद्रीकृत कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) लागू किया जाएगा। इसे लेकर डायल ने सिस्टम की सप्लाई, कस्टमाइजेशन, इंटीग्रेशन और तकनीकी सपोर्ट से जुड़ी व्यवस्थाएं विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दिल्ली एयरपोर्ट पर हर समय हजारों यात्रियों की आवाजाही होती है। यात्रियों को उड़ानों की स्थिति, बोर्डिंग गेट, सुरक्षा निर्देश, टर्मिनल बदलाव और अन्य सेवाओं से संबंधित जानकारी की लगातार आवश्यकता होती है। अभी तक इन सूचनाओं को अलग-अलग प्रणालियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता रहा है। इससे कई बार जानकारी अपडेट होने में देर हो जाती है या अलग-अलग स्क्रीन पर अलग समय पर दिखाई देती है। नए केंद्रीकृत सीएमएस के लागू होने के बाद एयरपोर्ट के भीतर मौजूद सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म एक ही सिस्टम से नियंत्रित किए जाएंगे। इसके माध्यम से सभी सूचना प्रणालियों पर एक साथ जानकारी अपडेट की जा सकेगी। इससे यात्रियों तक सही और तुरंत जानकारी पहुंचाने में काफी मदद मिलेगी। दुनिया के कई बड़े और व्यस्त हवाई अड्डों पर इस तरह के केंद्रीकृत कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम पहले से ही उपयोग में हैं।

इससे सूचना प्रबंधन और संचालन बेहतर होता हैं। इस सिस्टम का एक महत्वपूर्ण लाभ यह भी होगा कि किसी आपात स्थिति में एयरपोर्ट प्रशासन एक ही क्लिक के जरिये सभी स्क्रीन और डिजिटल माध्यमों पर आवश्यक संदेश प्रसारित कर सकेगा। परियोजना में सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने के साथ पूरी तकनीकी संरचना भी तैयार की जाएगी। तकनीकी विशेषज्ञों की टीम पर सिस्टम के संचालन की जिम्मेदारी होगी। सूत्रों की मानें तो भविष्य में इस प्रणाली को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स से भी जोड़ा जा सकता है। प्रबंधन के अनुसार व्यस्त समय में जब एयरपोर्ट पर भीड़ अधिक होती है, उस समय भी यात्रियों को स्पष्ट और सटीक जानकारी उपलब्ध कराना बेहद जरूरी होता है। नया सिस्टम इस चुनौती को काफी हद तक आसान बना सकता है। डायल ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कूरियर सेवाओं को भी बेहतर बनाने की योजना बनाई है। इसके तहत अब लोग कूरियर भेजने के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक कर सकेंगे। पैकेज की रियल टाइम ट्रैकिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। लोगों को लंबी कतारों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपने दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड कर कस्टम क्लियरेंस की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। घरेलू कूरियर सेवा में छोटे और बड़े पैकेज के लिए अलग-अलग विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे।